# GORAKHPUR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:-22-09-2023

# बाल तस्कर के चंगुल से मुक्त कराये गये आठ नाबालिग बच्चे

**गोरखपुर (एसएनबी)।** रेलवे सुरक्षा बल गोरखपुर ने बाल तस्कर को पकड़ कर उसके कब्जे से आठ नाबालिग बच्चों को मुक्त कराया। पकड़ा गया बाल तस्कर घनश्याम पाल बिहार के कठेतिया थाना के दिघरीगंज मधेपुरा का रहने वाला है। मानव तस्कर को राजकीय रेलवे पुलिस, गोरखपुर को अग्रिम कार्यवाही हेतु सुपुर्द कर दिया गया। बच्चों को स्नेहालय में रखने के लिए बचपन बचाओ आंदोलन गोरखपुर के सदस्य को सुपुर्द कर दिया गया।

सहायक सुरक्षा आयुक्त रेलवे सुरक्षा बल गोरखपुर क्षेत्र एवं प्रभारी निरीक्षक दशरथ प्रसाद के निर्देशन में एएसआई महेन्द्र कुमार,सिपाही रामप्रताप, ब्रहामानन्द राय व बचपन बचाओ आंदोलन के सहायक परियोजना अधिकारी ललित कुमार यादव व श्रीकृष्ण प्रताप शर्मा रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट पर उपस्थित होकर बताया कि अमृतसर जनसेवा एक्सप्रेस के कोच संख्या एनआर 171059/सी में नाबालिक बालकों को बहला-फुसला कर बालश्रम के लिए ले जाया जा रहा है। जिसके बाद रेलवे सुरक्षा बल ने मानव तस्कर से पूछताछ की। बचपन बचाओ आन्दोलन के सहायक प्रोजेक्ट अधिकारी ललित कुमार यादव द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत हुआ है।



**रेलवे सुरक्षा बल व बचपन बचाओ आंदोलन की टीम ने अमृतसर एक्सप्रेस के जनरल कोच से बाल तस्कर के चंगुल से आठ नाबालिग बच्चों को किया बरामद**

# 50 लाख गबन में प्रिंसिपल व एकाउंटेंट पर केस

**गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता।** कुसम्ही स्थित नवल्स नेशनल एकेडमी में प्रिंसिपल व एकाउंटेंट ने मिलकर 50 लाख रुपये से ज्यादा का गबन कर लिया। स्कूल के प्रबंधक ने इसकी शिकायत एडीजी से की थी।

बुधवार को एम्स पुलिस ने तत्कालीन प्रिंसिपल डुमरी खास निवासी अनिल कुमार पांडेय व एकाउंटेंट सिद्धार्थनगर के महथवल निवासी नवीन कुमार पांडेय पर साजिश, रुपये हड़पने व जालसाजी का केस दर्ज किया है। एडीजी अखिल कुमार को दिए शिकायती पत्र में कैंट के बेतियाहाता निवासी डॉ. संजयन त्रिपाठी ने बताया की उनके कुसम्ही स्थित स्कूल में वित्तीय अनियमितता की जानकारी उन्हें कुछ दिन पूर्व हुई। जिस पर उन्होंने विद्यालय के ऑडिट टीम से जांच कराई जिसमें पता चला कि प्रिंसिपल अनिल व एकाउंटेंट ने मिलकर 50 लाख रुपये से ज्यादा का गबन किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## ठेकेदार ने 8 लाख हड़पे

सहजनवा। मोहद्दीपुर के रहने वाले हितेश साहनी ने सहजनवा थाने में दिए तहरीर में बताया कि उन्होंने मई 2023 में पश्चिम बंगाल के मंसूर रहमान से लेबर उपलब्ध कराने के लिए बात की तो उसने अकाउंट नम्बर दिया, जिसमें हितेश ने एडवांस में 8 लाख भेज दिया। अब तीन महीने बाद भी मंसूर रहमान ना ही लेबर भेज रहा, न ही पैसा वापस किया। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

# वांछित चल रहा गैंगस्टर गिरफ्तार

**गोरखपुर** । वांछित चल रहे गैंगस्टर एक्ट के आरोपित विनोद बेलदार पुत्र रामहरि बेलदार निवासी जंगल डुमरी नं01 टोला चिरकुट थाना गुलरिहा जनपद गोरखपुर को गिरफ्तार किया। पुलिस आरोपित को दर्ज मुकदमे की धारा 3 (1) यूपी गैंगस्टर एक्ट के तहत कोर्ट में पेश कर जेल भेजवा दिया। गुडवर्क टीम में एसआई देवेंद्र दुबे, मुख्य आरक्षी राजकुमार एवं आरक्षी रविशंकर थाना गुलरिहा,गोरखपुर शामिल रहे।

## लूट की मोबाइल व बाइक संग लुटेरा गिरफ्तार

**गोरखपुर।** शाहपुर पुलिस ने लूट की मोबाइल फोन व घटना में प्रयुक्त बाइक के साथ लुटेरे अभिषेक मिश्रा निवासी करमही थाना हाटा कुशीनगर को झरना तोला के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसे कोर्ट में पेशकर जेल भिजवा दिया। रामगढ़ताल के पथरा निवासी देव प्रकाश पांडेय 19 सितंबर को अपने किसी काम से असुरन चौक आया था। वह अपना काम करके आटो से वापस घर जा रहा था। तभी मोहद्दीपुर पुल पर कौवाबाग से चढते समय दो लोग बाइक से आये व झपट्टा मारकर मोबाइल लूट लिया। पुलिस केस दर्ज कर जांच कर रही थी।

## सात पर मारपीट का केस

**फुटहवा ईनार।** चौरी चौरा थाना क्षेत्र के ग्राम सभा अवधपुर निवासिनी अनीता देवी पत्नी राम नक्षत्र मौर्य ने पुलिस को देकर बताया कि जमीनी विवाद को लेकर मेरे पट्टीदार राधेश्याम, मुन्नी देवी,खुशबू ,पुष्पा, सुन्दरी,पुष्पा,गुंजा,बलिराम गाली दे रहे थे। मैंने जब गाली देने से मना किया तो एकजुट होकर पीटा तथा जानमाल की धमकी दी। पीड़ित महिला की तहरीर पर पुलिस ने उपरोक्त के विरुद्ध धारा 147, 323, 504, 506 के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई है।

# शादी का झांसा देकर 3 साल से कर रहा था दुष्कर्म, गिरफ्तार

**गोरखपुर (एसएनबी)।** शाहपुर पुलिस ने शादी का झांसा देकर 3 साल से दुष्कर्म करने के आरोपी रतन लाल सोनकर पुत्र नन्दलाल सोनकर निवासी वासदेवपुर थाना औराई जिला भदोही को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसे कोर्ट में पेशकर जेल भिजवा दिया। इंस्पेक्टर शशिभूषण राय ने बताया की आरोपी ने पादरी बाजार इलाके की एक दो बच्चों की माँ को लोन दिलाने का झांसा दिया। वह उससे मिलने लगा। फिर प्रेमजाल में फंसाकर अपने साथ लेजाकर पति पत्नी की तरह 3 साल रहा और शारीरिक शोषण करता रहा। साथ ही पीड़ित महिला के जरिये कई लोगो से लोन दिलाने के नाम पर लाखों रुपये वसूल लिया। बाद में महिला से शादी करने से इनकार कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

# नशे में नौ वर्षीय बच्ची से रेप करने वाला गिरफ्तार

**गोरखपुर(एसएनबी)।** नौ साल की बच्ची से नशे की हालत में रेप करने के आरोपी अर्जुन निषाद निवासी भगतपुरवाँ को शाहपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसे कोर्ट में पेशकर जेल भिजवा दिया। मूल रूप से कुशीनगर के अहिरौली थाना क्षेत्र निवासी एक महिला अपने बेटी संग शाहपुर इलाके में रहती है। बच्ची बीते 18 सितंबर को घर से बिस्कुट लेने मोहल्ले के किराना स्टोर पर गई थी। जिसके बाद आरोपी अर्जुन उसे बहला फुसलाकर ले गया और शराब के नशे में रेप किया। बच्ची की माँ की तहरीर पर पुलिस केस दर्ज कर जांच कर रही थी। आज पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

# कोर्ट के आदेश पर मारपीट व जालसाजी का केस

**खोराबार (एसएनबी)।** खोराबार इलाके के छपरा निवासी अनिल कुमार की तरीर पर मारपीट व जालसाजी का केस दर्ज किया है। अनिल ने कोर्ट में दिए प्रार्थना पत्र में लिखा है कि बेलीपार के ककराखोल निवासी विजय यादव उर्फ तुलसी यादव व 3-4 अज्ञात लोगों ने जालसाजी की और फिर मारपीट किया। उनका कहना है कि बेलवार चौराहे पर उनका आना जाना था। इसी दौरान विजय यादव ससेउनकी मुलाकात हुई। जमीन देने के बहाने 15 सितंबर 2023 की शाम करीब 4 बजे 3 लाख 50 हजार रुपये नकद ले लिया और न तो जमीन दे रहे और न ही रुपये वापस कर रहे हैं। पुलिस केस दर्ज कर जांच कर रही है।

# पांच नामजद और दो अज्ञात पर चोरी का केस

**खोराबार(एसएनबी)।** शक के आधार पर पुलिस गैस ऐजेंसी के मालिक की तहरीर पर पांच नामजद और दो अज्ञात के खिलाफ चोरी का मुकदमा दर्ज करके अग्रिम विधिक कार्यवाही करने जुटी हुई है । रामगढ़ताल थाना क्षेत्र के शक्ति नगर कालोनी निवासी अतुल कुमार गुप्ता पुत्र रामदयाल गुप्ता की खोराबार थाना क्षेत्र के डांगीपार में इण्डेन गैस की ऐजेंसी है । बुधवार की सुबह गार्ड जयभगवान ने मालिक को फोन करके बताया कि गोदाम का ताला तोड़कर चोर ₹5790 नगद, डीबीआर, कैमरा, 3 सिलेंडर व 6 गैस चूल्हा, 2 बैटरी चोर उठा ले गए। जब मालिक ने स्थानीय लोगों से घटना के बारे में जांच पड़ताल किया तो स्थानीय लोगो ने अगल बगल के गांव में रहने वाले कुछ युवकों जगदीश, छुन्नू सिंह, अमन सिंह, विशाल निषाद, रोशन साहनी, दो अज्ञात का नाम बताया। एजेंसी मालिक के शंका के आधार पर दिये तहरीर के अनुसार पुलिस पांच नामजद और दो अज्ञात के खिलाफ धारा 380, 427, 457 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज करके जांच पड़ताल करने में जुटी हुई है। पांच नामजद और दो अज्ञात पर चोरी का केस दर्ज।

# दो पक्षों में मारपीट, केस

**भटहट (एसएनबी)।** गुलरिहा थाना क्षेत्र के जंगल हरपुर में बुधवार के देर शाम बाइक हटाने को लेकर दो पक्षों में मारपीट के दौरान आधा दर्जन लोग चोटिल हो गए। पुलिस दोनो से अलग अलग तहरीर पर आठ लोगों के खिलाफ मारपीट और धमकी का केस दर्ज कर जांच पड़ताल में जुटी है। जंगल हरपुर के तेलियान टोला निवासी कदरे आलम पुत्र अकबर खान ने थाने में तहरीर देकर बताया कि गांव के फिरोज एनुल, जैनुल और नजमा बाइक हटाने को लेकर विवाद करने लगे। लाठी-डंडे से सिर पर मारने पीटने लगे। बहन बीच बचाव करने आई तो उसे भी मारे पीटे। जिसमें दो लोग चोटिल हो गए। उक्त लोग जान से मारने की धमकी और बाइक क्षतिग्रस्त कर दिया। इधर शफीकुन पत्नी बिस्मिल्लाह ने तहरीर देकर आरोप लगाया कि मेरी दुकान पर गांव के अकबर, सोनू यूसुफ व अकबर वाद विवाद को लेकर गाली गुप्ता देते हुए लाठी डंडा से सिर पर मारने लगे। पति और बेटा बीच बचाव करने आए तो उनको भी मारा पीटा जिसमें काफी चोटे आईं है। पुलिस पहले पक्ष की तहरीर फिरोज एनुल, जैनुल और नजमा के खिलाफ, 323, 504, 506, 427 के तहत केस दर्ज कर लिया है। उधर दूसरे पक्ष की तहरीर पर अकबर, सोनू यूसुफ व अकबर के विरुद्ध 323, 504, 506 के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# पति व सास ससुर के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का केस

**नंदानगर (एसएनबी)।** एम्स थाने के महादेव झारखंडी टुकड़ा नं 1 निकट सूर्या स्कूल निवासी सुमन उपाध्याय पत्नी आशीष मिश्रा व पुत्री श्रवनारायण उपाध्याय ने एम्स थाने में तहरीर देकर अपने पति सास ससुर व ननद के खिलाफ दहेज की मांग को लेकर मारपीट एवं उत्पीड़न करने का आरोप लगाया है। सुमन ने तहरीर में लिखा है कि वह विवाह के बाद 28 जनवरी 2023 को विदा होकर ससुराल आयी। लेकिन कुछ दिन बाद ससुराल के लोग दहेज की मांग करते हुए मारपिटाई व उत्पीड़न करने लगे। जबकि विवाह में 3 लाख नकद 180 लाख जरिए चेक, मोटरसाइकिल व अन्य दहेज का सामान दिया गया था। दहेज को लेकर बीते 30 अगस्त को फिर से मारा पीटा गया तथा घर से निकाल दिया गया। प्रार्थिनी अवसाद में है। तहरीर के आधार पर एम्स पुलिस आशीष मिश्रा, मनोज मिश्रा, ममता मिश्रा, कनक मिश्रा व अंजलि मिश्रा के खिलाफ आइपीसी की धारा 489- ए, 506,323,406,427 तथा दहेज प्रतिषेध अधिनियम 3 व 4 के तहत मुकदमा पंजीत कर मामले की छानबीन कर रही है।

# चालान काटने से परेशान हैं मछली बेचने वाले

**गोरखपुर (एसएनबी)**। 28 दिन में तीसरी बार चालान वह भी एक-एक हजार रुपये का कटने से पादरीबाजार फातिमा हास्पिटल रोड पर मछली बेचने वाले परेशान हैं। इस प्रकरण को लेकर मछली बेचने वाले सपरिवार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से मिलने की तैयारी कर रहे हैं। बारी से एक-एक मछली बेचने वाले को बुलाते हैं। सादे कागज पर नाम-पता लिखने के बाद हस्ताक्षर कराते हैं और कहते हैं कि एक हजार का चालान कटा है। कचहरी में जाकर जमा कर देना। बमुश्किल से 28 दिन हुआ नहीं कि बीती रात तीसरा चालान सिपाहियों ने काट दिया।

**पादरीबाजार चौकी पर तैनात दो सिपाही रात में आठ बजे आते हैं और कागज पर कराते हैं हस्ताक्षर तथा बताते हैं कि एक हजार का चालान कटा है**

**28 दिन में तीन बार पुलिस ने काटा चालान, इसको लेकर नाराज हैं दर्जनभर दुकानदार**



कई ने तो यहां तक कहा कि साजिश के तहत पादरीबाजार चौकी के सिपाही इस तरह की हरकतें कर रहे हैं।

पादरीबाजार-फातिमा हास्पिटल रोड पर दस-बारह लोग पिछले कई सालों से मछली बेचते हैं। इसी से इनका और इनके परिवार का भरण-पोषण होता है। जिस भूमि पर बैठकर मछली बिकती है उसको भी हर दुकानदार सौ-सौ रुपये देते हैं। पिछले एक माह से पादरीबाजार चौकी के दो सिपाही रात में आ रहे हैं और बारी-इसको लेकर मछली बेचने वाले सुभाष, मदारी, रंजित, गब्बर, रवि, राज, सोहन और श्रवण आदि नाराज हैं और इनका कहना है कि इस तरह से चालान कटता रहा तब तो हम सब बर्बाद हो जाएंगे। मछली बेचने में कितना फायदा होता है सब जानते हैं। यह भी सुनने में आ रहा है कि चालान काटने वाले सिपाही चाहते हैं कि मछली बेचने वाले महिना बांध दें। दो-चार दिन के अंदर ही मछली बेचने वाले सपरिवार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से मिलकर अपना दुखड़ा रोएंगे।

# दुष्कर्म व छेड़छाड़ के मामले में आरोपित चार गिरफ्तार

**गोरखपुर (एसएनबी)।** अलग-अलग थाना क्षेत्र में हुए दुष्कर्म व छेड़छाड़ की घटना में वांछित चल रहे चार आरोपितों को स्थानीय पुलिस ने गिरफ्तार किया। पुलिस ने उन्हें दर्ज मुकदमे की धाराओं के तहत कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में लेकर जेल भेज दिया गया।

गोला पुलिस ने नाबालिग का अपहरण कर उससे दुष्कर्म करने के आरोपित सुनील पुत्र रामाश्रय निवासी ग्राम रसूलपुर माफी थाना बेलघाट जनपद गोरखपुर को गिरफ्तार किया। पुलिस आरोपित दर्ज मुकदमे की धारा 363, 376 भादवि व 3/4 पास्को एक्ट के तहत कोर्ट में पेश किया। गुडवर्क टीम में एसआई अजय कुमार व आरक्षी अरुण कुमार थाना गोला जनपद गोरखपुर शामिल रहे।

इसी क्रम में गुलरिहा पुलिस ने घर में घुसकर जानमाल की धमकी देकर रेप करने के मामले में आरोपित मुजिबुर्रहमान खान उर्फ शेरु खान पुत्र स्व. गफ्फार निवासी मीरापुर थाना गुलरिहा गोरखपुर को गिरफ्तार किया। गुडवर्क टीम में चौकी प्रभारी भटहट एसआई विनय कुमार सिंह, आरक्षी विश्वजीत सिंह, आरक्षी शिवजी प्रसाद थाना गुलरिहा शामिल रहे।

उधर पीपीगंज पुलिस ने अभियुक्त मेराज अली उर्फ मैकाले अली पुत्र नियामत अली निवासी जंगल विहुली टोला भगवानपुर थाना पीपीगंज को गिरफ्तार किया। पुलिस आरोपित को धारा 354, 354ए, 454, 506 भादवि में कोर्ट में पेश किया। गुडवर्क टीम में एसआई श्याम नारायण सिंह यादव व आरक्षी प्रदीप पाल शामिल रहे।

इसी क्रम में पिपराइच पुलिस ने बंधक बनाकर दुराचार करने के मामले में आरोपित अभियुक्त बिरंजन राजभर पुत्र राजाराम राजभर निवासी मटिहनिया सोमाली टोला भरपुरवा थाना पिपराईच जनपद गोरखपुर को गिरफ्तार किया। पुलिस आरोपित को दर्ज मुकदमे की धाराओं के तहत कोर्ट में पेश किया। गुडवर्क टीम में एसआई विरेंद्र यादव, मुख्य आरक्षी अभिमन्यु राम व अन्जनी राय थाना पिपराईच जनपद गोरखपुर शामिल रहे।

### विवाहिता के साथ छेड़छाड़, केस

**टिकरिया रोड।** गुलरिहा थाना क्षेत्र के सरहरी चौकी अंतर्गत एक गांव की रहने वाली विवाहिता के साथ हुई छेड़छाड़ व धमकी दिये जाने के मामले में पुलिस ने आरोपित युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। पीड़िता ने तहरीर देकर पुलिस को बताया है कि उसके पति व बच्चे बाहर रहते हैं। 19 सितंबर को उसकी भैंस बीमार थी इसलिए वह रात में मकान के बाहर स्थित टीनशेड के नीचे सो रही थी। इसी दौरान रात लगभग 10.30 बजे विश्वकर्मा निषाद गलत नीयत से सोते समय उसके पास पहुंचकर उसके कपड़े हटाने लगा। तभी उसकी नींद खुल गई। पीड़िता के शोर मचाने पर आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग गया। गुलहरिया पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर आरोपित के विरुद्ध छेड़ छाड़ और धमकी देने मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

# नवल्स के प्रिंसिपल व एकाउंटेंट ने किया स्कूल का ₹50 लाख गबन

**गोरखपुर (एसएनबी)।** एम्स थाने के कुसम्ही जंगल स्थित नवल्स नेशनल एकेडमी में प्रिंसिपल व एकाउंटेंट ने मिलकर 50 लाख रुपये से ज्यादा का गबन कर लिया। स्कूल के प्रबंधक डा. संजयन त्रिपाठी ने इसकी शिकायत एडीजी अखिल कुमार से की थी। बुधवार को एम्स पुलिस ने तत्कालिक प्रिंसिपल डुमरी खास निवासी अनिल कुमार पांडेय व एकाउंटेंट सिद्धार्थनगर के महथवल निवासी नवीन कुमार पांडेय पर साजिश, रुपये हड़पने व जालसाजी का केस दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

> **डॉ. संजयन त्रिपाठी ने एडीजी से मिलकर की शिकायत**
>
> **नवल्स एकेडमी के प्रबंधक की तहरीर पर एम्स पुलिस दर्ज किया केस, दोनों आरोपी फरार**

एडीजी अखिल कुमार को दिए शिकायती पत्र में कैन्ट के बेतियाहाता निवासी डा. संजयन त्रिपाठी ने बताया की उनके कुसम्ही स्थित स्कूल में वित्तीय अनियमितता की जानकारी उन्हें कुछ दिन पूर्व हुई। जिस पर वह विद्यालय के आडिट टीम से जांच कराई जिसमे पता चला कि प्रिंसिपल अनिल व एकाउंटेंट ने मिलकर 50 लाख रुपये से ज्यादा का गबन किया है। जिसके बाद प्रिंसिपल अनिल को स्कूल से निकाल दिया गया और एकाउंटेंट को स्कूल की रुस्तमपुर ब्रांच में भेज दिया गया। अभी आडिट चल ही रहा था तभी एकाउंटेंट अपनी पत्नी की बीमारी का बहाना बनाकर 28 अगस्त 2023 को भाग गया। तभी से दोनो फरार है। पुलिस मामले केई जांच कर रही है।

# शारदा सिटी केस में एक और नया नाम, जांच शुरू

**GORAKHPUR (21 Sept):** ताल नदौर की जमीन दिखाकर शारदा सिटी नाम से नई कॉलोनी बसाने का सपना दिखाकर लोगों से जालसाजी करने वालों में एक और व्यक्ति का नाम सामने आया है. पुलिस की हिरासत में लिए गए आरोपित ने पूछताछ में उसका नाम बताया है. बताया कि ओमप्रकाश नाम के व्यक्ति ने उन्हें जमीन बेची थी. जबकि कैंट पुलिस तहरीर के आधार पर 17 अगस्त को सहजनवां के अक्षय कुमार मिश्रा व देवरिया के रुद्रपुर के अजय श्रीवास्तव के विरुद्ध केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है. लोगों ने तहरीर देते हुए बताया था कि रुस्तमपुर ढाले के नीचे शारदा सिटी फर्म का कार्यालय खुला था. जानकारी होने पर जब वह लोग पहुंचे तो वहां के मैनेजर ने कॉलोनी के बारे में बताते हुए कैटलाग दिखाया और खाली जमीन भी दिखाई. सभी से रुपये जमा करा रजिस्ट्री भी करा दी.

# बिस्किट लेने गई बालिका को अगवा कर किया रेप

**GORAKHPUR (21 Sept):** बिस्किट लेने गई बालिका को अगवा कर युवक ने दुष्कर्म किया. शोर मचाने पर आसपास के लोग दौड़े तो फरार हो गया. मां की तहरीर पर दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट का मुकदमा दर्ज कर शाहपुर थाना पुलिस ने आरोपित को गुरुवार की सुबह गिरफ्तार कर लिया. दोपहर बाद उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया.

## 18 सितंबर की घटना

कुशीनगर जिले की रहने वाली महिला ने तहरीर में लिखा है कि 18 सितंबर की दोपहर में उनकी नौ वर्षीय बेटी भगत पुरवा चौराहे पर बिस्किट लेने गई थी. दुकान के पास खड़ा गांव का अर्जुन निषाद बिस्किट दिलाने के बहाने अपने साथ लेकर सुनसान स्थान पर चला गया, जहां उसने बेटी के साथ दुष्कर्म किया. शोर मचाने पर गांव के लोग पहुंचे तो आरोपित फरार हो गया. प्रभारी निरीक्षक थाना शाहपुर शशिभूषण राय ने बताया कि पीड़ित का मेडिकल कराया गया है. गुरुवार की सुबह अर्जुन को गिरफ्तार कर लिया गया.शादी का झांसा देकर महिला से दुष्कर्म करने वाले भदोही (संत रविदास नगर) जिले के रहने वाले आरोपित को शाहपुर थाना पुलिस ने गुरुवार की सुबह गिरफ्तार कर लिया. आरोप है कि ऋण दिलाने के नाम पर भी उसने कई लोगों से ठगी की है. दोपहर बाद आरोपित को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया.पादरी बाजार क्षेत्र में रहने वाली महिला ने तहरीर में लिखा है कि भदोही जिले के औराई, वासदेवपुर गांव में रहने वाले रतन लाल सोनकर ने लोन दिलाने का झांसा देकर जान-पहचान बढ़ाई. बाद में उसे प्रेमजाल में फंसाकर तीन वर्ष तक शादी करने का झांसा देकर उसने शारीरिक शोषण किया.

# 1 अक्टूबर से बदलाव : नंदानगर से चलेंगी कुशीनगर, बिहार और देवरिया की टैक्सियां

PIC: DAINIK JAGRAN I NEXT

**ट्रैफिक अरेंजमेंट दुरुस्त करने सड़क पर उतरे अफसर**

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (21 Sept):** सिटी में ट्रैफिक अरेंजमेंट दुरुस्त करने के लिए गुरुवार को सभी अफसर सड़क पर उतरे. एडीजी अखिल कुमार के साथ ही कमिश्नर अनिल ढिंगरा, आईजी जे रविंद्र गौड़, नगर आयुक्त और आरटीओ ने शहर घूमकर यहां लगने वाली जाम की वजह समझी. इस दौरान अधिकारियों ने डिसिजन लिया कि कुशीनगर, बिहार और देवरिया के लिए चलने वाली टैक्सी, बस अब नंदानगर से चलेंगी. साथ ही महाराजगंज जाने वाले टैक्सी बसें मेडिकल कॉलेज रोड से चलेंगी. यह दोनों स्टैंड एक अक्टूबर से लागू करने का सख्त निर्देश दिया गया है.

### यूनिवर्सिटी चौक पहुंचे

सबसे पहले अफसरों ने डीडीयूजीयू कुलसचिव आवास के पास स्थित जमीन पर चलाए जा रहे स्टैंड का निरीक्षण किया गया. वहां मौजूद बस संचालकों से बातचीत भी की. इसके बाद अफसरों ने वहां की ऊबड़-खाबड़ जमीन को समतल करने लिए नगर निगम को निर्देशित किया गया. साथ ही सड़क के किनारे फुटपाथ पर अवैध तरीके से लगाए जा रहे ठेला-खोंमचा वालों को भी हटाने के लिए भी निर्देशित किया गया.



कमिश्नर और एडीजी ने ली जानकारी.



सड़क पर कुछ इस तरह बसों की वजह से लगता है जाम.

### एआरएम को दिया निर्देश

इसके बाद सभी अफसर रोडवेज बस स्टैंड पहुंचे. यहां सड़क पर बेतरतीब रोडवेज की बसें खड़ी मिलीं. अफसरों ने बस स्टैंड का बारीकी से निरीक्षण करने पर पता चला कि अंदर काफी जमीन है. लेकिन, इस जमीन का सही उपयोग नहीं किया जा रहा है और बसें बाहर खड़ी की जा रही हैं. उन्होंने रोडवेज एआरएम को बुलाकर निर्देशित किया कि अंदर जमीन का समतल कराएं, ताकि सभी बसें अंदर खड़ी हो सकें. उन्होंने चेतावनी भी दी कि अगर इसके बाद भी बसें सड़क पर खड़ी मिलीं तो विभाग पर कार्रवाई की जाएगी.

### सीसीटीवी से लैस कराएं रोडवेज

इसके अलावा अफसरों ने बस स्टेशन पर यात्रियों के लिए सुलभ शौचालय के निर्माण के लिए भी नगर निगम को निर्देशित किया. वहीं एडीजी ने सुरक्षा के लिहाज से यहां सीसीटीवी कैमरा लगवाने के निर्देश दिए, ताकि, सुरक्षा भी बनी रहे और यह भी पता चल सके कि कोई भी सवारी वाहन सड़क पर खड़ा ना हो सके.

### टीबी अस्पताल के पास बनेगा स्टैंड

इसके बाद अफसरों ने कुशीनगर, बिहार और देवरिया जाने वाली बस/टैक्सी के लिए शहर के बाहर स्टैंड बनाए जाने पर भी विचार किया. इसके लिए अफसरों ने नंदा नगर क्षेत्र में टीबी अस्पताल के पास की जमीन का निरीक्षण किया. यह जमीन बस स्टैंड के लिए फाइनल की गई. अब नगर निगम इस जमीन को समतल कराकर बस स्टैंड/टैक्सी स्टैंड के रूप में विकसित करेगा. साथ ही यहां यात्रियों की सुविधा के लिए पानी, शौचालय आदि बुनियादी सुविधाओं को विकसित किया जाएगा.

### बीआरडी के पास बनेगा स्टैंड

वहीं, महाराजगंज की तरफ से आने-जाने वाली बसों के लिए भी शहर से बाहर स्टैंड के लिए मेडिकल कॉलेज के पास स्थित खाली जमीन का निरीक्षण किया गया. इस जमीन को भी समतल कराकर बुनियादी सुविधाएं विकसित की जाएगी. इस बस स्टैंड तक आने-जाने के लिए ई रिक्शा की का उचित किराया भी तय किया जाएगा.

PIC: DAINIK JAGRAN I NEXT



# जोखिम भरा सफर

गोरखपुर के लोग जोखिम भरा सफर करने से भी बाज नहीं आते. बेतियाहाता से प्रेमचंद्र पार्क की ओर दूध ले जा रहे बाइक सवार ने एक वृद्ध को उल्टा बैठा रखा था. इस तरह का सफर खतरनाक साबित हो सकता है. ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को ऐसे लोगों पर सख्त एक्शन लेने की जरूरत है.

# सड़क पर उतरे अफसर, शहर के बाहर होंगे प्राइवेट बस स्टैंड

**व्यवस्था**

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। महानगर की यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए प्रशासन, पुलिस, परिवहन और नगर-निगम के अफसर गुरुवार को सड़क पर उतरे और निरीक्षण के बाद कई अहम निर्णय लिए। एडीजी अखिल कुमार के नेतृत्व में कमिश्नर अनिल ढींगरा, आईजी जे. रविंद्र गौड़, नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल और आरटीओ संजय कुमार झा ने शहर के चारों कोनों तक घूमकर जाम की वजहों को बारीकी से समझा।

अफसरों ने सबसे पहले डीडीयू के कुल सचिव आवास के पास चलाए जा रहे स्टैंड को देखा। वहां मौजूद बस संचालकों से बातचीत की। इसके बाद वहां की बेतरतीब जमीन को समतल करने को कहा। साथ ही सड़क के किनारे फुटपाथ पर अवैध तरीके से लगाए जा रहे ठेला-गुमटी वालों को भी हटाने का निर्देश दिया। यहां से चारों अफसर रोडवेज बस अड्डे पर पहुंचे। यहां सड़क की एक पटरी पर रोडवेज बसों का कब्जा देख अफसरों ने कड़ी नाराजगी जताई।

अफसर जब स्टैंड के अंदर गए तो देखा कि वहां काफी जमीन है लेकिन बसें सड़क पर खड़ी की जा रही हैं। इस पर कमिश्नर ने परिवहन निगम के एआरएम को बुलाया और इसकी वजह पूछी। एआरएम ने बताया कि अंदर जमीन तो है लेकिन समतल न होने की वजह से वहां बसें खड़ी नहीं हो पाती हैं। इस पर कमिश्नर ने एआरएम को निर्देश दिया कि एक हफ्ते के अंदर जमीन को समतल कराकर बसें अंदर खड़ी कराना सुनिश्चित करें। अगले निरीक्षण में बसें बाहर दिखीं तो जिम्मेदार कार्रवाई की जद में आएंगे। एडीजी ने सुरक्षा के लिहाज से सीसीटीवी कैमरे लगवाने के निर्देश दिए। कहा कि शहर में सुरक्षा व्यवस्था के मुकम्मल इंतजाम होने चाहिए।



शहर में सुगम यातायात व्यवस्था को लेकर आ रही समस्याओं के मद्देनजर गुरुवार को निरीक्षण करते एडीजी अखिल कुमार, कमिश्नर अनिल ढींगरा व अन्य अफसर।

## महराजगंज की बसों का स्टैंड बीआरडी के पास

महाराजगंज की तरफ से आने वाली बसों के लिए भी शहर से बाहर स्टैंड के लिए अफसरों ने मेडिकल कॉलेज के पास स्थित खाली जमीन का निरीक्षण किया। यहां जो जमीन दिखाई गई वह भी समतल नहीं थी। ऐसे में नगर-निगम को जमीन को समतल कराकर सभी तरह की सुविधाओं को विकसित करने को कहा गया। इस स्टैंड तक आने-जाने के लिए ई रिक्शा का किराया भी तय किया जाएगा। कमिश्नर ने बताया कि 1 अक्तूबर से स्टैंड शुरू कर दिया जाएगा।

**01** अक्तूबर से महराजगंज के लिए नया स्टैंड शुरू कराने की तैयारी

- कुलसचिव आवास के पास ठेला-गुमटी हटाए जाएंगे
- रोडवेज स्टैंड के अंदर बसें खड़ी कराने के दिए निर्देश

## कुशीनगर-देवरिया की बसों के लिए जमीन का निरीक्षण

अफसरों ने बिहार, कुशीनगर और देवरिया से आने वाली बसों के लिए शहर से बाहर स्टैंड बनाने पर मंथन किया। इसके लिए नंदानगर क्षेत्र में टीवी अस्पताल के पास की जमीन का निरीक्षण किया और उस पर सहमति भी जताई। कमिश्नर के निर्देश पर नगर निगम इस जमीन को समतल कराकर बस स्टैंड के रूप में विकसित करेगा। साथ ही यहां यात्रियों की सुविधा के लिए पानी, शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाओं को विकसित किया जाएगा। डीडीयू चौराहे के पास चल रहे निगम के स्टैंड से बसों का संचालन बंद करा दिया जाएगा। यहां से सिर्फ टैक्सी या ऑटो का ही संचलन कराया जाएगा।

# बालिका को अगवा कर किया दुष्कर्म

जासं, गोरखपुर : बिस्किट लेने गई बालिका को अगवा कर युवक ने दुष्कर्म किया। शोर मचाने पर आसपास के लोग दौड़े तो फरार हो गया। मां की तहरीर पर दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट का मुकदमा दर्ज कर शाहपुर थाना पुलिस ने आरोपित को गुरुवार की सुबह गिरफ्तार कर लिया। दोपहर बाद उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया।

कुशीनगर जिले की रहने वाली महिला ने तहरीर में लिखा है कि 18 सितंबर की दोपहर में उनकी नौ वर्षीय बेटी भगत पुरवा चौराहे पर बिस्किट लेने गई थी। दुकान के पास खड़ा गांव का अर्जुन निषाद बिस्किट दिलाने के बहाने अपने साथ लेकर सुनसान स्थान पर चला गया, जहां उसने बेटी के साथ दुष्कर्म किया। शोर मचाने पर गांव के लोग पहुंचे तो आरोपित फरार हो गया। प्रभारी निरीक्षक थाना शाहपुर शशिभूषण राय ने बताया कि पीड़ित का मेडिकल कराया गया है। गुरुवार की सुबह अर्जुन को गिरफ्तार कर लिया गया।

## शादी का झांसा देकर किया दुष्कर्म, पुलिस ने भेजा जेल

जासं, गोरखपुर : शादी का झांसा देकर महिला से दुष्कर्म करने वाले भदोही (संत रविदास नगर) जिले के रहने वाले आरोपित को शाहपुर थाना पुलिस ने गुरुवार की सुबह गिरफ्तार कर लिया। आरोप है कि ऋण दिलाने के नाम पर भी उसने कई लोगों से ठगी की है। दोपहर बाद आरोपित को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया। पादरी बाजार क्षेत्र में रहने वाली महिला ने तहरीर में लिखा है कि भदोही जिले के औराई, वासदेवपुर गांव में रहने वाले रतन लाल सोनकर ने लोन दिलाने का झांसा देकर जान-पहचान बढ़ाई। बाद में उसे प्रेमजाल में फंसाकर तीन वर्ष तक साथ रहा। शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण किया। साथ ही उसके जरिये कई लोगों से लोन दिलाने के नाम पर लाखों रुपये वसूल लिये। रतन लाल अब शादी से इन्कार कर रहा है।

# पिपराइच में नाबालिग से रेप, पीपीगंज में छेड़खानी

गोरखपुर। पिपराइच इलाके में एक नाबालिग को बंधक बनाकर दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपी मटिहनीया सोमाली टोला भरपुरवा निवासी विरंजन को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं पीपीगंज में घर में सो रही महिला से गांव के युवक ने छेड़खानी कर दी। पुलिस ने अभियुक्त मेराज अली उर्फ मैकाले को पकड़ लिया। मेराज पर चार आपराधिक केस पहले से दर्ज है।

# डिस्ट्रीब्यूटर बनाने के नाम पर 12 लाख की ठगी

खोराबार। खाद बीज कंपनी का मंडल डिस्ट्रीब्यूटर बनाने के नाम पर गंगासागर केवट पुत्र अम्बिका प्रसाद केवट निवासी रामपुर डाड़ी थाना खोराबार से 12 लाख रुपये की जालसाजी का मामला सामने आया है। पैसा मांगने पर आरोपितों ने गंगासागर को जान से मारने की धमकी दी। गंगासागर की तहरीर के आधार पर पुलिस ने कंपनी डायरेक्टर रिंकू कुमार व पूजा के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# बाइक सवार बदमाशों ने छीना युवक का मोबाइल

गोरखपुर। रामगढ़ताल क्षेत्र के प्रताप नगर कालोनी में किराए के मकान में रह कर पढ़ाई करने वाले नवीन सिंह पुत्र राजेन्द्र सिंह से मंगलवार को बाइक सवार दो बदमाशों ने उसका मोबाइल छीन लिया और फरार हो गए। नवीन ने भागते समय झपटमारों की गाड़ी का नंबर देख लिया और इसकी जानकारी पुलिस को दी। पुलिस मुकदमा दर्ज कर सीसीटीवी के जरिए बदमाशों की तलाश कर रही है। नवीन मूलत: गगहा के ग्राम जगदीशपुर भलुआन गांव का रहने वाला है।

# शादी का झांसा देकर रेप का आरोपी गिरफ्तार

गोरखपुर। शादी का झांसा देकर महिला से तीन साल से दुष्कर्म करने के आरोपी भदोही जिले के व्यक्ति को शाहपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। वहां से आरोपित को जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार आरोपी रतन लाल सोनकर ने पादरी बाजार की रहने वाली दो बच्चों की मां को लोन दिलाने का झांसा दिया। उससे मिलने-जुलने के दौरान प्रेमजाल में फंसाकर अपने साथ ले जाकर पत्नी की तरह रखा और शारीरिक शोषण किया।

# दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार

गोरखपुर। शाहपुर पुलिस ने शादी का झांसा देकर तीन साल से दुष्कर्म करने के आरोपी रतन लाल सोनकर को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी वासदेवपुर थाना औराई जिला भदोही का निवासी है। आरोपी को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया। ब्यूरो

# ट्रेन से आठ बाल मजदूरों को मुक्त कराया गया

गोरखपुर। रेलवे सुरक्षा बल, राजकीय रेलवे पुलिस और बचपन बचाओ आंदोलन संगठन ने संयुक्त रूप से ट्रेन नंबर 14617 से दो बच्चों व छह किशोरों को मुक्त कराया। इनकी उम्र क्रमश: 12 से 17 वर्ष के बीच है। इन बच्चों व किशोरों को बचपन बचाओ आंदोलन संगठन के सुपुर्द किया गया है। इन्हें लेकर जा रहे एक व्यक्ति को भी मानव तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। यह जानकारी सीपीआरओ पंकज कुमार सिंह ने दी है। ब्यूरो

# जमीन दिलाने के नाम पर 3.5 लाख ठगे

खोराबार। पैसे लेकर जमीन रजिस्ट्री नहीं करने और रुपये वापस मांगने पर गालीगलौच व मारपीट के मामले में कोर्ट के आदेश के बाद पुलिस ने 3-4 अज्ञात लोगों पर केस दर्ज किया है।

खोराबार पुलिस अनिल कुमार निवासी छपरा थाना खोराबार की तहरीर विजय यादव उर्फ तुलसी यादव निवासी ककराखोल थाना बेलीपार एवं 3-4 अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर विवेचना कर रही है।

## मनबढ़ों ने तोड़ा शिलापट्ट दर्ज हुआ मुकदमा

पीपीगंज : बुढ़ेली के बनरहा विस्तार बंधे के पिच व मिट्टी कार्य का कैंपियरगंज विधायक द्वारा किए गए शिलान्यास के दौरान लगे शिलापट्ट को मनबढ़ों ने तोड़ दिया। गुरुवार को लक्ष्मीपुर के सतीश कुमार पाण्डेय ने थाने में तहरीर दी। थाना प्रभारी आशीष कुमार सिंह ने बताया कि केस दर्ज कर जांच की जा रही है। (जासं)

## छप्पर को तोड़फोड़ कर उजाड़ा, मुकदमा दर्ज

पीपीगंज : बढ़नी में पुरानी रंजिश को लेकर पड़ोसियों ने मुनीता देवी के छप्पर को उजाड़ दिया। विरोध पर गाली देते हुए मारने के लिए दौड़ा लिया। गुरुवार को पीड़िता ने थाने में तहरीर दी। थाना प्रभारी आशीष कुमार सिंह ने कहा कि केस दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। (जासं)

## एसएसपी के आदेश पर अरसी के विरुद्ध केस

**भटहट :** एसएसपी के आदेश पर गुलरिहा पुलिस ने सार्वजनिक रास्ते में निर्माण सामग्री रखने वाली अरसी खातून के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। खुटहन के चहारम टोला की कलावती देवी ने एसएसपी को तहरीर देकर बताया अरसी खातून मकान का निर्माण करा रही है। उसने सड़क पर गिट्टी, बालू, ईंट और सरिया रखा है। इससे पीड़िता का बेटा अजय दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

## महिला से छेड़खानी, पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**भटहट :** गुलरिहा थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला से छेड़खानी के आरोपित युवक के विरुद्ध पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। पीड़िता ने तहरीर देकर बताया कि पति और बच्चे बाहर रहते हैं। मंगलवार को रात में मकान के बाहर टीनशेड में सोई थी। रात साढ़े 10 बजे विश्वकर्मा निषाद छेड़खानी करने लगा। शोर मचाने पर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया।

# मोबाइल फोन लूटने वाले किशोर समेत दो गिरफ्तार

जासं, गोरखपुर : युवक का मोबाइल फोन लूटने वाले काशीराम आवास निवासी सुमित सोनकर व एक नाबालिग को शाहपुर थाना पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार किया।

रामगढ़ताल थानाक्षेत्र के पथरा में रहने वाले देव प्रकाश पांडेय से 18 सितंबर को बाइक सवार दो युवकों ने मोबाइल फोन लूट लिया। सीसी कैमरा फुटेज की मदद से पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया।

# होटल कर्मियों ने युवक को पीटा, मुकदमा दर्ज

जासं, गोरखपुर : सहजनवां फोरलेन पर स्थित हवेली होटल के कर्मचारियों ने पानी मांगने पर बुधवार को एक युवक को पीटकर बेहोश कर दिया। पुलिस के आने पर युवक को कर्मियों ने छोड़ा। गुरुवार को नगर पंचायत केशोपुर वार्ड नंबर चार के चंदन पांडेय की तहरीर पर सहजनवां पुलिस ने अज्ञात 12 कर्मचारियों पर मारपीट, बलवा और गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज किया। चंदन ने बताया कि वह बुधवार शाम दोस्त सत्यम यादव के साथ नाश्ता करने गया था। पानी मांगने पर होटल के कर्मचारी ने अपशब्द बोला। विरोध करने पर गाली देकर थप्पड़ मार दिया। इसके बाद गेट बंदकर पीटा।

# प्रधानाचार्य व अकाउंटेंट पर 50 लाख रुपये गबन का मुकदमा

जासं, गोरखपुर : कुसम्ही रुद्रापुर स्थित नवल्स नेशनल एकेडमी के प्रधानाचार्य और अकाउंटेंट ने 50 लाख रुपये से अधिक का गबन किया है। एम्स थाना पुलिस ने गुरुवार को चौरीचौरा थाना क्षेत्र के डुमरी गांव के रहने वाले प्रधानाचार्य अनिल कुमार पांडेय और सिद्धार्थनगर के महथवल के रहने वाले अकाउंटेंट नवीन कुमार पांडेय के विरुद्ध साजिश रचने, रुपये हड़पने और जालसाजी का मुकदमा दर्ज किया है। दोनों फरार हैं।

कैंट थाना क्षेत्र के बेतियाहाता के रहने वाले डा. संजयन त्रिपाठी ने एडीजी अखिल कुमार को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि मेरे कुसम्ही रुद्रापुर स्थित स्कूल में वित्तीय अनियमितता की जानकारी कुछ दिन पूर्व हुई। आडिट टीम से जांच कराई तो पता चला कि प्रधानाचार्य और अकाउंटेंट ने मिलकर 50 लाख से अधिक का गबन किया है। प्रधानाचार्य को स्कूल से निकाल दिया और अकाउंटेंट को रुस्तमपुर शाखा में भेज दिया। आडिट के दौरान 28 अगस्त को अकाउंटेंट पत्नी की बीमारी का बहाना बना भाग गया। एडीजी के आदेश पर एम्स थाना पुलिस ने दोनों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## एजेंसी देने का झांसा देकर 11.99 लाख रुपये ठगे, मुकदमा दर्ज

जासं., गोरखपुर : एजेंसी दिलाने का झांसा देकर जालसाजों ने युवक के 11.99 लाख रुपये हड़प लिए। पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर खोराबार थाना पुलिस जांच कर रही है। रामपुर डाड़ी गांव के गंगासागर केवट ने तहरीर में लिखा है कि महराजगंज, फरेंदा के रहने वाले रामवचन के घर उनकी मुलाकात मथुरा के रहने वाले रिंकू कुमार व पूजा से हुई थी। इन लोगों ने निधवन फर्टिलाइजर प्राइवेट लिमिटेड कंपनी की एजेंसी दिलाने का झांसा देकर अपने खाते में 11.99 लाख रुपये ले लिए। रुपये वापस मांगे तो आरोपित जान से मारने की धमकी दे रहे हैं।

## पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के आरोपित को किया गिरफ्तार

**गोरखपुर** : गुलरिहा पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पिछले महीने पुलिस ने अपमिश्रित कच्ची शराब बेचने वाले जंगल डुमरी नंबर एक के रहने वाले राजू बेलदार और विनोद बेलदार के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की थी। राजू को पहले जबकि विनोद को गुरुवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## बाइक हटाने को लेकर मारपीट, आठ पर मुकदमा

**भटहट** : जंगल हरपुर के तेलियाना टोला के कदरे आलम ने तहरीर देकर बताया कि गांव के फिरोज, एनुल, जैनुल और नजमा बाइक हटाने को लेकर विवाद करने लगे। लाठी-डंडे से पिटाई किए। दूसरे पक्ष से सफीकुन पत्नी बिस्मिल्लाह ने भी तहरीर देकर आरोप लगाया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर दोनों पक्ष से आठ लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

# दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार

**भटहट** : गुलरिहा पुलिस ने गुरुवार की सुबह बरगदही चौराहे के समीप से दुष्कर्म के आरोपित मुजीबुर्रहमान उर्फ शेरू को गिरफ्तार कर भेज दिया। भटहट चौकी के एक गांव की रहने वाली युवती से शादी का झांसा देकर आरोपित मुजीबुर्रहमान उर्फ शेरू ने दुष्कर्म किया था। इन्कार करने पर युवती ने जहर खाकर जान देने की कोशिश की थी। युवती की मां की तहरीर पर पुलिस ने कार्रवाई की।

### युवती के मैसेज से मचा हड़कंप, मूसाबार गांव में शराबियों के डर से शाम को नहीं निकलतीं लड़कियां

# कच्ची बंद करवा दीजिए, पूरे गांव की लड़कियां एहसान मानेंगी

सतीश पांडेय • गोरखपुर





कैंपियरगंज के मूसाबार गांव में महिलाओं ने जब कैमरा देखा तो सामने आने से मना कर दिया, सबने अपना मुंह भी छिपा लिया तथा गांव की सड़क पर दोपहर में ही पसरा सन्नाटा • जागरण

स्थानीय पुलिस की मिलीभगत से गांव में कच्ची का धंधा चल रहा है। कार्रवाई के नाम पर कोरम पूरा करके छोड़ दिया जाता है...कच्ची की बिक्री बंद करवा दीजिए, पूरे गांव की लड़कियां आपका एहसान मानेंगी। यह मूसाबार गांव की एक युवती के उस मैसेज का मजमून है जिसके कारण दो दिन से पुलिस महकमे में हड़कंप मचा हुआ है। इसी का संज्ञान लेकर एडीजी शुक्रवार को वहां पहुंचकर चौपाल लगाने वाले हैं।

उनकी चौपाल से पहले गुरुवार को दैनिक जागरण संवाददाता ने सरुआताल के किनारे बसे इस गांव में जाकर पड़ताल की। पता चला कि शाम होते ही मूसाबार गांव की लड़कियां घरों में कैद हो जाती हैं। चोर, डाकू या किसी जंगली जानवर के डर से नहीं, बल्कि शराबियों की दहशत के चलते ऐसा करना उनकी मजबूरी है।

यह स्थिति लंबे समय है। कच्ची के धंधेबाजों के डर से कोई विरोध में मुखर नहीं होता। गांव की लड़कियां इसके लिए स्थानीय पुलिस को जिम्मेदार मानती हैं। यह बात गांव की एक युवती ने मैसेज कर एक स्वयंसेवी संस्था के संचालक से साझा की, जो उनके जरिये पुलिस अधिकारियों तक पहुंची। इसके बाद दो दिन से पुलिस दल गांव में पहरा देने पहुंच रहा है। इसी मैसेज का एडीजी अखिल कुमार ने संज्ञान लिया है।

## पियक्कड़ों का दोपहर बाद से ही लगने लगता है जमावड़ा

दोपहर बाद से ही गांव में शराबियों का जमावड़ा लगना शुरू होता है। शाम होते ही गांव का पूरा रास्ता कच्ची पीने वालों से भर जाता है। इस दौरान अगर कोई लड़की या महिला सड़क से गुजरती है तो शराबी अभद्रता करते हैं। लोकलाज व मारपीट के भय से कोई कुछ बोलता नहीं।

**शराब की वजह से बर्बाद हुए कई परिवार:** कच्ची के धंधेबाजों के खौफ का महिलाओं में ऐसा है कि वे उनका नाम लेने से डरती हैं। कुरेदने पर बस इतना कहता है कि कच्ची से कई परिवार बर्बाद हो चुके हैं। कई के पति इसकी जद में हैं। नाम व फोटो छपने पर वे गांव व घर में रहना दूभर हो जाने की बात कहती हैं। मैसेज भेजने वाली युवती भी दहशत में है।



मूसाबार गांव में शराबियों के डर से लड़कियों व महिलाओं के घर से बाहर न निकलने की सूचना मिली है। शुक्रवार को गांव में चौपाल लगाकर महिलाओं व लड़कियों से इस संबंध में बात की जाएगी। चौपाल में आबकारी विभाग के अधिकारी व पुलिस के अधिकारी मौजूद रहेंगे। शराब पीकर हुड़दंग व दूसरे को परेशान करने वालों को चिह्नित कर कार्रवाई होगी।

-**अखिल कुमार**, अपर पुलिस महानिदेशक, गोरखपुर जोन

# पारिवारिक कलह से तंग युवक ने खुदकुशी की

झुमिला बाजार। बड़हलगंज इलाके के मकरंदपुर निवासी जितेंद्र ने खुदकुशी कर ली। बताया जा रहा है कि पारिवारिक विवाद में उसने आत्मघाती कदम उठाया। जानकारी के मुताबिक, मकरंदपुर निवासी 32 वर्षीय जितेंद्र का बुधवार की रात में पत्नी से विवाद हो गया। इसके बाद उसने जहर खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे अस्पताल ले गए, जहां पर उसकी मौत हो गई। ब्यूरो

# मोबाइल फोन लूटने के दो आरोपी गिरफ्तार

गोरखपुर। रामगढ़ताल पुलिस ने छात्र से मोबाइल फोन लूटने के दो आरोपियों को बृहस्पतिवार को गिरफ्तार कर घटना में इस्तेमाल बाइक को भी बरामद कर लिया। आरोपी की पहचान रामगढ़ताल के काशीराम आवास निवासी सुमित सोनकर के रूप में हुई है। एक आरोपी नाबालिग है, उसे बाल सुधार गृह भेजा गया। ब्यूरो

# गैस गोदाम का ताला तोड़कर सिलेंडर चोरी, सात पर केस

जासं., गोरखपुर : खोराबार थाना क्षेत्र डांगीपार में मंगलवार की रात स्थित अतुल इंडेन गैस गोदाम का ताला तोड़कर चोर नकदी, सिलेंडर, चूल्हा व रेगुलेटर उठा ले गए। एजेंसी मालिक अतुल गुप्ता की तहरीर पर खोराबार थाना पुलिस ने गुरुवार को पांच नामजद समेत सात के विरुद्ध चोरी का मुकदमा दर्ज किया है।

# शहर में एक अक्टूबर से नहीं आएंगी निजी बसें

## टीबी अस्पताल व मेडिकल कालेज के पास बनेगा वाहन स्टैंड, एडीजी, कमिश्नर ने चिह्नित किए स्थान

### फैसला

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : शहरवासियों व बाहर से आए लोगों को जाम से निजात दिलाने के लिए अधिकारियों ने एक बार फिर पहल की है। गुरुवार को एडीजी जोन, मंडलायुक्त, आइजी व नगर आयुक्त ने बस स्टैंड के लिए चिह्नित भूमि को देखा। एक सप्ताह के भीतर इसे स्टैंड का रूप दे दिया जाएगा। एक अक्टूबर से बिहार, देवरिया, कुशीनगर जाने वालीं निजी बसें नंदानगर और महराजगंज जाने वालीं बसों का संचालन बीआरडी मेडिकल कालेज के पास बन रहे स्टैंड से होगा। रोडवेज बसें परिसर में खड़ी होंगी। बाहर निकलने पर पुलिस कार्रवाई करेगी।

अवैध स्टैंड व रोडवेज चालकों की मनमानी से शहर में रोजाना जाम लगता है। नौसढ़ से लेकर मोहद्दीपुर, छात्रसंघ, विश्वविद्यालय चौक और रेलवे स्टेशन रोड पर दिनभर वाहन रेंगते रहते हैं। समस्या से निजात पाने के लिए एडीजी जोन अखिल कुमार ने दो वर्ष निजी स्टैंड को शहर से बाहर शिफ्ट करने का सुझाव जिलाधिकारी व एसएसपी को दिया, लेकिन अधिकारियों के बीच तालमेल का अभाव होने की वजह से इस पर अमल नहीं हुआ।

शासन से पूछताछ होने पर 31 मई, 2023 को नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल की अगुवाई में पुलिस व प्रशासन के अधिकारियों की बैठक हुई, जिसमें तय हुआ कि बस/आटो स्टैंड को एक माह के भीतर शहर से बाहर शिफ्ट कर लिया जाएगा, लेकिन दावा धरा रह गया। अपर पुलिस महानिदेशक जोन अखिल कुमार की पहल पर मंडलायुक्त अनिल ढींगरा ने इसको लेकर पहल की। गुरुवार की सुबह पुलिस महानिरीक्षक जे. रविन्दर गौड, नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल के साथ विश्वविद्यालय चौराहा, रेलवे बस स्टेशन, नंदानगर व मेडिकल कालेज के पास स्टैंड के लिए चिह्नित भूमि पर पहुंचे। स्टैंड संचालन की दृष्टि से चिह्नित भूमि के उपयुक्त पाए जाने पर अधिकारियों ने फैसला लिया कि एक अक्टूबर से निजी बसों का संचालन यहीं से होगा। निजी बसें शहर में प्रवेश नहीं करेंगी तो प्रतिदिन चौराहों पर लगने वाले जाम से काफी हद तक निजात मिल सकेगी।



हवाई अड्डे के पास प्राइवेट बस स्टैंड बनाए जाने को लेकर स्थलीय निरीक्षण करते अपर पुलिस महानिदेशक अखिल कुमार, मंडलायुक्त अनिल ढींगरा, आइजी जे. रविन्द्र गौड, नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल व अन्य अधिकारी • जागरण

### नौ स्थानों पर बनेंगे बस, आटो व टैक्सी स्टैंड




दैनिक जागरण के अंक में एक जून व 12 अगस्त को वाहन स्टैंड को लेकर प्रकाशित खबरें।

• रोडवेज की बस सड़क पर खड़ी हुई तो पुलिस करेगी कार्रवाई

• शहर में जाम से निजात के लिए बनाया जा रहा बस अड्डा

### यहां मनमाने तरीके से चलते हैं वाहन स्टैंड

रेलवे स्टेशन, रोडवेज तिराहा, विश्वविद्यालय चौराहे से कुलपति आवास तक कचहरी/मंडलायुक्त कार्यालय के सामने, पैडलेगंज चौकी के पास, नार्मल टैक्सी स्टैंड, रेलवे स्टेशन के बाहर होटलों के सामने, धर्मशाला और पर्यटन कार्यालय के सामने।

शहर में जाम न लगे, इसलिए पहले चरण में निजी बसों को शहर से बाहर किया जाएगा। एक अक्टूबर तक चिह्नित किए गए स्टैंड से बिहार, देवरिया, कुशीनगर व महराजगंज जाने व आने वाली बसों का संचालन शुरू हो जाएगा। जो स्टैंड छूट गए हैं, उन्हें दूसरे चरण में शहर से बाहर किया जाएगा। - **अखिल कुमार**, एडीजी जोन

### निरीक्षण के बाद अधिकारियों ने लिया यह फैसला

- विश्वविद्यालय चौराहे पर कुलसचिव आवास के पास स्थित स्टैंड की भूमि को समतल किया जाएगा। फुटपाथ से ठेला व दुकानों को हटाया जाएगा। सड़क पर वाहन खड़े नहीं होंगे।
- रेलवे बस स्टेशन परिसर रोडवेज की सभी बसें खड़ी होंगी। अनुपयोगी भवन को तोड़ने के साथ ही भूमि को समतल किया जाएगा, ताकि बस खड़ी करने में असुविधा न हो। परिसर में सुलभ शौचालय का निर्माण होगा। निगरानी के लिए सीसी कैमरे लगेंगे।
- नंदानगर में टीबी अस्पताल के पास स्टैंड बनेगा। बिहार, कुशीनगर व देवरिया जाने वाली बसों का संचालन यहीं से होगा। नगर निगम बुनियादी सुविधा विकसित करेगा। बस/आटो/ई-रिक्शा से यात्री शहर में आएंगे।
- महराजगंज से आने वाली बसों को बीआरडी मेडिकल कालेज के पास खड़ी कराया जाएगा। चिह्नित भूमि को नगर निगम के अधिकारी समतल कराएंगे और बुनियादी सुविधा विकसित करेंगे। स्टैंड से यात्री बस/आटो/ई-रिक्शा से यात्री शहर में आएंगे।

# गैंगस्टर का आरोपी गिरफ्तार

गुलरिहा। इलाके में गैंग बनाकर कच्ची शराब बेचने के आरोपी को पुलिस ने बृहस्पतिवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। आरोपी जंगल डुमरी नंबर एक टोला चिरकुट निवासी विनोद बेलदार पर पुलिस ने गैंगस्टर का केस दर्ज किया था। वह एक महीने से फरार था। बृहस्पतिवार को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। ब्यूरो

# छेड़खानी के आरोपी को जेल भेजा

पीपीगंज। पुलिस ने छेड़खानी करने के आरोपी को बृहस्पतिवार को गिरफ्तार कर लिया। उसकी पहचान जंगल बिहुली टोला भगवानपुर निवासी मेराज अली उर्फ मैकाले के रूप में हुई है। आरोपी को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया। ब्यूरो

# दवा कंपनी के कर्मी ने की खुदकुशी

## काफी दिनों से थे अवसाद में, मकान मालिक की सूचना पर पहुंची पुलिस

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। कैंट थाना क्षेत्र के मोहद्दीपुर में किराये के मकान में कमरा बंदकर दवा कंपनी के कर्मचारी शिवाजी प्रजापति (30) ने जहरीला पदार्थ निगल कर खुदकुशी कर लिया। मकान मालिक की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जा रहा है कि शिवाजी अवसाद में था, जिस वजह से उसने आत्मघाती कदम उठाया।

सहजनवां क्षेत्र के लुचुई निवासी रघुनाथ प्रजापति के पुत्र शिवाजी प्रजापति दवा कंपनी में काम करते थे। वह मोहद्दीपुर में प्रदीप निषाद के मकान में किरायेदार थे।

काफी दिनों से अवसाद में थे और कई बार घरवाले भी समझा चुके थे, लेकिन वह अक्सर खुद को बंद कर लेते थे। बृहस्पतिवार दोपहर में भी उन्होंने खुद को कमरे में बंद कर लिया। इस दौरान मकान मालिक को शक हुआ तो वह दरवाजा खटखटाने लगे। दरवाजा खुलवाने की कोशिश करने पर भी जब अंदर से आवाज नहीं आई तो उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी।

### कमरे में फंदे से लटकी मिली युवक की लाश

गीडा। इलाके के जवाहर चक निवासी 35 वर्षीय धर्मेंद्र उर्फ टुनटुन चौरसिया की फंदे से लटकी लाश मिली। आशंका है कि उन्होंने खुदकुशी की है। जानकारी के मुताबिक, धर्मेंद्र एक दुकान पर काम करते थे। घर पर दो पुत्र और पत्नी के साथ रहते थे। बृहस्पतिवार को धर्मेंद्र कार्य पर नहीं गए और घर में कमरे में ही थे। दोपहर तक बाहर नहीं आने पर परिजनों ने दरवाजा खुलवाने का प्रयास किया तो बंद मिला। किसी तरह से परिजन कमरे के अंदर देखे तो धर्मेंद्र का शव पंखे से फंदे के सहारे लटका हुआ था। ब्यूरो

## बच्ची से दुष्कर्म करने का आरोपी दबोचा गया

गोरखपुर। शाहपुर इलाके में किराये के मकान में मां के साथ रहने वाली नौ साल की बच्ची से दुष्कर्म करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को बृहस्पतिवार को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया। आरोपी पर पुलिस ने दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट की धारा में केस दर्ज किया था। जानकारी के मुताबिक, मूल रूप से कुशीनगर के अहिरौली थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला अपनी बेटी के साथ शाहपुर इलाके में किराये के मकान में रहती है। 18 सितंबर को बच्ची घर के पास ही स्थित एक दुकान पर बिस्कुट लेने के लिए गई थी। रास्ते में उसे अर्जुन नाम का युवक मिला। वह टॉफी दिलाने के बहाने बहलाकर पास में सुनसान जगह पर लेकर गया। उसने बच्ची से दुष्कर्म किया। किसी तरह उसके चंगुल से छूटी बच्ची घर पहुंची। ब्यूरो

## कोर्ट के आदेश पर मारपीट और जालसाजी का केस दर्ज

खोराबार। पुलिस ने खोराबार इलाके के छपरा निवासी अनिल कुमार की तहरीर पर मारपीट व जालसाजी का केस दर्ज किया है। अनिल ने कोर्ट में दिए प्रार्थना पत्र में लिखा है कि बेलीपार के ककराखोल निवासी विजय यादव उर्फ तुलसी यादव व 3-4 अज्ञात लोगों ने जालसाजी और मारपीट की। उनका कहना है कि बेलवार चौराहे पर उनका आना-जाना था। इसी दौरान विजय यादव से मुलाकात हुई। जमीन देने के बहाने 15 सितंबर 2023 की शाम करीब 4 बजे 3 लाख 50 हजार रुपये नकद ले लिए। न तो जमीन दे रहे और न ही रुपये वापस कर रहे हैं। पुलिस केस दर्ज कर जांच कर रही है। ब्यूरो

# शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार

अमर उजाला ब्यूरो

गुलरिहा (गोरखपुर)। इलाके की एक युवती को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के आरोपी मुजीबुर्रहमान उर्फ शेरू को गिरफ्तार कर लिया गया है। बृहस्पतिवार को पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

युवती की मां की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म, उसके भाई और बुआ के खिलाफ मारपीट व धमकी देने का केस दर्ज किया गया था।

पीड़ित युवती की मां ने बताया था कि एक दबंग उनकी बेटी को बहला फुसलाकर शादी करने का झांसा देकर संबंध बनाता रहा। आरोपी युवक के घर युवती के परिजन शिकायत करने गए तो वे नाराज होकर मारने के लिए दौड़ा लिए थे। आरोपी युवक शादी का दबाव बनाने पर जान से मारने की धमकी भी दे रहा है। युवक ने जब शादी करने मना कर दिया तो पीड़ित युवती ने लगभग एक सप्ताह पूर्व जहर खाकर जान देने की कोशिश की थी। गुलरिहा पुलिस ने आरोपी मुजीबुर्रहमान को गिरफ्तार कर लिया।

## महिला से छेड़खानी केस दर्ज

सरहरी। गुलरिहा क्षेत्र के एक गांव की महिला ने मंगलवार की रात एक युवक पर छेड़खानी करने का आरोप लगाया है। पुलिस केस दर्ज कर आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। महिला ने बुधवार को गुलरिहा पुलिस को दी तहरीर में लिखा है कि उसके पति एवं पुत्र बंगलूरू में रहते हैं।सोमवार की रात वह घर के बाहर बने टिनशेड में सोई थी, तभी गांव का ही एक युवक रात में करीब साढ़े दस बजे पहुंच गया और छेड़खानी करने लगा। ब्यूरो

# शारदा सिटी : अक्षय तो आया गिरफ्त में, ओमप्रकाश फरार

## अक्षय को ओमप्रकाश ने ही बेची थी जमीन, पीड़ित लोगों ने पुलिस से लगाई गुहार

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। नौसड़-खजनी मार्ग पर शारदा सिटी के नाम से नई कॉलोनी बसाने का सपना दिखाकर कई लोगों से जालसाजी करने के मामले में आरोपी अक्षय तो पुलिस के हत्थे चढ़ गया है, लेकिन ओमप्रकाश फरार है। पुलिस उसकी तलाश में जुटी है।

पुलिस की जांच में सामने आया है कि हिरासत में लिए गए अक्षय मिश्रा को ओमप्रकाश ने ही जमीन बेची थी, जबकि वह जानते थे कि जमीन सीलिंग की है। इसी वजह से जमीन को किस-किस ने बेचा है, इसकी जांच करने के साथ ही पुलिस सभी से संपर्क करके मामले को सुलझाने की कोशिश में है। उधर, अपनी गाढ़ी कमाई गंवा चुके लोगों ने भी पुलिस से मुलाकात की है। उन्हें अपनी रकम वापसी की उम्मीद है।

जानकारी के मुताबिक, शारदा सिटी के नाम पर जालसाजी के मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर वर्तमान संचालक अक्षय मिश्रा को हिरासत में लिया है। पूछताछ की जा रही है। अक्षय से पूछताछ में कई नए तथ्य सामने आ गए हैं, जिसकी सच्चाई की जांच अभी बाकी है। आरोपी अक्षय खुद को ही ठगी का शिकार बता रहा है। पुलिस की अब तक की जांच में इसके कुछ साक्ष्य भी मिले हैं। यही वजह है कि पुलिस अब शारदा सिटी के नाम पर बेची गई जमीनों की हकीकत जानने के लिए गहनता से जांच कर रही है। खबर है कि जमीन के धंधे में जुड़े कई लोग इसमें शामिल हैं, जो अक्षय को आगे करके पर्दे के पीछे से खेल कर रहे हैं।

एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि शक के दायरे में आए सभी लोगों की भूमिका की जांच की जा रही है।



करोड़ों ले उड़ा सरगना पुलिस के हत्थे चढ़ा, कई और भी घेरे में

20 सितंबर को प्रकाशित खबर।

# नवल्स एकेडमी में भी गोलमाल, प्रिंसिपल एकाउंटेंट पर 50 लाख हड़पने का केस

## प्रबंधक की तहरीर पर एम्स थाना पुलिस ने दर्ज किया केस, मामले की जांच शुरू

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। धोखाधड़ी के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। कुसम्ही स्थित नवल्स नेशनल एकेडमी में भी गोलमाल पकड़ा गया है। एकेडमी के प्रिंसिपल और एकाउंटेंट पर 50 लाख रुपये हड़प लेने का आरोप है। स्कूल के प्रबंधक ने इसकी शिकायत एडीजी से की थी। बुधवार को एम्स पुलिस ने तात्कालिक प्रिंसिपल डुमरी खास निवासी अनिल कुमार पांडेय व एकाउंटेंट सिद्धार्थनगर के महथवल निवासी नवीन कुमार पांडेय पर आपराधिक साजिश, रुपये हड़पने व जालसाजी का केस दर्ज किया है।

जानकारी के मुताबिक, एडीजी अखिल कुमार को दिए शिकायती पत्र में कैंट क्षेत्र के बेतियाहाता निवासी डॉ. संजयन त्रिपाठी ने बताया कि उनके कुसम्ही स्थित स्कूल में वित्तीय अनियमितता की जानकारी कुछ दिन पूर्व हुई। विद्यालय की ऑडिट टीम से जांच कराई गई तो पता चला कि प्रिंसिपल अनिल व एकाउंटेंट ने मिलकर 50 लाख रुपये से ज्यादा हड़प लिए हैं। इसके बाद प्रिंसिपल को स्कूल से निकाल दिया गया और एकाउंटेंट का तबादला रुस्तमपुर ब्रांच पर कर दिया गया।

उन्होंने आरोप लगाया कि अभी ऑडिट चल ही रही थी कि तभी एकाउंटेंट अपनी पत्नी की बीमारी का बहाना बनाकर बीते 28 अगस्त को भाग गया। तभी से दोनों फरार हैं। इसके बाद उनके घर पर जाकर जानकारी लेने की कोशिश की गई तो कोई कुछ बताने को तैयार नहीं था। बाद में अनिल के भाई ने बताया कि उनके पिता गोरखपुर में ही रहते हैं। उन्होंने एक मोबाइल नंबर भी दिया, जिससे संपर्क करने के बाद भी बात नहीं हो पाई। दोनों आरोपी लाखों रुपये हड़पने के बाद फरार हैं।

### लेनदेन का ऑडिट कराने पर खुला मामला, जिसके बाद पुलिस ने की कार्रवाई

तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। जांच व साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

-कृष्ण कुमार बिश्नाई, एसपी सिटी

# सिद्धार्थनगर के पूर्व कर्मचारी की तलाश में पुलिस ने दी दबिश

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। एम्स इलाके के नंदानगर में एटीएम खोलकर 85 सौ रुपये निकालने के आरोपी की तलाश में पुलिस ने कई जगहों पर दबिश दी। आरोपी सिद्धार्थनगर का रहने वाला है, लेकिन फिलहाल वह घर से फरार है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही उसे पकड़ लिया जाएगा।

जानकारी के मुताबिक, एसबीआई में कैश डालने वाली संस्था एमएस सिक्योर वॉल्यूस इंडिया लिमिटेड राप्ती नगर फेज चार के प्रबंधक शिवानंदन सिंह ने केस दर्ज कराया है। उनका कहना है कि संस्था सरकारी एवं प्राइवेट बैंकों के एटीएम में रुपये भरने का कार्य करती है। नंदानगर के एसबीआई एटीएम में रुपये डाले गए थे। बैंक में रुपये न निकलने की कई शिकायतें आ रही थी। इसके बाद बैंक द्वारा वीडियो फुटेज की जांच की गई तो पाया गया कि छह अगस्त की शाम 4.50 बजे आठ बजे के बीच में संदिग्ध व्यक्ति द्वारा मशीन खोलकर रुपयों की निकासी की गई है।

एम्स थाना पुलिस इसी शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच की तो सामने आया है कि सिद्धार्थनगर का रहने वाला एक युवक संस्था में कर्मचारी रह चुका है और उसने ही वारदात की है। एसओ मदन मोहन मिश्रा ने बताया कि आरोपी की तलाश की जा रही है, जल्द ही गिरफ्तारी कर ली जाएगी।

### एटीएम खोलकर नकदी ले गए थे जालसाज, फुटेज से सामने आई थी सच्चाई




20 सितंबर-23 को प्रकाशित खबर।

### कंपनी की डीलरशिप देने का झांसा देकर 12 लाख की जालसाजी

खोराबार (गोरखपुर)। कंपनी की डीलरशिप देने का झांसा देकर 12 लाख रुपये की जालसाजी का मामला सामने आया है। आरोपी रुपये वापस करने की जगह धमकी दे रहे हैं। पुलिस ने गंगासागर की तहरीर पर मथुरा के राया, नगला भूरिया निवासी रिंकू व पूजा के खिलाफ जालसाजी व धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।जानकारी के मुताबिक, रामपुर डाड़ी गांव के गंगासागर ने पुलिस को दी तहरीर में लिखा है कि 27 जुलाई 2023 को दोस्त के घर पर रिंकू कुमार व पूजा से मुलाकात हुई थी। इसी दौरान दोनों ने बताया कि उनकी कंपनी निधवन फर्टीलाइजर प्राइवेट लिमिटेड खाद-बीज का काम करती है। आप गोरखपुर मंडल का डीलरशिप ले लीजिए। इसके बदले में 12 लाख रुपये देने होंगे। ब्यूरो

जाम से निजात को अब मास्टर प्लान

# शहर में अब निजी बस-ऑटो ई-रिक्शा की धींगामुश्ती बंद

## एक अक्तूबर से शहर के बाहरी इलाके से चलेंगी प्राइवेट बसें, वहां पहुंचने के लिए भी ई-रिक्शा-ऑटो का किराया तय होगा

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। अब शहर में अब निजी बसों, ऑटो और ईरिक्शा की धींगा मुश्ती एकदम बंद हो जाएगी। एक अक्तूबर से निजी बसें शहर के भीड़भाड़ वाले इलाकों में प्रवेश नहीं कर पाएंगी। कुशीनगर, देवरिया व बिहार रूट पर जाने वाली प्राइवेट बसों के लिए नंदानगर टीबी अस्पताल और महराजगंज रूट की बसों के लिए मेडिकल कॉलेज के पास पार्किंग स्थल बनाया जाएगा। वहीं से बसें संचालित होंगी। शहर से पार्किंग स्थल तक जाने के लिए ई-रिक्शा व ऑटो चलेंगे, इनका किराया भी निर्धारित किया जाएगा।

इसके अलावा रेलवे बस स्टेशन पर बसें सड़क पर खड़ी नहीं होंगी। परिसर में जमीन समतल कराकर वहीं खड़ी की जाएंगी। इस पूरी व्यवस्था की निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। शहर में जाम की समस्या से जूझ रहे लोगों को राहत दिलाने के लिए एडीजी अखिल कुमार ने पहल की है।

कमिश्नर अनिल ढींगरा के साथ बृहस्पतिवार की दोपहर एडीजी ने यूनिवर्सिटी चौक, रोडवेज बस डिपो का निरीक्षण करने के बाद मास्टर प्लान तैयार किया है। दोनों अफसरों ने तय किया कि एक अक्तूबर से प्राइवेट बसों को शहर के बाहर से चलाया जाएगा। इसके लिए उन्होंने तय जगह पर जाकर निरीक्षण भी किया और जरूरी निर्देश दिए। अफसरों ने नगर आयुक्त को निर्देश दिया कि रेलवे बस स्टेशन परिसर में जमीन को समतल कराएं। जो पुराने अनावश्यक निर्माण हैं, उसे ध्वस्त करा दें। दोनों जगहों पर शौचालय, पानी की व्यवस्था करा दें। एडीजी ने पुलिस को परिसर में सीसीटीवी कैमरा लगवाने के भी निर्देश दिए ताकि बसों की नियमित निगरानी हो सके।

### बिहार, कुशीनगर, देवरिया रूट की बसें नंदानगर व महराजगंज की बसें मेडिकल कॉलेज से चलेंगी

**ये लिए गए फैसले, एक अक्तूबर से पहले पूरा करना होगा**

- ई-रिक्शा व ऑटो के लिए जगह का निर्धारण भी करना होगा
- कुलसचिव आवास के पास की पार्किंग को दुरुस्त कर वहां से जिले के आसपास की बसों का होगा संचालन
- नगर निगम को जमीन समतल करने, शौचालय व पानी की व्यवस्था करनी होगी
- रोडवेज की बसें परिसर के अंदर खड़ी होंगी, पुलिस लगाएगी सीसीटीवी कैमरा
- नंदानगर के पास से देवरिया, कुशीनगर व बिहार की बसों का संचालन होगा, पार्किंग स्थल बनेगा
- महराजगंज की तरफ से आने-जाने वाली बसों का मेडिकल कॉलेज के पास से संचालन होगा
- बसों के नए पार्किंग स्थल से शहर में आने के लिए ई-रिक्शा व ऑटो का किराया तय होगा
- सड़क किनारे अवैध रूप से कब्जा किए गए लोगों को हटाकर व्यवस्थित किया जाएगा



एयरपोर्ट के पास बृहस्पतिवार को बस स्टैंड के लिए जगह देखते अफसर। संवाद

सुरक्षा की लिहाज से सीसीटीवी कैमरे लगवाने के लिए ऑपरेशन त्रिनेत्र मुहिम को शुरू किया गया, जिसका असर है कि गोरखपुर ही नहीं आसपास के जिले भी सीसीटीवी कैमरे की जद में हैं। जाम शहर की बड़ी समस्या है। अब इससे राहत दिलाने के लिए मुहिम शुरू की गई है। कमिश्नर व अन्य विभागों के सहयोग से शहर की यातायात व्यवस्था को दुरुस्त किया जाएगा।
**-अखिल कुमार, एडीजी**

### पहले भी की गई थी कोशिश लेकिन नहीं हो सका अमल

शहर को जाम से मुक्ति दिलाने की कोशिश इसके पहले भी की गई थी, लेकिन उस पर अमल नहीं हो पाया। कुछ दिन की पहल के बाद उसे बंद कर दिया गया था। लेकिन इस बार एडीजी अखिल कुमार व कमिश्नर अनिल ढींगरा ने काम को पूरा करने के लिए एक समय का निर्धारण भी कर दिया है। इस वजह से उम्मीद है कि शायद प्रयोग सफल हो।

# दुष्कर्म के दो आरोपियों को जेल भेजा

गोरखपुर। जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भिजवा दिया। जानकारी के मुताबिक, गोला पुलिस ने शादी का झांसा देकर अपहरण और दुष्कर्म के आरोप में बेलघाट के रसूलपुर माफी निवासी सुनील को गिरफ्तार किया। वहीं पिपराइच पुलिस ने मटिहनिया सोमाली गांव के बिरंजन को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों को कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। ब्यूरो

# फरार आरोपी के घर कुर्की का नोटिस चस्पा

चौरीचौरा। चौरीचौरा पुलिस ने सड़क हादसे में मौत के लिए जिम्मेदार फरार आरोपी विंध्याचल के बनगाई टोला बंजरहा स्थित घर पर कुर्की का नोटिस चस्पा किया। पुलिस के मुताबिक, दर्ज मुकदमे में अभियुक्त करीब तीन साल से फरार चल रहा है। न्यायालय के आदेश का पालन करते हुए चौकी इंचार्ज तरकुलहा मेला सुशील कुमार ने आरोपी विंध्याचल के घर सीआरपीसी की धारा 82 के तहत कार्रवाई करते हुए नोटिस चस्पा किया। ब्यूरो

# DEORIA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-22-09-2023

## खड़ंजा पर दबंगों ने किया अतिक्रमण, पूछने पर मार पीटकर किया घायल

**तरकुलवा।** तरकुलवा नगर पंचायत अन्तर्गत कनकपुरा गांव में पिच एक माह पूर्व निर्मित खड़ंजा सड़क पर अतिक्रमण के बावत पूछताछ को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। इस दौरान कुछ दबंगों ने गोलबंद होकर एक व्यक्ति को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इस मामले में पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। कनकपुरा गांव के रहने वाले भृगुनाथ प्रसाद पुत्र स्व झींगुर गुप्ता ने तरकुलवा थाने में तहरीर देकर कहा है कि एक माह पूर्व नगर पंचायत द्वारा पिच सड़क से उनके चक तक एक खड़ंजा सड़क बनवाया गया है। जिस पर गांव के ही कुछ लोग चौकी, खटिया, पशुओं का चारा और मोटर साइकिल रखकर बंद कर दिया है। आरोप है कि इस बावत जब उन्होंने पूछताछ की तो अतिक्रमणकारियों ने गोलबंद होकर उनको लाठी-डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया। उनके चिल्लाने की आवाज सुनकर आसपास के लोग जब मौके पर पहुंचे तो उनकी जान बच पाई।

## युवती को भगाने के मामले में अपहरण का केस

**लार (एसएनबी)।** पुलिस ने एक युवती को भगा ले जाने के मामले में गांव के ही एक युवक के विरुद्ध अपहरण का केस दर्ज किया है। लार थाना क्षेत्र के एक गांव के पिता ने आरोप लगाया है कि मेरी बेटी को गांव का ही एक युवक 15 सितम्बर को बहला फुसला कर कहीं भाग ले गया है। बेटी को घर से गायब होने की जानकारी होने पर रिश्तेदार, गांव, मोहल्लों व आसपास में खोजबीन किया लेकिन उसका कहीं पता नहीं चल सका। उसके बाद पुलिस को लिखित तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने युवती को भगाने के आरोप में गांव के ही रवि पासवान पुत्र महेश पासवान के विरुद्ध धारा 366 आईपीसी के तहत केस दर्ज किया है। उक्त सम्बन्ध में प्रभारी निरीक्षक लार कपिल देव चौधरी ने बताया कि युवती को भगाने में मामले में युवती के पिता महेश प्रसाद गोंड़ पुत्र दरबारी गोंड़ के तहरीर के आधार पर गांव के ही एक युवक रवि पासवान पुत्र महेश पासवान के विरुद्ध धारा 366 आईपीसी के तहत केस दर्ज किया गया है।

# देशी शराब के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार


भटनी (देवरिया)। राजकीय रेलवे पुलिस भटनी द्वारा रेलवे स्टेशन बनकटा से एक व्यक्ति को 32 पाउच देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया। जी आर पी भटनी से मिली जानकारी के अनुसार बनकटा रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या -2 के पूर्वी छोर पर रात को एक संदिग्ध दिखाई दिया पुलिस को देखते ही भागने का प्रयास किया। पुलिस ने पकड़ कर आबकारी एक्ट मे चालान कर दिया।

# इंजेक्शन लगाकर महिला को मौत की नींद सुलाने वाले चिकित्सक का क्लीनिक सील

बनकटा (एसएनबी)। बनकटा थाना क्षेत्र के अहिरौली बघेल के भैसहा टोला गांव में वर्षो से बिना रजिस्ट्रेशन बिना बोर्ड के चल रहे एक निजी क्लिनिक को जिलाधिकारी के आदेश पर गुरुवार को एसडीएम भाटपाररानी अंगद यादव की मौजूदगी में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डा. ओपी भार्गव ने बड़ी कारवाई करते हुए क्लिनिक को सील कर दिया।

स्वास्थ्य विभाग की इस कारवाई से क्षेत्र में बिना मान्यता के चल रहे अस्पतालों और झोला छाप डाक्टरों में खलबली मच गई है।

बतादें कि बीते मंगलवार की शाम उक्त क्लिनिक पर बुखार की दवा लेने गयी थाना क्षेत्र के बौलिया पांडेय गांव निवासी शिवमंगल गोंड़ की 35 वर्षीया बेटी श्रीमती पार्वती देवी की चिकित्सक द्वारा इंजेक्शन लगाने से मौके पर ही मौत हो गयी थी जिसमे मृतका के परिजनों की जिद पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम कराया है।हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में महिला के मौत का सही कारण पता नहीं चल पाया इस लिए उसका विसरा जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है।क्लिनिक को सील करने के दौरान चिकित्सक सुरेंद्र कुमार सिन्हा द्वारा बताया गया कि वह बीएमएस डिग्री होल्डर हैं।उनका छोटा भाई मिलिट्री अस्पताल में बतौर ओटी पद सेवा निवृत्त हुए है।वर्ष 2008 में क्लिनिक का रजिस्ट्रेशन लखनऊ से कराया गया लेकिन कतिपय कारणों से सीएमओ कार्यालय से क्लिनिक का नवीनीकरण नहीं करा पाए।चिकित्सक ने बताया कि महिला इलाज के लिए आई थी उसे फीवर था उसकी अभी ब्लड प्रेशर और सुगर की जांच शुरू ही कि गयी तब तक वह बेहोश हो गयी।महिला की हालत बिगड़ने पर उसे दूसरे जगह ले जाने को कहा गया।परिजन महिला को मैरवां ले गए उसके बाद उसे क्या हुआ हम नहीं बता सकते है।मृतका के परिजनों द्वारा हमारे ऊपर बिना मतलब का इल्जाम लगाया जा रहा है।महिला को कोई इंजेक्शन नही लगाया गया है।



उपजिलाधिकारी अंगद सिंह की मौजूदगी में क्लीनिक सील करते स्वास्थ्यकर्मी।

इस दौरान एसडीएम भाटपाररानी ने प्राभारी चिकित्सा अधिकारी बनकटा को क्लिनिक के चिकित्सको के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने का निर्देश दिया।क्लिनिक सील करने की कारवाई के दौरान स्वास्थ्य विभाग कर्मचारी व ग्रामीण मौजूद रहे।

# बैरियर पर सिपाही के मौत के मामले मे मुकदमा दर्ज

**भटनी (देवरिया)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के सीमा के पास बने केरवनिया पुल के पास स्कार्पियों की ठोकर से टुटे बैरियर की रस्सी के कारण लोहे की बल्ली से लगे चोट से घायल थाने का सिपाही महानन्द सिंह यादव की मौत मेडिकल कालेज गोरखपुर होने के मामले मे पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है । इस मामले मे थाने के उपनिरीक्षक अंकित सिंह पुत्र अमर बहादुर सिंह ग्राम पुरेबैसन थाना सरेनी लालगंज जिला रायबरेली हाल मोकाम थाना भटनी जनपद देवरिया द्वारा तहरीर मे लिखा गया है कि 20 सितम्बर की भोर मे स्कार्पियो गाडी संख्या -बी आर 28 पी -2507 चालक वाहन स्वामी द्वारा केरवनिया पुल पर जाँच कर रहे अधिकारियों व कर्मचारियोंकी अनदेखी करते हुए जानबूझकर अपराधिक मानव बध करने के उद्देश्य से बैरियर तोडकर भागने के चक्कर मे गाडी की गति बढाकर बैरियर मे टक्कर मार दिया ।जिससे थाने के सिपाही महानन्द सिंह यादव के सिर मे गम्भीर चोट लग गयी और वही बेहोश होकर गिर पडे ।अस्पताल मे भर्ती कराते ही मौत हो गयी ।वही डियूटी पर साथ मे तैनात होमगार्ड का जवान शशिभूषण को भी चोट लग गयी ।तहरीर के आधार पर पुलिस स्कार्पियो के अज्ञात चालक व स्वामी विरुद्ध धारा 304308 के अन्तर्गत मुकदमा दर्ज कर विवेचना थाने के उपनिरीक्षक दीपक कुमार को सौप दिया है ।

# चोरी की बाइक समेत तीन गिरफ्तार

भटनी (देवरिया)। स्थानीय पुलिस व पुलिस के उच्चाधिकारियों के निर्देश पर थानाध्यक्ष डाँ महेन्द्र कुमार उपनिरीक्षक विनय कुमार सिंह अंकित सिंह अपने हमराहियों के साथ वाहन चोरी की तलाश मे क्षेत्र मे भ्रमण शील थे ।एकला आम चौराहे पर आपस मे अपराधियों व अपराध रोकथाम व थानो में पंजीत चोरी की घटनाओं व अन्य मामले मे चोरी हुई बाईक की बरामी व अज्ञात अभियुक्तो की लताश की चर्चा करने के बाद केरवनिया पुल के पास बने बैरियर पर चले गये । वहां रात्रि को दीपक वर्मा आरक्षी भगवान सिंह रतन कुमार विन्द रविन्द्र कुमार द्वारा बैरियर गिराकर जाँच की जा रही थी ।उसी समय घाँटी के तरफ से बाईक पर सवार तीन युवक दिखाई दिये। बाइक रोकने की इशारा किये जाने पर बाईक तेजी से मोड कर भागने की कोशिश करने लगे । लेकिन पुलिस ने पकड़ लिया । तीनो से भागने कारण व नाम पता पुछा गया। पकड़े गये व्यक्ति ने अपना नाम विकास यादव पुत्र श्रीकांत यादव ग्राम छपिया थाना खामपार प्रिन्श पुत्र विरेन्द्र माली ग्राम बगहवा मिश्र थाना भोरे जिला गोपालगंज बिहार क्रान्ति कुमार गोड़ उर्फ प्रमोद पुत्र टुनटुन गोड ग्राम तिवारी बगहवा थाना भोरे जिला गोपालगंज बिहार निवासियों ने बाईक के कागजात माँगने पर कोई कागजात नही दिखाया ।क्रान्ति भी कोई कागजात नही दिखाया ।तीनो से कडाई से पुछताछ की गयी तो बताये की बाइक चोरी की है । तीनो अलग -अलग बाईक पर सवार थे ।और तीनो ने पुलिस को चोरी किये गये बाईक बताया । इसी माह मे हमलोग चुराये है । जामा तलाशी लेने पर 6 मास्टर चाभी बाईक की चाभी बरामद पकडे गये विशाल क्रान्ति कुमार उर्फ प्रमोद व प्रिन्श माली के निशानदेही पर विशाल यादव के घर छपिया से तीन बाइक भटनी थाना मेत्र के नदी किनारे स्थित बटुआ बाबा के स्थान के बगल मे स्थित झाडी से तीन बाईक बरामद हुआ ।पुछताछ मे तीनो ने पुलिस को अहम सुराग देते हुए बताया कि एक संगठित गिरोह के सदस्य है। जो यू पी व बिहार के अलग - अलग जगहो पर चोरी करते है ।और बिहार राज्य मे ले जाकर अभिनन्दन गुप्ता पुत्र गोविंद गुप्त ग्राम जमुनहा थाना कटया जिला गोपालगंज बिहार सचिन पुत्र मुसाफिर चौधरी ग्राम सेमरिया थाना कटया जिला गोपालगंज बिहार को चोरी की बाईक बेच कर अपना काम चलाते है ।तीनो के विरुद्ध धारा 379/411के अन्तर्गत मुकदमा दर्ज किया गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम मे थानाध्यक्ष डाँ महेन्द्र कुमार उपनिरीक्षक दीपक कुमार उपनिरीक्षक विजय सिंह उपनिरीक्षक अंकित सिंह सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे ।



# युवती के अपहरण का केस दर्ज

पिण्डी। लार थाना क्षेत्र के एक गांव के पिता ने आरोप लगाया है कि उसकी बेटी को गांव का ही एक युवक 15 सितम्बर को बहला फुसला कर कहीं भाग ले गया है। पुलिस ने मामले में गांव के ही रवि पासवान पुत्र महेश पासवान के विरुद्ध धारा 366 आईपीसी के तहत केस दर्ज किया है।

# धोखे से बैनामा कराने की पुलिस से शिकायत

**तरकुलवा, हिन्दुस्तान संवाद।** थाना क्षेत्र के सरैनी गांव के एक व्यक्ति ने बगल के गांव के एक व्यक्ति पर नशीला पदार्थ खिलाकर जमीन बैनामा कराने का आरोप लगाया है। उन्होंने तरकुलवा पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

थाना क्षेत्र के सरैनी गांव निवासी रजनीश यादव पुत्र स्व.बासु यादव ने पुलिस को तहरीर दिया है कि वह मुंबई में रहते हैं। माता-पिता की मृत्यु के बाद उन्होंने अपना खेत क्षेत्र के हरैया गांव के खरहरिया टोला निवासी एक व्यक्ति को बोने को दिया था। कुछ महीना पहले जब वे मुंबई से वापस घर आए तो आरोपी और उसकी पत्नी ने उन्हें अपने घर बुलाया। उन लोगों ने नशीला पदार्थ खिलाकर अपने घर रखने लगे। एक दिन पति-पत्नी दोनों कपड़ा खरीदने का बहाना कर ले गये और उनकी जमीन को बैनामा करा लिया। पीड़ित ने पुलिस को दिए तहरीर में बताया है कि जमीन रजिस्ट्री कराने के बाद वे दोनों लोग उन्हें फिर अपने घर लेकर चले गए। रजिस्ट्री की बात किसी को बताने पर जानमाल की धमकी देने लगे। वह लोग भोजन में नशीला पदार्थ मिलाकर उनको देने लगे, जिससे वे बेसुध होकर पड़े रहते थे। इसकी सूचना जब उनके मामा को मिली तो वह उनको ले जाकर दवा कराए। जब हालत में सुधार हुआ तब तहसील में जाकर रजिस्ट्री की नकल निकाली देखे तो उनका खेत बैनामा हो चुका था।

# चोरी की आठ बाइक के साथ तीन वाहन चोर गिरफ्तार




भटनी पुलिस की गिरफ्त में वाहन लिफ्टर।

## कामयाबी

- पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान आरोपियों को दबोचा
- ऐशो आराम के लिए वाहन चोरी कर बिहार में बेचते थे

**भटनी (देवरिया), हिन्दुस्तान संवाद।** देवरिया के भटनी क्षेत्र में पुलिस ने गुरुवार को वाहन चेकिंग के दौरान एक बाइक पर सवार तीन वाहन चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की आठ बाइक बरामद की है। ये ऐशो-आराम के लिए चोरी करते थे। सीसीटीवी में कैद चोरों के वायरल वीडियो और तस्वीर से पुलिस को सफलता मिली।

गुरुवार को थानेदार डॉ महेन्द्र कुमार, दरोगा विनय सिंह, अंकित सिंह अपनी टीम के साथ गश्त कर रहे थे। इसी बीच केरविनया पुल पर वरिष्ठ उपनिरीक्षक दीपक कुमार के नेतृत्व में चल रहे सघन वाहन चेकिंग अभियान के दौरान एक बाइक पर सवार तीन युवक पुलिस को देख भागने लगे। दौड़ाकर पूछताछ किए जाने पर तीनों ने बाइक चोरी कर बिहार में बेचने की बात कबूल की। युवकों ने बताया कि वे ऐशो आराम की जिंदगी के लिए मास्टर चाबी के जरिए बाइक चोरी करते थे। उनके पास से पुलिस ने आठ बाइक बरामद की है। चोरों की पहचान खामपार थाना क्षेत्र के छपिया गांव निवासी विकास यादव पुत्र श्रीकान्त यादव, बिहार प्रान्त के भोरे थाना क्षेत्र के बगहवां मिश्र गांव निवासी प्रिंस माली तथा भोरे थाना क्षेत्र के तिवारी बगहा निवासी क्रान्ति गौड़ के रूप में हुई। पुलिस गाड़ी खरीदने वाले बिहार प्रान्त के कटयां जमुनहा निवासी अभिनंदन गुप्त तथा सेमरिया गांव निवासी सचिन यादव की तलाश कर रही है।

> अलग-अलग स्थानों से हुई बाइक चोरी की घटना में लिफ्टरों की तलाश केस दर्ज कर की जा रही थी। वाहन चेकिंग के दौरान केरवनिया पुल बैरियर पर पुलिस को सफलता मिली है । भटनी पुलिस चोरी हुई बाइक के मालिकों को बुलाकर बाइक की पहचान करायी गयी है। सभी आरोपियों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। फरार चल रहे दोनों आरोपियों की तलाश जारी है। - **अंशुमान श्रीवास्तव**, सीओ, भाटपाररानी

# मारपीट के मामले में तीन पर केस

सलेमपुर। कोतवाली क्षेत्र के देवरिया उर्फ शामपुर गांव में छह दिन पूर्व छत का बर्जा निकालने को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई थी। जिसमें एक पक्ष से संतोष कुशवाहा गम्भीर रूप से घायल हुए थे। घायल की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने गांव मुन्ना कुशवाहा, कन्हैया कुशवाहा पुत्र रामनरेश कुशवाहा व पवन पुत्र रामराज कुशवाहा ने खिलाफ सुसंगत धाराओं में केस दर्ज किया है।

# बेटी की दुष्कर्म के बाद हत्या का आरोप

सलेमपुर। एक महिला ने अपनी बेटी की दुष्कर्म के बाद हत्या का आरोप लगाया है। उसने इस संबंध में मुख्यमंत्री को पत्र भेज कर न्याय दिलाने की मांग की है। महिला का आरोप है कि मामले में कोतवाली पुलिस लीपापोती कर रही है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला की 16 वर्षीय बेटी 26 अगस्त से लापता है। कोतवाली पुलिस ने 31 अगस्त को इस मामले में केस दर्ज किया था।

महिला का कहना है कि केस दर्ज होने के दो दिन बाद 2 सितम्बर को सूचना मिली कि भाटपार रानी क्षेत्र के बाईपार गांव स्थित गण्डक नदी के समीप एक नाबालिग लड़की की लाश मिली है। महिला का आरोप है कि शव मिलने की सूचना प्राप्त होने पर वह और उसके परिवार के लोग कोतवाली पहुंचे। लेकिन शव का शिनाख्त नहीं कराया या। महिला का आरोप है कि सोशल मीडिया परजो फोटो वीडियो वायरल हो रहा है उससे आशंका है कि उक्त शव उसकी बेटी का ही था। उसने रेप के बाद बेटी की हत्या का आरोप लगाया है।

बिहार के गोपालगंज जिले का है वाहन मालिक, भटनी पुलिस ने की छापेमारी

# बैरियर तोड़ने वाले के घर दबिश दी

## तफ्तीश

भटनी(देवरिया), हिन्दुस्तान संवाद। थाना क्षेत्र के केरविनया पुल पर बैरियर तोड़ भागने की फिराक में स्कार्पियो सवारों ने बुधवार की भोर यहां तैनात कांस्टेबल महानंद सिंह यादव को बुरी तरह जख्मी कर दिया था। उनकी इलाज के दौरान बीआरडी मेडिकल कॉलेज गोरखपुर में मौत हो गयी थी। इस मामले में पुलिस ने अज्ञात चालक और वाहन मालिक के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज करते हुए छापेमारी शुरू कर दी है। पुलिस टीम ने बिहार प्रांत के गोपालगंज जिले के फुलवरिया क्षेत्र के मिश्र बतरहा गांव के रहने वाले वाहन मालिक विजय कुमार मांझी के घर पर भी छापेमारी की लेकिन वह फरार मिला।

घटना के बाद से ही पुलिस की दो टीमें बिहार के फुलवरिया थाना क्षेत्र में जमी हुई है। पुलिस ने वाहन मालिक विजय कुमार माझी का अपराधिक रिकार्ड भी खंगाला है। जांच में पता चला है कि करीब 20 साल पहले विजय कुमार माझी के खिलाफ फुलवरिया थाने में सड़क जाम करने के मामले में एक केस दर्ज किया गया था।



सिपाही महानंद सिंह यादव (फाइल फोटो)।

### पुलिस अधीक्षक ने लिया घटना स्थल का जायजा

भटनी। केरवनिया पुल के पास स्कार्पियो की ठोकर से चोट लगने पर सिपाही की मौत के मामले में एसपी संकल्प शर्मा गुरुवार की सायं करीब 830 बजे केरवनिया पुल पहुंचे। जहां घटना स्थल पर मौजूद थानेदार डा॰महेन्द्र यादव, दरोगा अंकित सिंह से उन्होंने पूछताछ कर घटना की पूरी जानकारी ली। एसपी घटनास्थल से थाने पहुंचे। जहां बिहार के लिए गठित टीम के दरोगा अभिमीत उपाध्याय तथा वरिष्ठ उपनिरीक्षक दीपक कुमार से भी स्कार्पियो मालिक के बारे में पूरी जानकारी ली। सूत्रों की माने तो बिहार गयी पुलिस टीम ने वाहन मालिक का संबंध बिहार के किसी पुराने शराब माफिया से होने की जानकारी भी एसपी को दी। टीम को एसपी ने जल्द से जल्द आरोपी को गिरफ्तार करने का निर्देश दिया।

### सिर पर चोट लगने से हुई मौत की पुष्टि

सिपाही महानंद सिंह यादव की मौत के बाद उनका पोस्टमार्टम कराया गया। मिली जानकारी के अनुसार पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी सिर में चोट लगने के कारण मौत होने की पुष्टि हुई है। मौके पर मौजूद होमगार्ड की माने तो स्कार्पियो की तेज टक्कर से लोहे का बैरियर सिपाही की सिर पर जा लगा। इसके चलते वह लहूलुहान होकर अचेत हो गए। इसकी जानकारी उन्होंने अधिकारियों को दी। जिसके बाद उन्हें इलाज के लिए ले जाया गया।

" सिपाही की मौत के मामले में आरोपियों को जल्द से जल्द पकड़ने के लिए पुलिस की दो टीमें गठित की गई है। एक एसएसआई तथा एक एसआई के नेतृत्व में टीमें बिहार में छापेमारी कर रही है। स्कार्पियो मालिक का आपराधिक इतिहास भी खंगाला गया है। इस कृत्य में शामिल किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस टीम पूरी तन्मयता से लगी है। शराब तस्करी को लेकर अभी कोई सुराग हाथ नही लगा है।

**अंशुमान श्रीवास्तव**, सीओ, भाटपाररानी

अभी तक पुलिस को उसके शराब तस्करी में लिप्त होने के संबंध में कोई रिकार्ड नहीं मिला है। हालांकि पुलिस अन्य थानों पर भी पता लगा रही है कि क्या कहीं कोई केस उसके खिलाफ दर्ज है। इसके लिए बिहार के साथ ही यूपी के बार्डर क्षेत्र के थानों के भी रिकार्ड खंगाले जा रहे हैं। गुरुवार को सीओ अंशुमान सिंह ने भटनी थाना व घटनास्थल पर पहुंच कर जांच की।

**सिपाहियों के आक्रोश जताने पर दरोगा ने दी तहरीर :** गाजीपुर जिले के जमानिया थाना क्षेत्र के हरिवल्लभपुर गांव के रहने वाले सिपाही महानंद सिंह की मौत के बाद बुधवार की रात करीब पौने नौ बजे इस मामले में भटनी पुलिस ने केस दर्ज किया। मामले में पहले सिपाही के साथ केरवनिया बैरियर पर तैनात होमगार्ड शशिभूषण की तहरीर पर केस दर्ज करने की तैयारी थी।

# बड़े पिता पर किया हमला, गिरफ्तार

- रुद्रपुर कस्बे के भरटोला वार्ड में पुरानी रंजिश में हुई घटना
- रात में तीन बजे हंसुआ से ताबड़तोड़ कर दिया था वार

रुद्रपुर, हिन्दुस्तान संवाद। सोते समय अपने बुजुर्ग बड़े पिता पर एक युवक ने जानलेवा हमला कर दिया। वह रात में तीन बजे पुरानी रंजिश को लेकर हंसुआ से ताबड़तोड़ वार कर रहा था। पुलिस ने आरोपी युवक को हंसुआ सहित गिरफ्तार कर लिया है।

रुद्रपुर नगर के भरटोला वार्ड के रहने वाले बुजुर्ग हरखू राजभर पुत्र हरदेव राजभर रात में अपने घर के ओसारा में सो रहे थे। उनके पट्टीदारी का भतीजा सामने अपने घर में सो रहा था। पूरे मोहल्ले के लोग सो रहे थे इसी बीच रात में तीन बजे हरखू के पट्टीदारी का भतीजा शेषनाथ राजभर पुत्र गंगा उठा और हंसुआ लेकर हरखू के पास पहुंच गया। हरखू के सोते समय ही शेषनाथ गाली गलौज देते हुए हंसुआ से ताबड़तोड़ उनके ऊपर वार करने लगा। जिससे लहूलुहान होकर हरखू वहीं गिर गए और चिल्लाने लगे। उनके चिल्लाने की आवाज सुनकर परिजनों के अलावा आसपास के लोग भी जाग गए और जुट गए।

लोगों को आते देख वह धमकी देते हुए भाग गया। मामले में हरखू की बहू सुमित्रा देवी पत्नी राजीव राजभर की तहरीर पर पुलिस ने शेषनाथ के खिलाफ प्राणघातक हमले का मुकदमा दर्ज कर आरोपी शेषनाथ राजभर को हंसुआ सहित दबोच लिया।

# हत्या के प्रयास के पांच आरोपित गिरफ्तार

भलुअनी : पिपरा खेमकरन के रहने वाले सत्य नारायण चौहान ने सात लोगों के विरुद्ध एक माह पहले हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज कराए थे। इस मामले में पुलिस ने आरोपित मोनू यादव, लालमन यादव, उमेश चौहान, संदीप व भीम कुशवाहा को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद सभी को न्यायालय में पेश किया।

# 26 दिन बाद भी किशोरी का पता नहीं लगा सकी पुलिस

- एक सप्ताह बाद भी नहीं आया डीएनए रिपोर्ट
- रणवीर सेना ने किशोरी के बरामदगी की उठाई मांग

जागरण संवाददाता, सलेमपुर: कोतवाली थाना क्षेत्र के एक गांव की गायब किशोरी का कोतवाली पुलिस 26 दिन बाद भी कुछ पता नहीं कर सकी। किशोरी के गायब होने के कुछ ही दिन बाद भाटपाररानी में मिले अज्ञात किशोरी की शव के बारे में भी पुलिस पता लगाने की जहमत नहीं उठाई। स्वजन उसी शव पर संदेह व्यक्त करने लगे हैं।

पुलिस डीएनए टेस्ट कराने के नाम पर मामले को ठंडे बस्ते में डाल दी है। रणवीर सेना संगठन के सदस्यों ने कोतवाली पहुंचकर किशोरी को बरामद करने की मांग की है। क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली किशोरी लखनऊ से कृषक ट्रेन से आते समय 25 अगस्त को रेलवे स्टेशन से उसे अज्ञात युवकों ने गायब कर दिया। किशोरी की मां ने कोतवाली में 31 अगस्त को अपनी बेटी के गायब होने का मुकदमा दर्ज कराई, जिसमें बताया गया है कि उसकी बेटी 25 अगस्त को लखनऊ से सलेमपुर कृषक ट्रेन से आई।

सलेमपुर से उतरने के बाद वह रेलवे ढाला के पास तक पहुंची, उसके बाद उसका कोई पता नहीं चल सका। इस मामले में कोतवाली पुलिस मुकदमा दर्ज करने के बाद किशोरी की तलाश में जुट गई। गायब किशोरी के स्वजन के मोबाइल पर हुई बातचीत का काल डिटेल के आधार पर पुलिस कई लोगों से पूछताछ की, लेकिन उसका पता नहीं चल सका। भाटपाररानी थाना क्षेत्र के में तीन दिन पूर्व मिले एक लावारिश किशोरी के शव मिलने पर स्वजन पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कहा है कि जो शव भाटपाररानी में मिला है, वह उसकी बेटी के शक्ल से मिल रहा है। इस खबर के मिलते ही कोतवाली पुलिस हरकत में आ गई है।

कोतवाली के एसआइ गायब किशोरी के स्वजन को भाटपाररानी ले जाकर मिले शव की फोटो से शिनाख्त कराने में जुटी है।

शव का डीएनए टेस्ट कराने के लिए पुलिस कार्रवाई शुरू कर दी है। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि मोबाइल के काल डिटेल के जरिये पता लगाया जा रहा है। शीघ्र ही पूरे मामले का पर्दाफाश कर दिया जाएगा।

# स्कार्पियो मालिक का पुलिस ने खंगाला आपराधिक रिकार्ड

- भटनी के केरवनिया चेकपोस्ट पर बैरियर से चोट लगने से सिपाही की मृत्यु का मामला
- गोपालगंज जनपद के फुलवरिया का रहने वाला है स्कार्पियो मालिक, घटना के बाद से ही है फरार

जासं, देवरिया: भटनी के सिपाही के मौत के मामले में गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच तेज कर दी है। वाहन मालिक गोपालगंज जनपद के फुलवरिया का रहने वाला है, उसके ऊपर आठ वर्ष पहले मात्र एक राजनीतिक यानी सड़क जाम करने का मुकदमा दर्ज है। पुलिस टीम ने गिरफ्तारी के लिए दबिश दी, लेकिन सफलता नहीं मिली। घटना के बाद से ही संबंधित का मोबाइल बंद चल रहा है। पुलिस अधिकारी जल्द ही आरोपित को पकड़ लेने का दावा कर रहे हैं।

गाजीपुर जनपद के उमनिया थाना के हरिबल्लमपुर के रहने वाले महानंद यादव यूपी पुलिस ने सिपाही के पद पर भटनी थाने में तैनात थे। बुधवार की भोर में केरवनिया चेकपोस्ट पर ड्यूटी करने के दौरान भिंगारी की तरफ से आ रही तेज गति स्कार्पियो ने बैरियर में ठोकर मार दिया, जिससे बैरियर की रस्सी टूट गई और बैरियर महानंद यादव के सिर पर लग गया, जिससे उनकी मृत्यु हो गई। इस मामले में उप निरीक्षक अंकित सिंह की तहरीर पर अज्ञात चालक व अज्ञात वाहन स्वामी के विरुद्ध गैर इरादतन हत्या व प्राण घातक हमले का मुकदमा दर्ज है। एआरटीओ गोपालगंज कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार वह स्कार्पियो गोपालगंज जनपद के फुलवरिया के रहने वाले विजय मांझी की है। वह गाड़ी खुद चलाता है। घर पर पुलिस गई तो केवल पत्नी मिली। आसपास के लोगों ने बताया कि रात को ही वह कहीं जाने के लिए निकले थे। पुलिस ने विजय मांझी का आपराधिक इतिहास खंगाला तो पता चला कि कोई बड़ा अपराध दर्ज नहीं है। केवल सड़क जाम करने का एक मुकदमा है। पुलिस विजय की गिरफ्तारी के लिए मोबाइल सर्विलांस का सहारा ले रही है।

## विजय की गिरफ्तारी के बाद ही सुलझ सकेगी गुत्थी

पुलिस ने भले ही इसमें गैर इरादतन हत्या व प्राण घातक हमले का मुकदमा दर्ज की है, लेकिन पुलिसकर्मियों के गले से यह हादसा नीचे नहीं उतर पा रहा है। लोगों का कहना है कि जहां बैरियर लोहे का लगाया गया है, वहां अंधा मोड़ है और झाड़-झंखाड़ के साथ ही पेड़ हैं। जिसके चलते भिगारी की तरफ से तेज गति से आने वाले वाहन चालकों को बैरियर हो सकता है न दिखे। साथ ही उस पर रिफ्लेक्टर भी नहीं लगा है। ऐसे में हादसा भी यह हो सकता है। हालांकि पुलिस का मानना है कि इसका पर्दाफाश अब विजय की गिरफ्तारी के बाद ही हो सकेगी। उधर पुलिस कर्मियों में इस घटना के बाद आक्रोश दिख रहा है। अगर लोहे का बैरियर नहीं लगा होता तो शायद महानंद की जान बच जाती।

> वाहन स्वामी की पहचान कर ली गई है, उसकी गिरफ्तारी के लिए टीमें लगी है, जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।
>
> डा.राजेश सोनकर, एएसपी

# वृद्ध पर हसुआ से हमला करने वाला सिरफिरा गिरफ्तार

रुद्रपुर (एसएनबी)। स्थानीय उपनगर के भरटोला वार्ड में गुरुवार की भोर में एक सिरफिरा युवक ने पुरानी रंजिश को लेकर अपने सगे पट्टीदार के लगभग 70 वर्षीय वृद्ध को हसुआ से गला कान आदि पर प्राण घातक हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इसके साथ दरवाजे पर बंधी बकरियों को भी काटकर मार डाला। मिली जानकारी के अनुसार उपनगर के भरटोला वार्ड निवासी शेषनाथ राजभर पुत्र गंगा राजभर नामक सिरफिरे ने गुरुवार की भोर में बगल के बरामदे में सोये 70 वर्षीय वृद्ध पट्टीदार हरखु राजभर पर दतिया हसुआ से प्राण घातक हमला कर दिया। दतिया हसुआ से सिरफिरे द्वारा किये गये प्राण घातक हमले में वृद्ध हरखू राजभर गंभीर रूप से घायल हो गये। इतना ही नहीं सिरफिरे युवक ने दरवाजे पर बंधी दो बकरियों को भी हसुआ से काट कर मार डाला।



सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने हमला में प्रयुक्त हसुआ सहित युवक को गिरफ्तार कर कोतवाली ले आयी। घायल हरखू की बहू सुमित्रा देवी पत्नी राजू राजभर की तहरीर पर कि हमारे ससुर बाहर बारामदे में सोये थे। शोर शराबा व हल्ला होने पर मौके पर पहुंचे तो आरोपी पुरानी रंजिश को लेकर ससुर पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। इस मामले में पुलिस ने सिरफिरे युवक पर धारा 307 के तहत मुकदमा दर्ज किया। तथा युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। घायल वृद्ध का इलाज मेडिकल कालेज गोरखपुर में चल रहा है।

# बाराबंकी में मुकदमा दर्ज होते ही आरोपित फरार

जास, देवरिया: बाराबंकी में प्लाट दिलाने के नाम पर 200 लोगों से 100 करोड़ से ज्यादा रुपये हड़पने के आरोप के मामले में दर्ज मुकदमे की जांच की आंच अब देवरिया तक पहुंच गई है। बाराबंकी पुलिस ने सदर कोतवाली पुलिस से गुरुवार को संपर्क किया। हालांकि शहर के अबूबकर नगर में रहने वाला एक आरोपित सुबह में ही गायब हो गया और घर में शाम को ताला लटक रहा था।

अबूबकर नगर का रहने वाला सुहेल व मदनपुर के ग्राम गनियारी का रहने वाला विशाल राव चंदेल (वर्तमान पता देवरिया शहर का भुजौली कालोनी) ने कुछ वर्ष पहले एक साथ होकर भूमि की प्लाटिंग का कार्य शुरू किया। पहले दोनों शहर के सिविल लाइंस रोड में प्रापर्टी का कार्य करने के लिए कार्यालय खोला।

दोनों ने शहर में कई जगहों पर प्लाटिंग भी की। 2015 में यह लखनऊ चले गए और वहां 2016 में स्टैलियन इंफ्रा डेवलपर प्राइवेट लिमिटेड बनाकर बाराबंकी-अयोध्या हाईवे से सतरीख जाने वाली सड़क पर प्लाटिंग की। 2019 में इन दोनों ने 100 प्लाट बेच दिया, लेकिन एक भी व्यक्ति को यह कब्जा नहीं दिलाए। दोनों के विरुद्ध बाराबंकी पुलिस ने इनके विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। गुरुवार को बाराबंकी पुलिस ने देवरिया कोतवाली पुलिस से संपर्क की और इनके बारे में जानकारी ली। एक सिपाही अबूबकर नगर मोहल्ले में भी पहुंचा।

**बदल गई थी दोनों की लाइफ स्टाइल :** पहले इनकी स्थित बहुत अच्छी नहीं थी। बसपा सरकार में इन्हें राजनीतिक संरक्षण मिला तो इनका कार्य भी तेजी से बढ़ने लगा। पूर्व एमएलसी संजीव द्विवेदी रामू का विशाल काफी करीबी रहा है। इन दिनों विशाल व सुहेल में दूरी बन गई थी और दोनों अलग-अलग कार्यालय खोल लिए थे।

**प्लाटिंग में लगाए रुपये :** इन दिनों अच्छा प्लाट दिलाने के नाम पर ठगी हो रही है। बाराबंकी में 100 करोड़ की ठगी हुई है तो देवरिया में भी ज्योति मौर्या ने महिलाओं से 6.80 करोड़ रुपये की ठगी की है।

### सुहेल 20 दिनों से रह रहा था देवरिया

सुहेल 12 वर्षों में बहुत बदल गया था। पूरा परिवार लखनऊ मे रहता था। फार्चूनर गाड़ी से वह अपने घर आता था। साथ ही दो वर्ष पहले उसने अबूबकर नगर मोहल्ले मे एक व्यक्ति की मकान ही खरीद ली। कभी वह बहुत दिनों तक अपने घर नहीं रहा। मोहल्ले वालों की माने तो 20 दिनों से वह अपने घर देवरिया मे ही रह रहा था। गुरुवार की सुबह से न तो उसकी गाड़ी दिखी और न ही वह दिखा। घर मे भी शाम का ताला लटक रहा था। 100 करोड़ रुपये की ठगी की बात सामने आने के बाद मोहल्ले के लोग अवाक रह गए।

> देवरिया शहर के रहने वाले दो लोगों के विरुद्ध बाराबंकी मे मुकदमा दर्ज होने की सूचना है। बाराबंकी पुलिस सहयोग लेगी तो मदद की जाएगी।
>
> **श्रीयश त्रिपाठी** सीओ सिटी, देवरिया

# छत का बरजा निकालने को लेकर मारपीट, मुकदमा

जागरण संवाददाता सलेमपुर: क्षेत्र के देवरिया उर्फ शामपुर में छत का बरजा निकाले जाने को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। जिसमें एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। इस मामले में पुलिस ने तीन लोगों के विरुद्ध मारपीट और गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

देवरिया उर्फ शामपुर निवासी संतोष कुशवाहा पुत्र राम चंद्र कुशवाहा ने पुलिस को दिए तहरीर में कहा है कि वे मेरे बगल के मुन्ना पुत्र राम नरेश कुशवाहा जबरिया अपने मकान का बर्जा हमारे जमीन में बना रहे थे। बोलने पर वे लोग गोलबंद होकर हमारे घर में घुसकर मुझे मारापीटा। पुलिस ने मुन्ना व कन्हैया के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

**यह और अन्य खबरें देखें–**
https://www.jagran.com/local/uttar-pradesh_gorakhpur-city-news-hindi.html

# आज देवरिया आएंगे सपा के प्रदेश अध्यक्ष

देवरिया : समाजवादी युवजन सभा के कार्यकर्ताओं की बैठक कचहरी चौराहा स्थित सपा कार्यालय पर गुरुवार को बैठक हुई, जिसमें समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल एवं समाजवादी महिला सभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष जूही सिंह के आगमन को लेकर स्वागत की जिम्मेदारी कार्याकर्ताओं को सौंपी गई है। प्रदेश अध्यक्ष, पूर्व सांसद मोहन सिंह की पुण्यतिथि कार्यक्रम में सुबह 11 बजे टाउनहाल स्थित आडिटोरियम में शामिल होने देवरिया आ रहे हैं।

# चोरी की आठ बाइक के साथ तीन गिरफ्तार, दो फरार

## वाहन चेकिंग के दौरान भटनी पुलिस को मिली यह सफलता

जासं, देवरिया: भटनी पुलिस को वाहन चेकिंग के दौरान बुधवार की रात बड़ी सफलता हाथ लगी। पुलिस ने चोरी की आठ बाइक के साथ तीन शातिरों को गिरफ्तार कर लिया। हालांकि दो चोर अभी भी फरार चल रहे हैं। गिरफ्तार शातिरों को पुलिस ने न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

थानाध्यक्ष डा.महेंद्र कुमार पुलिस टीम के साथ केरवनिया के समीप वाहन चेकिंग कर रहे थे। इस बीच दो बाइक पर सवार होकर तीन युवक तेजी से आते हुए नजर आए। पुलिस टीम ने तीनों को रोक लिया और तलाशी ली। साथ ही उनसे बाइक का कागजात मांगा, लेकिन वह कागजात नहीं दिखा सके। सख्ती बरतने पर तीनों ने अपना नाम विकास यादव निवासी छपिया थाना खामपार, प्रिंस माली व क्रांति गोंड निवासीगण तिवारी बगहवां थाना भोरे जिला गोपालगंज बिहार बताया। तीनों ने बताया कि यह बाइक चोरी की है। इसमें से एक बाइक कुशीनगर के



चोरी की बरामद बाइक के साथ पुलिस टीम • सौ.पुलिस

तरुअनवा मजार से 13 सितंबर की रात चुराए थे। पुलिस ने इनकी निशानदेही पर छह और चोरी की बाइक बरामद की। जांच में पता चला कि एक बाइक कुशीनगर से, तीन बाइक देवरिया शहर से चुराई गई हैं। जबकि बरामद चार बाइक के बारे में पुलिस पता लगा रही है। गिरफ्तार शातिरों ने बताया कि इनके गिरोह में अभिनंदन गुप्ता निवासी जमुनहा थाना कटया जिला गोपालबंज बिहार व सचिन यादव निवासी सेमरियां थाना कटया जिला गोपालगंज बिहार भी शामिल हैं। यह दोनों अभी भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं। थानाध्यक्ष ने बताया कि फरार आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।

**वीडियो बना गिरफ्तारी में मददगार:** कुछ दिन पहले यह भटनी कस्बा में बाइक चुराए थे, बाइक चुराते समय सीसी कैमरे में यह कैद हो गए। फुटेज के माध्यम से पुलिस को इन तक पहुंचने में सफलता मिली है।

# शादी का झांसा देकर पीएसी जवान बनाता रहा संबंध

जासं, देवरिया: पीएसी जवान पर एक महिला ने 11 वर्ष तक शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने का आरोप लगाया है। एएसपी से मुलाकात कर आरोपित जवान के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की। कार्रवाई न होने पर शुक्रवार को एसपी कार्यालय के सामने ही आत्मदाह करने की चेतावनी दी है।

भलुअनी थाना के एक गांव की रहने वाली महिला ने एएसपी से शिकायत की है। महिला का आरोप है कि 11 वर्ष पहले पीएसी जवान से उसकी मुलाकात कचहरी गेट पर हुई, महिला उस समय मुकदमे के सिलसिले में न्यायालय गई थी। इसके बाद दोनों के बीच बातचीत होने लगी। पीएसी जवान उससे शादी का झांसा दिया और शारीरिक संबंध बनाने लगा। कई बार उसके तबादले हुए तो वह साथ-साथ जाती रही।

इन दिनों भी वह पुलिस लाइन देवरिया में ही है। आरोप है कि जवान ने दूसरी महिला को अपने साथ रख लिया है और भलुअनी थाना क्षेत्र की रहने वाली महिला को भगा दिया है।

महिला ने भलुअनी से लेकर कई जगहों पर पुलिस को तहरीर दिया, लेकिन कार्रवाई नहीं की गई।

एएसपी डा.राजेश सोनकर ने बताया कि एक महिला ने शिकायत दी है, प्रकरण की जांच कराई जा रही है। जल्द ही आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# भूमि विवाद में धारदार हथियार से हमला

तरकुलवा: क्षेत्र के कनकपुरा के रहने वाले भृगुनाथ प्रसाद पर भूमि विवाद में गुरुवार की शाम कुछ लोगों ने धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया। उपचार के लिए उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। इस मामले में उन्होंने पुलिस को तहरीर दी है। रात तक इस मामले में मुकदमे की कार्रवाई नहीं हो सकी थी।

**युवक को मारपीट कर किया घायल,** मईल: क्षेत्र के नरसिंहडाहढ़ के रहने वाले रजनीश की कुछ लोगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। उपचार के लिए उन्हें सीएचसी पहुंचाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने बीआरडी मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। देर शाम तक उनका उपचार चल रहा था।

**पुलिस ने दो को उठाया:** बनकटा: श्रीरामपुर थाने की पुलिस ने दो युवकों को प्रतापपुर चौराहे से उठा लिया। दोनों के पास पिस्टल होने की शिकायत पुलिस के पास पहुंची थी।

# युवक ने बरामदे में सो रहे वृद्ध को हसिया से वार कर किया अधमरा

रुद्रपुर। नगर के भरटोली वार्ड में बुधवार की रात बरामदे में सो रहे एक वृद्ध को हसिया से कई बार वार कर युवक ने अधमरा कर दिया।



आरोपी युवक।

घायल का उपचार मेडिकल कॉलेज गोरखपुर में चल रहा है। घटना के पीछे पुरानी रंजिश बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपी शेषनाथ राजभर को गिरफ्तार कर आलाकत्ल बरामद कर लिया है। पुलिस ने पीड़ित की बहू की तहरीर पर आरोपी पर जानलेवा हमला करने का केस दर्ज किया है।

भरटोला वार्ड निवासी हरखू राजभर (70) बुधवार की रात भोजन करने के बाद बरामदे में सो गए। रात में करीब दो बजे पड़ोस के शेषनाथ राजभर ने उन पर हमला कर दिया। उसने हसियां से उनके पेट और गर्दन पर कई वार किए। वृद्ध के चिल्लाने पर लोग जाग गए। युवक पर वृद्ध की हत्या की सनक इस कदर सवार थी कि उसने हत्या में विफल होने पर बरामदे में बांधी दो बकरियों को हसिया से काट कर मार डाला। घायल वृद्ध की हालत गंभीर बताई जा रही है।

मोहल्ले वालों के अनुसार कुछ माह पहले दोनों परिवारों में किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। जिसको लेकर युवक ने वृद्ध पर हमला कर दिया। पुलिस ने घायल हरखू की बहू सुमित्रा की तहरीर पर भरटोला वार्ड निवासी शेषनाथ राजभर उर्फ नाथे के खिलाफ केस किया है। प्रभारी निरीक्षक नवीन प्रताप सिंह ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। संवाद

# पुरानी रंजिश में दो लोगों पर धारदार हथियार से हमला, गंभीर

जासं, देवरिया : बरियारपुर थाना के मेहरौना में गुरुवार की दोपहर में कुछ लोगों ने दो लोगों पर धारदार हथियार से हमला बोल दिया।

उपचार के लिए दोनों को महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है। इस मामले में पीड़ित पक्ष ने कार्रवाई के लिए पुलिस को तहरीर दी है। कैलाश का पड़ोसी से पुरानी रंजिश चल रही है। दोपहर को कैलाश व अमित दरवाजे पर खड़े थे, इस बीच पड़ोसी आ गए और लाठी-ढंडा के साथ ही धारदार हथियार से हमला बोल दिया, जिससे दोनों लहूलुहान हो गए। लोगों ने उपचार के लिए मेडिकल कालेज पहुंचाया।

# बरामदे में सो रहे वृद्ध पर चाकू से हमला, आरोपित गिरफ्तार

जासं, रुद्रपुरः उपनगर के भरटोला वार्ड में गुरुवार की भोर में घर के बरामदे में सो रहे वृद्ध पर चाकू से हमला बोल कर घायल कर दिया गया। घायल को उपचार के लिए बीआरडी मेडिकल कालेज गोरखपुर में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। उधर पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

उपनगर के भरटोला के रहने वाले हरखू राजभर बरामदे में सोए थे। भोर में पड़ोस का एक व्यक्ति पहुंचा और पहले उनकी दो बकरियों की चाकू से गला काट दी। इसके बाद उसी चाकू से हरखू पर भी ताबड़तोड़ कई बार प्रहार कर दिया, जिससे वह लहूलुहान हो गए।

उनकी आवाज सुनकर परिवार के लोग पहुंचे। उठाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रुद्रपुर ले गए, जहां से उन्हें चिकित्सक ने हालत गंभीर देख बीआरडी मेडिकल कालेज रेफर कर दिया, जहां हालत चिंताजनक बताई जा रही है।

बहू सुमित्रा की तहरीर पर पुलिस ने पुरानी रंजिश में हमला करने का गांव के शेषनाथ राजभर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

प्रभारी निरीक्षक नवीन सिंह ने बताया कि आरोपित के विरुद्ध हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# जालसाजी : सोशल मीडिया छोड़ भागने लगे अवैध प्लॉटिंग करने वाले

लखनऊ अवैध में प्लॉटिंग कर 100 करोड़ से ज्यादा की ठगी करने वालों पर केस दर्ज होने बाद धंधेबाजों में हड़कंप



## नोटिस देकर साध ली चुप्पी, अवैध प्लॉटिंग वाले उठा रहे फायदा

वैध काम कराने के लिए लोगों को महीनों लगाने पड़ रहे चक्कर, अवैध हो रहा पलभर में

### कॉलोनी बसाने का भी सपना अटका

### महायोजना में भी पेच

# 29 के धरने के लिए बनाई रणनीति

देवरिया। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ पांडेय गुट ने बृहस्पतिवार को न्यू कालोनी स्थित कार्यालय पर 29 सितंबर को आयोजित होने वाले धरने की सफलता के लिए रणनीति बनाई। वरिष्ठ प्रांतीय उपाध्यक्ष कामेश्वर पांडेय ने कहा कि वर्तमान सरकार माध्यमिक शिक्षकों की सेवा का अहित करने में लगी है। नए शिक्षा सेवा आयोग अधिनियम से इनकी सेवा पर संकट उत्पन्न हो जाएगा। इसके विरोध में 29 सितंबर को डीआईओएस कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इसके लिए विद्यालयों में जाकर जन जागरण अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान जिलाध्यक्ष अरुण कुमार, डॉ.विनय तिवारी, दिग्विजयनाथ तिवारी आदि मौजूद रहे। संवाद

# पिस्टल की सूचना पर पुलिस ने दो को पकड़ा

देवरिया। श्रीरामपुर थाना क्षेत्र के प्रतापपुर चौराहे से पुलिस ने दो संदिग्ध युवकों को बृहस्पतिवार को पकड़ा। थानाध्यक्ष अनिल कुमार ने बताया कि शक के आधार पर दो युवकों को पूछताछ की जा रही है। सूचना थी कि यह अपने पास पिस्टल रखे हुए थे। संवाद

# आधार में सुधार के लिए वसूल रहे पांच गुना तक ज्यादा शुल्क

## लोग पोस्ट ऑफिस और जन सेवा केंद्रों के लगा रहे चक्कर

संवाद न्यूज एजेंसी

बरहज। नगर-क्षेत्र में आधार कार्ड में सुधार कराने के लिए पोस्ट ऑफिस और सीएससी पर लोगों की लंबी कतारें लग रहीं हैं। अधिकांश जगहों पर आधार से मोबाइल नंबर लिंक कराने और जानकारी अपडेट करने के लिए निर्धारित से तीन से चार गुना ज्यादा रकम वसूल की जा रही है।

एक फाइनेंस कंपनी में जमा रकम वापसी के लिए सरकार की ओर से ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराया जा रहा है। जिसमें आधार से मोबाइल नंबर लिंक होना अनिवार्य है। दूसरी ओर छात्रों के बैंक अकाउंट भी खोले जा रहे हैं। जिसमें आधार अपडेशन की आवश्यकता पड़ रही है। आधार से मोबाइल नंबर लिंक और अपडेशन को लेकर पोस्ट आफिस और कुछ सीएचसी केंद्रों पर सुबह से ही लोगों की लंबी लाइन लग जा रही है।



बरहज के भलुअनी डाकघर में आधार सही कराने पहुंचे लोग। संवाद

भलुअनी के अभि कुशवाहा, शकुंतला देवी, प्रदीप सिंह, अंजू देवी आदि का कहना है कि आधार में सुधार कराने के लिए सुबह से लाइन में खड़े हैं। 30 रुपये शुल्क की जगह 150-200 रुपये की मांग की जा रही है। उनका यह भी कहना है कि शिकायत करने पर जिम्मेदार कर्मचारियों की कमी और प्राइवेट कर्मियों से काम लेने का हवाला दे रहे हैं। एसडीएम अवधेश कुमार निगम ने बताया कि मानक के विपरीत धन वसूल किया जाना गलत है। जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

# प्रेमिका से मिलने गए युवक को पीटा, तीन पर केस

संवाद न्यूज एजेंसी

मईल। थाना क्षेत्र के एक गांव का एक युवक बगल के गांव में अपनी प्रेमिका से बुधवार की रात में मिलने गया था। इसकी जानकारी घरवालों को हो गई। परिवार वालों ने पकड़ कर उसकी धुनाई कर दी, जिससे उसकी हालत गंभीर हो गई। पुलिस ने इस मामले में युवक के पिता की तहरीर पर तीन लोगों के खिलाफ जानलेवा हमला का केस दर्ज किया है।

थाना क्षेत्र के एक गांव के युवक का बगल के एक गांव की युवती से प्रेम संबंध था। बुधवार की रात में अपनी प्रेमिका से मिलने उसके घर पहुंच गया। घर वालों को जानकारी होने पर उन्होंने पकड़ कर उसकी पिटाई कर दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

## गंभीर रूप से घायल अवस्था में मेडिकल कॉलेज में भर्ती

सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भागलपुर इलाज के लिए भेजवाया, जहां डॉक्टर ने स्थिति गंभीर देखकर मेडिकल कॉलेज देवरिया रेफर कर दिया। वहां उसका इलाज चल रहा है। वहीं इस मामले में युवक के पिता ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उनका पुत्र युवती के बुलाने पर गया था।

# पांच वांछित गिरफ्तार गंभीर धाराओं में दर्ज है केस

बरहज। हत्या के प्रयास आदि गंभीर धाराओं में निरुद्ध फरार चल रहे पांच आरोपियों को भलुअनी पुलिस ने बृहस्पतिवार को गिरफ्तार कर लिया। सभी काफी दिनों से फरार चल रहे थे। मुखबिर ने पुलिस को बहोर चौराहे के पास कुछ संदिग्ध लोगों के मौजूद होने की सूचना दी। इसके बाद पुलिस ने घेराबंदी कर दी। पुलिस को देख सभी भागने लगे। सुरक्षा कर्मियों ने दौड़ाकर पकड़ लिया। पकड़े गए लोगां की पहचान बहोर गांव निवासी मोनू यादव, लालमन, उमेश चौहान, संदीप, भीम के रूप में हुई। सभी पर 22 अगस्त को खुखुंदू थाना क्षेत्र के पिपरा खेमकरन निवासी सत्यनारायण की तहरीर पर हत्या के प्रयास सहित अन्य गंभीर धारा में केस दर्ज है। थानाध्यक्ष भलुअनी राजेश कुमार पांडेय ने बताया कि पांचों आरोपी फरार चल रहे थे। संवाद

# चोरी की आठ बाइकों के साथ तीन गिरफ्तार

संवाद न्यूज एजेंसी

## केरवनिया पुल के पास वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस को मिली सफलता

भटनी। थाना क्षेत्र के केरवनिया पुल के पास वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने बृहस्पतिवार को चोरी की मोटरसाइकिलों के साथ तीन युवकों को गिरफ्तार कर लिया।

तीनों की निशानदेही पर पुलिस ने चोरी की आठ बाइकों को बरामद किया है। पुलिस ने आरोपियों पर केस दर्ज कर जेल भेज दिया। वहीं, पूछताछ में बिहार के रहने वाले दो युवकों का नाम आया है, जिनके खिलाफ केस दर्ज कर पुलिस तलाश कर रही है।

भटनी पुलिस को सूचना मिली कि चोरी की आठ बाइकों को बेचने की फिराक में तीन युवक हैं। वह एक बाइक से बिहार जा रहे हैं। पुलिस ने लोकेशन के आधार पर वाहन चेकिंग कर रहे दरोगा को सतर्क किया।

कुछ देर बाद केरवनिया पुल के पास चेकिंग प्वाइंट पर मौजूद पुलिसकर्मियों को एक बाइक पर तीन लोग आते हुए दिखे। पुलिस टीम को देखकर वह बाइक मोड़कर भागने लगे।

इसी बीच भटनी की तरफ से मौके पर जा रहे एसओ की टीम ने आरोपियों को पकड़ लिया। पूछताछ में उन्होंने कई बाइक चोरी करने की बात स्वीकार की।

उनकी निशानदेही पर पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से चोरी की आठ बाइकें बरामद कीं। आरोपियों की पहचान गोपालगंज जिले के भोरे थाना क्षेत्र के बगहवां मिश्र गांव निवासी प्रिंस माली व क्रांति उर्फ प्रमोद गोंड और खामपार के छपिया गांव निवासी विकास के रूप में हुई।

जांच में आरोपियों ने बताया कि वह चोरी कर बिहार के कटया थाना क्षेत्र के जमुनहां गांव निवासी अभिनंदन गुप्त व सेमरियां गांव निवासी सचिन यादव को बाइक बेचते हैं। उनसे मिले रुपयों से जरूरतों की पूर्ति करते हैं।

पुलिस ने उनके विरुद्ध भी केस दर्ज कर उनकी तलाश तेज कर दी। एसओ डॉ. महेंद्र कुमार ने बताया बताया कि थाना क्षेत्र के कई स्थानों से युवकों ने बाइक चोरी की है। इनके रैकेट में और लोगों के शामिल होने का अंदेशा है। उनकी भी तलाश की जा रही है।

# बारजा निकालने को लेकर मारपीट, तीन पर केस दर्ज

सलेमपुर। कोतवाली थाना क्षेत्र के देवरिया उर्फ शामपुर में मकान की छत का बारजा निकाले जाने को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई। इसमें एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। इस मामले में पुलिस ने तीन लोगों पर मारपीट और गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है। देवरिया उर्फ शामपुर के संतोष कुशवाहा ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि उनके पड़ोसी मुन्ना कुशवाहा जबरिया मकान का बारजा उनकी जमीन में बना रहे थे। बोलने पर वे लोग गोलबंद होकर घर में घुसकर पिटाई कर दिए। इस मामले में पुलिस ने मुन्ना कन्हैया व पवन पर केस दर्ज किया है। संवाद

**शराब तस्करों की अंधेरगर्दी**

# सिपाही की मौत के बाद एसओ के खिलाफ लामबंद हुए पुलिसकर्मी

## थानाध्यक्ष की कार्यप्रणाली से असंतुष्ट हैं थाने के पुलिसकर्मी, सीओ की जांच में भी सामने आई लापरवाही

संवाद न्यूज एजेंसी

भटनी, देवरिया। क्षेत्र के केरवनिया चेकपोस्ट पर तैनात सिपाही महानंद को स्कॉर्पियो चढ़ाकर हत्या के बाद बुधवार की देर रात थाने के पुलिस कर्मी एसओ के विरुद्ध लामबंद हो गए।

उन्होंने एसओ की कार्यप्रणाली पर असंतोष व्यक्त करते हुए उनके खिलाफ मोर्चा खोल दिया। बाद में थाने में तैनात उपनिरीक्षकों के हस्तक्षेप के बाद मामला शांत हुआ। वहीं, पूरी घटना की जांच में प्रथम दृष्टया एसओ की लापरवाही सामने आई है। जांच अधिकारी सीओ भाटपाररानी अंशुमन श्रीवास्तव ने थानाध्यक्ष से पूछा कि शराब तस्करी की सूचना थी तो सिपाही को अकेले मौके पर क्यों भेज दिया। इस सवाल का जवाब थानाध्यक्ष नहीं दे सके।



महानंद। फाइल फोटो

भटनी थाने के सिपाही महानंद सिंह यादव की मौत के बाद बुधवार को थाने के सभी सिपाही गमगीन थे। तभी सूचना मिली कि एसओ होमगार्ड की तहरीर पर आरोपियों पर केस दर्ज करवाना चाहते हैं।

इससे नाराज सिपाही थाने पर पहुंच गए और एसआई की तहरीर पर केस दर्ज कराने व होमगार्ड को चश्मदीद बनाने की बात पर अड़ गए। सिपाहियों ने कहा कि जब घटना के समय थाने के एक एसआई हमराहियों के साथ चेकिंग प्वाइंट पर गए थे और घटनास्थल से कुछ दूरी पर थे तो उनकी तहरीर पर केस दर्ज क्यों नहीं कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इससे मृतक के परिजनों को भविष्य में फायदा मिलेगा।

इसके बाद एसओ ने एसआई की तहरीर पर आरोपियों पर केस दर्ज कराया। एसओ की तैनाती के कुछ समय बाद से ही थाने के सिपाही ड्यूटी व अवकाश को लेकर थानाध्यक्ष के व्यवहार से असंतुष्ट हैं। बुधवार को साथी की मौत हुई तो सिपाहियों का गुस्सा एकाएक सामने आ गया।

नाम न छापने की शर्त पर पुलिस लाइन के एक सिपाही ने कहा कि सुबह की गश्त में सावधानी जरूरी है। शराब तस्करी की सूचना पर अकेले सिपाही को मौके पर भेजने की बात समझ नहीं आ रही।

भटनी थाने के एक सिपाही ने बताया कि रात में होमगार्ड को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया जा रहा था। इसका कोई औचित्य नहीं है। एक सिपाही ने तो यहां तक कह दिया कि किसी भी कीमत पर मुकदमा होमगार्ड की तहरीर पर नहीं होने देंगे। जिस दरोगा की ड्यूटी थी, केस वह दर्ज कराए।

**तस्करों से पुलिसकर्मियों के गठजोड़, इसी नाते नहीं टूट रहा नेटवर्क :** शराब और पशु तस्करी करने वालों की गहरी पैठ पुलिस महकमे में है। चंद रुपयों के लालच में कुछ पुलिसकर्मी तस्करों से साठगांठ कर उनको छूट दे रहे हैं। इसके चलते हरियाणा और यूपी की शराब बिहार में पहुंच रही है।




भटनी थाने में बृहस्पतिवार को दिनभर घटना की चर्चा होती रही। संवाद



देवरिया : शराब तस्करों ने सिपाही को एसयूवी से रौंदा, मौत

अमर उजाला में प्रकाशित खबर।

### बोले महानंद के पिता

सिपाही महानंद के पिता देवनारायण ने बताया कि वह हरियाणा में थे जब उन्हें घटना की जानकारी मिली। बेटे की मौत के बाद पूरा परिवार टूट गया है। उन्होंने तस्करों को पकड़कर कठोर सजा की मांग की। कहा कि ऐसे लोगों के खिलाफ पुलिस को सख्ती से कार्रवाई करनी चाहिए।

*भटनी थाने के सिपाही की मौत की जांच एसपी के निर्देश पर की जा रही है। बृहस्पतिवार को एसओ, घटना के दौरान मौजूद चश्मदीद होमगार्ड और अन्य पुलिस कर्मियों से पूछताछ की गई है। घटना में जिसकी भी लापरवाही सामने आएगी, उसपर कार्रवाई की जाएगी।*

**- अंशुमन श्रीवास्तव, क्षेत्राधिकारी, भाटपाररानी**

### शराब तस्करों और पुलिसकर्मियों की मिलीभगत आ रही सामने

भटनी। क्षेत्र के केरवनिया चेकपोस्ट पर तैनात सिपाही महानंद की स्कॉर्पियो चढ़ाकर हत्या के मामले में पुलिस की शराब तस्करों से मिलीभगत सामने आ रही है। जिस स्कॉर्पियो से तस्करों ने वारदात की, स्थानीय लोगों ने बीते 15 दिन से उसके क्षेत्र में दिन-रात घूमते रहने की बात बताई है। लोगों का कहना है कि अगर पुलिस घांटी बाजार की दुकानों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच करे तो गाड़ी अक्सर गुजरते दिखाई दे जाएगी। ऐसे में प्रश्न यह सवाल उठता है कि इस दौरान पुलिस की नजर इस वाहन पर क्यों नहीं पड़ी। सिपाही की मौत के बाद थाने के एसआई की तहरीर पर पुलिस ने स्कॉर्पियो मालिक विजय मांझी और अज्ञात के विरुद्ध हत्या का केस दर्ज किया है। वहीं, एसपी के आदेश पर मामले की जांच क्षेत्राधिकारी (सीओ) भाटपाररानी अंशुमान श्रीवास्तव कर रहे हैं। उन्होंने बृहस्पतिवार को भटनी थाने पहुंच कर एसओ और घटना के चश्मदीद गवाह होमगार्ड से पूछताछ की। भटनी पुलिस बिहार प्रांत के फुलवरिया में लगातार दबिश देकर आरोपियों को पकड़ने में जुटी है। मामले के विवेचना अधिकारी ने जल्द आरोपियों को गिरफ्तार करने की बात कही है। जिले में शराब और गो तस्करी रोकने के संबंध में एसपी संकल्प शर्मा ने सभी थानाध्यक्षों को सख्त निर्देश दिए हैं। इसके बावजूद बिहार प्रांत से सटे थानों के रास्ते शराब की तस्करी धड़ल्ले से हो रही है। सूत्रों के मुताबिक पुलिस के कुछ जिम्मेदार अफसर मोटी रकम लेकर शराब की तस्करी में सहयोग कर रहे हैं। संवाद

### शाम होते ही तस्करों के लग्जरी वाहनों का लग जाता है जमावड़ा

भटनी। क्षेत्र में शाम होते ही बिहार के संदिग्ध लोगों की लग्जरी गाड़ियों का जमावड़ा लग जाता है। वाहनों से उतरने वाले लोग आते हैं। ऐसा कहा जा रहा कि वह लग्जरी वाहनों से शराब तस्करी की घटना को भी अंजाम देते हैं। भटनी क्षेत्र इन दिनों शराब तस्करी का सबसे सुरक्षित अड्डा बन गया है। करीब 15 किलोमीटर की बिहार सीमा शराब तस्करों का मुफीद रास्ता हो गया है। तस्कर आसानी से यहां आते हैं और पुलिस से साठगांठ कर शराब तस्करी को आसानी से अंजाम दे देते हैं। बिहार में शराब बंदी से भटनी में शराब तस्करी और चोरी की घटनाओं में इजाफा हुआ है। बिहार से शराब के आदी यहां आसानी से आ जाते हैं और तस्करी और चोरी की घटनाओं को अंजाम देकर चले जाते हैं। संवाद

शराब और पशु तस्करी करने वाले तस्कर सरकारी महकमे में छेद कर चुके हैं, ताकि वह अपने मंसूबे में सफल हो सकें। इसके कारण तस्कर गिरोह पर लगाम नहीं कसी जा पा रही है। इसके प्रमाण भी कई बार मिल चुके हैं।

2020 में मईल पुलिस ने पशु तस्करों को पकड़ा तो इसमें बलिया थाना क्षेत्र के उभाव थाने में तैनात रहा सिपाही दीप नरायण भी शामिल था।

इसी तरह सलेमपुर कोतवाली में तैनात रमानंद की दोस्ती पशु तस्करों से सामने आने पर एसटीएफ ने केस दर्ज कराया था। लार थाना क्षेत्र के मेहरौना चौकी पर तैनात पांच पुलिसकर्मियों को 2021 में एसपी ने निलंबित कर दिया था।

पुलिस सूत्रों के अनुसार हरियाणा, यूपी की शराब की खेप भेजने वाले तस्कर रेकी के लिए कुछ सिपाहियों को भी जिम्मा दे रखे हैं। इसके कारण शराब आसानी से बिहार पहुंच जा रही है।

# परफार्मेंस ग्रांट के काम मिल रहे न अभिलेख, चार्जशीट फंसी

## अभिलेख न मिलने से जांच हो रही प्रभावित, विवेचक ने मांगे रिकॉर्ड

संवाद न्यूज एजेंसी

देवरिया। खाते पर रोक के बावजूद ग्राम पंचायतों को परफार्मेंस ग्रांट देने के मामले की जांच कर रही विजिलेंस टीम को विकास खंड से अभिलेख नहीं मिल पा रहे हैं। इसके कारण जांच प्रभावित हो रही है। विवेचक ने जिले के आला अफसरों से रिकॉर्ड उपलब्ध कराने को कहा है, ताकि जांच कर आरोप पत्र दाखिल किया जा सके।

2016-17 में अधिकारियों की संस्तुति पर 20 करोड़ 66 लाख रुपये की परफार्मेंस ग्रांट खाते पर रोक होने के बावजूद भी 541 ग्राम पंचायतों को बांट दी गई थी। तत्कालीन डीपीआरओ शीतल प्रसाद सहित आठ लोगों को मामले में निलंबित कर दिया गया था। इसमें विजिलेंस की तहरीर पर तत्कालीन

### परफार्मेंस ग्रांट में करोड़ों का गोलमाल करने वाले 495 अफसरों पर हुआ था केस

डीपीआरओ, एडीओ बैतालपुर, बनकटा, बरहज, भागलपुर, भाटपाररानी, देवरिया सदर, देसही देवरिया, तरकुलवा, पथरदेवा, गौरीबाजार, लार, रामपुर कारखाना, सलेमपुर के अलावा ग्राम पंचायतों के 595 सचिवों पर केस दर्ज किया गया। विजिलेंस की टीम ने इसकी जांच शुरू की तो कई अफसर जांच के दायरे में आने लगे। इसको लेकर विवेचक ने विभिन्न विकास खंडों से अभिलेख मांगे, ताकि विवेचना पूरी कर आरोप पत्र दाखिल किया जा सके। पर विभागीय मिलीभगत से विवेचक को कागजात उपलब्ध नहीं कराए गए। इसी दौरान विजिलेंस टीम की जांच में यह भी पता चला है कि




नियत प्राधिकारी कार्यालय देवरिया।

जिन ग्राम पंचायतों को ग्रांट दिया गया उन पंचायतो ने काम ही नहीं कराया है। इसके कारण विजिलेंस के जांच अधिकारी को मौके पर काम ही नहीं मिल रहा है। इसके चलते विवेचक ने मुख्य विकास अधिकारी को पत्र देकर अभिलेख की मांग की है।

डीपीआरओ सर्वेश पांडेय ने बताया कि जांच में पूरा सहयोग किया जाएगा। सभी अभिलेख जांच के लिए उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है।

# शादी का वादा कर दीवान ने बनाया संबंध अब कर रहा इन्कार

संवाद न्यूज एजेंसी

देवरिया। पुलिस विभाग के एक मुख्य आरक्षी पर एक महिला ने आरोप लगाया है कि उसने शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया है।

11 साल तक उसके साथ संबंध बनाता रहा, जब उसने शादी का दबाव बनाया तो वह इन्कार कर रहा है। बृहस्पतिवार को महिला ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।

भलुअनी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने बताया कि वह गरीब, असहाय है। आरोप लगाया कि इसी का फायदा उठाकर एक दीवान ने उसे झांसे में ले लिया। उसने शादी का वादा किया था। अब वह शादी के लिए दबाव बना रही है तो उसे जान से मारने की धमकी दीवान दे रहा है। उसका एक और महिला से संबंध है। उसने शिकायती पत्र देकर बताया हैं कि दीवान बराबर प्रताड़ित कर रहा है। उसके खिलाफ महिला थाने पर भी तहरीर दी, लेकिन केस दर्ज नहीं हुआ।

## महिला ने एसपी से की शिकायत, कार्रवाई न होने पर आत्मदाह की दी चेतावनी

आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई की जाए। महिला ने कहा है कि अगर मामले में केस दर्ज नहीं हुआ तो वह आत्मदाह करेगी। महिला थाना प्रभारी अर्चना सिंह ने कहा कि महिला की तहरीर थाने में नहीं आई थी। अगर पीड़िता आती है तो मामले में कार्रवाई की जाएगी।

KUSHINAGAR POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांकः–22–09–2023

रामकोला क्षेत्र के माधी मठिया नहर पुल के पास सुबह हुई मुठभेड़, बदायूं व कासगंज के हैं गिरोह के सदस्य

# पखिया गैंग के 3 बदमाशों को लगी गोली

- घायल बदमाशों समेत गैंग के चार बदमाश गिरफ्तार
- राजस्थान, एमपी व यूपी के कई जिलों में कर चुके हैं भीषण चोरियां

कुशीनगर, वरिष्ठ संवाददाता। रामकोला के माघी मठिया नहर पुल के पास गुरुवार को भोर में पुलिस की बदमाशों से मुठभेड़ हुई। पुलिस की जवाबी फायरिंग में गोली लगने से तीन बदमाश घायल हो गए, जबकि उनके चौथे साथी को भी पुलिस टीम ने दौड़ाकर दबोच लिया। पकड़े गए चारों बदमाश अंतरराज्यीय पंखिया गैंग के गुर्गे हैं। उनके कब्जे से चोरी के जेवर और नगदी बरामद हुई है। पिछले दो महीने में ही इस गैंग ने कुशीनगर जिले में दस भीषण चोरियां की हैं।

एसपी धवल जायसवाल ने गुरुवार को प्रेसवार्ता में बताया कि रामकोला, कोतवाली पडरौना, स्वाट, सर्विलांस व साइबर सेल की संयुक्त पुलिस गठित कर जिले में हो रही चोरियों का खुलासा करने के निर्देश दिए गए थे। संयुक्त टीम को सूचना मिली थी कि गुरुवार को भोर में चोरों का एक गिरोह रामकोला के माघी मठिया नहर पुल के आसपास से गुजरने वाला है। पुलिस टीम ने पुल के पास वाहनों की चेकिंग शुरू कर दी। तभी एक स्कार्पियो में सवार कुछ व्यक्ति आते दिखे। पुलिस ने उन्हें रोकने का प्रयास किया तो उन्होंने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी और उतरकर भागने लगे। जवाबी कार्रवाई में तीन बदमाशों के पैर में गोली लगी और वे गिर पड़े।



एसपी ने गुरुवार को प्रेसवार्ता में पंखिया गैंग के सदस्यों की गिरफ्तारी की दी जानकारी।



मुठभेड़ में घायल बदमाश। • हिन्दुस्तान

चौथे को पुलिस ने दौड़ा कर पकड़ लिया। घायल बदमाशों की पहचान गढ़िया पैगंबर, थाना हजरतपुर, जिला बदायूं निवासी मुकद्दर अली, जाफर अली और जाहिद अली के रूप में हुई। चौथे की पहचान समीदुल अली निवासी मुनता नगला, थाना सिकंदरपुर वैश्य, जिला कासगंज के रूप में हुई। इन पर 25-25 हजार रुपये का इनाम था। यह गैंग राजस्थान, एमपी व यूपी के कई जिलों में स्कार्पियो से घूमकर भीषण चोरियां करता है।

बदमाशों के कब्जे से 315 बोर के चार तमंचे, सात खोखा और चार जिन्दा कारतूस, 12 लाख के जेवर और 1.26 लाख रुपये , एक स्कार्पियो, कूटरचित आरसी, फर्जी मुहर बरामद हुए हैं।

## जिले में दो महीने में की दस भीषण चोरियां

एसपी ने बताया कि गिरोह के सदस्यों से पूछताछ में खुलासा हुआ है कि इन्होंने पिछले दो महीने में जिले के पडरौना कोतवाली क्षेत्र में पांच, रामकोला थाना क्षेत्र में दो, तुर्कपट्टी, रवीन्द्रनगर व कसया में एक-एक मकानों में भीषण चोरियां की हैं। सभी चोरियों में एक तरह का पैटर्न देखकर पुलिस ने इस गैंग पर फोकस किया। गैंग के सदस्य इतने शातिर हैं ही एक दिन में कई किमी की दूरी तय कर लेते थे। चोरी का माल ठीक ठाक होते ही बदायूं जाकर चिह्नित सोनारों को बेच आते थे। इसलिए इनके पकड़े जाने में समय लगा। एसपी ने बताया कि यह गैंग राजस्थान, मध्य प्रदेश व यूपी के अन्य जिलों में भी कई भीषण चोरियां कर चुका है।

## पुलिस टीम को 75 हजार का इनाम

बदमाशों को दबोचने वाली टीम में शामिल रामकोला के प्रभारी निरीक्षक अखिलेश कुमार सिंह, साइबर सेल के प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार पंत, स्वाट के प्रभारी निरीक्षक सुशील शुक्ला, पडरौना कोतवाल राजप्रकाश सिंह, सर्विलांस सेल के प्रभारी शरद भारती समेत 36 सदस्यीय टीम को आईजी ने 50 हजार रुपये व एसपी कुशीनगर की ओर से 25 हजार रुपये के इनाम की घोषणा की गयी है।

## पक्षी की आवाज निकाल साथियों को करते हैं अलर्ट

एसपी ने बताया कि यह पंखिया गैंग पश्चिमी उप्र का एक शातिर चोरों का गिरोह है। गैंग विभिन्न प्रदेशों-शहरों मे स्कार्पियो से घूमकर शहर-कस्बे की बाहरी कॉलोनियों में किनारे स्थित मकानों को टारगेट करता था। सुनसान मकानों की रेकी करने के बाद उसी रात 12 से 3 बजे के बीच वारदात को अंजाम देता था। तीन शातिर चोर पहने हुए कपड़े बदलकर व जूते-चप्पल गमछे मे बांधकर कहीं रख देते थे। स्कार्पियो का चालक उन्हें छोड़कर किसी सुरक्षित स्थान पर चला जाता था। तीन में से दो लक्षित मकानों में छत या अन्य रास्ते से घुस जाते थे। एक बाहर रहकर लोगों पर निगाह रखथा। खतरा होने पर जंगली पक्षियों की आवाज निकालकर साथियों को अलर्ट करता था। घर के लोगों को बाहर से लॉक कर भाग जाते थे।

# अपहरण के तीन आरोपी गिरफ्तार

कुशीनगर। थाना बरवापट्टी की पुलिस ने अमवाखास टोला हीरासोती नाले के पास से अपहरण के मुकदमे में वांछित हैदर अली निवासी अमवाखास टोला नन्दपुर व गयासुद्दीन तथा एक महिला को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक उमेश कुमार सिंह, एसएसआई राजनरायन यादव, सिपाही दीपक सिंह, सूरज गिरी, रमेश सिंह, राजू यादव, महिला सिपाही रश्मि यादव व प्रीति सोनकर शामिल रहे।

# तीन कंटेनर से 77 पशु बरामद, दस गिरफ्तार



पटहेरवा थाना परिसर में पकड़े गए पशु तस्कर। • हिन्दुस्तान

- दसों तस्करों पर पशु क्रूरता अधनियम के तहत दर्ज हुआ केस
- पश्चिमी यूपी के निवासी हैं सभी तस्कर, बिहार ले जा रहे थे कंटेनर

पटहेरवा, हिन्दुस्तान संवाद। पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल के द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में सीओ तमकुही जितेंद्र सिंह कॉलरा के नेतृत्व में पटहेरवा पुलिस बुधवार की रात थाना क्षेत्र के फोरलेन स्थित लबनिया चौराहे से गाड़ा बंदी करके तीन कंटेनर में लाद कर बिहार की तरफ ले जा रहे 77 पशुओं (भैंसा) बरामद कर दस तस्करों को पकड़ने में कामयाबी पाई है। पुलिस तस्करों के खिलाफ अग्रिम कार्रवाई में जुटी हुई है।

पटहेरवा एसओ अनिल उपाध्याय ने गुरुवार के दिन थाना परिसर में प्रेस वार्ता में बताया कि बुधवार की देर रात सीओ तमकुही जितेंद्र सिंह कॉलरा के नेतृत्व में फोरलेन के रास्ते पशुओं के बिहार ले जाने की सूचना मिलने पर उनके साथ में एसआई सभाजीत सिंह, कमलेश सिंह, हेड कांस्टेबल श्याम सिंह यादव, फूलचंद चौधरी, रामप्रवेश यादव, अभिलाष यादव के साथ थाना क्षेत्र के फोरलेन स्थित लबनिया चौराहे पर गाड़ाबड़ी कर तस्करों की टोह में लग गये। इसी दौरान तीन कंटेनर आते दिखाई दिए। पहले से सजग पुलिस टीम ने जब उन्हें रोकना चाहा तो ये गाड़ी तेज कर भागने लगे। लेकिन पुलिस टीम ने चारो तरफ से घेर कर उन्हें पकड़ लिया। कंटेनर में ठूंस कर लादे गये 77 पशु (भैंसा) बरामद किया गया।

गाड़ियों में सवार दस तस्करों की पहचान आदिल निवासी थाना बाबरी जिला शामली, जावेद निवासी नरखेड़ा थाना मुंडा जिला मुरादाबाद, आमिर निवासी पलड़ी थाना शाहपुर जिला मुजफ्फर नगर, नसीम निवासी शाहपुर वार्ड 8 थाना शाहपुर जिला मुजफ्फर नगर, शौकीन निवासी भोजपुर, थाना भोजपुर जिला मुरादाबाद, नजीर निवासी बैनत थाना आदर्श मंडी जिला शामली, मुस्तकीम निवासी पलड़ी थाना शाहपुर जिला मुजफ्फर नगर, अहसान निवासी सरधना थाना सरधना जिला मेरठ तथा फुरकान निवासी बड़हरा थाना किताबी जिला मुजफ्फर नगर के रूप में हुई है। उनके खिलाफ पुलिस अग्रिम विधिक कार्रवाई में जुटी हुई है।

# गली में संचालित अवैध अस्पताल सील

- कप्तानगंज का मामला भर्ती चार महिलाएं सीएचसी में शिफ्ट
- चिकित्सक, लाइसेंस और आवश्यक संसाधन नदारद

कप्तानगंज, हिन्दुस्तान संवाद। कप्तानगंज में डीसीएफ चौराहा पकड़ियार रोड पर एक तंग गली में नदी के किनारे कांशीराम आवास के पीछे संचालित मां शारदा हॉस्पिटल को प्रशासन ने गुरुवार को औचक निरीक्षण के बाद सील कर दिया है। एसडीएम व्यास नारायण उमराव के नेतृत्व में प्रशासनिक टीम में सीएचसी प्रभारी डॉ. रितेश सिंह, प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार सिंह और सीएचसी, तहसील तथा पुलिसकर्मी शामिल रहे।

प्रशासन की कार्रवाई की सूचना मिलते ही डीसीएफ चौराहे पर अवैध तरीके से संचालित अन्य हॉस्पिटल, अल्ट्रासाउंड और एक्स-रे सेंटर वाले आनन-फानन में अपना शटर डाउन कर फरार हो गए। प्रशासनिक टीम ने मां शारदा हॉस्पिटल में जब औचक निरीक्षण किया तो उस दौरान ऑपरेशन के बाद बेड पर पांच महिलाएं लेटाई गईं थीं। इनमें से चार महिलाओं का जहां ऑपरेशन हुआ था तो वहीं एक महिला को कमजोरी होने के कारण ड्रिप चढ़ाया जा रहा था। ताज्जुब वाली बात यह थी कि न तो कोई चिकित्सक था और न ही कोई नर्स। स्टाफ के नाम पर 20- 21 साल की दो युवतियां मिलीं, जो स्नातक की छात्रा हैं और जीविकोपार्जन के लिए वहां ड्यूटी करती थी। निर्माणाधीन नई बिल्डिंग में बगैर बोर्ड बैनर के अस्पताल संचालित किया जा रहा था। अस्पताल का ओटी कक्ष ओटी कम, कबाड़खाने के शक्ल में ज्यादा नजर आ रहा था। सिंगल यूज होने वाले ऑपरेशन ग्लब्ज को धोकर तमाम ऑपरेशन किए जाने की बात भी सामने आई। बगैर बोर्ड बैनर और तंग गली के बावजूद ऑपरेशन के लिए मरीज कहां से भर्ती होते हैं, के बावत पूछताछ करने पर प्रशासन को जानकारी मिली कि रगड़गंज की आशा समेत गांव में तैनात आशा के बहकावे में यहां मरीजों को ऑपरेशन या इलाज कराने के लिए ले जाया जाता था। अस्पताल में ऑपरेशन कराने को भर्ती चार महिलाओं अंजुम आरा खातून निवासी पचार, सविता यादव रगड़गंज, चांदनी मौर्य कुसम्हा तथा सुधा साहनी निवासी खभराभार को एम्बुलेंस के जरिए सीएचसी में इलाज के लिए शिफ्ट कर दिया गया।

# अवैध शराब संग चार गिरफ्तार

खड्डा। गोरखपुर-नरकटियागंज रेल खंड के पनियहवा स्टेशन पर ट्रेन में चेकिंग के दौरान जीआरपी ने 122 शीशी अंग्रेजी शराब एवं बीयर के साथ बिहार निवासी चार शराब तस्करों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जीआरपी की इस कार्रवाई से ट्रेन के माध्यम से बिहार शराब ले जाने वाले शराब तस्करों में हड़कंप मच गया है।

जीआरपी की जांच में संदिग्धों के पास 15 शीशी 775 एमएल रायल स्टेज, 71 शीशी 375 एमएल रायल स्टेज व 36 शीशी बीयर बरामद हुआ। पकड़े गये तस्करों की पहचान पश्चिम चम्पारण के चौतरवा क्षेत्र के बैरियहवा निवासी गोविन्द, तपन महंतो, सन्दीप कुमार व बेतियाके नरकटियागंज क्षेत्र के ग्राम सीतापुर बलुआ निवासी प्रमोद यादव के तौर पर हुई।

# धोखे से करा लिए खेत व मकान का बैनामा, केस दर्ज

**पडरौना, निज संवाददाता।** विशुनपुरा थाना क्षेत्र के मठिया माफी गांव निवासी एक वृद्ध महिला ने अपनी बेटी, दामाद एवं बेटी के लड़के पर धोखे से खेत एवं मकान बैनामा करा लिये जाने का आरोप लगाया है। विशुनपुरा पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

मठिया माफी निवासी लालमती पत्नी स्व. रामजी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया है कि उसका इकलौता बेटा विनोद मध्य प्रदेश के उज्जैन जिले के नागदा में रहता है। वह कभी बेटे के पास तो कभी अपने घर मठिया माफी में रहती है। उसकी तीन बेटियां हैं, जिनकी शादी हो चुकी है। मठिया माफी के घर की देखभाल छोटी बेटी सुनीता पत्नी वशिष्ठ ग्राम मोहन पट्टी कोतवाली पडरौना का लड़का कृष्णा उर्फ पवन करता था। लालमती का कहना है कि वह और उसका बेटा विनोद कृष्णा पर पूरी तरह से भरोसा करते थे। एक दिन कृष्णा ने उससे कहा कि किसान सम्मान निधि का पैसा आया है, उसे निकालना है। उसने आधार कार्ड, बैंक पासबुक आदि कागज ले जाकर फोटो कॉपी करा कर उस पर उससे अंगूठा लगवा लिया। फिर वह उसे तमकुहीराज तहसील ले गया, जहां उसने किसी अधिकारी के सामने उसका फोटो खींचवाते हुए मशीन पर अंगूठा लगवाया।

# महिला को पंजा मार भागा लकड़बग्घा

लक्ष्मीगंज, हिन्दुस्तान संवाद। रामकोला थाना क्षेत्र में धनौजी खास जाने वाले मार्ग पर सुबह टहल रही महिला पर गन्ने के खेत से निकल कर हिंसक जानवर ने पंजा मार दिया। महिला ने तेंदुआ का शोर मचाया तो तमाम लोग लाठी डंडे लेकर दौड़े तो जानवार वहां से भाग गया। मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने पदचिह्नों के निशान देख कर लकड़बग्घा होने की पुष्टि की है। वन विभाग की टीम आस पास के खेतों में उसकी तलाश कर रही है। महिला को सीएचसी रामकोला पहुंचाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल भेजा गया है।



धान व गन्ने के खेत में लकड़बग्घे की तलाश करती वन विभाग व पुलिस की टीम।

रामकोला थाना क्षेत्र में रामकोला - कसया मार्ग पर स्थित धनौजी खास जाने वाली सड़क पर धनौजी खास गांव निवासी ज्योति देवी सुबह 5 बजे टहल रही थी। अचानक गन्ने के खेत से निकल कर किसी हिंसक जानवर ने उन पर हमला कर दिया। कंधे के पास उसका पंजा लगा और वह भाग गया। महिला ने तेंदुए के हमले का शोर मचाया तो सड़क पर टहल रही अन्य महिलाएं ने हाथ में डंडे लिए दौड़ी तब तक जानवर फिर खेतों में गुम हो गया। घायल ज्योति देवी को रामकोला सीएचसी पहुंचाया, जहां डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। इस मामले में डॉ अनिल श्रीवास्तव, डीएफओ ने बताया कि महिला पर लकड़बग्घे ने हमला किया था। ग्रामीणों में से किसी ने उसे देखा नहीं था। लोग तेंदुआ होने की बात कह रहे थे मगर पदचिह्नों से लकड़बग्घे की पुष्टि हुई है। वन विभाग की टीम उसकी तलाश कर रही है।

# ट्रक की ठोकर से मासूम बच्ची घायल

**मथौली बाजार।** हाटा-कप्तानगंज मार्ग पर नरायनपुर गांव के समीप 5 वर्षीय बच्ची की सड़क पार करते समय एक निजी कंपनी के गैस सिलेंडर लदे ट्रक ने ठोकर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल अवस्था में उसे सीएचसी कप्तानगंज ले जाया गया, जहां स्थिति गंभीर देख डॉक्टर ने उसे मेडिकल कॉलेज गोरखपुर रेफर कर दिया। कप्तानगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत कप्तानगंज-हाटा मार्ग पर नरायनपुर गांव के पास वसीम की 5 वर्षीय पुत्री फरजाना मेन सड़क पर स्थित अपने घर से गुरुवार की शाम लगभग 4 बजे गांव में अपने चाचा के घर जाने के लिए सड़क पार कर रही थी। तभी हाटा से कप्तानगंज की तरफ जा रहे गैस सिलेंडर लदे ट्रक ने ठोकर मार दी।

# मुठभेड़ में तीन बदमाशों को गोली लगी

- बदायूं व कासगंज के बदमाशों पर दर्ज हैं चोरी, लूट के कई मुकदमे
- राजस्थान, मप्र में की है वारदात, तमंचा, कारतूस स्कार्पियो बरामद

**जागरण संवाददाता, बढ़हरागंज (कुशीनगर) :** यूपी से लेकर राजस्थान, मध्यप्रदेश तक लूट और चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले अंतरराज्यीय पंखिया गिरोह के चार सदस्यों को कुशीनगर पुलिस ने दबोच लिया। राष्ट्रीय राजमार्ग पर माघी मठिया नहर पुल के पास गुरुवार भोर में हुई मुठभेड़ में बदायूं के हजरतपुर, गढ़िया पैंगर के रहने वाले मुकद्दर अली, जाफर अली व जाहिद अली पैर में गोली लगने से घायल हो गए। कासगंज के सिकंदरपुर, मुनता नगला के समीदुल को पुलिस ने दौड़ाकर पकड़ा। आरोपितों के पास से चार तमंचा, कारतूस, चोरी के जेवर और स्कार्पियो गाड़ी बरामद हुई है।

पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल ने बताया कि सूचना मिली थी कि कुछ बदमाश स्कार्पियो



घायल चोर को ले जाती पुलिस • जागरण

गाड़ी से पडरौना की तरफ जा रहे हैं। रामकोला थाना पुलिस, स्वाट (स्पेशल वेपंस एंड टैक्टिस) टीम, सर्विलांस और साइबर सेल की संयुक्त टीम वाहनों की चेकिंग में जुट गई। भोर में चार बजे माघी मठिया नहर पुल के पास स्कार्पियो को रुकने का इशारा किया तो चालक भागने लगा। टीम ने घेराबंदी की तो बदमाश गाड़ी से उतरकर फायरिंग करने लगे। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में तीन बदमाशों के पैर में गोली लग गई। एक को पुलिस ने दौड़ाकर दबोच लिया। पकड़े गए चारों बदमाशों का लंबा आपराधिक इतिहास है। कुशीनगर के पडरौना कोतवाली, रवींद्र नगर धूस, तुर्कपट्टी थानों में भी इनके विरुद्ध मुकदमे दर्ज हैं। यह गिरोह राजस्थान व मध्यप्रदेश तक जाकर घटनाओं को अंजाम देता है। एसपी की तरफ से पुलिस टीम को 25 हजार और आइजी रेंज गोरखपुर जे रविंद्र गौड़ की तरफ से 50 हजार रुपये के इनाम की घोषणा की गई है।

# तीन कंटेनर से 77 पाड़ा बरामद, दस तस्कर गिरफ्तार

## शामली से ले जाए जा रहे थे कोलकाता, रस्सी से बांधे गए थे सबके पैर, कई मिले घायल

**जासं, पटहेरवा:** तीन कंटेनरों में बंदकर शामली से कोलकाता ले जाए जा रहे 77 पाड़ा बरामद किए गए हैं। सभी के पैर बांधे हुए थे। बरामदगी पटहेरवा थाने की पुलिस ने गुरुवार भोर तीन बजे राष्ट्रीय राजमार्ग पर लवनिया चौराहे के समीप वाहनों की जांच के दौरान की। ठूंसकर रखे जाने के कारण कई पाड़ा घायल अवस्था में मिले। पुलिस ने 10 पशु तस्करों को गिरफ्तार किया है। तस्कर मुरादाबाद, मुजफ्फरनगर, शामली और मेरठ के रहने वाले हैं।

कंटेनर में पशुओं को लादकर बिहार



पटहेरवा थाना परिसर में बरामद वाहन व बांधे गए पाड़ा • जागरण

की तरफ ले जाने की सूचना मिलने पर प्रभारी निरीक्षक अनिल उपाध्याय टीम के साथ लवनिया चौराहे पर वाहनों की जांच कर रहे थे। इसी दौरान तीन कंटेनर आते दिखे। पुलिस टीम को देखते ही चालक कंटेनर

- पकड़े गए तस्कर मुरादाबाद, शामली व मेरठ के रहने वाले
- पुलिस ने हाईवे के लवनिया चौराहे के समीप हुआ मुठभेड़

पीछे की ओर मोड़कर भागने का प्रयास करने लगा, लेकिन पुलिस ने घेराबंदी कर कंटेनर को पकड़ लिया। पकड़े गए तस्करों की पहचान मुरादाबाद के मूंढापांडे थाना क्षेत्र के नारखेड़ा के मो.जावेद, भोजपुर का शौकीन, मुजफ्फरनगर के शाहपुर थाना क्षेत्र के पडली के मो.आमिर, वार्ड शाहपुर के नसीम, पड़री शाहपुर के मुस्तकीम, तितावी थाना क्षेत्र के बड़हरा के फुकरान अली, शामली के बाबरी थाना क्षेत्र के बुटराडा के आदिल, मुजफ्फर खान, चैनती आदर्श मंडी के मो.नजीर और मेरठ के सरधना के मो. एहसान के रूप में हुई। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पशु तस्करी और पशु क्रूरता अधिनियम में मुकदमा दर्ज कर कंटेनर सवार सभी आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया। पाड़ों को शामली से कोलकाता ले जाया जा रहा था।

# तीन आरोपित गिरफ्तार

बरवापट्टी : पुलिस ने अपहरण के मामले में फरार चल रहे आरोपित महिला समेत तीन को पुलिस ने अमवाखास टोला हीरासोती नाला के पास से गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपितों में महिला समेत हैदर अली, गयासुद्दीन अमवाखास टोला नंदपुर शामिल हैं।

# अवैध रूप से संचालित अस्पताल सील

जासं, कप्तानगंज: कस्बे के कांशीराम आवास के पीछे संचालित मां शारदा अस्पताल की एसडीएम व्यास नारायण उमराव ने स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ गुरुवार की शाम जांच की। अस्पताल संचालक द्वारा कागजात न दिखा पाने व चिकित्सक के न मिलने पर अनियमितता मानते हुए अस्पताल को सील कर दिया गया। यहां आपरेशन किए गए भर्ती छह महिला रोगियों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया।

एसडीएम, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डा.रितेश कुमार सिंह व प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार सिंह की संयुक्त टीम पहुंची तो यहां न चिकित्सक मिले न ही प्रशिक्षित नर्स। अस्पताल के समुचित कागजात भी उपलब्ध नहीं मिले।

यहां क्षेत्र की अंजुम आरा, चांदनी, चांदनी, सुधा, सविता, अंजू भर्ती मिलीं, लेकिन इनका आपरेशन करने वाले न तो चिकित्सक मिले और न देखभाल वाली प्रशिक्षित नर्स ही मौजूद मिलीं। एसडीएम उमराव ने बताया कि यह अभियान अनवरत चलता रहेगा। मानकविहीन पाए जाने पर मुकदमा पंजीकृत कर कार्रवाई की जाएगी।



कप्तानगंज कस्बा में मां शारदा हास्पिटल को सील कराते एसडीएम व्यास नारायण उमराव (बाएं) ● जागरण

# मुठभेड़ में पंखिया गैंग के तीन बदमाश गिरफ्तार

## 1.20 लाख रुपये नकद, 12 लाख के आभूषण, चोरी में प्रयुक्त स्कॉर्पियो और बड़ी मात्रा में उपकरण बरामद

संवाद न्यूज एजेंसी

**कुशीनगर/रामकोला।** माघी मठिया नहर पुल के पास बुधवार की देर रात पुलिस और यूपी, राजस्थान एवं मध्यप्रदेश में सक्रिय चोरों के पंखिया गैंग में मुठभेड़ हो गई। गैंग के तीन सदस्यों के पैर में गोली लगी, वे गिरफ्तार कर लिए गए। इनकी निशानदेही पर पुलिस ने गैंग के एक अन्य सदस्य को भी गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने घायल बदमाशों का इलाज कराने के बाद विधिक कार्रवाई करते हुए जेल भिजवा दिया। यह गैंग जिले के रामकोला, कसया और अन्य थाना क्षेत्रों में हुई चोरी की घटनाओं में शामिल था। इनके पास से 1.20 लाख रुपये, करीब 12 लाख रुपये के आभूषण, चार तमंचे और चोरी में प्रयुक्त एक स्कॉर्पियो व भारी मात्रा में उपकरण बरामद हुए हैं। मुठभेड़ में घायल तीनों बदमाशों पर 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित है।

एसपी धवल जायसवाल ने बताया कि चोरी की घटनाओं की छानबीन के लिए एएसपी रितेश कुमार सिंह की देखरेख और खड्डा के सीओ संदीप वर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीमें रामकोला क्षेत्र में लगी थीं। बुधवार की देर रात रामकोला थाना क्षेत्र के माघी मठिया गांव के पास स्थित नहर पुल पास कुछ बदमाशों के मौजूद होने की सूचना मिली।

तत्काल मौके पर रामकोला थाना, पडरौना कोतवाली, स्वॉट, सर्विलांस एवं साइबर सेल की टीम को भेजा गया। वहां वाहनों की चेकिंग के दौरान एक स्कॉर्पियो में सवार कुछ लोगों को आते देख रोकने की कोशिश की गई तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर गोली चला दी। उसके बाद गाड़ी से उतरकर भागने लगे।

पुलिस की कार्रवाई में मुकद्दर अली, जाफर अली और जाहिद अली को गोली लगी, तीनों घायल हो गए। ये तीनों बदमाश बदायूं जिले के हजरतपुर थाना क्षेत्र के गढ़िया पैगंबर गांव के निवासी हैं। इनके बताने पर गैंग के एक अन्य सदस्य समीदुल अली को भी गिरफ्तार कर लिया गया, जो कासगंज जिले के सिकंदरपुर वैश्य थाना क्षेत्र के मुनता नगला गांव का निवासी है।

मौके से चार तमंचा, कारतूस, भारी मात्रा में चोरी के आभूषण, 1.20 लाख रुपये, चोरी में प्रयुक्त स्कॉर्पियो, फर्जी कागजात और चोरी में प्रयुक्त होने वाले भारी मात्रा में उपकरण बरामद हुए। चार मोबाइल फोन भी मिले हैं। एसपी ने बताया कि मुकद्दर अली, जाफर अली और जाहिद अली 25000-25000 रुपये के इनामी हैं।

**कुशीनगर जनपद के विभिन्न थानों में दर्ज हैं केस :** एसपी ने बताया कि बदमाशों पर रामकोला थाने में आर्म्स एक्ट, चोरी सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज है। इसके अलावा पडरौना कोतवाली, कसया, तुर्कपट्टी, रामकोला, रवींद्रनगर धूस और अहिरौली बाजार थाने में केस दर्ज हैं।



माघी मठिया नहर पुल के पास मुठभेड़ की जानकारी लेते एसपी। संवाद



घायल को ले जाती पुलिस। स्रोत पुलिस



जमीन पर गिरा चोर। स्रोत पुलिस



घायल चोर को जाती पुलिस। स्रोत पुलिस

## एकांत वाले या कोने के घरों को बनाते हैं निशाना इशारे के लिए निकालते हैं पक्षियों की आवाज

**कुशीनगर।** रामकोला थाना क्षेत्र के माघी मठिया नहर पुल से मुठभेड़ में गिरफ्तार बदमाश पंखिया गैंग के सदस्य हैं। इनका बड़ा नेटवर्क है। योजनाबद्ध तरीके से पहले रेकी करते हैं। स्कॉर्पियो से चलते हैं। लक्ष्य तय हो जाने के बाद मकान के आसपास स्कॉर्पियो खड़ा कर देते हैं, ताकि चोरी के बाद सामान लेकर भागने में देर न लगे। गिरफ्तार बदमाशों ने बताया कि एक-दूसरे तक अपना संदेश पहुंचाने के लिए पक्षियों की आवाज में इशारा करते हैं। इनके अन्य की गिरफ्तारी के लिए पुलिस दूसरे राज्यों में भी संपर्क साध रही है।

**एसपी ने 25 हजार और आईजी ने की 50 हजार रुपये पुरस्कार देने की घोषणा :** चोरों के इस गैंग का खुलासा करने वाली पुलिस टीम को एसपी ने 25 हजार रुपये और आईजी ने 50 हजार रुपये पुरस्कार देने की घोषणा की है। बदमाशों का सुराग लगाने से लेकर गिरफ्तारी तक प्रभारी निरीक्षक रामकोला अखिलेश कुमार सिंह, साइबर सेल प्रभारी मनोज कुमार पंत, स्वॉट टीम प्रभारी सुशील शुक्ला, पडरौना के कोतवाल राजप्रकाश सिंह, सर्विलांस टीम के प्रभारी शरद भारती औरटीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### ऐसे देते हैं वारदात को अंजाम

**एसपी** धवल जायसवाल ने बताया कि मुठभेड़ में गिरफ्तार बदमाश बदायूं और कासगंज जिले के निवासी हैं। इनका गिरोह ज्यादातर पश्चिमी उत्तर प्रदेश, राजस्थान और मध्य प्रदेश में सक्रिय है। यह गैंग भिन्न-भिन्न प्रदेशों व शहरों में स्कॉर्पियो से घूमकर आउट स्कर्ट कॉलोनियों में स्थित एकांत मकान व गांव के किनारे सुनसान जगह स्थित मकान की पहले रेकी कर उन्हें लक्ष्य बनाते हैं। नकब लगाने वाले उपकरण भी रखते हैं। रात में 12 से 3 बजे के बीच लक्ष्य किए गए मकानों के आसपास स्कॉर्पियो से आते हैं। तीन शातिर चोर उतरकर अपने पहने हुए कपड़ों को बदलकर व जूता-चप्पल को गमछे में बांधकर गुप्त स्थान पर रख देते हैं। स्कॉर्पियो का चालक उन्हें छोड़कर किसी सुरक्षित स्थान पर चला जाता है। तीन सदस्यों में से दो सदस्य मकान में घुस जाते हैं। एक सदस्य वहीं आसपास बाहर आने-जाने वाले लोगों की निगरानी करता है। खतरा होने पर पक्षियों की आवाज देकर अपने सदस्यों के साथ संपर्क बनाए रखता है। दो शातिर घरों में कमरों में सोए लोगों के कमरों को बाहर से बंद कर देते हैं। शेष जगहों पर नकदी व आभूषण चोरी कर लेते हैं। चोरी कर छत के रास्ते कूदकर तीनों उन जगहों पर फिर से पहुंच जाते हैं, जहां पर गमछे में इनका सामान रखा रहता है। जूते-चप्पल व कपड़े पुनः पहनकर स्कॉर्पियो चालक को फोन करके उसी जगह बुला लेते हैं। स्कॉर्पियो में आभूषणों व पैसों को छिपा देते हैं, ताकि चेकिंग में पकड़े न जाएं। ये बदमाश बदायूं स्थित दातागंज कस्बे में आभूषण व्यवसायियों को 70 प्रतिशत के रेट पर बेचकर लाखों रुपये पा जाते हैं।

- पंखिया गैंग के बदमाशों ने गिरफ्तारी के बाद बताए अपने अपराध करने के तौर-तरीके
- पहले रेकी, फिर दो चोर घर में घुसकर करते हैं चोरी, दो रहते हैं बाहर और एक कार में
- आहट मिलते ही गाड़ी करते हैं किनारे, खुद भी छिप जाते हैं
- खतरा महसूस होने पर कर देते हैं जानलेवा हमला
- सिंगहा से चुराए थे भारी मात्रा में आभूषण, नकदी व अन्य कीमती सामान

## एंटी रोमियों टीम ने चार शोहदों को चेतावनी दी

**पडरौना।** तुर्कपट्टी थाने की एंटी रोमियो टीम पूरी तरह सक्रिय है। बृहस्पतिवार को टीम ने क्षेत्र के विद्यालयों का भ्रमण कर विद्यालय जाने वाली छात्राओं पर अभद्र टिप्पणी व अश्लील हरकत करने वाले चार शोहदों को पकड़ा। उन्हें दोबारा इस तरह की हरकत नहीं करने की चेतावनी देकर छोड़ दिया। थाने के एसआई आकाश कुमार ग्वाल की अगुवाई में बृहस्पतिवार को महिला कांस्टेबल ममता और लक्ष्मण ने छहूं और सिहुली गांव के रास्ते विद्यालय जा रही बालिकाओं से जानकारी ली। संवाद

# प्रेम विवाह में नहीं टिक रही गृहस्थी, बढ़ रहीं खुदकुशी की घटनाएं

## गृहस्थी को चलाने के लिए जिस धैर्य और संयम की है जरूरत, उसपर खरे नहीं उतर पा रहे प्रेम विवाह करने वाले, कुछ माह में ही टूट जा रही डोर

संवाद न्यूज एजेंसी

कुशीनगर। कहने-सुनने में प्रेमविवाह जितना अच्छा लगता है, हकीकत इसके उलट है। गृहस्थी को चलाने के लिए जिस धैर्य और संयम की जरूरत होती है, प्रेम विवाह करने वाले उस पर खरे नहीं उतर रहे हैं।

जीवन की व्यावहारिक कठिनाइयों को नहीं झेल पाने की वजह से वे आत्मघाती कदम उठा ले रहे हैं। 13 सितंबर को तरयासुजान थाना क्षेत्र के जमसड़िया और खड्डा थाना क्षेत्र के मरचहवा गांव में विवाहिताओं की खुदकुशी के बाद इस तरह की चर्चा छिड़ गई है कि प्रेम विवाह में गृहस्थी टिक नहीं पा रही है। मनोविज्ञानी मानते हैं कि प्रेम विवाह में अपेक्षाएं बहुत ज्यादा होने से ऐसी नौबत आ रही है।

दुमरिया गांव की रहने वाली 19 वर्षीय सनम खातून का निकाह अभी करीब दस माह पूर्व तरयासुजान थाना क्षेत्र के जमसड़िया निवासी मुन्ना अंसारी उर्फ शकील से हुआ था। दोनों ने प्रेम विवाह किया था। पति-पत्नी में न जाने कौन सी बात हुई कि सनम ने फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी उसकी मौत की वजह फंदे से बताई गई।

ऐसी ही एक घटना गंडक नदी के उस पार खड्डा थाना क्षेत्र के मरचहवा गांव के उत्तर टोला में 13 सितंबर को सुबह हुई। अजय राजभर के घर में बच्चे के रोने की आवाज सुनकर परिवार के लोग कमरे में गए तो उसकी 28 वर्षीय पत्नी गुंजा का शव दुपट्टे के फंदे से लटका हुआ था। बताया जाता है कि इन दोनों ने भी पांच वर्ष पूर्व घर से भागकर अंतरजातीय विवाह किया था। हाल की ये दोनों घटनाएं तो बानगी मात्र हैं। जिले में अक्सर ऐसी घटनाएं हो रही हैं, जिसमें प्रेमी पर एतबार कर युवक-युवती घर छोड़कर अपनी मर्जी से अलग गृहस्थी तो बसा ले रहे हैं, लेकिन इसकी रिश्ते की उम्र ज्यादा लंबी नहीं रह रही है। प्रेमविवाह की डोर इतनी कमजोर साबित हो रही है कि कुछ ही महीनों में टूट जा रही है। कहीं रिश्तों में शक का घुन लग जा रहा है।

*युवक-युवतियों में प्रेमविवाह का चलन बढ़ा है। वे अपनी पसंद के युवक-युवतियों से शादी करते हैं, लेकिन ज्यादातर मामलों में उनके बीच रिश्ता चल नहीं पाता और विवाद की स्थिति आ जाती है। महीने में औसतन ऐसे 20-25 मामले आते हैं, जिनमें दोनों पक्षों को समझाया जाता है।*

*-रेखा देवी, एसओ, महिला थाना*

*प्रेम विवाह में अपेक्षाएं बहुत ज्यादा होती हैं। शादी से पहले युवक स्वतंत्र होता है। युवती के सुख-दुख में साथ रहता है। ज्यादा समय दे पाता है, लेकिन शादी के बाद जिम्मेदारियां बढ़ जाती हैं। परिवार की जरूरतें भी पूरी करनी होती हैं। अरेंज मैरिज में परिवार और समाज का पूरा सपोर्ट होता है। वे जिम्मेदारी लेते हैं। हर जरूरत पर वह लोग साथ खड़े होते हैं, लेकिन प्रेम विवाह में ऐसा नहीं होता। ऐसे में जब कोई परेशानी आती है तो सहयोग नहीं मिल पाता, जिससे आपसी मनमुटाव बढ़ता है। इससे आत्महत्या जैसे कदम उठा लेते हैं।*

*-डॉ. सीमा त्रिपाठी, प्रोफेसर, मनोविज्ञान विभाग, बुद्ध पीजी कॉलेज, कुशीनगर*

### फेसबुक से हुआ था प्रेम, आपसी अनबन में पति-पत्नी ने लगा लिया मौत को गले

एक मई 2022 को कप्तानगंज थाना क्षेत्र के मठिया उर्फ अकटहां गांव में नवदंपति का शव कमरे में मिला था। पति संजीव का शव फंदे से लटका था, जबकि उनकी पत्नी नीतू का शव दूसरे कमरे में सोफे पर पड़ा था। पत्नी के गले पर भी रस्सी से कसने का निशान था। इस घटना के तीन महीना पहले ही दोनों का प्रेमविवाह हुआ था।

### इंटरनेट पर हुआ प्रेम, लिव इन रिलेशन के बाद मंदिर में रचाई शादी, सूने घर में मिला शव

इस साल 26 जनवरी को जिले में हैरान कर देने वाली एक घटना सामने आई थी। कसया थाना क्षेत्र के एनएच-28 के किनारे भैसहा स्थित एक घर में जटहां बाजार थाने में तैनात रहे सिपाही रोशन राय की पत्नी सोनी का शव मिला था। दोनों के बीच इंटरनेट से परिचय हुआ। दोनों एक साल तक लिव इन रिलेशन में रहे। युवती की शिकायत और एसपी की पहल पर नवंबर महीने में मंदिर में दोनों की शादी हुई थी। सिपाही ने कुछ दिन अपने साथ दूसरे जगह कमरे में पत्नी को रखा और फिर हेतिमपुर दो मंजिला मकान में उसके साथ रहने लगा। मृतका की बहन और मां ने हत्या करने का आरोप लगाया था। पुलिस ने शिकायत के आधार पर सिपाही के खिलाफ केस दर्ज कर लिया था। यह जिले की काफी चर्चित घटना रही।

# रामकोला में बड़े मकानों को बनाया था निशाना

## स्कॉर्पियो से आए थे रामकोला थाना क्षेत्र के माघी मठिया गांव के पास

संवाद न्यूज एजेंसी

कुशीनगर। पश्चिमी उत्तर प्रदेश, राजस्थान और मध्य प्रदेश तक चोरी करके दहशत फैलाने वाले पंखिया गिरोह के सदस्यों की धमक कुशीनगर जिले में बढ़ गई है। ये बड़े व्यवसायियों और बड़े घरों को निशाना बना रहे हैं।

बुधवार की रात मुठभेड़ में पकड़े गए इस गिरोह के बदमाश रामकोला में बड़ी चोरी को अंजाम देने की फिराक में थे, लेकिन पुलिस के हाथ लग गए। पुलिस सूत्रों के मुताबिक वे बड़े घरों को निशाना बनाने वाले थे। अब भी इस गिरोह के सदस्यों की एक और लग्जरी कार जिले में घूम रही है। उन बदमाशों के बारे में भी पता चलते ही पुलिस उनके पीछे लग गई है।

बुधवार की देर रात मुठभेड़ में गिरफ्तार किए गए बदमाशों में तीन बदायूं और एक कासगंज जिले का निवासी है। तीन बदमाश मुठभेड़ में गिरफ्तार हुए थे। चौथा उनकी सूचना पर गिरफ्तार हुआ। वह कासगंज का निवासी है। पुलिस ने उसे रामकोला थाना क्षेत्र के मेहंदीगंज से गिरफ्तार किया।

पुलिस सूत्रों की मानें तो इनकी गिरफ्तारी के लिए रामकोला थाना, पडरौना कोतवाली, स्वॉट, सर्विलांस एवं साइबर सेल की संयुक्त टीम एक महीने से लगी थी। इसी बीच करीब एक पखवाड़ा पहले इन बदमाशों ने रामकोला थाना क्षेत्र के सिंगहा में बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दे दिया। तभी से पुलिस की सक्रियता और बढ़ गई थी।

ये बदमाश दो-तीन दिन पहले फिर से आए थे। इन्होंने रामकोला और नेबुआ में कुछ रेकी की थी। ये बुधवार की रात रामकोला में कुछ बड़े मकानों को निशाना बनाए थे। वहीं जाने की योजना बना रहे थे। इसी बीच पुलिस से सामना हो गया।

पुलिस की मानें तो यह गिरोह किसी को हानि नहीं पहुंचाता है। रेकी करके बड़े घरों को चिह्नित करता है। फिर योजनाबद्ध तरीके से चोरी करके निकल जाता है। ये असलहे से लैस होते हैं। यदि घिर जाएं या उनकी जान पर बन आए तो हमला कर देते हैं।

स्कॉर्पियो सवार एक गिरोह को तो दबोच लिया गया है, लेकिन पुलिस के लिए ऐसे ही एक गिरोह के कुछ और गुर्गे चुनौती बने हैं। वे भी लग्जरी कार से घूम रहे हैं।

*यह बहुत बड़ा गैंग है। इसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमों ने काफी मेहनत की। अपनी जान जोखिम में डालकर इन्हें गिरफ्तार किया। सूचना मिल रही है कि कुछ और लोग हैं। पुलिस लगी हुई है। बुधवार की रात में मुठभेड़ में पकड़े गए बदमाश रामकोला क्षेत्र में ही चोरी की घटना को अंजाम देने के सिलसिले में आए थे।*

*-धवल जायसवाल, पुलिस अधीक्षक*

# MAHARAJ GANJ POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांकः-22-09-2023

## पनियरा के जर्दी गांव का मामला, मायके वालों संग मिलकर पीटा

# आशिक मिजाज पति को पेड़ से बांध पत्नी ने पीटा

- वीडियो वायरल होने पर पति-पत्नी व साले को थाने ले गई पुलिस
- गोरखपुर की एक महिला को पति ने जमीन कर दी रजिस्ट्री

**वायरल वीडियो**



जर्दी गांव में पहुंची पुलिस व भीड़। • हिन्दुस्तान

पनियरा (महराजगंज), हिन्दुस्तान संवाद। पनियरा क्षेत्र में आशिक मिजाज पति की की पोल खुलने पर उसकी शामत आ गई। पति को ढूंढते हुए महिला मायके वालों के साथ गोरखपुर पहुंच गई। वहां से पति को ऑटो पर बैठाकर घर लाई। यहां मायके वालों के साथ मिलकर महिला ने पहले पति को पेड़ से बांधा। फिर धुनाई शुरू कर दी। पति के चिल्लाने पर भीड़ जमा हो गई। इसका वीडियो वायरल होने पर पुलिस ने पति-पत्नी व साले को पूछताछ के लिए थाने लेकर चली गई। तीनों का शांतिभंग में चालान किया गया है।

घटना पनियरा क्षेत्र के जर्दी गांव की है। यहां का रहने वाला चालीस वर्षीय एक युवक गोरखपुर के मोहरीपुर में रह कर मजदूरी करता है। आरोप है कि युवक का वहां की किसी महिला से सम्पर्क हो गया। फरवरी में युवक ने अपनी बीस डिस्मिल जमीन प्रेमिका के नाम रजिस्ट्री कर दी। गांव दो बच्चों के साथ रह रही उसकी पत्नी पति की आशिकी में जायदाद लुटते देख बौखला गई। उसने मायकों वालों को बुलाकर पूरी बात बताई। खतौनी निकालकर जांच-पड़ताल कराई। जमीन की रजिस्ट्री की बात सही होने पर वह मायके वालों के साथ गोरखपुर के मोहरीपुर पहुंची। वहां से पति को ऑटो में बैठाकर घर लाई। यहां पति को पेड़ से बांधकर पीटा। पनियरा थानाध्यक्ष देवेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि तीनों का शांतिभंग की आशंका में चालान किया गया है।

# वृद्ध से 28 हजार रुपये की छिनैती

कोल्हुई। थाना क्षेत्र के पिपरा परसौनी निवासी बैजू नाम के एक वृद्ध से 28 हजार छिनैती का मामला सामने आया है। पुलिस जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। वृद्ध के मुताबिक गुरूवार की शाम वह एचपी पंप के समीप था। कुछ लोग बोलेरो से आए। उससे एक जमीन के बारे में जानकारी लेने का प्रयास करने लगे। उसी दौरान जबरन वृद्ध को गाड़ी में बैठा लिया। उसके जेब में 28 हजार रूपया था। गाड़ी में ही रूपया छीन कुछ दूर जाने के बाद उसे नीचे उतार दिया।

# अध्यापक समेत तीन पर मारपीट व दुष्कर्म का केस

फरेंदा। पुरन्दरपुर थानाक्षेत्र के एक इंटर कॉलेज में पढ़ने वाली छात्रा के साथ दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। इस प्रकरण में पुरन्दरपुर पुलिस आरोपित छात्र व एक शिक्षक समेत तीन के खिलाफ दुष्कर्म, मारपीट व धमकी का केस दर्ज की है।

पुलिस को दिए तहरीर में पीड़िता की मां बताई कि उसकी बेटी दसवीं कक्षा में पढ़ती है। 16 सितंबर की रात आठ बजे वह घर में अकेली थी। उसी दौरान छात्रा के स्कूल में ही पढ़ने वाला एक छात्र आया। छात्रा को अकेली देख जबरन दुष्कर्म किया। पुरन्दरपुर एसओ का कहना है कि आरोपित गोलू व सूरज निवासी सोहरवलिया खुर्द व राहुल निवासी अड्डा बाजार पर दुष्कर्म, मारपीट में केस दर्ज किया गया है।

# मासूम बच्ची के साथ रेप का प्रयास, आरोपी गिरफ्तार

परतावल। श्यामदेउरवां क्षेत्र के एक गांव में बुधवार की देर रात छह वर्षीय बच्ची के साथ एक युवक ने दुष्कर्म का प्रयास किया। बच्ची के शोर मचाने पर पहुंचे लोगों ने आरोपित को दबोचा और उसे पुलिस के हवाले कर दिया। एसओ धर्मेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि बच्ची के चाचा की तहरीर पर आरोपी पर पास्को एक्ट में केस दर्ज कर उसे चालान कर दिया गया।

## रेप के आरोपित को जेल

नौतनवा। स्थानीय पुलिस ने गुरुवार को दुष्कर्म के मामले में थाना क्षेत्र के गांव बैरिया बाजार से एक युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। एसओ मनोज कुमार राय ने बताया कि 14 सितंबर को बैरिया निवासी करन गुप्ता पर केस दर्ज किया गया था। गुरुवार को आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

# 4 जुआरी गिरफ्तार

भिटौली। थाना क्षेत्र के शिकारपुर भिसवां नहर की पटरी पर गुरूवार को जुआ की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। चार आरोपितों को जुआ खेलने के आरोप में पकड़ थाने ले गई। थानाध्यक्ष रामाज्ञा सिंह ने बताया कि केस दर्ज कर आरोपितों का चालान कर दिया गया है।

# घर में सो रही युवती के साथ छेड़खानी व मारपीट, केस

- सोनौली थाना क्षेत्र के एक गांव की घटना
- परिजनों ने आरोपित को पकड़ा, मौका पाकर भागा

खनुआ, हिन्दुस्तान संवाद। सोनौली थाना क्षेत्र के एक गांव में बुधवार के देर रात एक घर में एक मनबढ़ युवक घुस गया और घर में सो रही युवती के साथ जोर जबरदस्ती करने लग। युवती के शोर मचाने पर परिजनों ने दौड़ा कर आरोपित को पकड़ धुनाई कर दिया। पुलिस के मौके पर पहुंचती आरोपित युवक मौके से फरार हो गया। युवती की मां ने पुलिस को तहरीर देकर पूरे मामले से अवगत कराई। पुलिस ने युवक पर मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी के लिए जुट गई है।

सीमा क्षेत्र के उक्त गांव में देर रात तक गहमागहमी का माहौल रहा। युवती की मां ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया था कि एक व्यक्ति उसके गांव का रहने वाला है। वह रात में घर में घुस आया और उसकी बेटी के साथ जोर जबरदस्ती के साथ मारपीट करने लगा। चीख पुकार सुनकर घर वाले दौड़े तो वह घर से निकाल कर भागने लगा। जब तक आसपास के लोग दौड़ते हुए मौके पर पहुंचे वह फरार हो चुका था। एसओ अभिषेक सिंह ने बताया कि महिला की तहरीर पर संजय जायसवाल पुत्र नंद किशोर जायसवाल के विरुद्ध 452, 354, 504, 506 आइपीसी के तहत केस कर लिया गया। मामले की जांच पड़ताल के साथ आरोपी की गिरफ्तारी के लिए भी प्रयास किया जा रहे हैं।

## एक नजर

### अड्डा बाजार से वांछित महिला गिरफ्तार

नौतनवा : गैर इरादतन हत्या व मारपीट के मामले में वांछित महिला को पुलिस ने गुरुवार को अड्डा बाजार से गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया, वहां से उसे जेल भेज दिया गया। इंस्पेक्टर मनोज कुमार राय ने बताया कि पांच जून को आरोपित शीला देवी निवासी सेमरहवा टोला भठवा पर विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। (जासं)

### जुआ खेलते पकड़े जाने पर चार के विरुद्ध केस

भिटौली : शिकारपुर चौकी पुलिस ने भिसवा नहर पटरी पर जुआ खेलने के दौरान विनोद निवासी लक्ष्मीपुर शिवाला, इंतजा भिसवा, अनिल लक्ष्मीपुर देउरवा, श्रवण बल्लोखास को गिरफ्तार किया। (जासं)

# बच्ची के साथ छेड़खानी आरोपितगिरफ्तार

जासं, परतावलः श्यामदेउरवा थाना क्षेत्र के एक गांव में बुधवार की देर रात छह वर्ष की बच्ची के साथ एक युवक द्वारा छेड़खानी की गई। बच्ची के शोर मचाने पर स्वजन व ग्रामीणों ने युवक को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया।

एसएचओ श्यामदेउरवा धर्मेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि बच्ची के चाचा की तहरीर पर आरोपित के विरुद्ध छेड़खानी व पास्को एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया कर आरोपित वशीउल्लाह को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# 15 शीशी शराब के साथ एक गिरफ्तार

**जासं, सिंदुरिया :** सिंदुरिया थाने की पुलिस ने गुरुवार को 15 शीशी शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष मनीषा सिंह ने बताया चिउटहां निवासी सुनील को गांव के बाहर झोले में रखे शराब के साथ पकड़ा गया है। आरोपित के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

# सिपाही पर बच्चे को पीटने का आरोप

**जागरण संवाददाता, महराजगंज:** सदर कोतवाली थाना क्षेत्र के मुंडेरा कला गांव में गुरुवार की शाम छह बजे सगाई कार्यक्रम के दौरान एक सिपाही द्वारा मारपीट करने का मामला प्रकाश में आया है। जिसमें 10 वर्षीय फिरोज का सिर फट गया। स्वजन उसे शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराए हैं। अस्पताल में पहुंचे सदर सीओ अजय सिंह चौहान ने भी पूछताछ की और घटना स्थल का निरीक्षण किया।

मुंडेरा कला गांव में सिंदुरिया थाना क्षेत्र के बौलिया बाबू निवासी सुरेंद्र प्रसाद की लड़की की सगाई का कार्यक्रम चल रहा था। आरोप है, कि इसी दौरान वहीं कमरा लेकर रहने वाले एक सिपाही ने सुरेंद्र प्रसाद पर लाठी से हमला कर दिया, इस दौरान 10 वर्षीय बच्चे फिरोज का सिर फट गया। सिर फटने के बाद मौके पर उपस्थित लोगों ने हंगामा शुरू कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने फिरोज को शहर के ही एक



अस्पताल में भर्ती घायल फिरोज • जागरण

अस्पताल में भर्ती कराया है। फिरोज के पिता उमेश ने बताया कि मुंडेरा कला में ही रहने वाले कुछ सिपाही सादे कपड़ों में पहुंचे तथा अनायास ही हम लोगों पर लाठी भांजने लगे है। अपर पुलिस अधीक्षक आतिश कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जानकारी है। बच्चे की स्थिति ठीक है। घटना की जांच के लिए सदर सीओ अजय सिंह चौहान को जिम्मेदारी सौंपी गई है, जांच के बाद दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी।

# फरेंदा में फुटपाथ पर सज रहीं दुकानें, मुश्किल में राहगीर

जागरण संवाददाता, आनंदनगर : फरेंदा कस्बे की सड़कों पर अतिक्रमण की समस्या लाइलाज हो गई है। अतिक्रमण के कारण राह चलना मुश्किल हो गया है। सड़क की पटरियों पर ठेले, खोमचे वालों का कब्जा है। बाकी जगह दुकानदार सड़क तक दुकान सजाकर ग्राहकों को आकर्षित करने में जुटे हैं। लोगों की समस्या से इनका कोई वास्ता नहीं है।

फरेंदा कस्बे की सड़कों पर दुकानदारों व ठेला लगाने वालों ने कब्जा कर लिया है। नगर पंचायत प्रशासन की ओर से कार्रवाई न किए जाने से इनका कब्जा बढ़ता जा रहा है। स्थानीय निवासी नवल सर्राफ, विपिन कुमार चौधरी, अंकुर मिश्र, राकेश कुमार, अवधेश, राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि विष्णु मंदिर, प्रेम पोखरा, आंबेडकर तिराहा पर आए दिन जाम लगता है। जिससे लोगों को फुटपाथ की जगह सड़क पर चलना पड़ता है। कस्बे में घंटों जाम लगता है। अधिशासी अधिकारी सुरभि मिश्रा ने कहा कि अभियान चलाकर अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।



आनंदनगर कस्बे में फुटपाथ लगाई गई दुकानें। ● जागरण

# मंगलसूत्र व बाइक बरामद, दो गिरफ्तार

जासं, चौक बाजारः क्षेत्र के दरहटा में गुटखा खरीदने के बहाने दुकानदार की पत्नी के गले से मंगलसूत्र छीनकर फरार बदमाशों को चौक पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से मंगलसूत्र और बाइक बरामद किया गया है। दोनों आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, वहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

दरहटा निवासी सावित्री देवी का घर चौक-महराजगंज मार्ग पर है। घर में ही किराने की दुकान चलातीं हैं। बुधवार की रात 11.30 बजे दो व्यक्ति बाइक से गुटखा खरीदने आए। गुटखा के रुपये देने सावित्री देवी के पास गए और गले से मंगलसूत्र छीनकर भाग गए। सावित्री देवी ने तुरंत थाने को सूचना दी। गुरुवार को चौक-निचलौल मार्ग के पड़री कला ईंट-भट्ठे के पास वाहन जांच के दौरान दोनों आरोपितों को पुलिस ने पकड़ लिया। थानाध्यक्ष प्रशांत पाठक ने बताया कि आरोपित निसार उर्फ टिल्लू तथा शाहिद परसौनी गांव के हैं। निसार उर्फ टिल्लू पर चार मुकदमे दर्ज हैं। वह हिस्ट्रीशीटर और गैंगस्टर एक्ट का आरोपित है।

# थानों में ब्रेथ एनालाइजर, नहीं हो रही जांच

जासं, महराजगंज : जिले में शराब पीकर गाड़ी चलाने वाले शौकीनों पर कार्रवाई को लेकर पुलिस कतरा रही है। कुछ थानों पर तो इसकी जांच के लिए इतंजाम ही नहीं हैं। जहां पर ब्रेथ एनालाइजर हैं भी तो वह थानों के मालखानों में रखे हैं। यही कारण है, कि 10 माह में 40 हजार चालान हुए, इनमें एक भी ब्रेथ एनालाइजर मशीन से जांच नहीं हुई है। जिसके चलते शराब के शौकीन वाहन चालकों के हौसले बुलंद हैं।

- 14 थानों में है ब्रेथ एनालाइजर, जांच में नहीं होता है प्रयोग
- शराब पीकर वाहन चलाने से होती हैं अधिकांश दुर्घटनाएं



शिकारपुर चौराहे पर बगैर ब्रेथ एनालाइजर वाहन की जांच करते यातायात निरीक्षक गुलाब यादव ● जागरण

शराब पीकर गाड़ी चलाने की वजह से आए दिन हो रही दुर्घनाओं पर पाबंदी लगाने के लिए पुलिस विभाग ने थाना पुलिस को ब्रेथ एनालाइजर उपलब्ध कराया है। इस मशीन में फूंक मारने पर संबंधित व्यक्ति ने शराब पी है, या नहीं इसकी जानकारी हो जाती है। इसके बाद मशीन से निकली रिपोर्ट के अनुसार पुलिस संबंधित चालकों का चालान काटती है। जिले की यातायात पुलिस के साथ अन्य 14 थानों को यह मशीन उपलब्ध कराई गई है। मशीन मिलने के बाद कुछ दिनों तक तो इसका प्रयोग किया गया, लेकिन बाद में इसे रख दिया गया। शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई नहीं हो रही हैं।

अपर पुलिस अधीक्षक आतिश कुमार सिंह ने बताया कि जिन थानों पर ब्रेथ एनालाइजर हैं, वहां पर वाहनों की जांच के समय इसके प्रयोग का निर्देश है। जिन थानों पर मशीनें उपलब्ध नहीं हैं, वहां पर जल्द ही उपलब्ध कराई जाएंगी।

**मेडिकल कराने से बेहतर है ब्रेथ एनालाइजर मशीन :** कई बार मारपीट के मामलों से लेकर वाहन चलाने वाले मामलों में शराब पीकर थाने पहुंचने वाली शिकायतों में पुलिस को कार्रवाई करनी पड़ती है। पुलिस संबंधित व्यक्ति का मेडिकल कराती है, तथा उसमें अल्कोहल की जांच करती है। ब्रेथ एनालाइजर मशीन की प्रक्रिया उससे आसान है, बावजूद इसके मशीनों का प्रयोग नहीं हो रहा है।

**चार थानों के पास मशीनें नहीं :** जिले के श्यामदेउरवा, फरेंदा, कोठीभार, पनियरा, चौक, नौतनवा, सोनौली, पुरंदरपुर, फरेंदा, निचलौल, ठूठीबारी, सोहगीबरवा, कोतवाली सदर और बृजमनगंज थाने के पास ब्रेथ एनालाइजर मशीन उपलब्ध है। जबकि महिला थाना, घुघली, नवसृजित थाना सिंदुरिया व भिटौली के पास मशीन नहीं है।

# भूमि रजिस्ट्री करने पर पति को बांधकर पीटा

जासं, पनियरा : ग्राम पंचायत जर्दी में गुरुवार की सुबह पत्नी ने मायके वालों के साथ मिलकर पति को पेड़ में रस्सी से बांध पीटा। घटना का वीडियो किसी ने इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित कर दिया। पुलिस ने मामले में पति विजय कुमार, पत्नी रिंकू देवी, साला जग्गू का शांतिभंग में चालान कर दिया है।

पनियरा थाना क्षेत्र के जर्दी गांव निवासी विजय, गोरखपुर के मोहरीपुर में रहकर मजदूरी करता है। आरोप है कि वहां उसका किसी महिला से संपर्क हो गया। उसने फरवरी में 20 डिस्मिसल भूमि उस महिला के नाम रजिस्ट्री कर दी। जर्दी गांव में उसकी पत्नी व दो बच्चे रहते हैं। तीन दिन पहले पत्नी को इसकी जानकारी मिली तो उसने खेत की खतौनी निकाली। भूमि रजिस्ट्री करने की बात सही निकली। विजय ने बताया कि गुरुवार की सुबह मायके वालों के साथ आटो लेकर गोरखपुर पहुंची और उसे पकड़ कर जर्दी गांव लाई। यहां पेड़ से बांधकर पिटाई की। थानाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह ने बताया कि पति ने किसी महिला के नाम भूमि रजिस्ट्री कर दी है। जिससे नाराज पत्नी व उसके मायके वालों ने उसकी पिटाई कर दी। सूचना मिलने पर जब पुलिस पहुंची तो दोनों मारपीट कर रहे थे। बांधकर मारने की पुष्टि नहीं हुई है।

# घुघली में अवैध बालू के धंधेबाजों में हुई मारपीट



घुघली के सुभाष चौक पर बालू को लेकर हो रही मारपीट • जागरण

जागरण संवाददाता, घुघली (महराजगंज) : स्थानीय सुभाष चौक पर कुशीनगर व महराजगंज जनपद के अवैध बालू के धंधेबाजों के दो गुटों में गाड़ी पकड़वाने, अधिकारियों को लोकेशन देने को लेकर जमकर मारपीट हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दो को हिरासत में लेकर 151 में चालान किया।

- कुशीनगर व महराजगंज के धंधेबाजों में गाड़ी पकड़वाने को लेकर हुई भिड़ंत
- सूचना पर पहुंची पुलिस ने दो को हिरासत में लेकर किया चालान

महराजगंज व कुशीनगर जनपद को विभाजित करने वाली छोटी गंडक के किनारे अवैध बालू का खनन होता है। दोनों जगह के बालू लदे ट्रैक्टर-ट्रालियों का आवागमन लगा रहता है। दोनों जनपदों के बालू के धंधेबाजों में वर्चस्व को लेकर अक्सर विवाद होता रहता है। घटना के दिन एक पक्ष ने दूसरे पक्ष की बालू लदी ट्राली का लोकेशन अधिकारियों को दे दिया, जिसकी भनक दूसरे पक्ष को लगी तो वह ट्राली ट्रैक्टर मौके से हटा दिए। लोकेशन देने को लेकर आक्रोशित दूसरे पक्ष के लोग लामबंद होकर सुभाष चौक पहुंचे, जहां दोनों पक्षों में मारपीट होने लगी, जिससे चौराहे पर अफरा-तफरी मच गई। किसी ने पुलिस को सूचना दे दी। पुलिस को आते देख दोनों पक्ष के लोग भागने लगे। उसी दौरान दो युवक पुलिस के हत्थे चढ़ गए। थानाध्यक्ष नीरज राय ने बताया कि संजीव यादव निवासी रामपुर बल्डिया, थाना घुघली महराजगंज व महेंद्र साहनी निवासी मड़ार बिंदवलिया थाना नेबुआ नौरंगिया,कुशीनगर के विरुद्ध शांतिभंग की कार्रवाई की गई है।

# घर में घुसे युवक को ग्रामीणों ने पकड़ा पिता-पुत्र पर मुकदमा

जासं,खनुआ : सोनौली कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में बुधवार की रात 11.30 बजे एक घर में घुसे युवक को ग्रामीणों ने पकड़ लिया। आरोप था कि वह घर में गलत उद्देश्य से घुसा था। पुलिस ने युवक व उसके पिता के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

ग्रामीणों द्वारा युवक को पकड़े जाने के बाद हंगामा मच गया। इस दौरान युवक का पिता भी वहां आ गया और पीड़ित पक्ष को ही धमकाने लगा। मौका देख आरोपित युवक भाग निकला।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जांच के बाद पीड़ित पक्ष की महिला की तहरीर पर आरोपित संजय जायसवाल व उसके पिता नंदकिशोर निवासी हरदीडाली के विरुद्ध छेड़खानी व जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज किया। थानाध्यक्ष सोनौली अभिषेक सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर पिता-पुत्र पर मुकदमा दर्ज कर दोनों की तलाश की जा रही है।

# BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-22-09-2023

# इलाज कराने जा रहे युवक की मार्ग दुर्घटना में मौत

**बस्ती ।** इलाज कराने जिला अस्पताल जा रहे एक युवक की तेज रफ्तार चार पहिया वाहन की चपेट में आकर मौत हो गयी। इस सम्बन्ध में मृतक के पिता की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चालक पर मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज क्षेत्र के सजहरा गांव निवासी प्रदीप अपना इलाज कराने के लिए गांव के छोटू पुत्र राम कुमार के साथ जिला अस्पताल आ रहे थे। अभी वह कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत जामडीह पाण्डेय के पास पहुंचे ही थे कि तेज रफ्तार चार पहिया वाहन के चालक द्वारा लापरवाही पूर्वक आकर स्कूटी संख्या यूपी 51 एबी/ 3110 में ठोकर मार दिया। जिससे प्रदीप व छोटू गम्भीर रूप से जख्मी हो गये। दोनो को अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां पर प्रदीप की मौत हो गयी। मामले में मृतक के पिता रामराज पुत्र बेचू निवासी सजहरा थाना लालगंज की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चालक के विरुद्ध धारा 279, 337, 338, 304ए आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# अतिक्रमण की भूमि को राजस्व टीम ने कराया खाली

**बस्ती ।** भू माफियाओं के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत अवैध रूप से अतिक्रमण किए भूमि को राजस्व टीम ने खाली कराया गया। उपजिलाधिकारी आशुतोष तिवारी के नेतृत्व में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम ने रामनगर विकास खंड क्षेत्र के राजस्व गांव धौरहरी पहुंचकर उमेश कुमार तिवारी पुत्र अयोध्या प्रसाद तिवारी द्वारा अवैध रूप से कब्जा किए भूमि को खाली कराया। राजस्व टीम ने गाटा संख्या 86 जोकि भू अभिलेख में गड़ही दर्ज है। उसकी पैमाईश की। पैमाईश के उपरान्त अवैध रूप कब्जा किए भूमि में धान के फसल की रोपाई की गई थी। जिसे टीम ने ट्रैक्टर से जुताई कराकर खाली करा दिया गया।

# दहेज उत्पीड़न में छह नामजद

**बस्ती ।** दहेज की मांग को लेकर विवाहिता को उसके ससुरालियों द्वारा प्रताड़ित करने के साथ ही मारापीटा व जान से मारने की धमकी दी। इस सम्बन्ध में पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया है। वाल्टरगंज थानान्तर्गत चन्दोखा गांव की रहने वाली किरन राजभर ने पुलिस को बताया कि उसके पति सुनील तथा ससुर, सास, जेठ ननद द्वारा कम दहेज देने की बात को लेकर आये दिन तरह तरह से प्रताड़ित करते रहते है। मांग पूरी न होने पर उसे मारापीटा गया तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में पुलिस ने आरोपी पति सुनील पुत्र रामतीरथ, ससुर रामतीरथ, सास सुन्दरावती, जेठ सन्तोष पुत्र रामतीरथ, ननद आरती व रीता पुत्रीगण रामतीरथ निवासीगण चन्दोखा थाना वाल्टरगंज के विरुद्ध धारा 498ए, 323, 504, 506 आईपीसी व 3/4 डीपी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# बहला फुसला कर किशोरी को भगाया, मुकदमा दर्ज

**बस्ती ।** स्कूल में पढ़ने के लिए गयी छात्रा को एक छात्र ने बहला फुसला कर अपने साथ भगा ले गया। मुण्डेरवा थाने की पुलिस को तहरीर देकर एक महिला ने बताया कि उसकी बेटी मुण्डेरवा स्थित गन्ना विकास इण्टर कालेज में पढ़ने स्कूल गयी लेकिन घर वापस नही आयी। पूछताछ के दौरान यह संज्ञान में आया कि स्कूल में ही पढ़ने वाला छात्र इसरार अली उर्फ सलमान उसे बहला फुसला कर अपने साथ भगा ले गया। मामले में पुलिस ने आरोपी इसरार अली उर्फ सलमन पुत्र जाफर अली निवासी जगदीशपुर मुण्डेरवा थाना मुण्डेरवा के विरुद्ध धारा 363, 366 आईपीसी एवं 3(2) (वी) एससी एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# फर्जी मेडिकल सर्टिफिकेट देने वाली महिला गिरफ्तार

**बस्ती (एसएनबी)।** पैरामेडिकल कालेज के छात्रो से धोखाधड़ी व छल करके फर्जी सार्टिफिकेट देने वाली नामजद अभियुक्ता को कोतवाली पुलिस ने गुरूवार को गिरफ्तार किया।

थाना कोतवाली पुलिस द्वारा पैरामेडिकल के छात्रो से छल करके फर्जी तरीके से सार्टिफिकेट देने वालो में नामित अभियुक्ता गुलशन फातिमा पत्नी मोहम्मद बसीम निवासी टेमा रहमत थाना कोतवाली खलीलाबाद जनपद सन्तकबीर नगर को गिरफ्तार किया गया। गुलशन फातिमा के विरूद्ध न्यायालय द्वारा पूर्व में गैर जमानतीय वारण्ट जारी किया गया था। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार की गयी महिला के विरूद्ध धारा 419, 420, 467, 468, 471, 406, 120बी आईपीसी एवं इसी वर्श धारा 419, 420, 467, 468, 471, 406 आईपीसी के तहत थाना कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया जा चुका है।

# पुरानी पेंशन बहाली : कर्मचारियों ने प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

**बस्ती (एसएनबी)।** पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मंच राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर गुरुवार को राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद जिलाध्यक्ष मस्तराम वर्मा के नेतृत्व में हजारों की संख्या में कर्मचारी नलकूप कालोनी पर एकत्र हुये। यहां से पुरानी पेंशन बहाल किये जाने की एक सूत्रीय मांग को लेकर कम्पनीबाग, पानी की टंकी, न्याय मार्ग होते हुये रैली जिलाधिकारी कार्यालय पहुंची। यहां प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी को सौंपा गया। कर्मचारी हाथों में बैनर और तख्तियां लिये सरकार विरोधी नारे लगा रहे थे। सड़क पर घंटों जाम लगा रहा। आन्दोलन में कर्मचारियों के बच्चे भी शामिल रहे।

कार्यवाहक अध्यक्ष राम अधार पाल और मंत्री तौलू प्रसाद ने ज्ञापन देने के बाद कहा कि राजस्थान सहित देश के अनेक राज्यों में पुरानी पेंशन नीति बहाल हो चुकी है किन्तु केन्द्र और उत्तर प्रदेश की सरकार इस दिशा में गंभीर नहीं है। यदि सरकार ने समय रहते पुरानी पेन्शन नीति को बहाल न किया तो राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर लोकसभा चुनाव से पूर्व देश व्यापी आन्दोलन किये जाएंगे। जिलाध्यक्ष मस्तराम वर्मा, प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री बालकृष्ण ओझा, ग्राम पंचायत अधिकारी संघ अध्यक्ष अरूणेश पाल, कोषागार कर्मचारी संघ अध्यक्ष अखिलेश पाठक, व्यापार कर मिसिट्रियल अध्यक्ष सरोज मिश्र, कर्मचारी संघ अध्यक्ष सचिन पाण्डेय, पंचायतीराज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ अध्यक्ष अजय आर्या, विकास भवन कर्मचारी संघ के महामंत्री ओम प्रकाश, ग्राम्य विकास अधिकारी संघ अध्यक्ष अमरनाथ गौतम, डिप्लोमा इंजीनियर महासंघ अध्यक्ष केके मिश्र,लोनिवि नियमित वर्क चार्ज कर्मचारी संघ अध्यक्ष अनिल कुमार, आईटीआईकर्मचारी संघ अध्यक्ष उमारमण त्रिपाठी, सिंचाई विभाग मिनीस्ट्रीयल अध्यक्ष राजेश कुमार, चिकित्सा स्वास्थ्य अध्यक्ष शमीम, संभागीय परिवहन कर्मचारी संघ अध्यक्ष सभाजीत पाल आदि ने कहा कि कर्मचारियों के समक्ष करो या मरो की स्थिति है। सरकार एक-एक कर सुविधाओं को समाप्त कर रही है ऐसे में हमें अपनी एकजुटता बनाये रखते हुये संघर्ष की धार को तेज करना होगा। कहा कि कर्मचारी पुरानी पेन्शन के सवाल पर पीछे हटने वाले नहीं है। प्रदर्शन और ज्ञापन देने वालों मुख्य रूप से राकेश पाण्डेय, मनोज चौहान, रामशंकर चौधरी, सुधीर सिंह, राजेश श्रीवास्तव, पेंशनर कल्याण संस्था के अध्यक्ष जलालुद्दीन कुरेशी, प्रमोद शुक्ला, सन्तोष राव, अम्बिका प्रसाद वैश्य, अमरेश श्रीवास्तव, फिरोज खां, जंग बहादुर, राजेश कुमार, दुर्गेश यादव, सुजीत कुमार, आशीष श्रीवास्तव, संजय यादव, रामचरन, शिवमंगल पाण्डेय, बजरंगी, राम स्वारथ चौधरी, आरपी यादव, धर्मेन्द्र सिंह, कलीम, मितेन्द्र कुमार, मंशाराम, सुभाष मिश्र, शिव कुमार यादव, लालजी कन्नौजिया, ई अभिषेक सिंह, रणंजय सिंह, विमल आनन्द, उमेश वर्मा, राघव प्रसाद, पेशकार, रूद्र नरायन रूदल, अमन प्रताप सिंह, सन्तोष सिंह, योगेश मिश्र, राहुल श्रीवास्तव, मुकेश सोनकर,अशरफ, सुभाष दूबे, डीएन वर्मा, सुधीर तिवारी के साथ ही विभिन्न कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारी, सदस्य शामिल रहे।



बस्तीः मांगो को लेकर प्रदर्शन करते कर्मचारी। फोटो : एसएनबी

# महिला से दुष्कर्म एफआईआर

**बस्ती (एसएनबी)** । खेत में चरी काटने गयी एक महिला से आरोपी ने दुष्कर्म किया। इस सम्बन्ध में पीड़िता के भाई की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पर मुकदमा दर्ज किया है।

वाल्टरगंज थाने पर लिखित तहरीर देकर एक व्यक्ति ने बताया कि उसकी 65 वर्षीय बहन बीते 11 सितम्बर की सुबह में चरी काटने के लिए खेत गयी हुई थी। जहां पर विपक्षी शोभनाथ कहीं से टहलते हुए उसकी खेत के पास पहुंच गये और महिला को अकेली देख उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया। मामले में पुलिस ने आरोपी शोभनाथ पुत्र रामलखन चौरसिया निवासी मंझरिया (मंदिर) थाना वाल्टरगंज के विरुद्ध धारा 376 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# बैंक व पेट्रोल पंप पर सीसीटीवी नहीं मिला तो कार्यवाही तय : आईजी

**बस्ती (एसएनबी)।** पुलिस महानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र बस्ती आरके भारद्वाज द्वारा परिक्षेत्र के तीनों पुलिस अधीक्षक को निर्देश दिया गया है कि सभी बैंकों/पेट्रोल पंपों के संचालकों के साथ एक समन्वय बैठक कराई जाए जिसमे सर्वप्रथम बैंक/पेट्रोल पम्पो के संचालकों को निर्धारित अवधि का नोटिस जारी किया जाए कि बैंकोंएवं पेट्रोल पंपों पर खराब पड़ेसीसीटीवी को ठीक कर लिया जाए और जहां पर सीसीटीवी कैमरे नही लगे है वहा वह सीसीटीवी कैमरा दिये गये निर्धारित समय के अंदर स्थापित किया जाए। थाना प्रभारी के अंतर्गत क्षेत्र के बैंकों/पेट्रोल पंपों पर सीसीटीवी नही पाया जाता है तो उनके विरुद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

उल्लेखनीय है कि जनपद संतकबीर नगर के थाना महुली स्थित पेट्रोल पंप पर लगे सीसीटीवी आपरेशनल न होने के कारण पेट्रोल पर हुई वारदात से संबंधित फुटेज घटनास्थल से प्राप्त नही हो सकीं थी तथा जनपद मिर्जापुर में लूट से संबंधित वारदात के मद्देनजर जनपदों में घटित होने वाली आपराधिक घटनाओ पर प्रभावी अंकुश लगाने जाने के लिए प्रदेश स्तर पर पुलिस महानिदेशक द्वारा आपरेशन दृष्टि/ आपरेशन त्रिनेत्र चलाया जा रहा है । बिना सीसीटीवी केटैग लाइन के साथ सभी थाना प्रभारी अपने अपने थाना क्षेत्र में अभियान चलाकर कार्यवाही कराना सुनिश्चित करे। आईजी आरके भारद्वाज द्वारा मंडल स्तर पर टीम गठित की गई है जो तीनों जनपदों के पेट्रोल पम्पो एवं बैंको को अक्टूबर माह में कभी भी चेक किया जाएगा।

लूट की घटनाओं के वर्क आउट में उपयोगी होती है सीसीटीवी फुटेज



नो बिजनेस विडाऊट फंक्शनल सीसीटीवी का टैग लाइन किया जारी

## बाल अपचारी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

बस्ती। वाल्टरगंज पुलिस बाल अपचारी को गिरफ्तार कर अगवा बालिका को भी खोज निकाला है। पुलिस अभिरक्षा में नाबालिग आरोपी को जेल रवाना कर दिया गया।

## नाबालिग का अपहर्ता गिरफ्तार

बस्ती। लालगंज पुलिस ने प्रमोद कुमार निवासी गोरयाभार, थाना खलीलाबाद जनपद संतकबीरनगर को प्रजापति चौराहा महुली से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि अभियुक्त अपहरण के मामले में वांछित चल रहा था।

# विवाहिता के उत्पीड़न में छह नामजद

बस्ती। वाल्टरगंज पुलिस ने चंदोखा गांव में दहेज के लिए विवाहिता का उत्पीड़न करने के मामले में छह ससुरालियों पर केस दर्ज किया है। इस संबंध में नगर थानाक्षेत्र के मसहा में पिता के घर रह रही किरन राजभर ने तहरीर दी। जिसमें बताया कि उसकी शादी चंदोखा निवासी सुनील के साथ हुई थी। शादी के बाद पति, ससुर, सास, जेठ और ननद कम दहेज देने की बात को लेकर मारते-पीटते हैं।

# दहेज उत्पीड़न में चार लोग नामजद

बस्ती। दहेज प्रताड़ना पर महिला थाना पुलिस ने लालगंज थाने के जिगिना निवासनी विवाहिता की तहरीर पर चार ससुरालियों पर दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज किया है। इस संबंध में दीपा मिश्रा ने तहरीर दी। जिसमें बताया कि 14 सितंबर को सुबह नौ बजे ससुराल के लोगों ने दहेज में एक लाख रुपये की मांग करने लगे। नहीं देने पर पीटने लगे। पुलिस ने पीड़िता के पति दिलीप मिश्र, ससुर रमाशंकर, सास उर्मिला और देवर संदीप पर केस दर्ज किया है।

# दहेज उत्पीड़न में 34 लोग नामजद

बस्ती। महिला थाना पुलिस ने मुसहा बरहपेड़ा थाना दुबौलिया निवासी विवाहिता को दहेज में चार लाख रुपये को लेकर शारीरिक व मानसिक रुप से प्रताड़ित करने, मारपीट कर घर से बाहर निकाल देने के मामले में केस दर्ज किया है। जिसमें पति सुनील अग्रहरी, ससुर श्यामलाल अग्रहरी, सास विमला देवी, दो जेठ-जेठानी के अलावा पति के मामा पप्पू कबाड़ी, सीमा, जेठानी के भाई, पति के चार चचेरे भाई व 20 अन्य नाम पता अज्ञात पर केस दर्ज किया है।

# शादी का झांसा देकर किया दुष्कर्म, केस

बस्ती। हरैया पुलिस ने सहेली के घर पनेराभारी गांव में गई युवती को झांसा देकर दुष्कर्म करने, मारने-पीटने के मामले में तीन आरोपियों पर केस दर्ज किया है। इस संबंध में पीड़िता ने बताया कि 18 जून को वह पनेराभारी गांव में अपनी सहेली के घर निमंत्रण पर गई थी। जहां उसकी कमलेश से जान पहचान हो गई। उसने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया। पुलिस ने गोंडा के खोड़ारे थाने के संतडीह अगया हाता निवासी कमलेश, उसके पिता व माता पर केस दर्ज किया है।

# भूमि विवाद में मारपीट, चार नामजद

बस्ती। परशुरामपुर पुलिस ने जमीन बंटवारे को लेकर विवाद में मारपीट के मामले में चार आरोपियों पर केस दर्ज किया है। इस संबंध में बेनीनगर निवासी महिला ने तहरीर दी। जिसमें बताया कि गांव के आशीष पांडेय, देवशरन, अनूप और अमरनाथ पर आरोप लगाया कि जमीन बंटवारे के विवाद में उसे व उसके बेटे सत्यम को अपशब्द कहते हुए मारापीटा।

# आरपीएफ के हत्थे चढ़ा ई-टिकट का अवैध कारोबारी, एक फरार

बस्ती, निज संवाददाता। आरपीएफ बस्ती और सीआईबी गोरखपुर की टीम ने गुरुवार को को ई-टिकट के अवैध कारोबार में लिप्त एक कारोबारी को पकड़ने में कामयाबी पाई है। आरोपित के पास से रेलवे टिकट और 1.43 लाख रुपये बरामद हुए। एक आरोपित फरार हो गया है। जिसकी तलाश की जा रही है।

आरपीएफ बस्ती पोस्ट के इंस्पेक्टर संजय मिश्र ने बताया कि नगर बाजार के सहज जन सेवा केंद्र नामक दूकान पर छापेमारी की गई। यहां दो व्यक्ति सेराज आलम कुरैशी निवासी नगर बाजार खास थाना नगर और निशार अहमद रेल ई टिकटों का अवैध कारोबार कर रहे थे। दोनों को मौके पर पकडने टीम पहुंची तो एक आरोपित निशार भागने में सफल रहा। लेकिन सेराज आलम कुरैशी को पकड़ा गया। पूछताछ में फर्जी वेबसाइट से दूसरे की आईडी लगाकर ई-टिकट बनाने की बात कबूली। पूछताछ में बताया कि पर्सनल यूजर आईडी पर ई टिकट बना कर ग्राहकों को 300 रुपये अधिक लाभ लेकर बेच देते हैं। कोई एजेंट आईडी नहीं है। खुद का एक प्रतिबंधित साफ्टवेयर सिक्का गदर का यूज करके यह कारोबार करता था। मौके पर 17 बरामद हुए। 22 अदद यात्रा शेष टिकट कीमत 92967.70 रुपये तथा 25 अदद यात्रा पूर्ण टिकट कीमत 50126.75 रुपये कुल कीमती 143094.45 रुपये थे।

# 22वें दिन भी जारी रहा आंदोलन

बस्ती। हापुड़ में अधिवक्ताओं पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में वकीलों ने मंगलवार को भी संयुक्त बार की अगुवाई में न्याय मार्ग पर विरोध-प्रदर्शन किया। वकीलों की मागें न माने जाने के कारण आधिवक्ता 22 दिन से न्यायिक कार्य नहीं कर रहे हैं। अधिवक्ता संगठनों की मांग है कि एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट तत्काल लागू किया जाए। हापुड़ के डीएम-एसपी का तत्काल तबादला किया जाए, वकीलों की पिटाई के दोषी पुलिस कर्मियों की गिरफ्तारी हो। घायल अधिवक्ताओं को तुरंत मुआवजा दिया जाए।

सिविल बार के अध्यक्ष अजयप्रताप सिंह, महामंत्री शिवपूजन मिश्र, पूर्व अध्यक्ष राजकिशोर पांडेय, बद्रीप्रसाद दुबे, एडब्लूसी महासचिव दिलीप श्रीवास्तव, धर्मेंद्र तिवारी, दिलीप पांडेय, प्रेमप्रकाश चौधरी, फैज उमर, दिलशाद हसन खां, अतुल भट्ट, देवव्रत उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

# बैंकों, पेट्रोल-पंपों पर कैमरा अनिवार्य

बस्ती, निज संवाददाता। रेंज के सभी जनपदों में आपराधिक गतिविधियों पर लगाम लगाने के लिए अब सभी पेट्रोल-पंपों और बैंक शाखाओं पर सीसीटीवी कैमरे लगवाना अनिवार्य कर दिया गया है। गुरुवार को आईजी आरके भारद्वाज ने तीनों जिले के एसपी के साथ बैठक कर अमल में लाने का निर्देश दिया। कहा कि बस्ती, संतकबीरनगर और सिद्धार्थनगर के एसपी अपने-अपने जिले के सभी बैंकों/पेट्रोल-पंपों के संचालकों के साथ एक समन्वय बैठक कराएं। जिसमें निर्धारित अवधि तय करके उन्हें नोटिस जारी किया जाए। बैंकों और पेट्रोल-पंपों पर खराब पड़े सीसीटीवी कैमरे को ठीक कराएं। जहां पर कैमरे नहीं लगे हैं वहां जल्द लगवाएं।

आईजी ने कहा कि आपराधिक घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने जाने के लिए ऑपरेशन दृष्टि/ऑपरेशन त्रिनेत्र चलाया जा रहा है। आईजी ने मंडल स्तर पर टीम गठित की है, जो तीनों जनपदों के पेट्रोल-पम्पों एवं बैंकों को अक्टूबर माह में कभी भी चेक करेगी। जिस थाना प्रभारी के क्षेत्र के बैंकों/पेट्रोल-पंपों पर सीसीटीवी कैमरे सक्रिय नहीं मिलेंगे, उनके विरुद्ध कार्रवाई होगी।

# पैरामेडिकल प्रकरण में महिला आरोपी दबोचा

बस्ती। पैरामेडिकल कॉलेज के छात्रों से धोखाधड़ी करके फर्जी प्रमाण-पत्र देने वाली नामजद महिला आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पैरामेडिकल कॉलेज की ओर से छात्रों से छल करने के मामले में कोतवाली पुलिस ने तकरीबन तीन महीने पूर्व फर्जी कॉलेज के प्रबंधक व स्टॉफ के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस ने नामजद प्रबंधक और अन्य स्टॉफ को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। इसी मुकदमे में वांछित आरोपी गुलशन फातिमा पत्नी मो. वसीम निवासी टेमा रहमत थाना कोतवाली खलीलाबाद, जनपद संतकबीरनगर को एसआईटी तलाश रही थी। गुलशन फातिमा पर कोतवाली बस्ती थाने में ठगी के दो केस दर्ज हैं।

# 91 गन लाइसेंसियों पर लटकी तलवार

बस्ती। जिले में साढ़े छह हजार आर्म्स लाइसेंसी हैं। इनमें से 56 लोगों के पास डबल असलहों का लाइसेंस हैं। 35 आर्म्स लाइसेंसियों का मामला डीएम कोर्ट में विचाराधीन है। ऐसे में 91 असलहाधारकों पर कार्रवाई की तलवार लटक रही है। लाइसेंस नवीनीकरण नहीं होने, दूसरे जिले से लाइसेंस लेकर कहीं और हथियार संग रहने वालों पर कार्रवाई होगी। शस्त्रधारी की मृत्यु के बाद भी हथियार रखने वालों का लाइसेंस रद किया जाएगा। ऐसे लोगों का जिला प्रशासन सूची तैयार करा रहा है। काफी संख्या में लोगों ने 2020 में नवीकरण की तिथि समाप्त होने के बाद भी प्रक्रिया पूरी नहीं की है। ऐसे मामलों में डीएम से अनुमति लेने के बाद ही लाइसेंस का नवीकरण होगा।

# गोवंश तस्करी का वांछित गिरफ्तार

बस्ती। प्रभारी निरीक्षक थाना मुण्डेरवा रामकृष्ण मिश्र की टीम ने गो तस्करी के वांछित आरोपी को क्षेत्र के खजौला तिराहा से गिरफ्तार किया है। एसएचओ ने बताया कि तुफैल निवासी साफियाबाद थाना दुधारा जनपद संतकबीरनगर की तलाश चल रही थी उसे गिरफ्तार करके जेल रवाना किया गया है।

पिछले पांच महीने से जिला जेल में बंद हैं गैंगरेप के तीन आरोपी

# बालिग छात्रा को बना दिया नाबालिग, तीन पर केस

**शिकंजा**



- बालिग को नाबालिग दिखाकर पॉक्सो का मामला दर्ज कराया गया
- आरोपी के भाई की तहरीर पर सोनहा पुलिस ने केस दर्ज किया

**बस्ती, हिन्दुस्तान संवाद।** बस्ती के सोनहा थानांतर्गत मदरसा अलमह्दूस की ओर से कूटरचित प्रमाण-पत्र जारी करने का मामला सामने आया है। कोर्ट ने मौलाना समेत तीन के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। आरोप है कि मदरसे की ओर से जारी जन्म प्रमाण-पत्र और कक्षा चार का फर्जी प्रमाण-पत्र बनाकर उसका दुरुपयोग पीड़िता युवती को नाबालिग दिखाकर पॉक्सो में फंसाने के लिए किया गया।

सोनहा पुलिस ने इस मामले में असनहरा निवासी अंकित जायसवाल की तहरीर पर मदरसे के मौलाना इरशाद अहमद, शाहिद हुसैन निवासी चिरई बुजुर्ग व अब्दुल समद निवासी नौवागांव थाना सोनहा के खिलाफ केस दर्ज किया है। मामले की विवेचना कर रहे इंस्पेक्टर दयानंद यादव ने बताया कि जांच की जा रही है।

**क्या है मामला :** सोनहा पुलिस ने छह महीने पूर्व 13 मार्च 2023 को एक कथित नाबालिग संग गैंगरेप के मामला में प्रिंस समेत चार लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। तीन आरोपियों को जेल भेज दिया गया था। घटना शामिल बताए एक आरोपी प्रेम पाण्डेय की सड़क हादसे में मौत हो गई थी।

आरोपी प्रिंस के भाई ने पीड़िता की उम्र पर सवाल उठाकर इसकी जांच करवाई। मदरसे से जारी प्रमाण पत्र में उम्र 14 साल बताई गई थी, इसी आधार पर पॉक्सो का केस दर्ज किया गया था। सीएमओ की जांच में पीड़िता बालिग मिली।

सीएमओ के मुताबिक पीड़िता की वास्तविक उम्र 19 वर्ष के करीब है। जिला अदालत ने इसी को आधार मानते हुए जाली प्रमाण-पत्र जारी करने पर मदरसे के मौलाना समेत तीन के खिलाफ केस दर्ज करने का आदेश दिया है।

# चार्जशीट पर संज्ञान के बाद भी स्थानांतरित की जा सकती है विवेचना

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक आदेश में कहा है कि पुलिस की चार्जशीट पर अदालत के संज्ञान लेने के बाद भी एसपी केस की विवेचना दूसरे थाने को स्थानांतरित कर सकते हैं। इसके लिए न्यायिक मजिस्ट्रेट की अनुमति लेना आवश्यक नहीं है।

कोर्ट ने कहा कि मजिस्ट्रेट का पुलिस को फिर से विवेचना करने का अधिकार इससे प्रभावित नहीं होगा क्योंकि मजिस्ट्रेट के लिए पुनर्विवेचना का आदेश देने के लिए सभी अभियुक्तों को सुनना जरूरी है। यह आदेश न्यायमूर्ति उमेश चंद्र शर्मा ने राम कोमल व दो अन्य की याचिका पर दिया है। मामले के तथ्यों के अनुसार आठ जनवरी 2005 को आठ लोग शिकायतकर्ता उमाशंकर कुशवाहा के घर पर आए और उन्होंने सेहन की जमीन पर कब्जा करने की कोशिश की। शिकायतकर्ता के परिवार से गाली-गलौज व मारपीट की और झोपड़ी में आग लगा दी। बाद में सभी आठ आरोपियों के खिलाफ बनकटा थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई। पुलिस ने विवेचना के बाद केवल पांच लोगों दरोगा, राकेश उर्फ लाल बाबू, चंद्रिका, मनोज व प्रमोद के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की और राम कोमल, राजेश व भुवर को झूठा फंसाना बताकर फाइनल रिपोर्ट दाखिल की।

# पुलिस ने आरोपित महिला को किया गिरफ्तार

- पैरा मेडिकल कालेज के नाम पर छात्र-छात्राओं से ठगी का मामला
- आइजी के निर्देश पर एसआइटी गठित कर सौंपी गई थी विवेचना

जागरण संवाददाता, बस्ती: पैरामेडिकल कालेज के नाम पर छात्र-छात्राओं से धोखाधड़ी कर फर्जी सर्टिफिकेट देने के मामले में दर्ज चार मुकदमों की विवेचना कर रही एसआइटी ने मामले में एक महिला आरोपित को गिरफ्तार किया है। उसके विरुद्ध न्यायालय से गैर जमानती वारंट जारी किया गया था।

प्रभारी निरीक्षक कोतवाली विनय कुमार पाठक और एसआइटी के निरीक्षक संजय कुमार व उप निरीक्षक ललितकांत की टीम ने गुरुवार को वांछित चल रही गुलशन फातिमा पत्नी मो. वसीम निवासी टेमा रहमत थाना कोतवाली खलीलाबाद जनपद संतकबीरनगर को गिरफ्तार कर लिया।

उसके विरुद्ध कोतवाली बस्ती में धोखाधड़ी, कूटरचना, अभिलेखों में हेरफेर आदि की धारा में दो मुकदमा दर्ज है। मामले की विवेचना पहले कोतवाली पुलिस कर रही थी। हाल ही में आइजी के निर्देश पर एसपी ने एसआइटी का गठन कर विवेचना स्थानांतरित करने का निर्देश दिया था। जिसके क्रम में कोतवाली व कप्तानगंज थाने में दर्ज कुल चार मुकदमों की विवेचना एसआइटी को सौंपी गई है। कोतवाली क्षेत्र के हरदिया चौराहा पर स्थित एक पैरामेडिकल मेडिकल कालेज में छात्र-छात्राओं का विभिन्न मेडिकल कोर्स में प्रवेश लेकर उन्हें फर्जी मार्कशीट थमा दी गई थी। मामले में पीड़ित चार छात्र-छात्राओं ने मुकदमा दर्ज कराया था। दो मुकदमे कोतवाली में तो दो कप्तानगंज थाने में दर्ज कराए गए थे। इस मामले में अब तक कुल छह आरोपित गिरफ्तार किए जा चुके हैं।

## नलकूप कालोनी से डीएम कार्यालय तक किया प्रदर्शन, पीएम व सीएम को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा

# पुरानी पेंशन को लेकर कर्मियों ने निकाली रैली

**मांग**

- पुरानी पेंशन बहाली होने तक जारी रहेगा संघर्ष
- समर्थन में कर्मचारियों के बच्चे व परिजन भी हुए शामिल

बस्ती, निज संवाददाता। पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मंच राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर गुरुवार को राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद जिलाध्यक्ष मस्तराम वर्मा के नेतृत्व में काफी संख्या में कर्मचारी नलकूप कालोनी परिसर में जुटे। यहां से पुरानी पेंशन बहाल किए जाने की एक सूत्रीय मांग को लेकर कम्पनीबाग, पानी की टंकी, न्याय मार्ग होते हुए रैली निकाला और डीएम कार्यालय पहुंचे। वहां पर प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। कर्मचारी हाथों में बैनर और तख्तियां लिये सरकार विरोधी नारे लगा रहे थे। रैली के चलते सड़क पर जाम लगा रहा। आन्दोलन में कर्मचारियों के बच्चे और परिजन भी शामिल रहे।

कार्यवाहक अध्यक्ष रामअधार पाल और मंत्री तौलू प्रसाद ने ज्ञापन देने के बाद कहा कि राजस्थान सहित देश के कई राज्यों में पुरानी पेंशन नीति बहाल हो चुकी है। केन्द्र और उत्तर प्रदेश की सरकार इस दिशा में गंभीर नहीं है। यदि सरकार ने समय रहते पुरानी पेंशन नीति को बहाल न किया तो राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर लोकसभा चुनाव से पहले देश व्यापी आन्दोलन होगा। जिलाध्यक्ष मस्तराम वर्मा, प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री बालकृष्ण ओझा, ग्राम पंचायत अधिकारी संघ अध्यक्ष अरूणेश पाल, कोषागार कर्मचारी संघ अध्यक्ष अखिलेश पाठक, व्यापार कर मिनीस्ट्रीयल अध्यक्ष सरोज मिश्र, कृषि मिनीस्ट्रीयल कर्मचारी संघ अध्यक्ष सचिन पाण्डेय, पंचायतीराज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ अध्यक्ष अजय आर्या, विकास भवन कर्मचारी संघ के महामंत्री ओम प्रकाश, ग्राम्य विकास अधिकारी संघ अध्यक्ष अमरनाथ गौतम, डिप्लोमा इंजीनियर महासंघ अध्यक्ष ई. केके मिश्र ने संबोधित किया। अनिल कुमार, उमारमण त्रिपाठी, राजेश कुमार, मो. शमीम, सभाजीत पाल आदि ने कहा कि कर्मचारियों के समक्ष करो या मरो की स्थिति है। राकेश पाण्डेय, मनोज चौहान, रामशंकर चौधरी, सुधीर सिंह, ई. राजेश श्रीवास्तव, जलालुद्दीन कुरेशी, प्रमोद शुक्ला, सन्तोष राव, अम्बिका प्रसाद वैश्य, अमरेश श्रीवास्तव, फिरोज खां, जंग बहादुर, राजेश, दुर्गेश यादव, सुजीत, आशीष श्रीवास्तव, संजय यादव, रामचरन, शिवमंगल पाण्डेय, बजरंगी, राम स्वारथ चौधरी, ई. आरपी यादव, धर्मेन्द्र सिंह, मो. कलीम, मितेन्द्र, मंशाराम, सुभाष मिश्र, शिव कुमार यादव आदि मौजूद रहे।



पुरानी पेंशन की मांग को लेकर रैली निकालते राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद।

# एनपीएस का पुतला जलाकर शिक्षकों ने दिया धरना

बस्ती, निज संवाददाता। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने गुरुवार को पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय के समक्ष धरना दिया। पेंशन बहाली संयुक्त मंच के आह्वान पर आयोजित धरने में एनपीएस का पुतला जलाकर विरोध प्रदर्शन किया गया। धरने के बाद राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री को सम्बोधित एक सूत्रीय ज्ञापन दिया गया। धरने का नेतृत्व जिलाध्यक्ष उदयशंकर शुक्ल ने किया। इसके अतिरिक्त ठेका, संविदा, मानदेय, शिक्षक, शिक्षामित्र, अनुदेशक, रसोईया, लेखाकार, कम्प्यूटर आपरेटर, जिला समन्वयक आदि को नियमित वेतनमान देने व कर्मचारी बनाने की मांग किया। धरने के बाद पेंशन संबंधी ज्ञापन नायब तहसीलदार घनश्याम शुक्ल को सौंपा। स्थानीय समस्याओं को लेकर दूसरा ज्ञापन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अनूप कुमार त्रिपाठी को दिया।

संघ जिलाध्यक्ष उदय शंकर शुक्ल ने कहा कि वर्ष 2005 में लागू की गई एनपीएस व्यवस्था की दुर्दशा बयान नहीं किया जा सकता। दोष पूर्ण व्यवस्था के कारण अधिकारी, कर्मचारी, मानसिक उत्पीड़न झेल रहे हैं। एनपीएस की सबसे बड़ी आपत्ति अधिकारी, शिक्षक के हजारों करोड़ की धनराशि शेयर मार्केट, म्यूचुअल फण्ड एवं अन्य वित्तीय संस्थाओं के बाण्ड में निवेश किया जा रहा है। उसके आय व परिणामों के आधार पर पेंशन निर्धारित होगी। संघ के कार्यवाहक अध्यक्ष अखिलेश मिश्र, जिला मंत्री राघवेन्द्र प्रताप सिंह, संयुक्त मंत्री विजय प्रकाश चौधरी, जिला कोषाध्यक्ष अभय सिंह यादव, जिला प्रवक्ता सूर्य प्रकाश शुक्ल, देवेन्द्र वर्मा, आनन्द दूबे ने संबोधित किया। राजकुमार सिंह, महेश, रवीश मिश्र, ज्ञान प्रताप उपाध्याय, दिवाकर सिंह, इन्द्रसेन मिश्र, नरेन्द्र पाण्डेय, राम प्रकाश शुक्ल, सन्तोष शुक्ल, सन्तोष शुक्ल, रजनीश मिश्र, सरिता पाण्डेय, रीता शुक्ला आदि की भागीदारी रही।

# बैंकों व पेट्रोल पंपों पर सीसी कैमरे लगाना अनिवार्य

- बैंक अधिकारियों व पंप संचालकों के साथ बैठक किया जाए
- खराब पड़े सीसी सभी कैमरों को तत्काल ठीक कराएं : आइजी

जागरण संवाददाता, बस्ती: पुलिस महानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र आरके भारद्वाज ने बैंकों और पेट्रोल पंपों पर सीसी कैमरे लगाना अनिवार्य कर दिया है। परिक्षेत्र के पुलिस अधीक्षकों को दिए निर्देश में कहा है कि कैमरे चालू रहने चाहिए, उसका बैकअप भी रहे। इससे वारदातों को रोकने और अपराधियों को पकड़ने में मदद मिल सकेगी।



आइजी आरके भारद्वाज
सौ . विभाग

आइजी ने कहा कि सभी बैंकों, पेट्रोल पंपों के संचालकों के साथ एक समन्वय बैठक करें। बैंक व पेट्रोल पंपों के संचालकों को सीसी कैमरे लगवाने के लिए निर्धारित अवधि का नोटिस जारी करें। बैंकों एवं पेट्रोल पंपों पर खराब पड़े सीसी कैमरे को तत्काल ठीक करा लिया जाए। जहां पर सीसी कैमरे नहीं लगे हैं वहां सीसी कैमरा दिए गए निर्धारित समय के अंदर स्थापित किया जाए।

**सीसी कैमरा चालू न होने के कारण नहीं मिल सका था फुटेज:** आइजी ने बताया कि जनपद संतकबीरनगर के थाना महुली स्थित पेट्रोल पंप पर लगा सीसी कैमरा चालू न होने के कारण पंप पर हुई लूट की वारदात से संबंधित फुटेज प्राप्त नहीं हो सकी थी। इसी प्रकार जनपद मिर्जापुर में भी सीसी कैमरा काम न करने के कारण लूट की घटना से संबंधित फुटेज नहीं मिल सका था। ऐसे में आपराधिक घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने जाने के लिए आपरेशन दृष्टि व आपरेशन त्रिनेत्र के तहत सीसी कैमरे लगवाए जा रहे हैं। आइजी ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिया है कि वे नो बिजनेस विद आउट फंक्शनल सीसीटीवी टैग लाइन के साथ अपने-अपने थाना क्षेत्र में अभियान चलाकर कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें। आइजी ने परिक्षेत्र स्तर पर एक टीम गठित की है जो तीनों जनपदों के पेट्रोल पंपों एवं बैंकों को अक्टूबर में कभी भी चेक कर सकती हैं। जिस थाना प्रभारी के क्षेत्र में बैंकों व पेट्रोल पंपों पर आपरेशन सीसी कैमरा नहीं पाया जाएगा उनके विरुद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

# युवती से दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार

हर्रैया, बस्ती : हर्रैया थाना क्षेत्र की रहने वाली 20 वर्षीय युवती ने एक युवक पर शादी का झांसा देकर वर्षों से दुष्कर्म करने का आरोप लगाया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपित कमलेश निवासी अगया हाटा, संतडीह थाना खोड़ारे जनपद गोण्डा के विरुद्ध दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कर आरोपित को गुरुवार को दोपहर साढ़े बारह बजे गिरफ्तार कर लिया।

# पुरानी पेंशन बहाली को लेकर धरना, फूंका पुतला

## शिक्षकों ने न्यू पेंशन स्कीम को बताया धोखा, 21 अक्टूबर को स्कूलों को बंद कर आंदोलन की चेतावनी

**जागरण संवाददाता, बस्ती:** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष उदय शंकर शुक्ल के नेतृत्व में पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय के समक्ष शिक्षकों ने गुरुवार को विशाल धरना दिया। पेंशन बहाली संयुक्त मंच के आह्वान पर आयोजित कार्यक्रम में न्यू पेंशन स्कीम का पुतला फूंककर शिक्षकों ने इसे धोखा बताया।

धरने के बाद राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री को संबोधित एक सूत्री ज्ञापन पुरानी पेंशन बहाल किये जाने एवं बेसिक शिक्षा परिषद में नियुक्त किये गये ठेका, संविदा, मानदेय, शिक्षक, शिक्षा मित्र, अनुदेशक, रसोइया,लेखाकार, कम्प्यूटर आपरेटर, जिला समन्वयक आदि को नियमित वेतनमान का कर्मचारी बनाए जाने आदि की मांग पर केन्द्रित ज्ञापन जिलाधिकारी द्वारा नामित अधिकारी नायब तहसीलदार घनश्याम शुक्ला को सौंपा गया। इसी कड़ी में स्थानीय समस्याओं को लेकर दूसरा ज्ञापन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अनूप कुमार त्रिपाठी को सौंपा गया।



बीएसए कार्यालय पर धरने को संबोधित करते जिलाध्यक्ष उदय शंकर शुक्ल • जागरण



धरने में शामिल शिक्षक • जागरण

संघ जिलाध्यक्ष उदय शंकर शुक्ल ने कहा कि वर्ष 2005 में लागू की गई एनपीएस. व्यवस्था की दुर्दशा बयान नहीं की जा सकती। 19 वर्ष के बाद भी समय से न तो खाते खुले और न ही कटौतियां सुव्यवस्थित ढंग से हुईं। दोष पूर्ण व्यवस्था के कारण अधिकारी, कर्मचारी, शिक्षक आर्थिक, मानसिक उत्पीड़न झेल रहे हैं, आकस्मिक, दैवीय घटना होने पर परिवार का भविष्य सुरक्षित नहीं रह गया है। कहा कि 21 अक्टूबर को जनपद के सभी परिषदीय विद्यालय पूर्ण तालाबंदी करेंगे। सभी शिक्षक अपने विद्यालय परिवार सहित आंदोलन में शामिल होंगे।

धरने को संघ के कार्यवाहक अध्यक्ष अखिलेश मिश्र, जिला मंत्री राघवेन्द्र प्रताप सिंह, संयुक्त मंत्री विजय प्रकाश चौधरी, जिला कोषाध्यक्ष अभय सिंह यादव, जिला उपाध्यक्ष एवं सदर ब्लाक अध्यक्ष शैल शुक्ला, जिला प्रवक्ता सूर्य प्रकाश शुक्ल, देवेन्द्र वर्मा, आनन्द दूबे, राजकुमार सिंह, महेश कुमार, दिवाकर सिंह, इन्द्रसेन मिश्र, नरेन्द्र पाण्डेय, राम प्रकाश शुक्ल, चन्द्र प्रकाश चौरसिया, अभिषेक उपाध्याय, शशिकान्त धर द्विवेदी, सन्तोष कुमार शुक्ल, राम पाल चौधरी, रामभरत वर्मा, सन्तोष शुक्ल, रजनीश मिश्र, सरिता पाण्डेय, रीता शुक्ला, राजीव पाण्डेय, बब्बन पाण्डेय, ओम प्रकाश पाण्डेय, राजेश कुमार चौधरी, राधेश्याम मिश्र,राम पराग चौधरी, चन्द्रिका सिंह, ज्ञान प्रकाश उपाध्याय, अखिलेश कुमार चौधरी, ओम प्रकाश, योगेश्वर शुक्ल, रक्षाराम वर्मा, सतीश शंकर शुक्ल आदि ने संबोधित करते हुए शिक्षक समस्याओं पर विस्तार से प्रकाश डाला।

---

# पैरा मेडिकल विद्यार्थियों को फर्जी मार्कशीट देने की आरोपी गिरफ्तार

## गुलशन फातिमा के खिलाफ न्यायालय से जारी हुआ था गैर जमानती वारंट, दो केस में वांछित थी गुलशन

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** पैरा मेडिकल विद्यार्थियों को फर्जी मार्कशीट देने के आरोप में नामजद गुलशन फातिमा को पुलिस ने बृहस्पतिवार को गिरफ्तार कर लिया। केस की तफ्तीश कर रही एसआईटी के विवेचक व क्राइम ब्रांच में तैनात इंस्पेक्टर संजय कुमार की टीम ने उसे पकड़ा।



आरोपी गुलशन।

जानकारी के अनुसार, संतकबीरनगर जिले के कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के टेमा रहमत निवासी गुलशन फातिमा और उसके पति मो. वसीम पर अलग-अलग दो केस दर्ज हैं। इसमें बाकी आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके थे, मगर गुलशन फरार चल रही थी। उसके खिलाफ न्यायालय ने गैर जमानती वारंट जारी किया गया था।

छात्रा शालिनी वर्मा ने तहरीर देकर आरोप लगाया था है कि सरदार पटेल सत्यांजलि पैरा मेडिकल कॉलेज हर्दिया के नाम से फर्जी स्कूल खोलकर एएनएम कोर्स के लिए दाखिला किया गया। फर्जी मार्कशीट थमा दी गई। जब विद्यार्थियों ने रुपये मांगे तो आत्महत्या कर लेने की धमकी देते हुए जिम्मेदार कॉलेज से भाग गए।

पुलिस ने कॉलेज संस्थापक सत्यप्रकाश पटेल निवासी बरगदवा थाना कोतवाली, उप प्रबंधक मो. वासीम, गुलशन फातिमा पत्नी मो. वासीम निवासी टेमा रहमत थाना खलीलाबाद जिला संतकबीरनगर, फुरकान निवासी टेमा रहमत खलीलाबाद संतकबीरनगर आदि पर केस दर्ज किया।

इससे पहले एक जून को छात्रा लक्ष्मी गुप्ता की तहरीर पर सत्यप्रकाश पटेल, मो. वासीम, फातिमा व अन्य के खिलाफ एक और केस दर्ज हुआ था। दोनों केस में पुलिस को गुलशन फातिमा की तलाश थी।

### अभिभावकों की शिकायत पर आईजी ने दिखाई दिलचस्पी

14 सितंबर को बी-फार्मा, डी-फार्मा के विद्यार्थियों व अभिभावकों ने आईजी से मिलकर अपनी समस्याओं को रखा था। इसके बाद आईजी ने एसआईटी के गठन का आदेश दिया। उन्होंने कहा कि प्रकरण से संबंधित पीड़ित बच्चे एसआईटी के समक्ष अपनी समस्या रख सकते हैं।

### एसआईटी कर रही है मामले की तफ्तीश

फर्जी पैरा मेडिकल कॉलेज खोलकर छात्र-छात्राओं से लाखों रुपये ऐंठने के मामले में आईजी आरके भारद्वाज ने एसआईटी का गठन किया है। एसआईटी का गठन कोतवाली और कप्तानगंज थाने में धोखाधड़ी को लेकर दर्ज चार एफआईआर की लंबित विवेचना का निस्तारण करने के लिए किया गया है। चार सदस्यीय यह टीम सीओ सदर आलोक प्रसाद के पर्यवेक्षण में तफ्तीश कर रही है। इसमें क्राइम ब्रांच के इंस्पेक्टर संजय कुमार को मुख्य विवेचक नियुक्त किया गया है। कोतवाली थाने के एसआई ललितकांत यादव व एसआई वीरेंद्र सरोज सह विवेचक हैं। एसपी को इस टीम की विवेचना का समय-समय पर समीक्षा करने को कहा गया है।

### कप्तानगंज और कोतवाली में दर्ज हैं चार केस

फर्जी नर्सिंग कॉलेज खोलकर छात्र-छात्राओं से धन वसूली के मामले में कोतवाली और कप्तानगंज थाने में चार केस दर्ज हैं। कोतवाली में दर्ज एक केस में कप्तानगंज क्षेत्र के पटखौली की शालिनी वर्मा ने तहरीर दी। तहरीर के आधार पर 11 आरोपी नामजद किए गए हैं। आरोप लगाया गया है कि सरदार पटेल सत्यांजलि पैरामेडिकल कॉलेज हर्दिया के नाम से फर्जी कॉलेज खोलकर एएनएम कोर्स के लिए दाखिला लिया गया। फर्जी मार्कशीट दी गई। जब विद्यार्थियों ने रुपये मांगे तो आत्महत्या कर लेने की धमकी देते हुए आरोपी भाग गए। पुलिस ने इस मामले में कॉलेज संस्थापक सत्यप्रकाश पटेल, उप प्रबंधक मो. वासिम, गुलशन फातिमा समेत 11 लोगों को नामजद किया था।

### 38 लाख रुपये के गोलमाल का लगा है आरोप

कप्तानगंज में निजी इंटर कॉलेज चलाने वाले रेहरवा निवासी कृष्ण कुमार चौधरी ने दर्ज कराते हुए आरोप लगाया था कि लालगंज क्षेत्र के रक्सा निवासी राम आशीष यादव, विनोद कुमार यादव निवासी बरेली और स्वतंत्र श्रीवास्तव निवासी उरई जालौन ने उन्हें डी फार्मा, एएनएम व जीएनएम कोर्स की मान्यता दिलाने का झांसा दिया। उन लोगों ने कई शिक्षण संस्थाओं का ऑनलाइन व ऑफलाइन ब्योरा दिखाया। इसके बाद छात्र-छात्राओं का प्रवेश कराने के लिए तीनों खाते के अलावा अन्य खाते में 38 लाख रुपये जमा करा लिए। पूछने पर उन लोगों ने बताया कि विद्यार्थियों का एडमिशन ओडिशा के पैरा मेडिकल कॉलेजों में करा दिया है।

# जमीन बंटवारे को लेकर मारा पीटा, मुकदमा

बस्ती : परशुरामपुर थाने के बेनीनगर निवासी एक महिला ने तहरीर में आरोप लगाया कि जमीन बंटवारे के विवाद को लेकर कुछ लोगों ने उन्हें व उनके बेटे को अपशब्द कहते हुए मारा पीटा और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आशीष पांडेय, देवसरन, अनूप पांडेय व अमरनाथ पांडेय के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

# मारपीट के दो मामलों में चार पर मुकदमा

गोटवा, बस्ती : नगर पुलिस ने मारपीट के दो मामलों में चार लोगों के खिलाफ मारपीट व जान से मारने की धमकी की धारा में मुकदमा दर्ज किया है। नगर थाना क्षेत्र के सराय गांव निवासी संगम भारती ने तहरीर देकर आरोप लगाया है कि घर के बंटवारे व पुरानी रंजिश को लेकर विपक्षियों ने लाठी डंडा लेकर उन्हें जमकर मारा पीटा। अपशब्द कहते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने रामकुमार, रवि कुमार व अभिषेक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। वहीं एक अन्य मामले में नगर थाना क्षेत्र के अगईभगाड़ गांव निवासी रामनाथ सिंह ने पुलिस को दिए गए तहरीर में आरोप लगाया है कि अनायास ही गांव निवासी सोनल सिंह उन्हें अपशब्द कहने लगे। मना करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए मारा पीटा। पुलिस ने आरोपित के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# धोखाधड़ी में तीन नामजद

**भानपुर, बस्ती**: सोनहा पुलिस ने न्यायालय के निर्देश पर तीन लोगों के विरुद्ध धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। आरोप है कि इनके द्वारा कुछ लोगों को दुष्कर्म के मुकदमे में फंसाने के लिए कूटरचित प्रमाणपत्रों का सहारा लिया गया। अंकित जायसवाल निवासी असनहरा ने न्यायालय में वाद दायर कर आरोप लगाया था कि शाहिद हुसैन निवासी चिरई बुजुर्ग, अब्दुल शमद निवासी नौवागांव, इरशाद मौलाना मदरसा अलमहदूस ने कूटरचित प्रमाणपत्र प्रस्तुत किया। प्रभारी निरीक्षक शैलेश कुमार सिंह ने बताया कि न्यायालय के निर्देश पर तीन लोगों के विरुद्ध केस दर्ज कर मामले की छानबीन की जा रही है।

# बुजुर्ग महिला से दुष्कर्म का आरोप, मुकदमा

बस्ती : वाल्टरगंज थाना क्षेत्र की रहने वाले एक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 11 सितंबर को उनकी 65 वर्षीय बहन सुबह 8 .30 बजे चरी काटने गई थी ।इसी बीच उनके पट्टीदार शोभनाथ कहीं से टहलते हुए उसी खेत के पास पहुंचे। आरोप लगाया कि उनकी बहन को अकेला पाकर आरोपित ने दुष्कर्म किया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया है। थानाध्यक्ष रामदेव ने बताया कि घटना संदिग्ध है। मामला दोनों पक्षों के बीच आपसी विवाद का है।

# निमंत्रण में गई युवती से दुष्कर्म तीन लोग नामजद

बस्ती। हरैंया पुलिस ने सहेली के घर गई युवती को झांसा देकर दुष्कर्म करने के आरोप में तीन आरोपियों पर केस दर्ज किया है।

इस संबंध में पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर कहा है कि 18 जून को वह सहेली के घर निमंत्रण पर गई थी, जहां उसकी कमलेश से जान पहचान हो गई। उसने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया।

शादी के लिए कहने पर अपशब्द कहने लगा। पुलिस ने गोंडा जिले के खोड़ारे थाने के संतडीह अगया हाता निवासी कमलेश, उसके पिता व माता पर केस दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों की तलाश की जा रही है। संवाद

# मासूम अनुराग बोला- स्कूल जाते समय पैर छुए तो कुछ नहीं बोले मम्मी-पापा

## भाइयों को बताए बिना जमीन बेचने, दलाल को इसका कमीशन देने के दबाव की चर्चा

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** नगर पंचायत के शास्त्री नगर वार्ड में दंपती के विषाक्त पदार्थ खा लेने की घटना से पूरा कस्बा स्तब्ध है। लोगों में इसे लेकर कई तरह की चर्चा की जा रही है। दंपती के जहर खाने की जानकारी सबसे पहले राम नवल किशोर के बड़े बेटे अनुराग ने दी।

आठवीं में पढ़ने वाले अनुराग ने बताया कि रोज वह मम्मी-पापा का पांव छूकर स्कूल जाता था। बृहस्पतिवार को भी सुबह स्कूल जाने के लिए तैयार होकर जब मम्मी-पापा के पैर छूने के लिए उनके पास गया।

दोनों ने कोई जवाब नहीं दिया। दोनों बेसुध पड़े हुए थे। इससे घबराकर उसने शोर मचाकर आसपास के लोगों को बुला लिया।

इधर, मृतक राम नवल के दोनों भाई व परिवार के अन्य सदस्य उसकी पत्नी को लेकर गोरखपुर मेडिकल कालेज गए हैं। उसके तीन बच्चों को लेकर घर पर मौजूद पिता गबोधर उर्फ बाबूराम किसी भी जानकारी से इन्कार कर रहे हैं। कहते हैं कि वह तो खुद हैरान हैं कि ऐसा कैसे हो गया।



राम नवल के बड़े भाई राम स्वरूप और बच्चे। संवाद

वहीं, लोगों में गुपचुप तरीके से जमीन बेचने को लेकर चर्चा है। गबोधर के तीन बेटों में सबसे बड़ा राम स्वरूप, फिर बसंतलाल और तीसरे नंबर का बेटा राम नवल किशोर था। राम स्वरूप गांव के अंदर के मकान में रहता है।

बसंत लाल सड़क के पास के खेत में दो-तीन कमरे का मकान बनाकर रहता है। जबकि राम नवल सड़क पर स्थित अपनी जमीन में मकान बनाकर तीन बच्चों व पत्नी के साथ रहता था। परिवार में 20 बीघा जमीन है।

घटना के बाद घर पर जुटे लोगों में कुछ लोगों का कहना है कि उस जमीन का कुछ हिस्सा गुपचुप तरीके से राम नवल ने एक दलाल के जरिए बेच दी थी। इसकी जानकारी बाकी भाइयों व पिता को नहीं थी। दबी जुबान लोगों ने बताया कि भाइयों को इसकी जानकारी हुई तो वे लोग अपना हिस्से के रुपये के लिए दबाव बनाने लगे।

उधर, जिस दलाल के माध्यम से जमीन बेची गई थी वह अपने कमीशन को लेकर दबाव बनाए हुए था। इसी वजह से राम नवल ने पत्नी के साथ जहर खा लिया। हालांकि पुख्ता तौर पत्नी के बयान पर ही कुछ कहा जा सकेगा।

### एक सवाल यह भी

**तीन** भाइयों में सबसे छोटे राम नवल किशोर के जमीन बेच देने की बात को कुछ लोग यह कहकर खारिज कर रहे हैं कि पिता के जीवित रहते पैतृक जमीन उसके नाम कैसे हो गई होगी। कुछ लोगों का कहना है कि हो सकता है कि उसने जमीन के लिए किसी से रुपये लेकर खर्च कर दिया हो और जिससे रुपये लिया हो वह रजिस्ट्री करने के लिए दवाब बना रहा हो। उधर, भाइयों को इसकी जानकारी हुई हो तो वह लोग अपना हिस्सा मांगने लगे हों। इन सवालों का फिलहाल किसी के पास जवाब नहीं है।

# रहिए सावधान : गलती से रुपये भेजने को कहकर साइबर अपराधी कर रहे फ्रॉड

## एक रुपये भेजकर दस-बीस हजार भेजने का करते हैं दावा, रुपये वापस की बात कह खंगाल रहे हैं खाता

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** आपके बैंक खाते में गलती से रुपये चले गए हैं, आप देखिए मैसेज गया होगा। हो सकता है कि वह ऐसा भी कहें कि आपके खाते में रुपये भेज रहा हूं, वापस कर दीजिएगा। कोई ऐसा फोन करे तो सावधान हो जाइए।

यह साइबर अपराधियों के फ्राड का नया तरीका है। साइबर अपराधी ऐसे मैसेज भेजकर झांसे में लेते हैं और बिना रुपये भेजे अपने खाते में रकम मंगवा लेते हैं। कई लोगों के साथ हाल के दिनों में इस तरह के फ्राड हो चुके हैं।

जानकारों का कहना है कि साइबर अपराधी लोगों को उलझाने के लिए नए-नए तरीके इस्तेमाल कर रहे हैं जिसमें यह नया तरीका सामने आया है। जालसाज फर्जी मैसेज भेजते हैं कि आपके खाते में रुपये क्रेडिट कर दिए गए हैं। अगले को मैसेज देखकर यकीन हो जाता है कि उसके खाते में वाकई रुपये आ गए होंगे।

जबकि वह मैसेज फर्जी होता है। साइबर विशेषज्ञ शैलेश श्रीवास्तव बताते हैं कि ऐसे कॉल और मैसेज से सावधान रहने की जरूरत है।

**केस 1** नगर बाजार निवासी राम गोपाल के पास एक व्यक्ति ने तीन दिन पहले कॉल कर कहा कि पहचाने नहीं, हम तुम्हारी गुड़िया दीदी के हसबैंड बोल रहे हैं। हमें एक व्यक्ति से रुपये लेना है अपना फोन-पे नंबर दे दो, उसमें 25 हजार रुपये भेजवा रहा हूं, बाद में हमें भेज देना। इसने नंबर बता दिया तो उसने एक रुपये भेज दिया। मैसेज आने के बाद फिर बोला कि देखो अब 25 हजार का मैसेज गया होगा। मैसेज बाक्स में वाकई ऐसा मैसेज आया था। मगर रुपये सिर्फ एक आए थे। कुछ देर बाद उसने फिर कॉल कर कहा कि उसमें से पांच हजार रुपये हमें भेज दो, बाकी बाद में दे देना। हालांकि राम गोपाल को पता चल गया था कि उसके साथ फ्राड हो रहा है तो उसने फोन काट दिया।

**केस 2** गांधीनगर निवासी अरविंद श्रीवास्तव के पास 17 सितंबर को फोन आया कि वह रायबरेली से अनुराग बोल रहा है। आपके खाते में गलती से 15 हजार रुपये चला गया है। इसका आपके पास मैसेज गया होगा। जल्दी से रुपये वापस भेज दीजिए। अरविंद ने मैसेज बॉक्स चेक किया तो वाकई एक मैसेज आया था कि आपके खाते में 15 हजार रुपये क्रेडिट कर लिए गए हैं। यकीन हो जाने पर अरविंद श्रीवास्तव ने कथित अनुराग के बताए नंबर पर 15 हजार रुपये भेज दिए। तीन दिन बाद जब बैंक से रूटीन में करेंट अकाउंट बैलेंस का मैसेज आया तो 15 हजार रुपये कम बताने लगा। हैरानी होने पर अरविंद ने नेट बैंकिंग के जरिए अपना ट्रांजेक्शन देखा तो पैरों तले जमीन सरक गई। पता चला कि उनके खाते में रुपये आए ही नहीं थे। ध्यान से देखे तो मैसेज बैंक का नहीं, बल्कि फर्जी नंबर से आया था।

### ये सावधानी बरतें

- अपना यूपीआई नंबर अनजान व्यक्ति को न दें।
- कोई कितना भी कहे कि गलती से रुपये चला गया है, मगर यकीन न करें।
- अगर लगे कि वाकई रुपये आ गए हैं तो ऑनलाइन वापस करने के बजाए बुलाकर हाथ में दें।
- रुपये आने की जानकारी होने पर जरूरी लगे तो अकाउंट बैलेंस चेक करें।
- एसएमएस आने की कोई कहे तो बैंक डिटेल बिना देखे यकीन न करें।

# दहेज उत्पीड़न के तीन मामलों में 30 आरोपियों पर केस

बस्ती। दहेज के लिए विवाहिताओं का उत्पीड़न बढ़ता जा रहा है। पुलिस ने बृहस्पतिवार को ऐसे तीन मामलों में 30 आरोपियों पर केस दर्ज किया है।

वाल्टरगंज पुलिस ने चंदोखा गांव में दहेज के लिए विवाहिता का उत्पीड़न करने के आरोप में छह ससुरालियों पर केस दर्ज किया है। इस संबंध में नगर थाना क्षेत्र के मसहा में पिता के घर रह रही किरन राजभर ने तहरीर दी है। उसने बताया है कि उसकी शादी चंदोखा निवासी सुनील के साथ हुई थी।

शादी के बाद पति, ससुर, सास, जेठ व ननद कम दहेज देने की बात आए दिन मारते-पीटते हैं। पुलिस ने पति सुनील, ससुर राम तीरथ, सास सुन्दरावती, जेठ संतोष, ननद आरती व रीता पर केस दर्ज किया है। इसी प्रकार महिला थाना पुलिस ने लालगंज थाने के जिगिना निवासी विवाहिता की तहरीर पर चार ससुरालियों पर

## वाल्टरगंज व महिला थाने में दर्ज किए गए तीनों मामले

दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज किया है। इस संबंध में दीपा मिश्रा ने तहरीर दी है। उसने बताया है कि 14 सितंबर की सुबह करीब नौ बजे ससुराल के लोगों ने दहेज में एक लाख रुपये की मांग करने लगे। न देने पर अपशब्द कहते हुए पिटाई की। पुलिस ने पीड़िता के पति दिलीप मिश्र, ससुर रमाशंकर, सास उर्मिला और देवर संदीप पर केस दर्ज किया है।

एक अन्य मामले में महिला थाना पुलिस ने मुसहा बरहपेड़ा थाना दुबौलिया निवासी विवाहिता को दहेज में चार लाख रुपये को लेकर शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित करने, मारपीट कर घर से निकाल देने के मामले में केस दर्ज किया गया है। संवाद

अमर उजाला
क्लासीफाइड
विज्ञापन बुक करने के लिए कॉल करें-

# पुरानी पेंशन बहाली के लिए निकाली रैली

## नलकूप कार्यालय परिसर से कर्मियों ने निकाला जुलूस, डीएम कार्यालय में सौंपा ज्ञापन



पुरानी पेशन बहाली के लिए राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने जुलूस निकालकर किया विरोध-प्रदर्शन। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

बस्ती। पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मंच ने राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर बृहस्पतिवार को राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के नेतृत्व में प्रदर्शन किया। नलकूप परिसर में बड़ी संख्या में एकत्र कर्मचारियों ने जुलूस निकाला। रास्ते भर सरकार विरोधी नारे लगाते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे। यहां डीएम के प्रतिनिधि एसडीएम को प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा।

जुलूस कंपनीबाग, पानी की टंकी, न्याय मार्ग होते हुए डीएम कार्यालय पहुंचा। कर्मचारी अपने हाथों में पुरानी पेंशन बहाल करो स्लोगन लिखी हुई तख्तियां लहरा रहे थे। जुलूस के चलते सड़कों पर घंटों जाम लगा रहा। आंदोलन की अगुवाई परिषद के जिलाध्यक्ष मस्तराम वर्मा ने की।

कार्यवाहक अध्यक्ष राम आधार पाल और मंत्री तौलू प्रसाद ने कहा कि राजस्थान सहित देश के अनेक राज्यों में पुरानी पेंशन नीति बहाल हो चुकी है। केंद्र और उत्तर प्रदेश की सरकार इस दिशा में गंभीर नहीं है। यदि सरकार ने समय रहते पुरानी पेंशन नीति को बहाल नहीं किया तो राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर लोकसभा चुनाव से पूर्व देश व्यापी आंदोलन किया जाएगा। आंदोलन को विभिन्न कर्मचारी संगठनों ने समर्थन भी दिया। कामकाज छोड़कर लोगों ने रैली में हिस्सा लिया।

इस मौके पर बालकृष्ण ओझा, अरूणेश पाल, अखिलेश पाठक, सरोज मिश्र, सचिन पांडेय आदि मौजूद रहे। पेंशनर कल्याण संस्था के अध्यक्ष जलालुद्दीन कुरैशी के नेतृत्व में पेंशनरों ने भी आंदोलन में हिस्सा लिया।

## पुरानी पेंशन बहाली के लिए शिक्षकों ने दिया धरना



बीएसए कार्यालय पर आयोजित धरने में शामिल हुए शिक्षक। संवाद

बस्ती। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष उदय शंकर शुक्ल के नेतृत्व में बीएसए भवन परिसर में पुरानी पेंशन बहाली के लिए धरना दिया गया। इस दौरान शिक्षकों ने एनपीएस का पुतला भी फूंका। अंत में बीएसए और नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि वर्ष 2005 में लागू की गई एनपीएस व्यवस्था कर्मचारियों के लिए हितकर नहीं है। 19 वर्ष के बाद भी समय से न तो खाते खुले और न ही कटौती सुव्यवस्थित हो पाई। दोष पूर्ण व्यवस्था के कारण अधिकारी, कर्मचारी, शिक्षक आर्थिक, मानसिक उत्पीड़न झेल रहे हैं। आकस्मिक, दैवीय घटना होने पर कर्मचारियों के परिवार का भविष्य सुरक्षित नहीं रह गया है। एनपीएस में पेंशन भुगतान की गारंटी भी नहीं दी गई है। यदि सरकार पुरानी पेंशन बहाल नहीं करेगी तो 21 अक्तूबर को सभी परिषदीय विद्यालयों में तालाबंदी कर आंदोलन किया जाएगा। इसके अलावा शिक्षकों, अनुदेशकों से जुड़े स्थानीय मुद्दे भी उठाए गए। मांग की गई सभी संविदा कार्मिकों का मानदेय समय से दिलाया जाए। रसोइया, अनुदेशक, शिक्षामित्र आदि स्टॉफ मानदेय के लिए कई-कई महीने इंतजार कर रहे हैं। इस मौके पर अखिलेश मिश्र, राघवेंद्र प्रताप सिंह, विजय प्रकाश चौधरी, अभय सिंह यादव, सूर्य प्रकाश शुक्ल, आदि मौजूद रहे। संवाद

**21 अक्तूबर को स्कूल बंद कर दी गई आंदोलन की चेतावनी**

# अलग-अलग स्थानों से तीन किशोरियां लापता, केस दर्ज

संवाद न्यूज एजेंसी

**कोतवाली, मुंडेरवा व लालगंज थाने में दर्ज किए गए मामले**

बस्ती। जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्र से तीन किशोरियों को बहला-फुसलाकर साथ ले जाने के मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। तीनों अलग-अलग दिनों में लापता हुई हैं।

कोतवाली पुलिस ने 15 वर्षीय किशोरी के लापता होने के मामले में केस दर्ज किया है। इस संबंध में किशोरी के पिता की तरफ से तहरीर दी गई है।

आरोप लगाया गया है कि 30 अगस्त की सुबह करीब नौ बजे बेटी पक्के बाजार गई थी। काफी खोजबीन के बाद उसका पता नहीं चल पाया। कोतवाल विनय कुमार पाठक ने बताया कि केस दर्ज कर किशोरी की खोजबीन की जा रही है।

मुंडेरवा पुलिस ने एक छात्रा को बहला-फुसलाकर साथ ले जाने के मामले में उसी स्कूल के छात्र पर केस दर्ज किया है। छात्रा की मां ने तहरीर में कहा है कि दस अगस्त को बेटी स्कूल गई थी, लेकिन घर नहीं आई। पूछताछ में पता चला कि उसी स्कूल में पढ़ने वाले इसरार अली उर्फ सलमन बहला-फुसाकर साथ ले गया है।

एक अन्य मामले में लालगंज पुलिस ने केस दर्ज किया है। किशोरी की मां ने तहरीर देकर आरोप लगाया है कि संतकबीरनगर जिले के महुली थाने के गोरयाभार निवासी प्रमोद उसकी बेटी को बहला-फुसलाकर साथ ले गया।

# माता-पिता की लाठी से पिटाई करने का आरोपी गिरफ्तार

संवाद न्यूज एजेंसी

बस्ती। रुधौली थाना क्षेत्र के हटवा बाजार में माता-पिता व भाई को लाठी से पीटने के आरोपी को बृहस्पतिवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। मारपीट में घायल आरोपी की 65 वर्षीय मां की मौत हो गई थी। हटवा बाजार निवासी 70 वर्षीय अब्दुल कलाम तथा छोटे बेटे मो. अहमद के बीच पारिवारिक विवाद को लेकर पांच सितंबर को मारपीट हुई थी।

जानकारी के अनुसार, मारपीट में अब्दुल कलाम, उनकी पत्नी सफिया खातून तथा बड़ा बेटा जमाल अहमद गंभीर रूप से घायल हो गए थे। रुधौली पुलिस ने घायलों का स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र पर उपचार कराया था।

## घायल मां की इलाज के दौरान मंगलवार को हो गई थी मौत

गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टर ने वृद्ध माता-पिता को जिला अस्पताल रेफर कर दिया था। वहां से रेफर होने के बाद साफिया खातून को गोरखपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया था।

15 सितंबर को सफिया खातून की गंभीर हालत को देखकर डॉक्टर ने जवाब दे दिया था। इसके बाद परिवार के लोग उन्हें घर ले आए थे।

मंगलवार की शाम को उनकी मौत हो गई। इस प्रकरण में पुलिस ने मारपीट का केस पहले ही दर्ज किया था। अब गैर इरादतन हत्या की धारा बढ़ाकर पुलिस ने आरोपी मोहम्मद अहमद को गिरफ्तार कर लिया है।

# SIDDHARTH NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-22-09-2023

# फरार आरोपियों के खिलाफ कराई मुनादी

बर्डपुर। कपिलवस्तु कोतवाली पुलिस ने फरार चल रहे अपहरण के आरोपियों के विरुद्ध मुनादी कर 82 सीआरपीसी का तामिला गुरुवार को कराया गया। इस दौरान गांव में मुनादी भी कराई गई। प्रभारी निरीक्षक ज्ञानेंद्र कुमार राय के नेतृत्व में एसआई राधेश्याम यादव व अशोक कुमार पुलिस टीम के साथ राजकुमार पुत्र फागू व फागू पुत्र कांशीराम निवासी बर्डपुर नंबर सात टोला विशुनपुर के आवास पर पहुंचे।

नीबी दोहनी गांव के कंपोजिट कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय में छात्रा ने चौथी से आठवीं तक ग्रहण की है शिक्षा

# पीड़िता की एक ही स्कूल में दो-दो जन्मतिथि

हि फॉलोअप

■ प्राइमरी की कक्षा चार के रजिस्टर में जन्मतिथि से छेड़छाड़
■ प्रवेश रजिस्टर में साफ तौर पर दिख रही है ओवर राइटिंग

■ सुजीत अग्रहरि

सिद्धार्थनगर। शोहरतगढ़ कस्बे से सटे नीबी दोहनी गांव में स्थित कंपोजिट कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय में शिक्षा ग्रहण की छात्रा को छेड़खानी के मामले में न्याय दिलाने की बजाए जिम्मेदारों ने खेल कर दिया है। बेसिक शिक्षा विभाग के इस विद्यालय में चौथी से आठवीं तक शिक्षा ग्रहण की छात्रा के प्रवेश रजिस्टर में दो-दो जन्मतिथि अंकित है। इसमें एक जन्मतिथि से छात्रा बालिग है तो दूसरे से नाबालिग। बालिग वाली कक्षा चौथी के जन्मतिथि में छेड़छाड़ है। इसकी कटिंग प्रवेश रजिस्टर पर साफ तौर पर दिख रहा है। यह सब जानते हुए भी पुलिस ने कटिंग वाली जन्मतिथि को आधार मानकर आरोपित को पाक्सो की धारा में राहत दिलाई है।

दरअसल, शोहरतगढ़ कस्बे के एक वार्ड में दो अगस्त की रात एक किशोरी अपने घर में अकेली थी। किशोरी को अकेला देख वार्ड नंबर 10, गांधी नगर निवासी जग्गू उर्फ ताज मोहम्मद पुत्र रमजान घर में घुसकर मुंख दबाकर छेड़खानी कर रहा था। इस मामले में पुलिस ने आरोपित पर 452, 354 (क) व पाक्सो की धारा में मुकदमा पंजीकृत किया और बाद में पाक्सो की धारा को हटा दिया। इस मामले की तह में जाने पर पाक्सो हटाने के पीछे हेडमास्टर व पुलिस की मिलीभगत साफ तौर पर उजागर हो रही है। पीड़ित छात्रा जुलाई 2018 में प्राथमिक विद्यालय नीबी दोहनी में कक्षा चौथी में प्रवेश ली थी। यह प्रवेश हेडमास्टर परमानंद श्रीवास्तव ने किया था। इस कक्षा की प्रवेश रजिस्टर पर चार अप्रैल 2004 जन्मतिथि अंकित है। इस लिखे जन्मतिथि में ओवर राइटिंग साफ तौर पर पता चल रहा है। जबकि इसी परिसर में स्थित जूनियर हाईस्कूल में पीड़िता छात्रा ने अप्रैल 2019 में कक्षा छठवीं में प्रवेश लिया है।

छात्रा का यह प्रवेश हेडमास्टर मीना कुमारी ने लिया था और उन्होंने प्रवेश रजिस्टर पर जन्मतिथि 25 जुलाई 2010 अंकित किया है। इन दोनों जन्मतिथि में न सिर्फ छह साल का अंतर है, बल्कि छेड़छाड़ वाले चौथी की जन्मतिथि से छात्रा 19 वर्ष की है और छठवीं की जन्मतिथि से महज 13 साल की है। दोनों जन्मतिथि में छह साल का अंतर होने के बाद भी प्रकरण की जांच कर रहे एसआई व जांच अधिकारी शेषनाथ यादव छेड़छाड़ वाले जन्मतिथि को ही आधार मानकर आरोपित के ऊपर से पाक्सो की धारा को हटाकर राहत दे दिया है।

**स्थानांतरण प्रमाणपत्र पर ही हुआ था प्रवेश:** प्राइमरी विद्यालय में अध्ययनरत छात्रा के चौथी उत्तीर्ण करने के बाद एक अप्रैल 2019 में पांचवीं में प्रवेश हुआ और 31 जुलाई 2019 में नाम खारिज कर अन्यत्र नामांकन का रजिस्टर में उल्लेख है, जबकि आठ अप्रैल 2019 में इसी विद्यालय परिसर में स्थित जूनियर हाईस्कूल में छात्रा ने कक्षा छठवीं में प्रवेश लिया है। इस कक्षा की प्रवेश रजिस्टर पर छात्रा की जन्मतिथि 25 जुलाई 2010 अंकित है। यह जन्मतिथि प्राइमरी छोड़ने के बाद दिए गए स्थानांतरण प्रमाण पत्र के आधार पर या फिर हेडमास्टर परमानंद श्रीवास्तव के बताने पर ही कक्षा छठवीं की प्रवेश रजिस्टर पर अंकित किया गया है। वहीं पांचवीं के सत्र में छठवीं में छात्रा का प्रवेश किस आधार पर लिया गया यह भी सवाल खड़ा हो गया है।

## प्रवेश रजिस्टर में लिखावट की स्याही में अंतर

पीड़ित छात्रा का प्राइमरी विद्यालय में वर्ष 2018 में कक्षा चौथी में प्रवेश लिया गया। इस प्रवेश रजिस्टर के आयु वाले कालम में काले कलर की पेन से अंकों में जन्मतिथि व छात्रा की डिटेल लिखी है, जबकि हिंदी में जन्मतिथि नीले कलर से लिखी गई है। इसके अलावा अंक की जन्मतिथि के वर्ष वाले कालम में भी नीले कलर की पेन से ही ओवर राइटिंग है।

"शोहरतगढ़ कस्बे से सटे नीबी दोहनी गांव में स्थिति कंपोजिट कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय में शिक्षा ग्रहण की छात्रा के अभिलेख में छेड़छाड़ क्यों किया गया है यह जांच से ही पता चल सकेगा। बीएसए ने जोगिया बीईओ को जांच सौपी है। जांच हो जाने के बाद ही सच्चाई का पता चल सकेगा।

**संतोष कुमार शुक्ल,** बीईओ, शोहरतगढ़

## अंग्रेजी मीडियम होने के बाद मिला था चार्ज

अभिलेख में छेड़छाड़ के आरोप में निलंबित किए गए प्रभारी हेडमास्टर परमानंद श्रीवास्तव प्राथमिक विद्यालय व मीना कुमारी जूनियर हाईस्कूल की हेडमास्टर थी। सत्र 2019-20 में विद्यालय संविलियन होकर कंपोजिट कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय हो गया। संविलियन होने पर सीनियर होने के नाते मीना कुमारी हेडमास्टर थी, लेकिन कुछ ही दिनों बाद विभाग ने विद्यालय को अंग्रेजी माध्यम घोषित कर दिया।

# बैंकों, पेट्रोल-पंपों पर सीसीटीवी कैमरा अनिवार्य

बस्ती। रेंज के सभी जनपदों में आपराधिक गतिविधियों पर लगाम लगाने के लिए अब सभी पेट्रोल-पंपों और बैंक शाखाओं पर सीसीटीवी कैमरे लगवाना अनिवार्य कर दिया गया है। गुरुवार को आईजी आरके भारद्वाज ने तीनों जिले के एसपी के साथ बैठक कर अमल में लाने का निर्देश दिया।

कहा कि बस्ती, संतकबीरनगर और सिद्धार्थनगर के एसपी अपने-अपने जिले के सभी बैंकों/पेट्रोल-पंपों के संचालकों के साथ एक समन्वय बैठक कराएं। जिसमें निर्धारित अवधि तय करके उन्हें नोटिस जारी किया जाए। बैंकों और पेट्रोल-पंपों पर खराब पड़े सीसीटीवी कैमरे को ठीक कराएं। जहां पर कैमरे नहीं लगे हैं वहां जल्द लगवाएं। आईजी ने कहा कि आपराधिक घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने जाने के लिए ऑपरेशन दृष्टि/ऑपरेशन त्रिनेत्र चलाया जा रहा है। आईजी ने मंडल स्तर पर टीम गठित की है, जो तीनों जनपदों के पेट्रोल-पम्पों एवं बैंकों को अक्टूबर माह में कभी भी चेक करेगी। जिस थाना प्रभारी के क्षेत्र के बैंकों/पेट्रोल-पंपों पर सीसीटीवी कैमरे सक्रिय नहीं मिलेंगे, उनके विरुद्ध कार्रवाई होगी।

# मादक पदार्थों की तस्करी रोकने को किया जागरूक

जासं, लोटन : लोटन कोतवाली पुलिस ने आपरेशन कवच के तहत ग्राम पंचायत लोटन में ग्रामीणों के साथ बैठक कर उन्हें मादक पदार्थों की तस्करी रोकर युवाओं को नशा से बचाया जा सकता है। प्रभारी उप निरीक्षक घनश्याम सिंह ने ग्रामीणों को बताया कि अगर युवाओं को नशा से बचाना है तो बुजुर्गों व अभिभावकों को सजग रहना होगा। अंतरराष्ट्रीय भारत-नेपाल सीमा से मादक पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए आपरेशन कवच चलाया जा रहा है। नेपाल सीमा से 10 किमी भारत के अंदर 424 ग्राम पंचायतों में लोगों को जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों की सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम गुप्त रखा जाएगा। महिला आरक्षी किरन यादव ने महिलाओं को बताया कि सरकार महिला सुरक्षा को लेकर भी सजग है। इसके लिए महिला हेल्पलाइन के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान वसीम अहमद, हेमंत कुमार, इनरमती, जुग्दा आदि मौजूद रहे।

# नहर किनारे अचेत मिला युवक रस्सी से बंधे थे हाथ और पैर

शोहरतगढ़, हिन्दुस्तान संवाद। कठेला समय माता थाना क्षेत्र के गाजीपुर गांव के पास से बही नहर के किनारे एक युवक पड़ा हुआ बुधवार रात मिला। युवक का हाथ पैर रस्सी से बंधा था। वह बेहोश था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जिला अस्पताल में भर्ती करा दिया है। युवक की पहचान हो गई है वह चिल्हिया थाना क्षेत्र का निवासी है। वह घर से 15 सितंबर से ही गायब था।

कठेला समय माता थाना क्षेत्र के गाजीपुर गांव के पास से बही नहर के किनारे बुधवार रात कुछ ग्रामीण पहुंचे तो देखा कि एक युवक पड़ा हुआ है। करीब जाकर देखा तो कपड़े फटे हुए थे। हाथ पैर रस्सी से बंधा था। वह बेसुध था इससे अंदाजा नहीं लग पा रहा था कि जीवित है या मृत्यु हो चुकी है।

गामीणों ने पुलिस को सूचना दी तो मौके पर पहुंच गई। युवक की सांस चल रही थी। उसे पुलिस वालों ने जिला अस्पताल लाकर भर्ती करा दिया। इस बीच युवक की शिनाख्त हो गई। युवक की पहचान त्रिलोकी चौरसिया (25) पुत्र जामवंत चौरसिया निवासी महदेवा गंगा राम थाना चिल्हिया के रूप में हुई। वह 15 सितंबर से ही घर से गायब था। उसी दिन शाम को चिल्हिया थाना में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज हुई थी।

# पुलिस ने तीन की खोली हिस्ट्रीशीट

सिद्धार्थनगर। पुलिस ने कानून-व्यवस्था बनाए रखने एवं अपराध व अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए लूट व पशु वध करने में संलिप्त तीन आरोपियों के आपराधिक क्रिया-कलापों पर निगरानी के लिए हिस्ट्रीशीट खोली है।

# बैंकों और पेट्रोल पंपों पर सीसी कैमरे लगाना अनिवार्य

**जागरण संवाददाता, बस्ती**: पुलिस महानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र आरके भारद्वाज ने बैंकों और पेट्रोल पंपों पर सीसी कैमरे लगाना अनिवार्य कर दिया है। परिक्षेत्र के पुलिस अधीक्षकों को दिए निर्देश में कहा है कि कैमरे चालू रहने चाहिए, उसका बैकअप भी रहे। इससे वारदातों को रोकने और अपराधियों को पकड़ने में मदद मिल सकेगी।

आइजी ने कहा कि सभी बैंकों, पेट्रोल पंपों के संचालकों के साथ एक समन्वय बैठक करें। बैंक व पेट्रोल पंपों के संचालकों को सीसी कैमरे लगवाने के लिए निर्धारित अवधि का नोटिस जारी करें। बैंकों एवं पेट्रोल पंपों पर खराब पड़े सीसी कैमरे को तत्काल ठीक करा लिया जाए। जहां पर सीसी कैमरे नहीं लगे हैं वहां सीसी कैमरा दिए गए निर्धारित समय के अंदर स्थापित किया जाए।

**सीसी कैमरा चालू न होने के कारण नहीं मिल सका था फुटेज** : आइजी ने बताया कि जनपद संतकबीरनगर के थाना महुली स्थित पेट्रोल पंप पर लगा सीसी कैमरा चालू न होने के कारण पंप पर हुई लूट की वारदात से संबंधित फुटेज प्राप्त नहीं हो सकी थी। इसी प्रकार जनपद मिर्ज़ापुर में भी सीसी कैमरा काम न करने के कारण लूट की घटना से संबंधित फुटेज नहीं मिल सका था। ऐसे में आपराधिक घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने जाने के लिए आपरेशन दृष्टि व आपरेशन त्रिनेत्र के तहत सीसी कैमरे लगवाए जा रहे हैं।

# आबकारी टीम ने तीन क्विंटल लहन को किया नष्ट

जासं, शोहरतगढ़ : आबकारी निरीक्षक शोहरतगढ़ अजय कुमार के नेतृत्व में टीम ने गुरुवार को मिश्रौलिया थाना क्षेत्र के बहोरवाघाट, बैलियहवा, नई डहरिया, भैंसहवा में अवैध शराब को लेकर छापेमारी की। ग्राम बैलियहवा में राप्ती नदी के किनारे गड्ढों में प्लास्टिक के डिब्बों में छुपा कर रखा गया तीन क्विंटल लहन बरामद हुआ। उसे टीम ने मौके पर ही नष्ट कर दिया। तलाशी के दौरान 30 लीटर कच्ची मौके से बरामद हुई। बरामद शराब को कब्जे में लेकर आबकारी अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया। आबकारी निरीक्षक ने बताया कि राप्ती व बूढ़ी राप्ती नदी के किनारे झाड़ियों में छुप कर कच्ची बनायी जाती है। टीम समय-समय पर इन्हें पकड़ कर कार्रवाई करती रहती है।

# चार सौ किग्रा महुआ लहन कराया नष्ट

सिद्धार्थनगर। आबकारी निरीक्षकों की टीम ने थाना मिश्रौलिया के जुकईला, शुभोली, सुपौली नानकार एवं ककरहवा, वैलियहावा, मोहाना में मय स्टाफ दबिश दी। तलाशी में 40 लीटर कच्ची शराब बरामद हुई। आबकारी अधिनियम में केस दर्ज कराया गया।

दबिश के दौरान नदी के बंधे के किनारे सुनसान जगहों पर जमीन के अंदर गड्ढों में प्लास्टिक के डिब्बों में छिपा कर रखा गया चार सौ किग्रा महुआ लहन बरामद हुआ। उसे नष्ट कर दिया गया। इस दौरान आबकारी निरीक्षक बांसी संजय कुमार पांडेय, इटवा राम महेश, डुमरियागंज मोनी शुक्ला, कांस्टेबल राम सितारे, वीरेंद्र कुमार शामिल रहे। संवाद

# पुलिस ने चस्पा किया नोटिस

सिद्धार्थनगर : अपहरण के मुकदमे में फरार चल रहे अभियुक्तों के घर पर पुलिस ने धारा 82 के तहत डुग्गी मुनादी कराते हुए नोटिस चस्पा किया। क्षेत्र के बर्डपुर नंबर–7 के टोला विशुनपुरवा में कोतवाली पुलिस डुग्गी मुनादी कराते हुए गांव पहुंची। अभियुक्त राज कुमार लोध पुत्र फागू व फागू पुत्र काशी राम के घर नोटिस चस्पा किया गया। कोतवाली प्रभारी ज्ञानेंद्र राय ने बताया अभियुक्त फरार चल रहे है। न्यायालय की अनुमति के अनुसार यह कार्रवाई की जा रही है। इस दौरान उप निरीक्षक राधे श्याम यादव, अशोक कुमार, घनश्याम, सोनू यादव, वरुण कुमार सहित तमाम लोग मौजूद रहे। (विज्ञप्ति)

**यह और अन्य खबरें देंखे**

https://www.jagran.com/local/uttar-pradesh_gorakhpur-city-news-hindi.html

# चार क्विंटल लहन बरामद

**जासं, बांसी :** मिश्रौलिया थाना क्षेत्र के जोकइला, शुभोली, सुपौली नानकार, ककरहवा, बेलियहवा, मोहाना आदि गांवों में आबकारी टीम ने छापेमारी कर 40 लीटर कच्ची व चार क्विंटल लहन बरामद किया। सूचना के आधार पर आबकारी निरीक्षक संजय कुमार पांडेय, आबकारी निरीक्षक क्षेत्र चार इटवा राम महेश एवं आबकारी निरीक्षक क्षेत्र पांच डुमरियागंज मोनी शुक्ला की अगुवाई में संयुक्त टीम ने गांवों में छापेमारी टीम को आता देख कच्ची के धंधेबाज फरार हो गए।

# हड़ताल पर रहे अधिवक्ता, नहीं हुआ न्यायिक कार्य

## हापुड़ बार एसोसिएशन के समर्थन में ध्वनि मत से प्रस्ताव पारित कर किया कार्य बहिष्कार

संवाद न्यूज एजेंसी

**सिद्धार्थनगर।** हापुड़ बार संघ के समर्थन में सिविल सिद्धार्थ बार, जिला बार, तहसील बार एवं टैक्स बार एसोसिएशन के अधिवक्ता बृहस्पतिवार को न्यायिक कार्य से विरत रहे। किसी भी न्यायालय में न्यायिक कार्य नहीं हुआ। डुमरियागंज में अधिवक्ताओं ने प्रदर्शन किया। बार एसोसिएशन इटवा के वकीलों ने रैली निकाली।

महामंत्री सिद्धनाथ पांडेय ने बताया कि सिविल सिद्धार्थ बार एसोसिएशन के कार्यकारिणी की बैठक में हापुड़ बार एसोसिएशन के समर्थन में ध्वनि मत से प्रस्ताव पारित किया गया। अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहे। कहा कि सरकार अधिवक्ताओं की मांग पूरी करने में हीलाहवाली कर रही है। 21 सितंबर को हापुड़ में आयोजित अधिवक्ताओं की महापंचायत में शामिल होकर समर्थन देने वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य अविनाश पांडेय एवं जिला बार से अध्यक्ष सत्यदेव सिंह पहुंचे हैं।



इटवा कस्बे में बाइक रैली निकालते बार एसोसिएशन के अधिवक्ता। संवाद

### अधिवक्ताओं ने निकाली बाइक रैली

**सिद्धार्थनगर।** बार एसोसिएशन इटवा के अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहे और बाइक रैली निकाली। इटवा के स्टांप विक्रेताओं ने भी स्टांप की बिक्री नहीं की। इसके चलते नोटरी बयानहल्फी, बैनामे आदि का कार्य प्रभावित रहा। दोपहर दो बजे अधिवक्ताओं ने तहसील परिसर इटवा से बाइक रैली निकाली। यह बाइक रैली कस्बे के मुख्य चौराहे से होकर डुमरियागंज मार्ग, बढ़नी मार्ग व बांसी मार्ग से होकर पुनः तहसील परिसर में आकर समाप्त हो गई। संवाद

### तहसील गेट पर किया विरोध प्रदर्शन

**सिद्धार्थनगर।** डुमरियागंज में अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्यों का बहिष्कार करके विरोध प्रदर्शन किया। बार एसोसिएशन डुमरियागंज के अध्यक्ष इंद्रमणि पांडेय ने कहा कि पुलिस प्रशासन ने हापुड़ में बर्बरतापूर्ण कार्य किया है, उसकी जितनी निंदा की जाए कम है। उन्होंने कहा कि हम हापुड़ के डीएम व पुलिस अधीक्षक के स्थानांतरण की तत्काल मांग करते हैं। अगर हमारी मांग नहीं पूरी हुई तो आगे प्रदर्शन और तेज होगा। इस दौरान वीरेंद्र सिंह, शंभू प्रसाद श्रीवास्तव, उदय सिंह, विकास सिंह आदि मौजूद रहे। संवाद

# गूगल से कस्टमर केयर नंबर मांगना पड़ रहा भारी, उड़ने लगी रकम

## साइबर ठगों ने कस्टमर केयर के नंबर की जगह डाल दिया है अपना नंबर, कॉल करते ही ठग खाली कर देते हैं बैंक खाता, सात दिनों में दो मामले आए सामने

संवाद न्यूज एजेंसी

**सिद्धार्थनगर।** अगर भरोसेमंद मानकर गूगल से आपको कस्टमर केयर का नंबर मांगने की आदत है तो इसे छोड़ दीजिए। साइबर ठग गूगल में भी घुसपैठ कर चुके हैं। गलती से उनका नंबर मिला तो आपका बैंक खाता खाली हो जाएगा।

एक सप्ताह के भीतर दो लोग ठगों का शिकार हो चुके हैं और तीन लाख रुपये गंवाकर साइबर सेल कार्यालय का चक्कर लगा रहे हैं। ऐसे एक नहीं अनेक मामले आ रहे हैं। ऐसे में साइबर एक्सपर्ट सलाह दे रहे हैं कि गूगल से कस्टमर केयर या अन्य नंबर कदापि न मांगें, अगर मांगते हैं तो ठगी का शिकार होने से कोई बचा नहीं सकता है।

साइबर अपराध एक बड़ी चुनौती बनता जा रहा है। इसमें बिना सामने आये अपराधी लोगों की जेब पर डाका डाल रहे हैं। कहीं लालच में आकर तो कहीं जानकारी के चक्कर में लोग अपनी गाढ़ी कमाई पल भर में गंवा दे रहे हैं।

साइबर टीम एक अपराध का तोड़ निकालकर शिकंजा कसती है तो ठग दो कदम आगे बढ़कर नये अपराध को अंजाम देना शुरू कर देते हैं। जैसे पिछले कुछ दिनों से गूगल पर जानकारी मांगने वालों को ठग रहे हैं। इस बार गूगल से कस्टमर केयर का नंबर मांगने पर ठगों का ही नंबर मिल रहा है। जिसके जरिए वह लोगों को ठग रहे हैं। साइबर एक्सपर्ट का कहना है कि ठग विभिन्न कंपनियों का कस्टमर केयर आईडी बनाकर गूगल में फीड कर दे रहे हैं।

ऐसे में कॉल करने में उन्हीं का नंबर आ जाता है। लगाते ही सामने वालों को अपना निशाना बना लेते हैं। अब गूगल से नंबर लेकर बात करना खतरे से खाली नहीं है। अगर ऐसा करते हैं तो ठगी का शिकार होने से इनकार नहीं किया जा सकता है। क्योंकि वह लोगों को लगातार शिकार बना रहे हैं।

**मोबाइल हैक करके खाली कर दिया खाता :** ठगी के शिकार मिश्रौलिया थाना क्षेत्र के बभनी गांव निवासी हजारी प्रसाद ने बताया कि मुंबई में कारपेंटर का उनका बड़ा कारोबार चलता है। गूगल पे के जरिये ऑनलाइन लेनदेन लगातार करते हैं।

एक सप्ताह पहले मोबाइल नंबर में एक अंक गड़बड़ होने से दूसरे खाते में 42 हजार रुपये चला गया। गूगल पे के कस्टमर केयर का नंबर मांगने के लिए गूगल पर सर्च किया तो कस्टमर केयर का नंबर मिला। पैसा कैसे वापस होगा इसकी शिकायत की। तो उसने मोबाइल पर एक लिंक दिया। उस पर क्लिक किया। इसके बाद एनी डेस्क डाउन लोड करने का ऑप्शन आया। क्लिक करते ही मोबाइल काम करना बंद कर दिया।

20 मिनट बाद शुरू हुआ तो तीन मैसेज आए और 1.30 लाख रुपये खाते से निकल चुका था। इसके बाद उसने खाते को बंद करवा दिया। साइबर सेल जांच कर रही है।

**रिचार्ज कराने के लिए मांगा नंबर, खाली हो गया खाता**

ढेबरुआ थाना क्षेत्र के स्थानीय निवासी महेश खेती किसानी करते हैं। उनके मुताबिक उनकी टीवी में रिचार्ज के बाद समस्या आ रही थी। जानकारी के लिए गूगल से संबंधित कंपनी का कस्टमर केयर नंबर मांगा। मिलने नंबर पर बात किया तो एक लिंक आया। जिसमें क्लिक करने के लिए कहा गया। उसपर क्लिक करने पर आधार कार्ड सहित कई जानकारी मांगी गई। भरकर सेंड कर दिया। इसके बाद नौ नंबर का मैसेज आया। उसके बताने के बाद एनी डेस्क डाउन लोड करने के लिए बताया गया। लिंक से उसे लोड किया तो मोबाइल काम बंद कर दिया। लगभग 20 मिनट बाद काम करना शुरू किया तो 1.35 लाख रुपये खाते से निकल चुके थे। इसके बाद महेश ने शिकायत दर्ज कराया है। साइबर टीम जांच कर रही है।

**बोले एक्सपर्ट**

हर व्यक्ति के हाथ में स्मार्टफोन है। किसी भी जानकारी के लिए लोग गूगल पर सर्च करते हैं। लेकिन गूगल में अब साइबर ठग घुसपैठ कर चुके हैं। उनके ओर से सिस्टम में हूबहू किसी कंपनी के नाम कस्टमर केयर नंबर और डाल दिया जा रहा है। जैसे ही लोग सर्च कर रहे हैं। ठग का नंबर आ जा रहा है। बात करते ही उनके बताए हुए बात को कॉल करने वाले मा रहे हैं। और देखते ही देखते ठगी का शिकार हो जा रहे हैं। अब नया ट्रेंड शुरू कर दिए हैं। कॉल करने पर एक लिंक भेज दे रहे हैं। जिस पर क्लिक करते ही नौ नंबर की ओटीपी आती है। डालते ही एनीडेस्क लोड हो जा रहा है। मोबाइल फोन वह चलाने लगते हैं। पूरा ओटीपी उनके नंबर पर जाता है। देखते ही देखते बैंक खाता खाली कर दे रहे हैं। इस प्रकार के मामले अधिक आ रहे हैं। ऐसे में जागरूकता जरूरी है। **-शिवम मौर्य**, साइबर एक्सपर्ट, साइबर सेल

अगर साइबर ठगी का शिकार हो रहे हैं तो तत्काल दिए गए नंबर पर शिकायत करें या फिर नजदीक के थाने पर जाएं। वहां संबंधित थानाध्यक्ष से शिकायत दर्ज कराएं। जितनी जल्द शिकायत करेंगे, रुपये की वापसी की संभावना उतनी अधिक रहती है। अधिकांश मामलों में टीम रुपये वापस करवा चुकी है। **-राजेश कुमार शुक्ल**, प्रभारी साइबर सेल सिद्धार्थनगर

SANT KABEER NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-22-09-2023

# पीस कमेटी की हुई मीटिंग

संतकबीरनगर (एसएनबी)। आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत थाना कोतवाली खलीलाबाद व दुधारा पर पीस कमेटी की मीटिंग हुई। इस दौरान लोगों से आपसी सौहार्द के साथ त्योहार मनाने की अपील की गई। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली खलीलाबाद रविन्द्र कुमार सिंह व प्रभारी निरीक्षक दुधारा राकेश कुमार मिश्र की अध्यक्षता में अपने-अपने थाना परिसर में संभ्रांत व्यक्तियों, धर्मगुरुओं मौलानाओं व पीस कमेटी के सदस्यों के साथ पीस कमेटी की मीटिंग की गई। सभी को उच्चाधिकारियों द्वारा दिए गए आदेशों और निर्देशों से अवगत कराते हुए शांतिपूर्ण ढंग से त्यौहार मनाने की अपील की। साथ ही सम्मानित लोगों से त्योहार के दौरान आने वाली समस्याओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। साथ ही मीटिंग में सभी लोगों से एक दूसरे की भावनाओं का सम्मान करने, क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाये रखने, साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाडने की कोशिश करने वालों/असामाजिक तत्वों/किसी भी प्रकार की आपराधिक अवांछित गतिविधियां दिखाई देने पर इसकी सूचना तत्काल पुलिस को देने के लिए बताया गया।

# गांधी जयंती के पहले से ही प्रमुख स्थानों पर बजाई जाय रामधुन : डीएम

संतकबीरनगर (एसएनबी)। कलेक्ट्रेट सभागार में 'महात्मा गांधी जयंती समारोह' 02 अक्टूबर 2023 को मनाये जाने के संबंध बैठक हुई। जिसमें गांधी जयंती के अवसर पर जनपद में आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को उनके उत्तरदायित्वों/विभागीय कार्यों के अनुरूप आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर ने कहा कि पहले से ही सभी सरकारी भवनों, कार्यालयों, सार्वजनिक स्थलों व मलिन बस्तियों में साफ-सफाई सुनिश्चित कर ली जाय और सभी प्रमुख स्थानों पर रामधुन बजाई जाय तथा महात्मा गांधी जी के चित्र का अनावरण एवं माल्यार्पण किया जाय। उन्होंने कहा कि रात्रि में सभी प्रमुख स्थानों पर रोशनी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाय। पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने शांति एवं कानून-व्यवस्था सुचारू एवं सुव्यवस्थित रहने के संबंध में लोगों को आश्वस्त किया। अपर जिलाधिकारी जय प्रकाश ने 02 अक्टूबर 2023 को जनपद में होने वाले कार्यक्रमों की निर्धारित रूपरेखा के अनुसार बताया कि प्रातः 07:00 बजे स्कूली बच्चो द्वारा प्रार्थना एवं प्रभातफेरी का आयोजन किया जाएगा। प्रभातफेरी का रूट का हीरालाल रामनिवास इण्टर कालेज से चन्द्रशेखर आजाद तिराहा तक एवं पुनः हीरालाल रामनिवास इण्टर कालेज पर आकर समाप्त होगा। उन्होंने बताया कि 02 अक्टूबर को सभी राजकीय भवनों एवं शिक्षण संस्थाओं पर राष्ट्रीय ध्वज प्रातः 08 बजे फहराया जाएगा। तदुपरान्त आजादी की रक्षा एवं राष्ट्र की एकता से संबंधित संकल्प लिया जाएगा। जिलाधिकारी ने नगर निकायों एवं वार्डों में साफ-सफाई सुनिश्चित करने के दृष्टिगत संबंधित अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया। साथ ही गांधी जयंती के अवसर पर जिला पंचायत राज अधिकारी व अधिशासी अधिकारी नगर पालिका/नगर पंचायत को नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्थानों का चयन करते हुए श्रमदान करने एवं अन्य लोगों को प्रेरित करते हुए श्रमदान कर साफ-सफाई करने हेतु निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने वृक्षारोपण कार्यक्रम के अंतर्गत किसी पार्क/कार्यालय परिसर का चयन करते हुए वृक्षारोपण कराने हेतु प्रभागीय वनाधिकारी को निर्देशित किया। स्टेडियम में काक रेस आयोजन के संबंध में संबंधित क्रीड़ा अधिकारी को निर्देशित किया गया। महिलाओं के उत्थान/सशक्तिकरण हेतु प्रभावी अभियान से संबंधित आयोजन सम्पन्न कराने हेतु सम्बंधित अधिकारी को निर्देशित किया है। बैठक में सीडीओ संत कुमार, सीएमओ डॉ. अनिरुद्ध कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी सदर शैलेश दूबे, जिला विकास अधिकारी सुरेश चन्द्र केसरवानी, डीसी एनआरएलएम जीशान रिजवी, डीसी मनरेगा प्रभात द्विवेदी, पीडी संजय कुमार नायक, एआरटीओ प्रियंवदा सिंह, वरिष्ठ कोषाधिकारी वैभव कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक संदीप चौधरी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमित सिंह, तहसीलदार धनघटा योगेन्द्र कुमार पाण्डेय, तहसीलदार मेंहदावल, जिला समाज कल्याण अधिकारी महेन्द्र कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी विजयश्री, जिला पंचायत राज अधिकारी पीके यादव, उपायुक्त उद्योग राजकुमार शर्मा, जिला कृषि अधिकारी पीसी विश्वकर्मा, भूमि संरक्षण अधिकारी शशांक चौधरी, अधिशासी अभियंता नलकूप लालचन्द, मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य विजय कुमार मिश्र, आबकारी निरीक्षक विपिन यादव, विजय आनन्द, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी प्रियंका यादव, जिला प्रोबेशन अधिकारी डॉ. श्वेता त्रिपाठी, अधिशासी अभियंता विद्युत रणधीर कुमार, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी चन्द्रशेखर यादव, वरिष्ठ पत्रकार शिव कुमार गुप्ता, सुभाष चंद्र शुक्ल, सूचना अधिकारी सुरेश कुमार सरोज सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



गांधी जयंती की तैयारी बैठक करते डीएम व अन्य अधिकारी।

## प्रधानों के विरुद्ध शपथ प्राप्त लंबित शिकायतों की हुई समीक्षा

संतकबीरनगर (एसएनबी)। जिले के कई विकास खण्डों के अंतर्गत प्रधानों के विरुद्ध शपथ पत्र पर प्राप्त लंबित शिकायतों के सापेक्ष जनपद स्तरीय अधिकारियों को शिकायत की जांच कर रिपोर्ट को उपलब्ध कराने के संबंध में समीक्षा की। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने अब तक प्रकरण की जांच कर आख्या प्रस्तुत न करने वाले जनपद स्तरीय अधिकारियों को प्रत्येक दशा में आगामी 01 सप्ताह के अन्दर संबंधित ग्राम पंचायत/गांवों में पहुंचकर स्थलीय निरीक्षण करते हुए आख्या से अवगत कराने के निर्देश दिया। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया कि एक सप्ताह के बाद जांच आख्या एवं सम्बंधित जांच अधिकारी के साथ बैठक कर पुनः समीक्षा करायी जाय। इस अवसर पर लंबित शिकायतों की जांच करने से संबंधित जनपद स्तरीय अधिकारीगण एवं अन्य संबंधित अधिकारीगण आदि उपस्थित रहे।

# गोवंशीय पशु के साथ दो गो-तस्कर गिरफ्तार

सेमरियावां (एसएनबी)। वध के लिए ले जाये जा रहे दो राशि गोवंशीय पशु, एक अदद बोगदा, एक अदद चाकू, बाइक के साथ दो शातिर गो-तस्कर को दुधारा पुलिस ने ग्राम हुजरा सुहावां स्थित बाग से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ गोवध निवारण अधिनियम व 11 पशु क्रूरता अधिनियम तथा शस्त्र अधिनियम पंजीकृत किया है।

प्रभारी निरीक्षक दुधारा राकेश कुमार मिश्र ने बताया कि ग्राम हुजरा सुहावां स्थित बाग से दो शातिर गौतस्कर बेलाल अहमद उर्फ घोला पुत्र सबरुल नबी तथा मुसीर अहमद पुत्र हजरत अली निवासीगण हुजरा सुहावां थाना दुधारा को दो राशि गोवंशीय पशु, एक अदद बोगदा, एक अदद चाकू, एक अदद पल्सर मोटरसाइकिल, सफेद रंग की झोली, काली पन्नी व 06 अदद रस्सी के साथ गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया गया।

# दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

बखिरा (एसएनबी)। बखिरा पुलिस ने हरिकेश उर्फ आल्हा उर्फ हरिन्दर पुत्र रामलाल निवासी करैली को वादी की बहन के साथ घर में घुसकर जबरन दुष्कर्म की घटना कारित की गई थी और उसके मोबाइल पर अश्लील मैसेज भेजा गया था। जिसके संबंध में वादी द्वारा थाने पर दिनांक 17.09.2023 को अभियोग पंजीकृत कराया गया था। महिला अपराध की संवेदनशीलता को देखते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया गया।

# सीसीटीएनएस प्रगति डैशबोर्ड में जिला प्रथम

संतकबीरनगर (एसएनबी)। सीसीटीएनएस पोर्टल के माह अगस्त 2023 के डाटा के अनुसार जनपदों की रैंकिंग में जनपद संतकबीरनगर को जोन व रेंज में प्रथम व संपूर्ण उत्तर प्रदेश में 09 वां स्थान प्राप्त हुआ है। जिससे जनपद को पूरे प्रदेश में टॉप-10 स्थान बनाने में सफलता प्राप्त हुई है। इस संबंध में अपर पुलिस अधीक्षक/सीसीटीएनएस के नोडल अधिकारी संतोष कुमार सिंह तथा सीसीटीएनएस डिस्ट्रिक्ट कोआर्डिनेटर अहमद रजा ने बताया कि सीसीटीएनएस के परफार्मेंस के संबंध में डाटा प्रत्येक माह एनसीआरबी को प्रेषित की जाती है। जिसे प्रगति डैशबोर्ड के नाम से जाना जाता है। जिसकी मानीटरिंग केन्द्रीय स्तर पर की जाती है।

# वारंटी को पकड़कर भेजा जेल

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने एक वारंटी अभियुक्त को पकड़कर कानूनी कार्रवाई पूरी करने के बाद जेल रवानाकर दिया। थाना बखिरा पुलिस ने वारण्टी अभियुक्त राममूरत तिवारी पुत्र भागीरथी निवासी सौरहा थाना बखिरा को गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई पूर्ण करने के बाद संबंधित न्यायालय प्रस्तुतकर जेल रवाना कर दिया।

# त्योहार को लेकर हुई पीस कमेटी की बैठक

**संतकबीरनगर।** जनपद में आगामी त्यौहार को देखते हुए थाना कोतवाली खलीलाबाद व दुधारा पर पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित लोगों से गणेश चतुर्थी, बारावफात आदि को सकुशल संपन्न कराने, सुरक्षा व कानून व्यवस्था सुदृढ़ रखने तथा शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने की अपील किया गया। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली खलीलाबाद रविन्द्र कुमार सिंह व प्रभारी निरीक्षक दुधारा राकेश कुमार मिश्र ने अपने-अपने थाना परिसर में संभ्रांत व्यक्तियों, धर्मगुरुओं मौलानाओं व पीस कमेटी के सदस्यों के साथ मंथन किया। सम्मानित लोगों से त्योहार के दौरान आने वाली समस्याओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। साथ ही मीटिंग में सभी लोगों से एक दूसरे की भावनाओं का सम्मान करने, क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की गई।

# गांधी जयंती पर सार्वजनिक स्थलों पर सुनाई देगी रामधुन

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में 'महात्मा गॉधी जयंती समारोह' को मनाए जाने के संबंध में कार्यक्रम निर्धारण हेतु बैठक आयोजित हुई। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता, अपर जिलाधिकारी जय प्रकाश व मुख्य विकास अधिकार संत कुमार मौजूद रहे। बैठक में डीएम ने गांधी जयन्ती के अवसर पर जनपद में आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों की रूप रेखा तय करते हुए सम्बंधित विभागीय अधिकारियों को उनके उत्तरदायित्वों, विभागीय कार्यों के अनुरूप आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

डीएम ने कहा कि पहले से ही सभी सरकारी भवनों, कार्यालयों, सार्वजनिक स्थलों व मलिन बस्तियों में साफ-सफाई सुनिश्चित कर ली जाए। सभी प्रमुख स्थानों पर रामधुन बजाई जाए तथा महात्मा गांधी जी के चित्र का अनावरण एवं माल्यर्पण किया जाए। उन्होंने कहा कि रात्रि में सभी प्रमुख स्थानों पर रोशनी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने शांति एवं कानून व्यवस्था सुचारू एवं सुव्यवस्थित रहने के संबध में लोगों को आस्वस्त किया। अपर जिलाधिकारी जय प्रकाश ने 02 अक्टूबर 2023 को जनपद में होने वाले कार्यक्रमों की निर्धारित रूप रेखा के अनुसार बताया कि प्रातः सात बजे स्कूली बच्चों द्वारा प्रार्थना एवं प्रभात फेरी का आयोजन किया जाएगा। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ अनिरूद्ध कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी सदर शैलश दूबे, जिला विकास अधिकारी सुरेश चन्द्र केसरवानी, रहे।

# अश्लील मैसेज भेजने वाले को दबोचा

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने दुष्कर्मकर अश्लील मैसेज भेजने वाले आरोपित को दबोचकर अग्रिम विधिक कार्रवाई किया। थाना बखिरा पुलिस ने घर में घुसकर छेड़खानी, दुष्कर्म, मारपीट, धमकी एवं आईटी एक्ट के मामले में वांछित आरोपित अभियुक्त हरिकेश उर्फ आल्हा उर्फ हरिन्दर थाना बखिरा को करैली चौराहे के पास से गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार उक्त आरोपित अभियुक्त ने 15 सितंबर को वादी की बहन के साथ घर में घुसकर जबरन दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। इसके बाद उसके मोबाइल पर अश्लील मैसेज भेजा। इसके संबंध में वादी ने थाना स्थानीय पर 17 सितंबर को तहरीर देकर अभियोग पंजीकृत कराया। महिला अपराध की संवेदनशीलता को देखते हुए थाना बखिरा पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 21 सितंबर को उक्त आरोपित अभियुक्त को गिरफ्तार कर संपूर्ण कानूनी कार्रवाई पूरी करके संबंधित न्यायालय प्रस्तुतकर जेल रवाना कर दिया।

# शांति भंग की आशंका में सात का चालान

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने अलग-अलग मामले में सात आरोपितों को पकड़कर उनके विरूद्ध कानूनी कार्रवाई करते हुए शांति भंग की आशंका में चालान किया। जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध धर पकड़ के लिए चलाए गए अभियान के तहत पुलिस टीम ने जगह-जगह दबिश दिया। थाना धनघटा पुलिस ने पांच और थाना बेलहरकला पुलिस ने दो आरोपितों को दबोचकर उनके विरूद्ध अग्रिम वैधानिक कार्रवाई पूर्ण करके संबंधित मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रस्तुतकर दिया।

# महिलाओं को सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

संतकबीरनगर। जनपद के समस्त थाना क्षेत्र स्थित महिला बीट पुलिस अधिकारियों ने गांवों में भ्रमण कर प्राथमिकता के आधार पर महिला एवं बालिकाओं को सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। इसके साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के लिए ग्राम चौपाल का भी आयोजन किया। महिलाओं एवं बालिकाओं को अपनी समस्या व शिकायत लेकर थाना, पुलिस चौकी व अन्य पुलिस कार्यालय पर बार-बार नहीं आना पड़ेगा।

# दुष्कर्म में वांछित बाल अपचारी गिरफ्तार

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने दुष्कर्म के मामले में वांछित बाल अपचारी को गिरफ्ताकर अग्रिम कानूनी कार्रवाई किया। थाना महुली पुलिस ने अपहरण, दुष्कर्म एवं पाक्सो एक्ट के मामले में वांछित चल रहे बाल अपचारी को कस्बा नाथनगर से दबोचा। पुलिस के अनुसार उक्त बाल अपचारी ने वादी की नाबालिक पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था। जिसके संबंध में वादी ने थाना पर तहरीर देकर अभियोग पंजीकृत कराया। महिला अपराध की संवेदनशीलता को देखते हुए थाना महुली पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए बाल अपचारी को गिरफ्तारकर सभी वैधानिक कार्रवाई पूर्ण करके संबंधित न्यायालय रवाना कर दिया।

बस स्टेशन पर अवैध तरीके से अपनी कार में बैठा रहा था सवारी

# परिवहन निगम कर्मचारी से भिड़ा निजी वाहन स्वामी

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। खलीलाबाद शहर के मेंहदावल बाईपास पर गुरूवार को परिवहन निगम कर्मी से प्राइवेट वाहन का स्वामी भिड़ गया। बस स्टेशन से वह अवैध तरीके से सवारियों को अपने कार में बैठा रहा था। निगम कर्मी ने जब उससे बस हटाने को कहा तो कार मालिक भड़क गया। इसके बाद दोनों के बीच विवाद शुरू हो गया और वहां पर अफरा-तफरी मच गई। कार मालिक ने बस को फूंकने की धमकी दे डाला। बस स्टेशन प्रभारी ने मामले में कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है।

प्राइवेट वाहन चालक एवं मालिक सवारियों को अपने वाहन में बैठाने के लिए अक्सर अस्थाई बस अड्डा का प्रयोग करते हैं। जिसके वजह से वहां पर रोडवेज की बसों के आने पर खड़ा रहने की भी जगह नही बचता है। मेंहदावल बाईपास पर सुबह के समय खलीलाबाद से लखनऊ गाड़ी चलावाने वाले प्राइवेट कार मालिक एवं निगम के कर्मचारियों के बीच विवाद को देखकर वहां अफरा तफरी मच गया। किसी तरह वहां मौजूद लोगों ने विवाद को शांत कराया। इसके बाद मामले की शिकायत कोतवाली पुलिस को किया गया। अड्डा प्रभारी टीएन दूबे ने कोतवाली पुलिस को दिए अपने प्रार्थना पत्र में बताया कि उत्तर प्रदेश परिवहन निगम, बस्ती डिपो की राजधानी सेवा जो प्रतिदिन बस्ती से चलकर सतकबीरनगर और यहां से अपने नियत समय पर सवारी लेकर लखनऊ के लिए संचालित होती है। बस 21 सितंबर को समय लगभग नौ जब यहां पहुंची तो वहां पर बिना नम्बर प्लेट की चार पहिया वाहन के स्वामी जो प्राइवेट में गाड़ी को लखनऊ के लिए संचालित कराते हैं ने सवारी बैठाने को लेकर विवाद शुरूकर दिया। उन्होंने सरकारी वाहन को तोड़फोड़ व आग लगाने की बात करते हुए चालक परिचालक से अभद्रता की। बस अड्डा प्रभारी ने पुलिस से मामले में मुकदमा दर्ज करने की मांग किया। कोतवाल रविन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि बस स्टेशन प्रभारी की तहरीर पर आरोपी वाहन स्वामी आशीष उपाध्याय के विरुद्ध सुसंगत धाराओ में मुकदमा दर्ज करते हुए आगे की कार्रवाई की जा रही है।



बस स्टेशन प्रभारी और कंडक्टर से बहस करता प्राइवेट वाहन का स्वामी।

## पूर्व में सिपाही से विवाद के बाद दर्ज हुआ था मुकदमा

मेंहदावल बाईपास पर पूर्व में यातायात पुलिस के सिपाही से भी विवाद हुआ था। जिसमे सिपाही की तहरीर पर आरोपित बस चालक के विरूद्ध कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज किया था। बाईपास से लखनऊ के लिए गाडी खड़ी करके सवारियां बैठाने के लिए सिपाही ने मना किया। जिसके बाद गाड़ी मालिक और चालक ने ड्यूटी पर तैनात सिपाही अजय राय के साथ बदसलूकी की। इसके बाद यातायात सिपाही ने कोतवाली पुलिस को मामले में तहरीर दिया था।

# रंजिश में दो पक्षों के बीच मारपीट, केस

संतकबीरनगर। खलीलाबाद कोतवाली थाना क्षेत्र के जंगलऊन गांव में पुरानी रंजिश को देकर दो पक्षों के बीच मारपीट का मामला प्रकाश में आया। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की शिकायत पर मामले में आरोपित पर मुकदमा दर्जकर लिया।

कोतवाल रविंद्र कुमार सिंह ने बताया कि जंगलऊन गांव निवासी पीड़ित मनोज ने अपने प्रार्थना पत्र के माध्यम से बताया कि 18 सितंबर को समय लगभग शाम तीन बजे पट्टीदार करन, श्यामसुंदर, जगदीश, भजन गाली देने लगे। गाली देने से मना करने पर उक्त लोगों ने लाठी डंडा से काफी मारापीटा। घटना देखकर बचाव में आए चंद्रभान को भी उक्त लोगों ने काफी मारापीटा।

# जान से मारने की धमकी दी, केस

बखिरा। नगर पंचायत बखिरा स्थित लेडुआ-महुआ निवासी एक व्यक्ति से जेल से छूटकर आए एक व्यक्ति ने सुलह नही करने पर जान से मारने की धमकी दिया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। शफीक अहमद निवासी लेडुआ-महुआ का आरोप है कि अमरडोभा का एक व्यक्ति दुष्कर्म व पास्को के एक मामले में आरोपी था। विवेचक ने न्यायालय में आरोपी के खिलाफ चार्जशीट भी प्रस्तुत कर दिया है। आरोपी को हाईकोर्ट से जमानत मिल गई थी। जेल से छूटकर आने के बाद 17 सितंबर को शाम पांच बजे कर्बला के निकट आरोपी मामले में सुलह करने के लिए उस पर दबाव बनाने लगा। सुलह नही करने पर आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देने लगा।

# ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों से वसूला शमन शुल्क

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने संदिग्धों की धर पकड़ के लिए चलाए गए वाहन जांच के दौरान ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों से शमन शुल्क वसूल किया। जिले के सभी थाना क्षेत्रों में स्थानीय पुलिस टीम ने बैंक, वाहन एवं संदिग्ध व्यक्तियों की गहनता से जांच पड़ताल किया। चेकिंग के दौरान समस्त एसओ एवं प्रभारी यातायात संयुक्त पुलिस टीम ने मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत कड़ी कार्रवाई करते हुए यातायात नियम का उल्लंघन करने के मामले में 52 वाहनों के चालकों से 47 हजार रूपए जुर्माना भरवाया।

# दो गोवंशीय पशु के साथ तस्कर गिरफ्तार

लोहरौली। दुधारा थाना क्षेत्र के हुजुरा सोहावां गोवंशीय पशु बारामद किया है। पुलिस ने मवेशी के साथ दो तस्कर भी गिरफ्तार करने का दावा किया है। तस्करों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष राकेश कुमार मिश्र ने बताया कि दो तस्कर दो मवेशी को वध के लिए लेकर जाने की सूचना मिली। समय से छापेमारी किया जाए तो मवेशी के साथ दोनों तस्कर गिरफ्तार हो सकते हैं।

मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने छापेमारी किया। छापेमारी में मवेशी के साथ हुजुरा सुहावां निवासी बेलाल अहमद उर्फ घोला व मुशीर अहमद को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार तस्करों के पास से एक अदद बोगदा,एक चाकू, बाइक , झोला, काली पन्नी, छह अदद रस्सी बरामद किया । गिरफ्तार तत्वों के खिलाफ सीएस एक्ट के साथ पशु क्रूरता अधिनियम का मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेज दिया।

# छेड़खानी के आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज

बखिरा। थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने गांव के ही एक युवक पर घर में घुसकर छेड़खानी करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पांच दिन बाद मुकदमा दर्ज किया है। पीड़ित महिला का आरोप है कि वह बीते 15 सितंबर की शाम को सात बजे घर पर अकेली थी। मौका पाकर आरोपी युवक घर में घुसकर उसके साथ जबरदस्ती छेड़खानी करने लगा। शोरगुल सुनकर घर में मौजूद उसकी जेठानी आ गई।

# बखिरा क्षेत्र में बढ़ रहा गांजा का अवैध धंधा

बघौली। बखिरा क्षेत्र के आधा दर्जन स्थानों पर बेधड़क अवैध गांजा का कारोबार चल रहा है। इससे युवक नशे के दलदल में फंसते जा रहे हैं । क्षेत्र के तमाम लोगों का कहना है कि सिहटीकर ,पकड़िया, तिघरा सहित आधा दर्जन जगहों पर भांग के लाइसेंस पर गांजा बेंचाजा रहा। पुलिस के द्वारा कार्रवाई न होने से इन सबका मनोबल बढ़ता जा रहा है। लोगो ने बंद करवाने की मांग की है ।

### अधिवक्ता बोले, मुकदमा दर्ज होना बार कौंसिल एवं सरकार के मध्य हुए समझौते का है उल्लंघन

# केस वापस नहीं हुआ तो होगा आंदोलन

संतकबीरनगर, विधि संवाददाता। सिविल कोर्ट बार एसोसिएशन गोरखपुर के मंत्री धीरेन्द्र कुमार द्विवेदी ने कहा कि अधिवक्ताओं के विरुद्ध मुकदमा कायम होना किसी भी दृष्टिकोण से उचित नहीं है। हापुड़ की घटना के विरोध में चल रहे आंदोलन के क्रम में कोई मुकदमा कायम नहीं हो सकता। क्योंकि बार कौंसिल आफ उत्तर प्रदेश एवं सरकार के मध्य यह समझौता हुआ है कि आन्दोलन के दौरान दर्ज मुकदमे वापस होंगे। ऐसे में 19 सितम्बर को अधिवक्ताओं के विरुद्ध मुकदमा कायम होना समझौते का उल्लंघन है।



गुरुवार को अधिवक्ताओं को संबोधित करते सिविल बार एसोसिएशन गोरखपुर के मंत्री धीरेन्द्र कुमार द्विवेदी। • हिन्दुस्तान

जिले के अधिवक्ताओं के विरुद्ध कायम मुकदमें के विरोध में गोरखपुर सिविल कोर्ट बार एसोसिएशन के मंत्री धीरेन्द्र द्विवेदी दर्जन भर अधिवक्ताओं के साथ जिले में पंहुचे। उन्होंने अधिवक्ताओं के साथ बैठक किया। अधिवक्ता चैम्बर में आयोजित बैठक की अध्यक्षता जनपद बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश सिंह ने किया। बैठक को सम्बोधित करते हुए सिविल कोर्ट बार एसोसिएशन के मंत्री श्री द्विवेदी ने कहा कि जिले के अधिवक्ताओं के विरुद्ध विधायक के इशारे पर अभियोग पंजीकृत किया गया है। इसका गोरखपुर के अधिवक्ताओं ने निन्दा किया है। संतकबीरनगर के अधिवक्ताओं के समर्थन में गोरखपुर कचहरी के अधिवक्ताओं ने गुरुवार को कार्य बहिष्कार किया है। उन्होंने आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा कि हापुड़ की घटना के विरोध में आन्दोलन कर रहे अधिवक्ताओं के विरुद्ध 11 सितम्बर की घटना को लेकर आठ दिन बाद मुकदमा कायम किया जाना किसी भी दृष्टिकोण से उचित नहीं है। सरकार एवं बार कौंसिल के मध्य यह समझौता हुआ है कि आन्दोलन के दौरान कायम मुकदमे वापस होंगे । ऐसे में अधिवक्ताओं के विरुद्ध मुकदमा कायम होना समझौते का उल्लंघन है। इसके लिए बार कौसिल एवं मुख्यमंत्री को अवगत कराया जाएगा । उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि यदि मुकदमा वापस नहीं हुआ तो पूरे पूर्वांचल में आन्दोलन किया जाएगा। गोरखपुर का अधिवक्ता आपके साथ है। बैठक में गोरखपुर के अधिवक्ता रमेश चन्द्र त्रिपाठी, अश्वनी पांडेय, अम्बरीष कुमार दूबे, विष्णु उपाध्याय, अरविन्द कुमार यादव, प्रशान्त कुमार गुप्ता, विशाल त्रिपाठी, अभिषेक सिंह, सुमित प्रधान, सत्य प्रकाश पांडेय समेत दर्जनभर अधिवक्ताओं के अलावा जनपद बार एसोसिएशन के महामंत्री सुनील कुमार पांडेय, सिविल बार के महामंत्री चतुरजी शुक्ल; पूर्व अध्यक्ष नवनीत कुमार पांडेय, पूर्व महामंत्री दुर्गेश नरायन मिश्र, राकेश जी मिश्र आदि मौजूद रहे।


**23 वें दिन भी अधिवक्ताओं ने नहीं किया न्यायिक कार्य , मुकदमों में पड़ी तारीखः** हापुड़ की घटना के विरोध में जिले के अधिवक्ताओं ने गुरुवार को भी न्यायिक कार्य नहीं किया। अधिवक्ताओं के न्यायिक कार्य नहीं करने से मुकदमों में कोई कार्रवाई नहीं हो सकी। तारीख नोट करके फरियादी घर लौटने पर मजबूर हो गए। अधिवक्ता हापुड़ लाठीचार्ज में घायल अधिवक्ताओं को मुआवजा देने तथा लाठीचार्ज करने वाले पुलिस कर्मियों के निलम्बन की मांग कर रहे हैं। जनपद बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश सिंह ने कहा कि हापुड़ में जिस तरह से बर्बरतापूर्ण लाठीचार्ज किया गया है, वह निन्दनीय है । जब तक घायल अधिवक्ताओं को मुआवजा नहीं दिया जाएगा, तब तक आन्दोलन जारी रहेगा। महामंत्री सुनील कुमार पांडेय ने कहा बेरहमी से अधिवक्ताओं को पीटने वाले पुलिस कर्मियों को जब तक गिरफ्तार नहीं किया जाएगा, अधिवक्ता चुप बैठने वाले नहीं है। सिविल बार एसोसिएशन के महामंत्री चतुर जी शुक्ल ने कहा कि हापुड़ की बर्बर घटना से वहां के अधिवक्ता अभी उबर नहीं पाए हैं। सरकार द्वारा जब तक ठोस कार्रवाई नहीं की जाएगी, आन्दोलन रुकने वाला नहीं है।

# छापेमारी में दो गोवंशीय बरामद, दो गिरफ्तार

**दुधारा** : दुधारा पुलिस ने छापेमारी करके दो गोवंशीय पशुओं को बरामद किया है। इस दौरान दो तस्कर भी गिरफ्तार किए गए हैं। दुधारा के थानाध्यक्ष राकेश कुमार मिश्रा ने बताया कि ग्राम हूजारा सुहावा में गुरुवार की सुबह छापेमारी की गई। मौके से गांव के ही बेलाल अहमद व मुसीर अहमद को गिरफ्तार किया गया। इनके कब्जे से दो गोवंशीय पशु भी बरामद किए गए हैं। आरोपितों के पास से चाकू सहित अन्य गोवध में प्रयुक्त होने वाले उपकरण बरामद हुए हैं। दोनों के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए जेल भेजा गया है। (जासं)

# दुष्कर्म के आरोपित को भेजा जेल

जासं, बखिरा, संतकबीर नगर : बखिरा पुलिस ने दुष्कर्म, छेड़खानी के आरोपित युवक को गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद उसे जेल भेज दिया।



एक गांव की लड़की के भाई का आरोप है कि 15 सितंबर की रात करीब साढ़े बारह बजे उनके बगल के निवासी हरिकेश उर्फ आल्हा उनके घर में घुस गया था। उसकी बहन के साथ जबरन दुष्कर्म कर रहा था। बहन ने जब इसका विरोध किया तो वह जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। वह पुनः अगले दिन शराब के नशे में घर पहुंचा। उनकी बहन को कट्टा दिखाकर जबरन अपने घर उठा ले गया। वह उनकी बहन के मोबाइल पर अश्लील मैसेज व वीडियो भेज रहा था। थानाध्यक्ष श्याम मोहन ने बताया कि आरोपित को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया है।

# ई-रिक्शा की ठोकर से अधेड़ की मृत्यु, केस दर्ज

**जासं, संतकबीर नगर:** ई-रिक्शा की ठोकर से एक अधेड़ की बुधवार को रात के समय मृत्यु हो गयी। इस मामले में कोतवाली पुलिस ने चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

कोतवाली खलीलाबाद थाना के अंसार टोला निवासी 50 वर्षीय नासिर हुसैन पुत्र नुरूल हसन बुधवार की रात करीब नौ बजे खलीलाबाद बाईपास स्थित एक दुकान से फल का जूस लेने जा रहे थे। वह अपनी साइकिल सड़क के किनारे खड़ा कर रहे थे। इसी दौरान छोटी सरौली गांव निवासी गणेश ई-रिक्शा चलाते हुए आ रहे थे। ई-रिक्शा की ठोकर से नासिर घायल हो गए। आसपास के लोगों ने उन्हें जिला अस्पताल में दाखिल करवाया। यहां के डाक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# यातायात पुलिस की तैनाती फिर भी समस्या

संतकबीर नगर : खलीलाबाद बाईपास सहित अन्य स्थानों पर लोगों की सुविधा के लिए यातायात पुलिस कर्मियों की तैनाती हर दिन होती है। इसके बाद भी तमाम चालक दुर्घटना की परवाह किए बगैर तेज गति से वाहन चलाते हैं। चंद्रशेखर तिराहा, नूर मस्जिद के सामने ओवरब्रिज, बैंक चौराहा, बरदहिया बाजार में अनियंत्रित यातायात से खतरे की संभावना बनी रहती है। (विज्ञप्ति)

# धू-धूकर जल उठा ट्रांसफार्मर बड़ा हादसा टला

जासं, मेंहदावल, संतकबीर नगर : मेंहदावल नगर पंचायत के टड़वरिया मोहल्ले में बुधवार की देर रात अचानक से 250 केबी का ट्रांसफार्मर धू-धूकर जलने लगा। बाद में स्थानीय लोगों ने विद्युत आपूर्ति बाधित कराई। उसके बाद बिजली कर्मियों की अथक प्रयास से आपूर्ति बहाल हो पायी। समय रहते सक्रियता बरतने से बड़ा हादसा टल गया।

बुधवार की रात करीब 11 बजे टड़वरिया मोहल्ले में अचानक से बिजली का ट्रांसफार्मर जलने लगा। इससे आसपास अफरातफरी का माहौल कायम हो गया। ग्रामीणों ने बिजली विभाग के अवर अभियंता मनोज श्रीवास्तव को मामले की जानकारी दी। जिसके बाद बिजली आपूर्ति बाधित हुई। कुछ समय बाद आधा दर्जन बिजली कर्मी मौके पर पहुंच गए। लगभग दो घंटे के कड़े परिश्रम के बाद बिजली आपूर्ति बहाल हो सकी। बिजली विभाग की सक्रियता से आगलगी की घटना टल गई। हालांकि कुछ देर के लिए ट्रांसफार्मर के जलने से लोगों में भय का माहौल रहा। अवर अभियंता ने बताया कि समय रहते सूचना मिलने पर सक्रियता बरती गई। ट्रांसफार्मर की मरम्मत करते हुए बिजली आपूर्ति बहाल कर दी गई।

# गांधी जयंती के दिन सभी प्रमुख स्थानों पर बजाया जाए रामधुन

जागरण संवाददाता, संतकबीर नगरः डीएम महेंद्र सिंह तंवर ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जयंती समारोह दो अक्टूबर को है। सभी सरकारी भवनों, कार्यालयों, सार्वजनिक स्थलों व मलिन बस्तियों में साफ-सफाई करा लें। सभी प्रमुख स्थानों पर रामधुन बजाई जाए। महात्मा गांधी जी के चित्र का अनावरण व माल्यर्पण किया जाए। रात्रि में सभी प्रमुख स्थानों पर रोशनी की व्यवस्था करें। वहीं एसपी सत्यजीत गुप्ता ने शांति एवं कानून व्यवस्था सुव्यवस्थित रहने की बात कही।

डीएम व एसपी ने गुरुवार को यह बातें कलेक्ट्रेट सभागार में कही। एडीएम वित्त एवं राजस्व जय प्रकाश ने कहा कि दो अक्टूबर को सुबह सात बजे स्कूली बच्चे प्रार्थना व प्रभातफेरी निकालेंगे।

यह हीरालाल इंटर कालेज-खलीलाबाद से चंद्रशेखर आजाद तिराहा तक जाएगा। सभी राजकीय भवनों एवं शिक्षण संस्थाओं पर राष्ट्रीय ध्वज सुबह आठ बजे फहराया जायेगा। इसके बाद आजादी की रक्षा एवं राष्ट्र की एकता बनाए रखने का संकल्प लिया जाएगा। सीडीओ संत कुमार ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्थान का चयन करके साफ-सफाई के लिए श्रमदान किया जाएगा। विकास भवन के निकट स्थित स्टेडियम में वाक रेस करने के निर्देश क्रीड़ा अधिकारी को दिया। इस अवसर पर सीएमओ डा. अनिरुद्ध सिंह, एसडीएम शैलेश दूबे, डीडीओ सुरेश चंद्र केसरवानी, डीसी एनआरएलएम जीशान रिजवी, डीसी मनरेगा प्रभात द्विवेदी, पीडी संजय नायक, वरिष्ठ कोषाधिकारी वैभव कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक संदीप चौधरी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमित सिंह के अलावा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। (विज्ञप्ति)

- एसपी ने कहा, शांतिपूर्ण माहौल में मनायी जाएगी जयंती
- एडीएम ने कहा, प्रभातफेरी सहित अन्य कार्यक्रम होंगे



कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक करते दाएं से एडीएम जय प्रकाश, सीडीओ संत कुमार, डीएम महेंद्र सिंह तंवर, एसपी सत्यजीत गुप्ता • फोटो सूचना विभाग

## धान की फसल काटने के बाद पराली को न जलाएं किसान

संतकबीर नगरः डीएम महेंद्र सिंह तंवर ने जनपद के किसानों से अपील की है कि वे धान की फसल को काटने के बाद पराली को कदापि न जलाएं। इसे जलाने से भूमि की उर्वरा शक्ति पर बुरा असर पड़ता है। लाभकर सूक्ष्म जीव जलकर नष्ट हो जाते हैं। पशुओं के लिए चारे की समस्या उत्पन्न हो जाती है। वायु प्रदूषित हो जाता है। स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। पराली जलाने से भीषण अग्निकांड भी हो जाता है। उन्होंने कहा कि फसल अवशेष जलाने पर खेत के क्षेत्रफल के अनुसार अर्थ दंड का प्राविधान है। पराली जलाने पर दो एकड़ से कम क्षेत्रफल वाले किसान से 2,500 रुपये, दो से पांच एकड़ वाले किसान से 5,000 रुपये तथा पांच एकड़ से अधिक क्षेत्रफल वाले किसान से 15,000 रुपये क्षतिपूर्ति प्रति घटना वसूली जायेगी। इसके साथ ही दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई भी की जाएगी। (विज्ञप्ति)

# बैंकों और पेट्रोल पंपों पर सीसी कैमरे लगाना अनिवार्य

- बैंक अधिकारियों व पंप संचालकों के संग की जाए बैठक
- खराब पड़े सीसी कैमरों को तत्काल ठीक कराएं : आइजी

जागरण संवाददाता, बस्तीः पुलिस महानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र आरके भारद्वाज ने बैंकों और पेट्रोल पंपों पर सीसी कैमरे लगाना अनिवार्य कर दिया है। परिक्षेत्र के पुलिस अधीक्षकों को दिए निर्देश में कहा है कि कैमरे चालू रहने चाहिए, उसका बैकअप भी रहे। इससे वारदातों को रोकने और अपराधियों को पकड़ने में मदद मिल सकेगी।



आइजी आरके भारद्वाज • सौ.

आइजी ने कहा कि सभी बैंकों, पेट्रोल पंपों के संचालकों के साथ एक समन्वय बैठक करें। बैंक व पेट्रोल पंपों के संचालकों को सीसी कैमरे लगवाने के लिए निर्धारित अवधि का नोटिस जारी करें। बैंकों एवं पेट्रोल पंपों पर खराब पड़े सीसी कैमरे को तत्काल ठीक करा लिया जाए। जहां पर सीसी कैमरे नहीं लगे हैं वहां सीसी कैमरा दिए गए निर्धारित समय के अंदर स्थापित किया जाए।

**सीसी कैमरा चालू न होने के कारण नहीं मिल सका था फुटेजः** आइजी ने बताया कि जनपद संतकबीरनगर के थाना महुली स्थित पेट्रोल पंप पर लगा सीसी कैमरा चालू न होने के कारण पंप पर हुई लूट की वारदात से संबंधित फुटेज प्राप्त नहीं हो सकी थी। इसी प्रकार जनपद मिर्जापुर में भी सीसी कैमरा काम न करने के कारण लूट की घटना से संबंधित फुटेज नहीं मिल सका था। ऐसे में आपराधिक घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने जाने के लिए आपरेशन दृष्टि व आपरेशन त्रिनेत्र के तहत सीसी कैमरे लगवाए जा रहे हैं।

आइजी ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिया है कि वे नो बिजनेस विद आउट फंक्शनल सीसीटीवी टैग लाइन के साथ अपने-अपने थाना क्षेत्र में अभियान चलाकर कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें। आइजी ने परिक्षेत्र स्तर पर एक टीम गठित की है जो तीनों जनपदों के पेट्रोल पंपों एवं बैंकों को अक्टूबर में कभी भी चेक कर सकती हैं। जिस थाना प्रभारी के क्षेत्र में बैंकों व पेट्रोल पंपों पर आपरेशन सीसी कैमरा नहीं पाया जाएगा उनके विरुद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

# डीएम ने किया स्थलीय निरीक्षण



बस स्टेशन के लिए चिह्नित सिंचाई विभाग की भूमि का मौके पर निरीक्षण करते डीएम महेंद्र सिंह तंवर बीच में। दाएं हैं एसपी सत्यजीत गुप्ता • जागरण

जागरण संवाददाता, संतकबीर नगर : जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर गुरुवार की देर शाम को पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता और अपर जिलाधिकारी जय प्रकाश के साथ बस स्टेशन निर्माण के लिए सिंचाई विभाग की भूमि का निरीक्षण किया। उनके साथ सिंचाई विभाग और परिवहन विभाग के अधिकारी भी थे। डीएम ने कहा कि इस भूमि पर शासन स्तर से बस स्टेशन बनाने का प्रस्ताव है। सब कुछ ठीक रहा तो जनपद के लोगों को जल्द ही शहर के गोरखपुर-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर नया बस स्टेशन मिल जाएगा।

# बस स्टेशन : जमीन के लिए हुई देरी तो खुद निकले डीएम

## बस स्टेशन के लिए चिह्नित जमीन का डीएम ने किया निरीक्षण

संवाद न्यूज एजेंसी

**संतकबीरनगर।** परिवहन निगम के बस स्टेशन के लिए चिह्नित की गई ड्रेनेज खंड दो की जमीन का बृहस्पतिवार को डीएम महेंद्र सिंह तंवर ने निरीक्षण किया।

उन्होंने अधिकारियों से अब तक की प्रगति के बारे में जानकारी ली। अमर उजाला ने 20 सितंबर के अंक में रोडवेज बस स्टेशन बनने की बढ़ी उम्मीद, दूर होगी दुश्वारियां शीर्षक से खबर प्रकाशित किया था। जिसके बाद डीएम ने निरीक्षण किया।

1997 में जिला का सृजन होने के बाद अब तक जिला मुख्यालय पर बस स्टेशन की स्थापना नहीं हो सकी है, जिसके कारण मेंहदावल बाईपास पर यात्रियों को खुले आसमान तले खड़े होकर बसों का इंतजार करना पड़ता है।

इससे यात्रियों को काफ़ी दुश्वारियां झेलनी पड़ रही है। इस बीच सांसद प्रवीण निषाद व सदर विधायक अंकुर राज तिवारी की पहल पर प्रशासन ने मेंहदावल बाईपास के निकट ड्रेनेज खंड दो के परिसर को रोडवेज बस स्टेशन के लिए चिह्नित करते हुए एआरएम के माध्यम से शासन को प्रस्ताव भेजा है।



ड्रेनज खंड कार्यालय में रोडवेज बस स्टेशन के लिए निरीक्षण करते डीएम। संवाद



ड्रेनेज बस स्टेशन बनने की बढ़ी उम्मीद, दूर होगी दुश्वारियां

20 सितंबर को प्रकाशित खबर

बस्ती में आए परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने पिछले दिनों इस जमीन पर बस स्टेशन बनाए जाने पर सहमति जताई थी। इसके मद्देनजर डीएम महेंद्र सिंह तंवर ने देर शाम को निरीक्षण किया। उन्होंने ड्रेनेज खंड के भवन को देखा और बस के उपलब्ध जमीन की जानकारी ली।

इस दौरान एसपी सत्यजीत गुप्ता, एडीएम जय प्रकाश, एसडीएम शैलेश दूबे, सिंचाई विभाग के एक्सईएन आदि मौजूद रहे।

# साहब! प्रधानाध्यापिका और अध्यापक की स्कूल में ऐसी हरकतें ठीक नहीं

## डीएम के जनता दरबार में पहुंची शिक्षामित्र ने कहा- दोनों की हरकत का विरोध करने पर नौकरी से हटाने की दी जा रही धमकी

संवाद न्यूज एजेंसी

**संतकबीरनगर।** डीएम के जनता दरबार में बृहस्पतिवार को पहुंची एक प्राथमिक विद्यालय की शिक्षामित्र ने विद्यालय की प्रधानाध्यापिका और सहायक अध्यापक पर गंदी हरकत करने का आरोप लगाया है।

शिक्षामित्र ने कहा- उनकी ऐसी हरकतों से विद्यालय का माहौल खराब हो रहा है। साथ ही बच्चों पर बुरा असर पड़ रहा है। हरकत का विरोध करने पर उसे नौकरी से हटाने की धमकी दी जा रही है। शिक्षामित्र ने डीएम से अपना स्थानांतरण दूसरे विद्यालय पर करने की मांग की है।

**जिलाधिकारी ने मामले की जांच के लिए बीएसए को दिए निर्देश**

शिक्षामित्र ने बताया कि दोनों विद्यालय में आएदिन गंदी हरकत करते हैं। नागपंचमी के दिन दोनों को आपत्तिजनक हालत में पकड़ा गया तो उल्टा उन्हीं से बदतमीजी करने लगे। इस मामले में डीएम ने बीएसए को जांच का निर्देश दिया है। साथ ही शिक्षा मित्र का स्थानांतरण बगल के विद्यालय पर करने का निर्देश दिया।

*खलीलाबाद ब्लॉक के एक विद्यालय का मामला संज्ञान में आया है, पूरे प्रकरण की जांच की जाएगी, इसके साथ गांव वालों का भी बयान दर्ज किया जाएगा। अगर मामला सही मिला तो प्रधानाध्यापिका और सहायक अध्यापक पर कड़ी कार्रवाई होगी।*
*- अमित कुमार सिंह, बीएसए*

*परिषदीय विद्यालय की एक शिक्षामित्र आई थी। उसने विद्यालय के प्रधानाध्यापिका और सहायक अध्यापक पर गंभीर आरोप लगाए हैं। बीएसए को जांच का निर्देश दिया गया है, इसके साथ ही शिक्षा मित्र को किसी अन्य विद्यालय पर स्थानांतरित करने के लिए बीएसए को कहा गया है। - महेंद्र सिंह तंवर, डीएम*

खलीलाबाद ब्लॉक के एक प्राथमिक विद्यालय की शिक्षामित्र कलक्ट्रेट पर डीएम के जनता दरबार में पहुंची। शिक्षामित्र का कहना था कि वह विद्यालय पर 20 सालों से तैनात है।

विद्यालय की प्रधानाध्यापिका और सहायक अध्यापक दोनों अविवाहित हैं। विद्यालय परिसर में दोनों आए दिन रंगरेलिया मनाते हैं। पढ़ाने के लिए निर्धारित कक्षाओं में नहीं जाते हैं। जिससे पूरे विद्यालय का माहौल व बच्चों के मानसिक स्थिति पर बुरा असर पड़ रहा है।

नागपंचमी के दिन दोनों को विद्यालय में आपत्तिजनक हाल में देखा लिया था। इसके बाद उसे किसी को बताने पर नौकरी से निकालने की धमकी दी गई। इसकी जानकारी गांव के लोगों को भी है।

रजिस्टर में गैर हाजिर कर दिया जा रहा है। इससे उसका मानदेय कट जा रहा है। विद्यालय का पठन-पाठन का माहौल खराब हो चुका है। उनका किसी नजदीक के विद्यालय में स्थानांतरण किया जाए।

# दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

संतकबीरनगर। महुली पुलिस ने बृहस्पतिवार को दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। एसपी सत्यजीत गुप्त ने बताया कि क्षेत्र के एक गांव की नाबालिग लड़की को गांव का एक युवक बहला फुसलाकर भगा ले गया था। इसके साथ ही लड़की के साथ दुष्कर्म की घटना भी की थी। इस मामले में पीड़िता की तहरीर पर आरोपी पर दुष्कर्म का केस दर्ज किया गया था। बृहस्पतिवार को आरोपी को नाथनगर से पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय दिया है। संवाद

## विवाहिता से छेड़खानी के आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज

बखिरा। क्षेत्र के एक गांव की महिला ने गांव के ही एक युवक पर घर में घुसकर छेड़खानी करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पांच दिन बाद मुकदमा दर्ज किया है। पीड़ित महिला का आरोप है कि वह 15 सितंबर की शाम सात बजे घर पर अकेली थी।

मौका पाकर आरोपी युवक घर में घुसकर उससे छेड़खानी करने लगा। शोरगुल सुनकर घर में मौजूद उसकी जेठानी आ गई। आरोपी युवक अपशब्द कहते हुए मौके से भाग गया। पुलिस ने इस मामले में आरोपी युवक पर छेड़खानी का केस दर्ज किया है। संवाद

# शादी का झांसा देकर चार साल से दुष्कर्म का आरोप

संतकबीरनगर। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली युवती ने गांव के ही एक युवक पर चार से साल से शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी युवक पर दुष्कर्म का केस दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

पीड़िता का आरोप है कि उसके गाव के रहने वाले एक युवक ने उसे अपने प्रेम जाल में फंसाया। उसके बाद शादी का झांसा दिया। चार से उसके साथ शारीरिक संबंध बनाता रहा। जब शादी करने का दवाव बताया तो वह इन्कार करने लगा।

### शादी से मुकरने के बाद पीड़िता ने कोतवाली में दी तहरीर, केस दर्ज

वह शारीरिक संबंध के दौरान तीन बार गर्भवती भी हो गई। युवक ने उसका गर्भपात भी करा दिया। पीड़िता ने बताया कि युवक ने उसे हिंदू रीति रिवाज से शादी करने की बात कही थी, लेकिन अब वह मुकर गया है।

युवती ने कोतवाली पुलिस से आरोपी पर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाल रविंद्र कुमार ने बताया कि आरोपी युवक पर दुष्कर्म का केस दर्ज किया गया है। संवाद

# फर्जी मार्कशीट देने की आरोपी गिरफ्तार

## संतकबीरनगर की गुलशन फातिमा के खिलाफ न्यायालय से जारी हुआ था गैर जमानती वारंट

संवाद न्यूज एजेंसी

बस्ती/संतकबीरनगर। पैरा मेडिकल विद्यार्थियों को फर्जी मार्कशीट देने के आरोप में नामजद गुलशन फातिमा को पुलिस ने बृहस्पतिवार को गिरफ्तार कर लिया। केस की तफ्तीश कर रही एसआईटी के विवेचक व क्राइम ब्रांच में तैनात इंस्पेक्टर संजय कुमार की टीम ने उसे पकड़ा।



गुलशन

जानकारी के अनुसार, संतकबीरनगर जिले के कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के टेमा रहमत निवासी गुलशन फातिमा और उसके पति मो. वसीम पर अलग-अलग दो केस दर्ज हैं। इसमें बाकी आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके थे, मगर गुलशन फरार चल रही थी। उसके खिलाफ न्यायालय ने गैर जमानती वारंट जारी किया गया था।

छात्रा शालिनी वर्मा ने तहरीर देकर आरोप लगाया था है कि सरदार पटेल सत्यांजलि पैरा मेडिकल कॉलेज हर्दिया के नाम से फर्जी स्कूल खोलकर एएनएम कोर्स के लिए दाखिला किया गया। फर्जी मार्कशीट थमा दी गई।

जब विद्यार्थियों ने रुपये मांगे तो आत्महत्या कर लेने की धमकी देते हुए जिम्मेदार कॉलेज से भाग गए। पुलिस ने कॉलेज संस्थापक सत्यप्रकाश पटेल निवासी बरगदवा थाना कोतवाली, उप प्रबंधक मो. वासीम, गुलशन फातिमा पत्नी मो. वासीम निवासी टेमा रहमत थाना खलीलाबाद जिला संतकबीरनगर, फुरकान निवासी टेमा रहमत खलीलाबाद संतकबीरनगर आदि पर केस दर्ज किया।

इससे पहले एक जून को छात्रा लक्ष्मी गुप्ता की तहरीर पर सत्यप्रकाश पटेल, मो. वासीम, फातिमा व अन्य के खिलाफ एक और केस दर्ज हुआ था। दोनों केस में पुलिस को गुलशन फातिमा की तलाश थी।

### एसआईटी कर रही मामले की तफ्तीश

फर्जी पैरा मेडिकल कॉलेज खोलकर छात्र-छात्राओं से लाखों रुपये ऐंठने के मामले में आईजी आरके भारद्वाज ने एसआईटी का गठन किया है। एसआईटी का गठन कोतवाली और कप्तानगंज थाने में धोखाधड़ी को लेकर दर्ज चार एफआईआर की लंबित विवेचना का निस्तारण करने के लिए किया गया है। चार सदस्यीय यह टीम सीओ सदर आलोक प्रसाद के पर्यवेक्षण में तफ्तीश कर रही है। इसमें क्राइम ब्रांच के इंस्पेक्टर संजय कुमार को मुख्य विवेचक नियुक्त किया गया है। कोतवाली थाने के एसआई ललितकांत यादव व एसआई वीरेंद्र मनोज सह विवेचक हैं। एसपी बस्ती को इस टीम की विवेचना का समय-समय पर समीक्षा करने को कहा गया है।

**अभिभावकों की शिकायत पर आईजी ने लिया निर्णय :** 14 सितंबर को बी-फार्मा, डी-फार्मा के बच्चों व अभिभावकों ने आईजी से मिलकर अपनी समस्याओं को रखा था। इसके बाद आईजी ने एसआईटी के गठन का आदेश जारी किया।

आदेश में कहा गया है कि उक्त प्रकरण से संबंधित जो भी पीड़ित बच्चे हैं वह एसआईटी के समक्ष अपनी समस्या को प्रस्तुत कर सकते हैं। उनकी समस्या का निस्तारण शीघ्र किया जाएगा। आईजी ने बताया कि इस प्रकरण में शामिल लोगों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**कप्तानगंज व कोतवाली में दर्ज हैं चार केस :** फर्जी नर्सिंग कॉलेज खोलकर छात्र-छात्राओं से धन वसूली के मामले में कोतवाली और कप्तानगंज थाने में चार केस दर्ज हैं। कोतवाली में दर्ज एक केस में कप्तानगंज थाना क्षेत्र के पटखौली निवासी शालिनी वर्मा ने तहरीर दी।

तहरीर के आधार पर 11 आरोपी नामजद किए गए हैं। आरोप लगाया गया है कि सरदार पटेल सत्यांजलि पैरामेडिकल कॉलेज हर्दिया के नाम से फर्जी विद्यालय खोलकर एएनएम कोर्स के लिए दाखिला किया गया। फर्जी मार्कशीट दी गई।

जब विद्यार्थियों ने रुपये वापस मांगे तो आत्महत्या कर लेने की धमकी देते हुए कॉलेज से भाग गए। पुलिस ने कॉलेज संस्थापक सत्यप्रकाश पटेल निवासी बरगदवा थाना कोतवाली, उप प्रबंधक मो. वासिम, गुलशन फातिमा पत्नी मो. वासिम निवासी टेमा रहमत थाना खलीलाबाद जनपद संतकबीरनगर, फुरकान निवासी टेमा रहमत थाना खलीलाबाद जनपद संतकबीरनगर, अशुतोष कनौजिया, संस्थापक सत्यप्रकाश पटेल की महिला मित्र रुपम पटेल, गायत्री वर्मा, डॉ. राम अशीष यादव, वीके यादव, पीयूष पांडेय व अन्य अज्ञात पर केस दर्ज किया गया है।

इससे पहले छात्रा लक्ष्मी गुप्ता निवासी जिगिना धाम थाना इटवा सिद्धार्थनगर, वर्तमान पता हरदिया थाना कोतवाली की तहरीर पर पुलिस ने कॉलेज संस्थापक समेत सात आरोपियों पर केस दर्ज किया था।

### 38 लाख रुपये के गोलमाल का आरोप

कप्तानगंज थाने में निजी इंटरमीडिएट कॉलेज चलाने वाले रेहरवा निवासी कृष्ण कुमार चौधरी ने दर्ज कराया था। उन्होंने आरोप लगाया कि लालगंज थाना क्षेत्र के रक्सा निवासी राम आशीष यादव, विनोद कुमार यादव निवासी बरेली और स्वतंत्र श्रीवास्तव निवासी उरई जालौन ने उन्हें डी. फार्मा, एएनएम व जीएनएम कोर्स की मान्यता दिलाने का झांसा दिया। विश्वास दिलाने के लिए उन लोगों ने कई शिक्षण संस्थाओं का ऑनलाइन व ऑफलाइन ब्योरा दिखाया। इसके बाद छात्र-छात्राओं का प्रवेश कराने के लिए तीनों अपने खाते के अलावा अन्य खाते में करीब 38 लाख रुपये जमा करा लिए। पूछने पर उन लोगों ने बताया कि छात्रों का एडमिशन ओम साई कॉलेज ऑफ फार्मेसी ओडिशा, जयपुरी कॉलेज ऑफ फार्मेसी ओडिशा के अलावा भवानी पटना कॉलेज ऑफ साइंस ओडिशा में करा दिया गया है।

# युवती से दुष्कर्म व अश्लील मैसेज भेजने का आरोपी गिरफ्तार

संतकबीरनगर। बखिरा पुलिस ने युवती से दुष्कर्म व अश्लील मैसेज भेजने के आरोपी को बृहस्पतिवार को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया।

**बखिरा क्षेत्र के एक गांव में युवती से हुई दुष्कर्म की वारदात**

एसपी सत्यजीत गुप्त ने बताया कि बखिरा क्षेत्र के एक गांव में पांच सितंबर को घर में घुसकर किशोरी के साथ दुष्कर्म की घटना कारित की गई थी। उसके मोबाइल पर अश्लील मैसेज भेजा गया था।

जिसके संबंध में पीड़िता की तहरीर पर आरोपी पर केस दर्ज किया गया था। महिला अपराध की संवेदनशीलता को देखते हुए बखिरा पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए बृहस्पतिवार को आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। संवाद

GONDA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः-22-09-2023

# खोदकर निकाला शव, पीएम को भेजा

**फॉलोअप**

- सोलह महीने पहले हुई थी युवक की मौत, कोर्ट के आदेश पर शव निकाला
- मुकदमा तो दर्ज हुआ लेकिन मृतक का पोस्टमार्टम नहीं हो सका हो था

**बभनजोत, संवाददाता।** थाना क्षेत्र में सोलह माह पूर्व एक गांव में एक युवक की हुई मौत मामले में न्यायालय के आदेश पर दफनाए गए शव को खोदकर निकाला गया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चा की जा रही है।

गुरुवार को खोड़ारे थाना क्षेत्र के मझवा खास के बजरिया में सोलह माह पूर्व मृतक पिंटू का शव खोड़ारे पुलिस व नायब तहसीलदार की मौजूदगी में निकलवाया गया। पीड़ित परिजनों का आरोप है कि पिंटू की सड़क हादसे में मौत नहीं हुई थी बल्कि उसे प्रेम प्रसंग के चलते मार दिया गया था।

पीड़ित राम अजोर निवासी मझवा खास बजरिया ने न्यायालय में वाद दायर कर आरोप लगाया था कि 5 जून 2022 को एक परिचित व्यक्त द्वारा सिद्धार्थनगर बारात में जाने के लिए अपने घर बुलाया गया था और उसी दिन रात करीब 10:30 बजे फोन से सूचना दी कि रास्ते में पिंटू दुर्घटना में घायल हो गया है।

यही नहीं जब तक परिजन वहां पहुंचते इन लोगों ने उसे इलाज के लिए सीएचसी बभनजोत भी पहुंचा दिया, जहां उसकी मौत हो चुकी थी। पीड़ित द्वारा मौत पर संदेह जताते हुए पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया और कार्रवाई नहीं होने पर न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। जिस पर न्यायालय द्वारा घटना के तीन माह बाद प्रेमिका व उसके पिता एवं चाचा पर मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया था। घटना के तीन माह बाद मुकदमा तो दर्ज हो गया लेकिन मृतक का पोस्टमार्टम नहीं हो सका हो था।

# हाथ-पैर बांधकर ऑपरेशन करने का आरोप लगाया

बभनजोत, संवाददाता। प्रसूता को निश्चेतना का इंजेक्शन लगाए बिना हाथ-पैर बांधकर एक निजी क्लीनिक के डाक्टर द्वारा ऑपरेशन करने का मामला सामने आया है।

परिजनों ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। खोड़ारे थाना क्षेत्र के जगन्नाथपुर ग्रांट कल्लू डीह निवासी पुरुषोत्तम यादव ने गौरा पुलिस चौकी में दिए तहरीर में बताया है कि उसके भाई राकेश यादव की पत्नी अनीता देवी को प्रसव के लिए गौरा चौकी के एक निजली अस्पताल मे लाये थे। प्रसव से पहले अनीता देवी को पहले सुन्न का इंजेक्शन दिया गया परंतु इंजेक्शन काम नहीं किया। डॉक्टर ने जबरदस्ती महिला को मारपीट कर हाथ पैर रस्सी से बांधकर गलत तरीके से ऑपरेशन कर दिया गया जिससे जच्चा बच्चा की हालत गंभीर बनी हुई है। आरोप है कि गांव में तैनात आशा बहू शोभा देवी अनीता को सरकारी अस्पताल कह कर प्राइवेट अस्पताल लेकर चली गई। इस संबंध में सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर तरुण मौर्य ने बताया कि मामला में संबंधित आशा बहू के खिलाफ कार्रवाई के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी व ग्राम प्रधान को पत्र जारी किया गया है। गौरा पुलिस चौकी इंचार्ज दिनेश कुमार राय ने बताया कि तहरीर मिली है जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# वादी निकला पशु वध का आरोपी, गिरफ्तार

परसपुर। ग्राम मरचौर के अकबर अली पुरवा में चार दिन पूर्व मक्के की खड़ी फसल के बीच प्रतिबंधित पशु की हत्या कर मुंड व अवशेष फेकें जाने के मामले में पुलिस ने गुरुवार को आला कत्ल के साथ गांव के इंसान अली पुत्र मुन्नी व खातून पत्नी गरीबे की गिरफ्तारी की है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को न्यायालय भेज दिया है। सोमवार को इंसान अली के तहरीर पर थाने में अज्ञात खिलाफ पशु की हत्या किए जाने का केस दर्ज हुआ था। पुलिस ने जब जांच शुरू की कि वादी की पशु कैसे गायब हुई। पूछताछ के दौरान वह टूट गया और कड़ी खुलती गई। इसके बाद आरोपियों के निशान देही पर पशु के हत्या में प्रयुक्त बांका व चाकू को पुलिस ने बरामद कर लिया है।

# ग्राम समाज की भूमि पर पेड़ काटने पर केस

गोण्डा। ग्राम समाज की बंजर खाते की जमीन पर लगे सेमल के पेड़ चोरी से काटने पर लेखपाल फैयाज अहमद खां ने देहात कोतवाली में मुकदमा दर्ज करवाया है। लेखपाल ने बताया ग्राम सभा ढढिया मटेहिया में ग्राम सभा की भूमि में लगे पुराने सेमल के पेड़ को गांव के ही विजय कुमार तिवारी ने चोरी से काट दिया जो मौके पर पड़ा है।

# रास्ते की जमीन बना पक्का मकान प्रशासन ने ढहाया

संसू, छपिया (गोंडा) : न्यायालय के आदेश पर शीतलगंज हाथीवीर पुरवा में रास्ते की भूमि पर बने पक्के मकान को जेसीबी से ढहा दिया गया। न्यायालय अमीन धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि वर्ष 1946 में देव प्रभाकर आदि बनाम बाबू प्रभाकेश्वर के बीच विवादित जमीन का मामला मुंसिफ उतरौला पहुंचा। 1981 में मार्ग को खाली कराने का वाद मुंसिफ गोंडा के यहां दाखिल किया गया। वर्ष 1995 में रास्ते से कब्जे को हटाने का आदेश न्यायालय ने दिया। वर्ष 1996 में मामला हाईकोर्ट पहुंच गया। वर्ष 1996 में हाईकोर्ट में फैसले के खिलाफ रिट दाखिल हुई। नौ फरवरी 2022 को कोर्ट ने रिट याचिका खारिज कर दी। 20 जुलाई 2023 को अमीन ने वाद निष्पादन के लिए विवादित स्थल का निरीक्षण किया इसमें पक्का मकान, दीवार पर टिनशेड बना मिला। न्यायालय के आदेश पर गुरुवार को गया प्रसाद, निर्मला देवी, घनश्याम का स्थाई अतिक्रमण जेसीबी से हटवाया गया। नायब तहसीलदार अन्नू सिंह, सहायक अमीन अनिल यादव, प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार वर्मा ने कहा कि न्यायालय के आदेश पर अतिक्रमण हटाया गया है।

# एनजीटी के आदेश पर नवाबगंज में टीम ने की अवैध खनन की जांच

संसू, गोंडा : नवाबगंज के जैतपुर, माझाराठ व अन्य गांवों में अवैध खनन में राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के आदेश पर जांच शुरू हो गई है। चार सदस्यीय कमेटी ने स्थलीय सत्यापन कर विभागीय अफसरों व ग्रामीणों से पूछताछ की। कमेटी जांच के बाद रिपोर्ट एनजीटी को सौंपेगी।

गुरुवार को जांच कमेटी के अध्यक्ष व नोडल अफसर टीएन सिंह के नेतृत्व में टीम ने नवाबगंज के माझाराठ, जैतपुर, पटपरगंज, नवाबगंज गिर्द व परसापुर में जांच की। टीम ने अवैध रूप से भंडारित बालू के बारे में भी पूछताछ की। चार अगस्त को तहसीलदार डा. पुष्कर मिश्र, नायब तहसीलदार रंजन वर्मा ने पुलिस बल के साथ कस्बा नवाबगंज में कोल्ड स्टोरेज तिराहा से पहले पेट्रोल पंप के पास नंदिनी एग्रो धर्मकांटा के पीछे छापेमारी की थी। नवाबगंज गिर्द में 9337 घनमीटर व परसापुर में 4464 घनमीटर बालू डंप मिली थी, जिसे प्रशासन ने जब्त कर लिया था। संबंधित लोगों को नोटिस जारी करके जवाब मांगा गया था। जांच के समय एडीएम सुरेश कुमार सोनी, खान निरीक्षक अमित रंजन उपस्थित रहे।

**क्या है मामला :** राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने उत्तर प्रदेश के गोंडा जिले के कुछ गांवों में भाजपा सांसद बृजभूषण सिंह द्वारा



परसापुर में डंप बालू • फाइल फोटो

अवैध खनन का दावा करने वाली याचिका पर तथ्यात्मक स्थिति की जांच करने और उचित उपचारात्मक कार्रवाई करने के लिए एक पैनल का गठन किया है। याचिका में आरोप लगाया गया कि कैसरगंज से सांसद बृजभूषण शरण सिंह के द्वारा जिले के तरबगंज तहसील के माझाराठ, जैतपुर और नवाबगंज के गांवों में अवैध खनन किया जा रहा था।

याचिका में यह भी आरोप लगाया गया कि हर दिन 700 से अधिक की संख्या में ओवरलोडेड ट्रकों से निकाले गए लघु खनिजों का अवैध परिवहन, लगभग 20 लाख घन मीटर के लघु खनिजों का भंडारण और अवैध बिक्री और ओवरलोडेड ट्रकों से पटपरगंज पुल और सड़क को नुकसान पहुंचाया गया। सांसद कैसरगंज ने आरोपों का खंडन करने के साथ ही इसे साजिश बताया था। न्यायिक सदस्य न्यायमूर्ति अरुण कुमार त्यागी और विशेषज्ञ सदस्य ए. सेंथिल वेल की पीठ ने एक संयुक्त समिति का गठन किया था।

# गर्भवती गाय का वध करके मांस बेचने के दो आरोपित गिरफ्तार

संवादसूत्र, परसपुर (गोंडा) : दैनिक जागरण में गाय का वध किए जाने के मामले में पुलिस खाली हाथ शीर्षक से खबर प्रकाशित होने के बाद सक्रियता बढ़ी है। रुपये के लालच में अपनी ही गाय का वध करके मांस बेचने के आरोपित इंसान अली व उसकी सहयोगी महिला खातून को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वारदात में शामिल रहे दो अन्य आरोपितों की तलाश की जा रही है।

मरचौर के जूनियर हाईस्कूल अकबर अली पुरवा (पुराना नाम टेपरा) गांव के इंसान अली की गाय का सिर गांव के रहने वाले समोखन के खेत में पड़ा था। गाय गर्भवती थी और सिर के पास ही बछडे का शव पड़ा था। घटना के तीन दिन तक हत्यारों का पता न लगा पाने पर गुरुवार को दैनिक जागरण ने खबर

**जागरण प्रभाव**

प्रकाशित की। पुलिस हरकत में आई। थानाध्यक्ष शेषमणि पांडेय ने बताया कि गांव की रहने वाली महिला खातून ने इंसान अली से कहा कि खैरा के वृंदावन गांव के रहने वाले उसके रिश्तेदार असगर अली उर्फ कतली व कुन्ने गाय के मांस को बेचने का कार्य करते हैं। इंसान अली की गाय दूध नहीं देती थी इसलिए उसने रुपये के लालच में मांस की खरीद करने वाले दोनों आरोपितों से सौदा किया फिर चारों ने मिलकर गाय का वध कर दिया। इंसान अली व खातून को गिरफ्तार किया गया है। कतली व कुन्ने की तलाश की जा रही है।

जिले की महत्वपूर्ण खबरें
www.jagran.com पर पढ़ें

# न्यायालय के आदेश पर 16 माह बाद कब्र से निकलवाया गया शव

संसू, बभनजोत (गोंडा) : मझवा खास के बजरिया में 16 माह पूर्व मृतक पिंटू के शव को खोड़ारे पुलिस व नायब तहसीलदार की मौजूदगी में कब्र से निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मृतक के पिता राम अजोर ने हत्या की आशंका जताई थी। न्यायालय के आदेश पर शव को कब्र से निकाला गया है।

राम अजोर ने कहा कि पांच जून 2022 को परिचित व्यक्ति ने सिद्धार्थ नगर बारात में जाने के लिए पिंटू को घर से बुलाया था। रात में साढ़े दस बजे फोन से सूचना दी कि दुर्घटना में पिंटू की मौत हो गई। स्वजन के पहुंचने से पूर्व ही उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बभनजोत में भर्ती करा दिया गया है, जहां उसकी मौत हो चुकी थी। राम अजोर ने पुत्र की मौत पर संदेह जताते हुए पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया गया था। न्यायालय ने घटना के तीन माह बाद प्रेमिका, उसके पिता व चाचा पर मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया। मृतक का पोस्टमार्टम नहीं हो सका था। पीड़ित ने फिर न्यायालय का दरवाजा खटखटाया, जिस पर गुरुवार को नायब तहसीलदार अमरनाथ व स्थानीय पुलिस ने शव को निकलवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गौरा चौकी प्रभारी दिनेश कुमार राय ने कहा कि न्यायालय के आदेश पर कार्रवाई की गई है।

# वसूली मामले में मनकापुर सीओ से रिपोर्ट तलब

संसू, गोंडा : खोड़ारे थाने के घारीघाट चमरहिया गांव की सरोज कुमारी ने एसपी को पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।उन्होंने कहा कि उसके पति की मृत्यु हो चुकी है, बेटा मजदूरी करता है। दारोगा ने पूछताछ के बहाने उसको थाने में बुलाकर अभद्रता की और 45 हजार रुपये जबरन ले लिए। एसपी अंकित मित्तल ने सीओ मनकापुर को मामले की जांच सौंपी है।

# रास्ते से हटवाया अतिक्रमण

मसकनवा (गोंडा)। न्यायालय के आदेश पर छपिया क्षेत्र के शीतलगंज हाथीवीर पुरवा में रास्ते की भूमि पर बने पक्के मकान को जेसीबी मशीन ढहाया गया। न्यायालय अमीन धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि बृहस्पतिवार को गया प्रसाद, निर्मला देवी, घनश्याम का स्थाई अतिक्रमण जेसीबी से हटवाया गया। नायब तहसीलदार अन्नू सिंह, सहायक अमीन अनिल यादव, प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार वर्मा आदि रहे। संवाद

# बड़ा सवाल : सिर में गहरी चोट के बाद ट्रैक पर तो नहीं फेंका

संवाद न्यूज एजेंसी

## छात्र हत्याकांड में पुलिस का दावा, ट्रेन से टकराकर हुआ हैमरेज, पिता ने जताई हत्या की आशंका

अमर उजाला फॉलोअप

मनकापुर (गोंडा)। छपिया थाना क्षेत्र के सैजलपुर गांव के रहने वाले 10वीं के छात्र हरिओम उर्फ गोलू की मौत की वजहों पर सवाल उठ रहे हैं। पुलिस का दावा है कि गोलू के पिता ने उसे कोचिंग की फीस देने से मना कर दिया था। इसलिए उसने अमवा अशरफाबाद जंगल के पास ट्रेन के आगे कूदकर जान दी थी। उसकी मौत ट्रेन से टकराकर हैमरेज होने से हुई थी। रेल ट्रैक पर गिरने के बाद उसका सिर धड़ से अलग हो गया।

जबकि पिता ने बेटे के हत्या की आशंका जताई थी। सवाल उठ रहे हैं कि गोलू के सिर में गहरी चोट पहुंचाने के बाद तो उसे रेलवे ट्रैक पर तो नहीं फेंका गया।

गांव के मस्तराम का बेटा गोलू क्षेत्र के गायत्री विद्यामंदिर इंटर कॉलेज में 10वीं का छात्र था। पिता मस्तराम ने बताया कि उसका बेटा होनहार था। वह पढ़ाई में बेहतर था, स्कूल व कोचिंग के शिक्षक उसकी तारीफ करते थे। वह 19 सितंबर की सुबह स्कूल जाने के लिए साइकिल लेकर घर से निकला था। वहीं से पटखौली गांव के पास कोचिंग पढ़ने के बाद घर लौटता था। मगर देर शाम तक घर वापस नहीं लौटा। उसका शव अमवा अशरफाबाद जंगल के पास रेल ट्रैक पर पड़ा पाया गया। सिर व धड़ अलग थे। पिता ने बताया कि उसके बेटे की हत्या कर शव को रेल ट्रैक पर फेंका गया।

पुलिस की अलग कहानी है। कहना है कि पिता ने कोचिंग की फीस जमा नहीं की। इससे आहत होने उसने ट्रेन के आगे कूदकर जान दी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण हैम्रेज बताया गया है। अब सवाल उठ रहे हैं कि गोलू को सिर में चोट पहुंचाने के बाद तो नहीं ट्रैक पर फेंका गया, जिससे हैम्रेज के साथ ही उसकी कटकर मौत हुई है। मौत की गुत्थी उलझ गई है। फिलहाल पुलिस की तफ्तीश के बाद ही गोलू के पिता को न्याय मिलने की उम्मीद है। सीओ मनकापुर नवीना शुक्ला का दावा है कि गोलू की ट्रेन से टकराने के बाद हैमरेज से मौत हुई है, ट्रेन कटने के कारण उसका सिर और धड़ अलग हुआ है।

# महिलाओं को किया जागरूक

गोंडा। परसपुर थाना के एंटी रोमियो की टीम ने बृहस्पतिवार को महिलाओं के जागरुकता के लिए अभियान चलाया। राजा भगवती प्रसाद सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान महिला कांस्टेबल रंजना व आरती देवी ने छात्राओं को महिला सुरक्षा संबंधी जानकारी दी। हेल्पलाइन नंबर 1090, 1098, 1076 व डॉयल 112 के बारे में जानकारी दी। संवाद

# लंबित मुकदमों की थानावार समीक्षा

गोंडा। रिजर्व पुलिस लाइन सभागार में बुधवार को देर शाम एसपी अंकित मित्तल ने थानाध्यक्षों संग अपराध समीक्षा की। उन्होंने लंबित मुकदमों समय सीमा के अंदर निस्तारण के निर्देश दिए। एसपी ने आपराधिक घटनाओं पर लगाम लगाने के लिए रात्रिगस्त बढ़ाने, संदिग्धों की पहचान कर उनके खिलाफ कार्रवाई करने तथा पीआरवी वाहनों की सक्रियता बढ़ाने के थानाध्यक्षों को निर्देश दिए। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज, चारों सर्किल के सीओ, प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष, समस्त शाखा प्रभारी समेत अन्य मौजूद रहे। (संवाद)

# सागौन की 16 बोटा लकड़ी बरामद

मनकापुर (गोंडा)। टिकरी वन क्षेत्र के असरफाबाद बीट पर तैनात वनरक्षक रामसेवक सोनकर ने बताया कि बुधवार की रात सूचना मिली कि बेनीपुर गांव के एक खंडहर में कुछ लोगों ने चोरी से सागौन की लकड़ी काटकर छिपा रखा है। इसकी सूचना पर वन क्षेत्राधिकारी विनोद कुमार नायक, अभिषेक वर्मा, प्रभात कुमार, वन दरोगा मनीष सिंह, ओमप्रकाश, वन रक्षक रामचंद्र सिंह, एसआई शशांक मौर्या के साथ छापा मारा गया। गांव के रक्षाराम के खंडहर मकान में 16 बोटा सागौन की लकड़ी बरामद हुई। वन रक्षक रामसेवक ने बताया कि पूछताछ में गांव के लोगों ने बताया कि गांव के कृष्ण कुमार सिंह ने जंगल से चोरी से 16 बोटा सागौन की लकड़ी काटकर रक्षाराम के घर में छिपाया था। वन रक्षक ने कोतवाली मनकापुर में आरोपी कृष्ण कुमार सिंह के खिलाफ वन अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई है। कोतवाल सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। (संवाद)

# मृत बताकर कर लिया अवैध कब्जा

करनैलगंज (गोंडा)। परसपुर क्षेत्र में ग्राम धनौरा निवासी श्याम बाबू कनौजिया ने जिलाधिकारी को पत्र दिया है। कहा कि करनैलगंज एसडीएम ने वर्ष 1997 में गांव की भूमि पर उसे पट्टा दिया था, जो राजस्व अभिलेखों में दर्ज है। वह रोजगार के सिलसिले में बाहर चला गया था। गांव के ही आधा दर्जन लोगों ने उसे मृतक बताकर पट्टाशुदा भूमि पर अनाधिकृत रूप से कब्जा कर लिया। उसने तहसील से लेकर जिले के अफसरों से शिकायत की लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। एसडीएम विशाल कुमार का कहना है कि जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी। (संवाद)

# छह पर दहेज प्रताड़ना का केस

कटराबाजार (गोंडा)। कटराबाजार थाना क्षेत्र के असरना तिवारी पुरवा निवासी रेशमा ने कौड़िया थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि उसकी शादी दो साल पहले कौड़िया थाना क्षेत्र के कोटिया मदारा निवासी मुस्ताक अहमद के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही ससुराल वाले दहेज में दो लाख रुपये व जेवर के लिए प्रताड़ित करते थे। मांग पूरी न होने पर पति समेत ससुराल वालों ने मिलकर उसे मारापीटा और घर से निकाल दिया। थाना कटरा बाजार के प्रभारी योगेश कुमार सिंह ने बताया कि रेशमा की तहरीर पर पति मुश्ताक अहमद, ससुर हामिद अली, जेठ मेराज, सास हमीदा बानो, जेठानी रूबी व देवर मुख्तार के खिलाफ दहेज प्रताड़ना समेत विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया गया है। (संवाद)

# दो पक्षों में चलीं लाठियां, सात पर केस

परसपुर (गोंडा)। रास्ते के विवाद को लेकर एक गांव में दो पक्षों में जमकर लाठियां चटकीं। जिससे एक महिला सहित तीन लोगों को काफी चोटें आई हैं। ग्राम अहिरन पुरवा कुड़ियांव निवासी पार्वती ने बताया कि रास्ते के विवाद को लेकर गांव के ही चार लोग अभद्रता कर लाठी-डंडा से उसकी पिटाई करने लगे। जब बचाने उसका बेटा रिंकू यादव आया तो आरोपियों ने उसको भी मारापीटा। जिससे दोनों को काफी चोटें आईं हैं। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। वहीं, दूसरे पक्ष के दयाराम ने बताया कि गांव के ही तीन लोग आकर उससे अभद्रता करने लगे। मना करने पर लाठी-डंडे से पिटाई कर दी। पुलिस ने रिंकू यादव, मनोज यादव व पार्वती के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। (संवाद)

# एनडीपीएस का आरोपी व एक अन्य गिरफ्तार

**खरगूपुर (गोंडा)।** थानाध्यक्ष खरगूपुर दिनेश सिंह ने बताया कि ननके पांडेय निवासी भोधर पुरवा कस्बा खरगूपुर को एनडीपीएस और इटियाथोक थाना क्षेत्र के पन्ना बगुलहा निवासी नरसिंह को घर में घुसकर तोड़फोड़, हमला व जान से मारने की धमकी देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपियों को न्यायालय रवाना कर दिया गया है। (संवाद)

# बाइक सवार की टक्कर से छात्रा जख्मी

**गोंडा।** थाना परसपुर क्षेत्र के लोहंगपुर पंडितपुरवा की रहनेद वाली खुशी पांडेय (17) तुलसी स्मारक इंटर कॉलेज परसपुर में 12वीं की छात्रा है। वह बृहस्पतिवार को साइकिल से कॉलेज जा रही थी। तभी धर्मनगर मार्ग पर प्योली डिगम्बरपुरवा मोड़ पर सामने से आ रहे बाइक सवार ने उसे टक्कर मार दी। जिससे वह जख्मी हो गई। उसका सीएचसी परसपुर में इलाज चल रहा है। (संवाद)

# अज्ञात वाहन की टक्कर से हिरन घायल

**बभनान (गोंडा)।** गुरुवार को बभनान-मसकनवा मार्ग पर खम्हरिया बुजुर्ग रेलवे क्रॉसिंग के पास सड़क पार कर रहे हिरन को अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दी। जिससे हिरन गंभीर रूप से घायल हो गया और सड़क पर गिरकर छटपटा रहा था। जिसे देखकर ग्रामीणों ने बभनान चौकी पर सूचना दी। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों की मदद से हिरन का प्राथमिक उपचार कराकर वन विभाग को इसकी सूचना दी। वन दरोगा कैलाश नाथ शुक्ल ने बताया हिरन को जंगल में छोड़ दिया जाएगा। संवाद

# केस दर्ज कराने वाला खुद ही निकला गोवध का आरोपी

परसपुर (गोंडा)। गोवध की रिपोर्ट दर्ज कराने वाला ही आरोपी निकला। जिसके बाद पुलिस ने एक महिला सहित दो आरोपियों को पकड़ लिया है।

थानाध्यक्ष शेषमणि पांडेय ने बताया कि 17 सितंबर को ग्राम मरचौर अकबर अली पुरवा निवासी इंसान अली ने अज्ञात के विरुद्ध गोवध अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई थी। कहा कि उसकी गाय घर पर बंधी थी, जिसे आरोपी खोल ले गया और वध कर डाला। जिसपर एसआई किशोर पासवान, हेड कांस्टेबल मुन्नी लाल चौहान, कांस्टेबल मुनीश वर्मा, कांस्टेबल राहुल पटेल व महिला कांस्टेबल अर्चना को लगाया गया था।

घटना के बाद से ही दो लोग घर से फरार चल रहे थे। पता चला कि रिपोर्ट दर्ज कराने वाला इंसान अली घर पर मौजूद है। पुलिस के पहुंचने पर वह भागने लगा। उसे पकड़ कर कड़ाई से पूछताछ की गई। जिसपर उसने बताया कि गांव की खातून उसकी रिश्तेदार है। उसी के साथ उसने 17 सितंबर की रात को गोवध किया। इंसान अली ने बताया कि बचाव के लिए उसने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोपियों की निशादेही पर मड़हे के पीछे आला कत्ल बांका, चाकू व मांस काटने का लकड़ी का ठीहा बरामद किया गया। (संवाद)

# वारदात वाले दिन मनकापुर जंक्शन से नदारद थी जीआरपी

## सीसीटीवी फुटेज से हुआ खुलासा, आईजी रेलवे लखनऊ ने सीसीटीवी फुटेज खंगालने के बाद लगाई फटकार

## महिला हेड कांस्टेबल सुमित्रा पटेल पर हुए हमले की जांच करने पहुंचे थे



गोंडा के मनकापुर में लोगों से पूछताछ करते आईजी रेलवे लखनऊ सत्येंद्र कुमार सिंह। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

मनकापुर (गोंडा)। सरयू एक्सप्रेस ट्रेन में महिला हेड कांस्टेवल सुमित्रा पटेल पर हुए जानलेवा हमले में जांच करने बृहस्पतिवार को आईजी रेलवे लखनऊ अधिकारियों संग मनकापुर जंक्शन पहुंचे। उन्होंने स्टेशन के चार प्लेटफॉर्म का मुआयना कर पड़ताल की। आईजी ने स्टेशन पर वेंडरों व पास के आईओडब्ल्यू कार्यालय पहुंचकर कर्मियों से पूछताछ की। सीसीटीवी फुटेज खंगाला तो वारदात के दिन प्लेटफॉर्म पर जिन जीआरपी कर्मियों की ड्यूटी लगी थी उनमे से एक भी कर्मी ड्यूटी पर नजर नहीं आया। इसपर नाराजगी जताते हुए उन्होंने कड़ी फटकार लगाई।

बृहस्पतिवार की दोपहर तकरीबन तीन बजे आईजी रेलवे लखनऊ सत्येंद्र कुमार सिंह, सीओ रेलवे बलिया व गोरखपुर सरोज पांडेय, सीओ रेलवे लखनऊ संजीव कुमार सिन्हा, सीओ मनकापुर नवीना शुक्ला के साथ मनकापुर रेलवे स्टेशन की जीआरपी चौकी पहुंचकर प्रभारी संजय कुमार से जांच में अव तक की प्रगति की जानकारी ली। आईजी ने चौकी प्रभारी अपराधियों को व्योरा मांगा। उनके अपराध करने के तरीके की भी जानकारी ली। इसके वाद वारदात के दिन स्टेशन मौजूद वेंडरों से भी पूछताछ की।

उन्होंने सीसीटीवी फुटेज खंगाली तो उसमें वारदात के दिन जिन जीआरपी कर्मियों की प्लेटफॉर्म पर ड्यूटी लगी थी, उसमें से एक भी नजर नहीं आया। इसपर आईजी ने चौकी प्रभारी समेत कर्मियों को कड़ी फटकार लगाई। आईजी ने कहा कि ड्यूटी पर कर्मियों की नामौजूदगी का मामला गंभीर है, इसकी जांच कराई जाएगी। इस दौरान आरपीएफ उपनिरीक्षक रामपाल सिंह, अतिरिक्त निरीक्षक कोतवाली मनकापुर अरुण कुमार राय, कस्वा चौकी प्रभारी अंकित सिंह मौजूद रहे।

# BALRAMPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-22-09-2023

# 23 दिन बाद स्थगित किया आंदोलन, आज काम होगा

बलरामपुर, संवाददाता। हापुड़ में अधिवक्ताओं पर हुए लाठी चार्ज की घटना से आक्रोशित वकीलों का आंदोलन 23 दिन बाद स्थगित कर दिया गया। हापुड़ में महा सम्मेलन होने के पश्चात वहां के अधिवक्ताओं के आह्वान पर आंदोलन के सम्बन्ध में अग्रिम निर्णय लिया जाएगा। आंदोलन स्थगित होने शुक्रवार से सभी न्यायालयों में काम काज शुरू होगा।

बीत 29 अगस्त को हापुड़ में पुलिस कर्मियों ने अधिवक्ताओं पर बर्बरता पूर्वक लाठी चार्ज किया था। जिससे आक्रोशित वकीलों ने 30 अगस्त से पूरे प्रदेश में न्यायिक कार्य से विरत रहकर आंदोलन शुरू किया था। अधिवक्ताओं ने दोषी पुलिस कर्मियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने सहित हापुड़ के डीएम व एसपी के स्थानांतरण की मांग की थी। इसके अलावा अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू किए जाने की मांग पर भी वकील अड़े थे।

गुरुवार को संयुक्त बार संघ की बैठक में जिला बार संघ अध्यक्ष रामानंद मिश्र व महामंत्री अजय बहादुर सिंह ने बताया कि अधिवक्ताओं पर हुए लाठी चार्ज को लेकर हापुड़ में महा सम्मेलन का आयोजन किया गया था। हापुड़ के अधिवक्ताओं ने महा सम्मेलन की तिथि स्थगित कर दी। जिसकी अगली तिथि निर्धारित होने पर महा सम्मेलन का आयोजन होगा।

कार्रवाई न करनी पड़े।

## 97 पुलिस कर्मियों का तबादला

बलरामपुर। पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने थानों में लंबे समय से तैनात 97 पुलिस कर्मियों को दूसरे थानों में तैनाती दी है। इसमें 15 मुख्य आरक्षियों के साथ 82 महिला व पुरूष आरक्षी शामिल हैं। पुलिस अधीक्षक ने स्थानांतरित पुलिस कर्मियों को तैनाती स्थल पर योगदान देने का निर्देश दिया है। (संवाद)

# बेटियों को मिलेगी शोहदों से सुरक्षा

बलरामपुर : स्कूल में पढ़ने वाली बेटियों को परेशान करने वालों पर पुलिस तत्काल कार्रवाई करेगी। पुलिस अधीक्षक केशव कुमार के निर्देश पर गुरुवार को एंटी रोमियो, महिला बीट पुलिस अधिकारी व नारी सुरक्षा दल ने प्रमुख चौराहों व भीड़भाड़ वाले स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम किया। बेटियों व महिलाओं को हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई और तत्काल फोन करने की सलाह भी दी गई। (संसू)

# वकीलों ने स्थगित की हड़ताल

जागरण टीम, बलरामपुर : हापुड़ घटना को लेकर 18 दिन से चल रही हड़ताल वकीलों ने स्थगित कर दी है। हापुड़ में महासम्मेलन के बाद संघ पुनः निर्णय लेगा।

कलेक्ट्रेट बार संघ के महामंत्री कमलेश्वर सिंह ने बताया कि गुरुवार को जिला बार संघ अध्यक्ष रामानंद मिश्र की अध्यक्षता में वकीलों ने वादकारियों की परेशानी को देखते हुए हड़ताल स्थगित करने का निर्णय लिया है। सिविल बार संघ के पूर्व अध्यक्ष श्रवण श्रीवास्तव, युवा बार संघ अध्यक्ष अमित पांडेय, महामंत्री विवेक सिंह ने बताया कि पूर्व में ही सचिव उत्तर प्रदेश सरकार ने पत्र जारी कर दोषी पुलिस कर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई के साथ ही अधिवक्ता सुरक्षा बिल पर समिति गठित करने का आश्वासन दिया था। उपाध्यक्ष सत्यदेव तिवारी व हरीकांत मिश्र ने बताया कि हापुड़ में अधिवक्ताओं का महासम्मेलन आयोजित होना है। परंतु तिथि घोषित न होने के कारण वादकारियों की परेशानियों को देखते हुए जिले के अधिवक्ताओं ने हड़ताल स्थगित कर दी है।

महामंत्री अजय बहादुर सिंह ने बताया कि हड़ताल के दौरान कार्य संपादित करने वाले वकीलों को चिह्नित किया गया है। शीघ्र ही बैठक बुलाकर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उतरौला में पूर्व अध्यक्ष उमरान खा उर्फ लकी खान के निधन पर अधिवक्ता संघ ने तहसील परिसर में धरना प्रदर्शन स्थल पर शोक सभा की। श्रद्धांजलि अर्पित कर न्यायिक कार्य नहीं किया। अधिवक्ता संघ अध्यक्ष वीरेंद्र सिन्हा ने बताया कि हापुड़ आंदोलन के संबंध में शुक्रवार को धरना प्रदर्शन स्थल पर 11 बजे अधिवक्ताओं की बैठक में निर्णय लिया जाएगा।

महामंत्री गयासुद्दीन खां, शफीउल्लाह खां, मुस्लिम खां, मार्कण्डेय मिश्र, निजाम अंसारी, आशीष कसौंधन, इजहारुल हसन, गिरीश पांडेय व राजमणि तिवारी मौजूद रहे।

तुलसीपुर में बार एसोसिएशन ने बैठक कर हड़ताल स्थगित करने की घोषणा कर दी है। पिछले चार सितंबर से अधिवक्ता हड़ताल पर थे। अध्यक्ष सुजीत कुमार सिंह ने पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बताया कि सरकार ने टीम गठित कर जांच शुरू करा दी है। जांच पूरी होने तक कार्य करेंगे। न्याय न मिलने पर पुनः आंदोलन किया जाएगा। बैठक में सत्यदेव पांडेय, राधेश्याम मिश्र, धर्मेंद्र शुक्ल, श्रीकांत वर्मा, राजेश्वर मिश्र, हरीश वर्मा व आशुतोष मौजूद रहे।

# हड़ताल खत्म, आज से काम पर लौटेंगे अधिवक्ता

**बलरामपुर।** हापुड़ की घटना को लेकर जिले में चल रही अधिवक्ताओं की हड़ताल खत्म हो गई है। शुक्रवार से अधिवक्ता काम करेंगे। अधिवक्ता संघ की बैठक में हड़ताल खत्म करके काम पर वापस लौटने का निर्णय लिया गया है। अधिवक्ता भवन में बृहस्पतिवार को जिला बार संघ अध्यक्ष रामानंद मिश्र की अध्यक्षता में वकीलों की बैठक हुई। जिला बार संघ अध्यक्ष ने बताया कि शासन की तरफ से अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने के लिए टीम गठित कर दी गई है। साथ ही इसको लागू करने का आश्वासन दिया गया है। हापुड़ घटना की निष्पक्ष जांच का भी आश्वासन भी दिया गया है। शासन के आश्वासन के बाद हड़ताल खत्म करके काम पर लौटने का निर्णय लिया गया। शुक्रवार से सभी अधिवक्ता पूर्व की तरह अपना न्यायिक कार्य संपादित करेंगे। जिला बार संघ महामंत्री अजय बहादुर सिंह व कलेक्ट्रेट बार संघ महामंत्री कमलेश्वर सिंह ने कहा कि बार काउंसिल के निर्देश पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। बैठक में अमित कुमार पांडेय, विवेक कुमार सिंह, हरिकांत मिश्र, दयाशंकर आदि मौजूद रहे। (संवाद)

**अधिवक्ता संघ की बैठक में लिया गया निर्णय**

BAHRAICH POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-22-09-2023

हिन्दुस्तान

# शहर और ग्रामीण इलाकों में गणेशोत्सव की धूम



शहर के मोहल्ला बसीरगंज के पंडाल में सजा गणपति का दरबार।



गणपति की आरती में मौजूद लोग।

## आस्था

**बहराइच, संवाददाता।** देवताओं में प्रथम पूज्य विघ्न विनायक भगवान गणेश की पूजा अर्चना के महोत्सव के तीसरे दिन गुरुवार को पूजा पंडाल पुरोहितों के मंत्रोच्चार से गूंज उठे। भोर से शुरू हुए अनुष्ठानों की रात तक धूम रही। कस्बाई व ग्रामीण इलाकों में भी गणेश महोत्सव व पूजा अर्चना धूमधाम से चल रही है।

शहर के बशीरगंज स्थित गणेश पूजा पंडाल में गुरुवार भोर से गणेश स्तुति से वातावरण भक्ति की रसधार से सरोबार हो गया, जबकि ब्राह्मणीपुरा में गणेश पूजा महोत्सव में गुरुवार को पुरोहितों के वैदिक मंत्रोच्चार, शंख, घंटा व वाद्ययंत्रों की मधुर ध्वनि में गजानन की पूजा अर्चना कराई। यजमान राधारमन यज्ञसेनी रहे। गुरुवार को सामूहिक सुंदर कांड का भव्य संगीतमय आयोजन किया गया। इस अवसर पर अंशुमान यज्ञसेनी, शशिकांत बांबे, राजेन्द्र चाव्हाण, मुरारी लाल खेर आदि मौजूद रहे। शहर के गुदड़ी स्थित मां ज्वालादेवी मंदिर में गुरुवार को पुरोहितों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच अनुष्ठान सम्पन्न हुए। मुख्य यजमान अशोक गुप्ता रहे। यहां दीपक शिंदे बम्बइया, गिरीश गुप्ता आदि मौजूद रहे। शहर के गायत्री नगर काजीकटरा में मक्केश्वर महादेव मन्दिर श्रीपालकी गणेश पूजा महोत्सव में पुरोहितों ने विधि विधान से पूजा अर्चना कराई।

## महोत्सव को लेकर पुलिस महकमा सतर्क

**बहराइच।** शहर व ग्रामीण इलाकों में चल रहे गणेश पूजा महोत्सव को लेकर पुलिस महकमा सतर्कता बरत रहा है। सभी गणेश पूजा महोत्सव पंडालों में पुलिस लगाई गई है। आयोजनों के दौरान गश्त में सतर्कता बरती जा रही है। एएसपी सिटी कुंवर ज्ञानंज्य सिंह व एएसपी ग्रामीण डॉ. पवित्र मोहन त्रिपाठी लगातार सर्किल में भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा ले रहे हैं। रुपईडीहा थाने के इलाके में 11 प्रतिमाएं हैं। सीओ नानपारा राहुल पांडेय, एसएचओ रुपईडीहा शमसेर बहादुर सिंह ने गुरुवार को भ्रमण कर सभी पंडालों की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

## गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान युवक डूबा

**विशेश्वरगंज।** शेखापुर नहर में गुरुवार को गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान एक युवक गहराई में चले जाने से डूब गया। गोताखोर उसकी तलाश कर रहे हैं। विशेश्वरगंज थाने के शेखापुर के मजरे गुलरा में गणेश भगवान की प्रतिमा स्थापित की गई थी। गुरुवार को श्रद्धालुओं ने मूर्ति विसर्जन के लिए शाम करीब पांच बजे शेखापुर सरयू नहर विसर्जन करने पहुंचे। इस दौरान खुन्नन (22) पुत्र रामतीर्थ नहर में मूर्ति विसर्जन के लिए नीचे उतर गए। नहर में पैर फिसल गया, और गहरे पानी में चले गए। लोगों ने उसे बचाने का काफी प्रयास किया। किंतु से बचा न सके। नहर में बह कर लापता हो गया।

# पति समेत तीन पर दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज

संसू, पुरैना बाजार : ग्राम चंद्रावा निवासी महिला का शव ससुराल स्थित कमरे में फंदे से लटकता पाया गया था। मृतका के परिवारजन ने दहेज के लिए हत्या का आरोप लगा नामजद तहरीर पुलिस को दी थी। मामले में पति समेत तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

इकौना के सेमरी चौराहा स्थित आचार्य पुरवा निवासी हरीराम ने अपनी पुत्री का विवाह विशेश्वरगंज के चंद्रावा निवासी दीपक कुमार आर्य से किया था। आरोप लगाया कि बेटी को मारपीट कर इतना प्रताड़ित किया गया कि उसने खुदकुशी कर ली। थानाध्यक्ष अनुज त्रिपाठी ने बताया कि पति समेत तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

# किशोरी के साथ दुष्कर्म, गिरफ्तार

**जरवलरोड (बहराइच)।** थाना क्षेत्र निवासी युवक ने एक किशोरी को फुसलाकर अपने साथ लेकर चला गया था। पुलिस ने किशोरी को खोज लिया। उसके बयान के आधार पर युवक के खिलाफ पॉक्सो का मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है। जरवलरोड थाना क्षेत्र निवासी ने बहला अशरफ बीते दिनों एक किशोरी को अपने साथ भगा ले गया था। जिसके बाद अशरफ के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज कर पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। बृहस्पतिवार को पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी दद्दन सिंह ने बताया कि किशोरी का बयान करवाने के बाद दुष्कर्म व पॉक्सो की धाराओ की बढ़ोत्तरी करते हुए युवक को जेल भेज दिया गया है।

# प्रतिबंधित मवेशी के वध का आरोपी गिरफ्तार

जरवल रोड। हसना भवानीपुरवा निवासी परवेज को गुरुवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। कुछ दिन पूर्व प्रतिबंधित प्रजाति के मवेशी के वध मामले में जरवल रोड पुलिस ने केस दर्ज किया था। एसएचओ दद्दन सिंह ने बताया गुरुवार को दरोगा अनिल कुमार, मुख्य सिपाही प्रदीप कुमार सिंह, अखिलेश पासवान ने नाम जद फरार आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# मुकदमे में सुलह न करने पर हत्या का आरोप

संवाद न्यूज एजेंसी

**बहराइच।** खैरीघाट थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बरुही टेपरी निवासी एक युवक को बुधवार की शाम मुकदमे में सुलह न करने पर कुछ लोगों ने लाठियों से पीट दिया। गंभीर हालत में इलाज के लिए परिजन उसे लेकर सीएचसी पहुंचे जहां चिकित्सकों ने उसे मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। मेडिकल कॉलेज ले जाते समय युवक की मौत हो गई।

खैरीघाट थाना क्षेत्र ग्राम पंचायत बरुही टेपरा निवासी कुंवारे उर्फ हगनू (48) पर बुधवार की शाम गांव निवासी कुछ लोगों ने मुकदमें में सुलह न होने पर लाठियों व ईंट से हमला कर दिया। हमले में गंभीर रुप से घायल कुंवारे को सीएचसी में भर्ती करवाया गया। जहां से मेडिकल कॉलेज ले जाते समय मौत हो गई।

मृतक के भतीजे विजय ने आरोप लगाते हुए बताया कि बीते 10 साल पहले कुंवारे की बेटी को अभियुक्त का लड़का बहला फुसला कर अपने साथ लेकर चला गया था। जिसके बाद मृतक ने अभियुक्त के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया था। इसी मुकदमे को लेकर अभियुक्त उस पर सुलह का दबाव बना रहे थे। एक माह पूर्व भी अभियुक्तों ने लाठियों से हमला कर दिया था, जिसके बाद सीएचसी में भर्ती करवाया गया था और जान बच गई थी। तब भी मुकदमा दर्ज करवाया गया था।

भतीजे विजय ने आरोप लगाया कि सुलह के दबाव में ही बुधवार की शाम कुंवारे पर खेत में हमला कर दिया। बचाव में कुंवारे जब घर आया तो यहां भी उसे लाठियों व ईंट से पीटकर जान ले ली।

## एक माह पहले भी की थी पिटाई, दर्ज है मारपीट का मुकदमा

### थाना प्रभारी का नहीं उठा फोन

मुख्यमंत्री व डीजीपी ने सीयूजी नंबर उठाने के लिए सख्त आदेश दिए थे। लेकिन ये आदेश खैरीघाट थाना प्रभारी कमल शंकर चतुर्वेदी के लिए कोरा कागज है। बृहस्पतिवार को हत्या के आरोप के संबंध में जानकारी के लिए खैरीघाट थाने के सीयूजी नंबर पर कई बार फोन किया गया, लेकिन थाना प्रभारी ने फोन नहीं उठाया। वहीं एसपी प्रशांत वर्मा का फोन एक बार में उठ गया। एसपी के हस्तक्षेप के बाद थाना प्रभारी ने फोन उठाया और जानकारी दी।

# सिरफिरे ने जीजा-साले पर बांके से किया हमला

संवाद न्यूज एजेंसी

**बहराइच।** रामगांव थाना क्षेत्र निवासी जीजा-साले बृहस्पतिवार शाम बाजार से घर लौट रहे थे। उन्हीं के गांव निवासी एक सिरफिरे युवक ने रास्ता रोक कर बांके से हमला कर दिया। हमले में गंभीर रूप से घायल दोनों को मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने जीजा को ट्रॉमा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया। पुलिस आरोपी पर हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज कर जांच में जुट गई है।

रामगांव थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत अखलापुर निवासी फरीद (65) बृहस्पतिवार को काम से बलवापुर बाजार गए थे। वहां से वापस आते समय जालिम नगर टेपरा के पास उन्हीं के गांव के रहने वाले अज्जू ने बांके से हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल फरीद सड़क किनारे लहुलुहान होकर गिर गया। पीछे से फरीद का साला मुनीर पहुंचा तो अज्जू ने उसकी बाइक में टक्कर मार कर उसे गिरा दिया और उस पर भी हमला कर दिया।

> आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। परिजनों की तहरीर पर हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया गया है। **शशि कुमार राणा**, थानाध्यक्ष रामगांव

मुनीर अपना बचाव करते हुए गांव की ओर भागा और शोर मचाया। जिसके बाद अज्जू फरार हो गया। ग्रामीणों ने दोनों को मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। वहां फरीद को ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया। इमरजेंसी प्रभारी डॉ. शिवम मिश्रा ने बताया कि दो युवक घायलावस्था में लाए गए थे। जिसमें फरीद के गले पर गहरे घाव थे। उसे लखनऊ रेफर कर दिया गया है।

SHRAWASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-22-09-2023

# जुलूस में डीजे पर नहीं वजेगा अश्लील गाना : एसपी



शांति समिति की बैठक में मौजूद एसपी प्राची सिंह (दाएं से दूसरे) ● जागरण

जासं, श्रावस्ती : पुलिस कार्यालय सभागार में गुरुवार को शांति समिति की बैठक हुई। अध्यक्षता एसपी प्राची सिंह ने की। उन्होंने कहा कि गणेश चतुर्थी व बारावफात त्योहार शांतिपूर्ण महौल में संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन प्रतिबद्ध है। सभी लोग त्योहार मिल-जुल कर मनाएं। एसपी ने कहा कि सांप्रदायिक सौहार्द के लिए श्रावस्ती जिला अपनी अलग पहचान रखता है। नगरवासियों से अपील की कि त्योहार को मिल-जुल कर मनाएं, जिससे भाईचारे की मिसाल कायम रहे। अमन-चैन से खिलवाड़ करने वालों पर पुलिस सख्ती से निपटेगी। त्योहार पर कोई ऐसा कृत्य न करें, जिससे किसी दूसरे व्यक्ति की भावनाएं आहत हों। कोई भी व्यक्ति जुलूस के दौरान डीजे पर अश्लील गाना नहीं बजाएगा और न ही मादक पदार्थों का सेवन कर जुलूस में हिस्सा लेगा, यदि ऐसा करते पकड़ा गया तो उसके विरुद्ध कार्रवाई होगी। कोई ऐसी नई परंपरा न कायम की जाए, जिससे अमन-चैन का खतरा उत्पन्न होने की संभावना हो। उन्होंने कहा कि त्योहार पर गुड पुलिसिंग की व्यवस्था रहेगी।

# 680 ग्राम चरस के साथ दबोचा गया तस्कर

जासं, श्रावस्ती : हरदत्तनगर गिरंट थाने की पुलिस टीम ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान कलंदरीपुरवा गांव से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। तलाशी में उसके पास से चरस बरामद हुई। आरोपित के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। एसपी प्राची सिंह ने बताया कि एएसपी प्रवीण कुमार यादव व सीओ इकौना संतोष कुमार के नेतृत्व में हरदत्तनगर गिरंट थाने के थानाध्यक्ष इंद्रसेन सिंह क्षेत्र में भ्रमणशील थे।इसी दौरान गांव से कलंदरीपुरवा निवासी कासिम उर्फ कमऊ को गिरफ्तार किया गया। तलाशी में उसके पास से 680 ग्राम चरस बरामद हुई।

# चोरी के पंपिंग सेट लदे दो वाहन पकड़े

**संसू, जमुनहा( श्रावस्ती) :** हरदत्तनगर गिरंट क्षेत्र के ललक गांव में तीन दिन पूर्व खेत से चोरी हुए दो पंपिंग सेट को पुलिस ने बरामद कर लिया। पिकअप पर पंपिंग सेट लाद कर जा रहे चार आरोपितों को दबोचा है। तलाशी में इनके पास से दो तमंचे व कारतूस भी बरामद हुए हैं।

ललक गांव निवासी संगम लाल के खेत में लगा पंपिंग सेट 18 सितंबर को अज्ञात चोर खोल ले गए थे। इसी प्रकार 19 सितंबर को ललक गांव के कादिर खान का खेत में लगा पंपिंग सेट चोर उठा ले गए थे। पुलिस मुकदमा दर्ज कर आरोपितों की तलाश में थी। गुरुवार की सुबह पांच बजे थानाध्यक्ष इंद्रसेन सिंह टीम संग गश्त पर थे। इसी दौरान सूचना पर सलारू गांव के तिराहे के पास दो पिकअप वाहन को रोका। दोनों पर एक-एक पंपिंग सेट लदा था। पूछताछ में आरोपितों से पंपिंग सेट की चोरी स्वीकार किया। आरोपितों की पहचान सुरेश कुमार वर्मा, संतोष विश्वकर्मा, राजकुमार निवासी तिवारी गांव व पवन विश्वकर्मा निवासी राजापुर पुरैना के रूप में हुई।

# एसपी ने सुनीं समस्याएं

**श्रावस्ती।** पुलिस कार्यालय में गुरुवार को जनता दर्शन के दौरान एसपी प्राची सिंह ने समस्याएं सुनीं। इस दौरान गूगल मीट के माध्यम से सभी थाना प्रभारी को भी जोड़ा गया। 27 प्रार्थना पत्र आए, इनमें 11 भूमि विवाद, छह पारिवारिक विवाद व दस अन्य विवाद से संबंधित थे। जिसके निस्तारण के लिए एसपी ने संबंधितों को निर्देशित किया है। संवाद

# एसपी ने सुनीं समस्याएं

**संसू, श्रावस्ती:** एसपी प्राची सिंह ने गुरुवार को जनता दर्शन में आए फरियादियों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान गूगल मीट के माध्यम से सभी थाना प्रभारियों को जोड़ा गया था। कुल 27 प्रार्थना पत्र आए। एसपी ने थाना प्रभारियों को शिकायतों का निस्तारण करने के निर्देश दिए।

# महिलाओं को किया जागरूक

श्रावस्ती। महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के पुलिस ने बृहस्पतिवार को चौपाल का आयोजन किया। इस मौके पर नारी दल ने रतनपुर, मोतीपुर कला, राजेंद्र दास जनजाति इंटर कॉलेज में बालि को आत्मरक्षा के गुर सिखाए। इस मौके पर महिलाओं व छात्राओं को हेल्पलाइन, वीमेन पावर लाइन-1090, महिला हेल्पलाइन-181, चाइल्ड हेल्पलाइन-1098 के बारे में जानकारी दी। (संवाद)

# दंपती साथ रहने को राजी

**श्रावस्ती।** भिनगा क्षेत्र के एक गांववासी महिला का विवाह बहराइच के पयागपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में हुआ था। उसका पति भारतीय तिब्बत पुलिस बल में तैनात था। दोनों में विवाद के बाद महिला को मायके वाले घर ले आए थे। जिसका मामला सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण व जिला एवं सत्र न्यायाधीश अजय सिंह के न्यायालय में पहुंचा था। जहां से पक्षों को मध्यस्थता केंद्र भेजा गया था। जहां मध्यस्थता के बाद दंपती सा को राजी हुए। (संवाद)

# साइबर सिक्योरिटी के बारे में किया जागरूक

**श्रावस्ती।** एसएसबी मुख्यालय भिनगा में बृहस्पतिवार को एक कार्यशाला आयोजित करके एसएसबी के जवानों को साइबर सिक्योरिटी व साइबर क्राइम के बारे में जानकारी दी गई निरीक्षक संचार अमित कुमार ने कहा कि साइबर क्राइम से बचने के लिए सावधानी जरूरी है। साइबर अपराधी सोशल मीडिया अकाउंट हैक कर लेते हैं। वह लोगों के फेसबुक व इंस्टाग्राम से फोटो लेकर अकाउंट बना लेते है। इसलिए सोशल मीडिया अकाउंट को हमेशा लॉक रखें। इस दौरान उपनिरीक्षक रिजित बारदोल मौजूद रहे। (संवाद)

# शांति समिति की बैठक

**श्रावस्ती।** पुलिस कार्यालय सभागार में गुरुवार को त्योहारों को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। एसपी ने त्यौहार को शांतिपूर्ण ढंग से मिलजुल कर मनाने की अपील की।एसपी प्राची सिंह ने कह कि मौजूदा समय गणेश चतुर्थी का पर्व चल रहा है। आगामी दिनों बारावफात है। ऐसे में त्योहारों को मिलजुल कर मनाना चाहिए। त्योहार को मिलजुल कर मनाए, जिससे भाईचारे की मिसाल कायम रहे। उन्होंने कहा कि अमन चैन से खिलवाड़ करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। ऐसा कोई काम न करें, जिससे किसी दूसरे व्यक्ति की भावना आहत हो। संवाद

## ■ मारपीट के चार आरोपियों पर जुर्माना

**इकौना।** गिलौला के डिहिवा पुरखियापुर में चार वर्ष पूर्व हुए मारपीट के एक मामले में ग्राम न्यायालय इकौना ने बृहस्पतिवार को चारों आरोपियों पर पांच-पांच सौ रुपये का अर्थदंड लगाने का फैसला सुनाया है। गिलौला थाना क्षेत्र के डिहिवा पुरखियापुर में वर्ष 2019 में हुए मारपीट के मामले में ग्राम न्यायालय इकौना के न्यायाधीश देवर्षि श्रषि देव ने आरोपी राजितराम, जयनंदन व प्रेमनाथ तथा तिलकराम को दोषी करार मानते हुए पांच पांच सौ रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। संवाद

# आत्महत्या के लिए उकसाने वाले दबोचे

**श्रावस्ती।** मल्हीपुर के ग्राम हरिहरपुर निवासी ने पुलिस को एक शिकायती पत्र सौंपा था। उसका आरोप था कि उसकी मां को पड़ोस की महिला ने बाग में ईंट से मारा था। घर पहुंची मां ने कंडेल का बीज खाकर जान दे दी। मल्हीपुर पुलिस ने श्रीनगर के मजरा चमारनपुरवा निवासी राम मनोहर की पत्नी व भोला उर्फ रामहर्ष के विरुद्ध आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया था। बृहस्पतिवार को पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया। जहां से दोनों को जेल भेजा गया है। (संवाद)

# नेपाल से आने-जाने वाले संदिग्धों पर रखें कड़ी नजर

## मसहा कला व लोहटी गांव में ग्राम सुरक्षा समिति की हुई बैठक

**श्रावस्ती।** सिरसिया पुलिस ने बृहस्पतिवार को मसहा कला व लोहटी गांव में ग्राम सुरक्षा समिति के साथ बैठक की। पुलिस ने ग्रामीणों से नेपाल से आने जाने वाले संदिग्धों पर नजर रखने को कहा।

थानाध्यक्ष सिरसिया विशुन देव पांडे ने गांव भ्रमण के दौरान धार्मिक स्थलों का भौतिक सत्यापन कर छोटे-बड़े मार्गों व पगडंडियों की जानकारी ली। वहीं चौपाल का आयोजन कर ग्रामीणों की समस्याओं पर चर्चा करके अराजकतत्वों की गतिविधियों की जानकारी ली। वहीं मानव तस्करी, स्वापक औषधि, मादक पदार्थों की तस्करी, वन्यजीवों की तस्करी रोकने के लिए सहयोग की अपील भी की। इस दौरान सभी को महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों व संबंधित पुलिस अधिकारियों एवं प्रशासन के नंबरों के बारे मे जानकारी देकर जागरूक किया। (संवाद)



मसहा कला गांव में बैठक करते पुलिस अधिकारी व मौजूद ग्रामीण। -संवाद